खण्ड-479, अंक-2
मंगलवार, 08 ज्येष्ठ, शक संवत् 1934
(29 मई, 2012 ई0)

उत्तर प्रदेश विधान सभा

की

कार्यवाही

–: 0 :–

(अधिकृत विवरण)

(सोलहवीं विधान सभा, प्रथम सत्र, 2012)

(खण्ड 479 में 10 अंक हैं)

उत्तर प्रदेश विधान सभा सचिवालय (कार्यवाही अनुभाग) द्वारा प्रकाशित

मुद्रक :
निदेशक, राजकीय मुद्रण एवं लेखन सामग्री, लखनऊ, उत्तर प्रदेश (भारत)
2012

मूल्य : बिना महसूल रु0 16.75 पैसे, महसूल सहित रु0 21.00 पैसे ।
वार्षिक चन्दा : बिना महसूल रु0 586.25 रुपये, महसूल सहित रु0 724.25 रुपये ।

विषय-सूची

विषय	पृष्ठ-संख्या
उपस्थित सदस्य	1-6
प्रश्नोत्तर	7-36
विधान सभा के पूर्व सदस्य सर्वश्री नरेन्द्र देव, विदेशी प्रसाद भारती, राघव राम मिश्र, पूरन लाल, जगदम्बा प्रसाद सिंह, फजलुल बारी, राजेन्द्र सिंह, अर्जुन सिंह, राम विलास पाण्डेय, राम प्रकाश सिंह, रघुनन्दन, हरीश कुमार गंगवार, जगदीश नारायण त्रिपाठी, सत्य प्रकाश सोनकर, मुकन्दी सिंह, राम असारे वर्मा, अजीजुर्रहमान, त्रिपाल सिंह धामा, देवेन्द्र दत्त शास्त्री, परागी लाल चौधरी, बाबूलाल विद्यार्थी, गोविन्द प्रसाद गैरोला, सुरेन्द्र नाथ अवस्थी, देव कुमार यादव, विद्या सागर नौटियाल, राम देव वर्मा, हाफिज मोहम्मद सिद्दीक, कुँवर देवेन्द्र सिंह, महेश चन्द्र, अब्दुल खालिक, कप्तान सिंह यादव, ओम प्रकाश, प्रभू नारायण सिंह, मंगल सिंह सैनी एवं श्री लाल चन्द्र के निधन पर शोकोद्गार ...	36-45
भूतपूर्व सदस्य स्व0 कन्हैयाल लाल सहित कतिपय अन्य भूतपूर्व सदस्यों के निधन की सूचना समय से प्राप्त न होने पर कार्यवाही की मांग	45-47
विधान सभा के सभी भूतपूर्व सदस्यों को पारिवारिक पेंशन प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में व्यवस्था का प्रश्न	47-48
नियम-301 के अन्तर्गत सूचनाएं	48-49
विधान सभा सैदपुर गाजीपुर के अन्तर्गत सिधौना मल्लाह टोला बस्ती में भयंकर आग लगने से हुई क्षति पर शासन द्वारा आवास एवं अधिक से अधिक सहायता दिये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना	49
विधान सभा क्षेत्र हाटा कुशीनगर के अन्तर्गत सुकरौली बाजार के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर डाक्टरों की तैनाती किये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना	49-50
शाहजहांपुर विधान सभा क्षेत्र में जीर्ण-शीर्ण हालत में हुए मार्गों को सी0 सी0 मार्ग बनवाने एवं गलियों की सफाई कराये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना	50
मेरठ जिले की काली नदी में छोड़े जा रहे फैक्ट्रियों एवं पशु वधशालाओं के अवशेष से प्रदूषित जल प्रदूषण एवं संक्रामक बीमारियों से उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना	50-51
विधान सभा क्षेत्र नौतनवां जनपद महाराजगंज के अन्तर्गत रोहिन नहर का बैराज टूट जाने से उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना ...	51

विषय	पृष्ठ-संख्या
गोरखपुर महानगर में नकहा नं0-1 में उपरिगामी सेतु के निर्माण के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना	51-52
जनपद गोरखपुर के इलाहीबाग पम्पिंग स्टेशन पर जल निकासी से हो रही परेशानी से उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना ...	52
जनपद मुजफ्फरनगर में शामली कस्बे को नया जनपद प्रबुद्धनगर बनाए जाने से लोगों में व्याप्त रोष को देखते हुए प्रबुद्धनगर का नाम शामली किये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना	52-53
जनपद अम्बेडकर नगर विधान सभा क्षेत्र में कालापुर में सिंचाई विभाग द्वारा बड़े पैमाने पर शासकीय धनराशि की लूट के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना	53
जनपद बलिया में बैरिया विधान सभा क्षेत्र में बाढ़ पीड़ितों की विषम स्थिति के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना	53
वाराणसी सहित प्रदेश के कई जिलों में गंगा की स्वच्छ निर्मल एवं अविरल धारा को प्रदूषण से मुक्त करने हेतु चलाये जा रहे आन्दोलन के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना	54
रामपुर की तहसील विलासपुर में ग्राम खण्डिया के पास भाखड़ा नदी पर पुल बनाए जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना	54
जनपद अलीगढ़ की गभाना तहसील में सोभना मोड़ से खैर तक टूटा सम्पर्क मार्ग बनाए जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना... ...	54
औचित्य के प्रश्न की सूचनाएं	55
उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 1958 के नियम 286 के अन्तर्गत पालनीय नियमों का अनुपालन न कराये जाने के सम्बन्ध में औचित्य का प्रश्न...	55-57
विधान सभा के बजट सत्र के दौरान स्थानीय निकाय का चुनाव निष्पक्ष न होने के सम्बन्ध में औचित्य का प्रश्न	57-66
उत्तर प्रदेश विधान सभा की वर्ष 2012-2013 की लोक लेखा समिति, प्राक्कलन समिति, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति, सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति तथा प्रदेश के स्थानीय निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच सम्बन्धी समिति और मंत्रियों को परामर्श देने वाली 30 स्थायी समितियों के निर्वाचन हेतु कार्यक्रम की सूचना	66-67

विषय	पृष्ठ-संख्या
उत्तर प्रदेश विधान सभा की वर्ष 2012-13 की लोक लेखा समिति, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति तथा सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति, प्रदेश के स्थानीय निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच सम्बन्ध समिति और मंत्रियों को परामर्श देने वाली 30 स्थायी समितियों में सदस्यता के लिए विधान सभा सदस्यों को नाम निर्देशित करने हेतु श्री अध्यक्ष को प्राधिकृत किये जाने का प्रस्ताव (स्वीकृत) ...	67-68
आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, फैजाबाद की प्रबन्ध परिषद् में कार्य करने हेतु विधान सभा के दो सदस्यों के निर्वाचन का प्रस्ताव (स्वीकृत) ...	68
सरदार बल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय मेरठ की प्रबन्ध परिषद् में कार्य करने हेतु विधान सभा के दो सदस्यों के निर्वाचन का प्रस्ताव (स्वीकृत)	68
मान्यवर श्री कांशीराम जी कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय बांदा की प्रबन्ध परिषद् में कार्य करने हेतु विधान सभा के दो सदस्यों के निर्वाचन का प्रस्ताव (स्वीकृत) ...	69
आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, फैजाबाद, सरदार बल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय मेरठ, मान्यवर श्री कांशीराम जी कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बांदा में सदस्य के रूप में कार्य करने के लिए विधान सभा के दो-दो सदस्यों का नाम निर्देशित करने हेतु श्री अध्यक्ष को प्राधिकृत किये जाने का प्रस्ताव (स्वीकृत)...	69-70
श्री राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद का प्रस्ताव	70-76
श्री राज्यपाल के अभिभाषण पर प्रस्तुत धन्यवाद प्रस्ताव पर माननीय सदस्यों के भाषण हेतु समय सीमा का निर्धारण	77
श्री राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद का प्रस्ताव (जारी)	77-125
नियम-51 के अन्तर्गत सूचनाएं	125-126
नत्थियाँ	127-244

उत्तर प्रदेश विधान सभा

सोलहवीं विधान सभा

मंगलवार, दिनांक 29 मई, 2012 ई0

(विधान सभा की बैठक सभा मण्डप, लखनऊ में दिन के 11 बजे अध्यक्ष,
श्री माता प्रसाद पाण्डेय की अध्यक्षता में आरम्भ हुई)

उपस्थित सदस्य-381

अंसार अहमद, श्री	इलाहाबाद
अखिलेश कुमार सिंह, श्री	रायबरेली
अखिलेश प्रताप सिंह, श्री	देवरिया
अगयश राम सरन वर्मा, श्री	पीलीभीत
अजय, श्री	लखीमपुर खीरी
अजय कुमार, डा0	इलाहाबाद
अजय कुमार 'लल्लू', श्री	कुशीनगर
अजीत कुमार, श्री	फर्रुखाबाद
अजीमुलहक पहलवान, श्री	अम्बेडकर नगर
अताउररहमान, श्री	बरेली
अनिल कुमार, श्री	मुजफ्फरनगर
अनिल कुमार दोहरे, श्री	कन्नौज
अनिल वर्मा, श्री	उन्नाव
अनीसुर्रहमान, श्री	मुरादाबाद
अनुग्रह नारायण सिंह, श्री	इलाहाबाद
अनुप्रिया पटेल, सुश्री	वाराणसी
अनूप सण्डा, श्री	सुल्तानपुर
अबरार अहमद, श्री	सुल्तानपुर
अब्दुल मशहूद खाँ, श्री	बलरामपुर
अभय नरायन सिंह पटेल, श्री	आजमगढ़
अभय सिंह, श्री	फैजाबाद
अभिषेक मिश्र, श्री	लखनऊ
अमर पाल, श्री	गाजियाबाद
अमित गौरव, श्री	एटा
अयोध्या प्रसाद पाल, श्री	फतेहपुर
अरविन्द कुमार सिंह 'गोप', श्री	बाराबंकी
अरविन्द सिंह यादव, श्री	कन्नौज
अरूण वर्मा, श्री	सुल्तानपुर
अरूण कुमार, डा0	बरेली
अरूण कुमार कोरी, श्रीमती	कानपुर नगर
अलगू प्रसाद चौहान, श्री	सन्तकबीरनगर
अली यूसूफ अली, श्री	रामपुर
अवधेश कुमार सिंह उर्फ मंजू सिंह, श्री	गोण्डा
अवधेश प्रसाद, श्री	फैजाबाद
अवस्थी बाला प्रसाद, श्री	लखीमपुर खीरी
अविनाथ, श्री	सोनभद्र
अशफाक अली खां, श्री	ज्योतिबाफूले नगर
आदिल शेख, श्री	आजमगढ़
आनन्द सिंह कुंवर, श्री	गोण्डा
आरिफ अनवर हाशमी, श्री	बलरामपुर
आलमबदी, श्री	आजमगढ़
आलोक कुमार, श्री	मैनपुरी
आशा किशोर, श्रीमती	छत्रपति शाहूजी महराज नगर
आशीष कुमार यादव, श्री	एटा
आशीष यादव, श्री	बदायूं
आशुतोष मौर्य उर्फ राजू, श्री	बदायूं
इकबाल, श्री	बिजनौर
इकबाल महमूद, श्री	भीमनगर
इन्दल कुमार, श्री	लखनऊ
इन्द्रजीत कोरी, श्री	कानुपर नगर
इन्द्रजीत सरोज, श्री	कौशाम्बी
इन्द्रपाल सिंह, श्री	रमाबाईनगर
इन्द्राणी देवी, श्रीमती	श्रावस्ती
उत्कर्ष वर्मा मधुर, श्री	लखीमपुर खीरी
उदयराज, श्री	उन्नाव
उदय लाल मौर्या, श्री	वाराणसी
उपेन्द्र तिवारी, श्री	बलिया

उमाकान्ती, श्रीमती	जालौन
उमाशंकर, श्री	बलिया
उमेश पाण्डेय, श्री	मऊ
ओमकार सिंह, श्री	बदायूं
ओम कुमार, श्री	बिजनौर
ओम प्रकाश, श्री	गाजीपुर
ओम प्रकाश 'बाबा' दुबे, श्री	जौनपुर
ओम प्रकाश वर्मा, श्री	फिरोजाबाद
कमाल अख्तर, श्री	ज्योतिबाफूले नगर
कमाल युसुफ मलिक, श्री	सिद्धार्थनगर
कलराज मिश्र, श्री	लखनऊ
काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां नवाब, श्री	रामपुर
कामेश्वर, श्री	देवरिया
काली चरन सुमन, श्री	आगरा
कुलदीप सिंह सेंगर, श्री	उन्नाव
कृष्ण कुमार ओझा, श्री	बहराइच
कृष्णा पासवान, श्रीमती	फतेहपुर
केशव प्रसाद, श्री	कौशाम्बी
कैलाश, श्री	गाजीपुर
कैलाश चौरसिया, श्री	मिर्जापुर
कौशल सिंह कुंवर, श्री	महराजगंज
गंगा, श्री	कुशीनगर
गजराज सिंह, श्री	पंचशील नगर
गजेन्द्र सिंह, श्री	बुलन्दशहर
गयाचरण दिनकर, श्री	बांदा
गयादीन अनुरागी, श्री	हमीरपुर
गायत्री प्रसाद, श्री	क्षत्रपति शाहूजी महराज नगर
गिरीश चन्द्र उर्फ गामा पाण्डेय, श्री	इलाहाबाद
गुटियारी लाल दुवेश, श्री	आगरा
गुलाब चन्द, श्री	जौनपुर
गुलाम मौहम्मद, श्री	मेरठ
गेंदा लाल चौधरी, श्री	महामायानगर
गोमती यादव, श्री	लखनऊ
गोरख पासवान श्री	बलिया
चन्द्रभान सिंह पटेल, श्री	चित्रकूट
चन्द्रा रावत, श्रीमती	लखनऊ
चितरंजन स्वरूप, श्री	मुजफ्फरनगर
छोटेलाल वर्मा, श्री	आगरा
जगतम्बा सिंह, श्री	मिर्जापुर
जगदीश सोनकर, श्री	जौनपुर
जगन प्रसाद गर्ग, श्री	आगरा
जगपाल, श्री	सहारनपुर
जगराम पासवान, श्री	बलरामपुर
जफर आलम, श्री	अलीगढ
जमालुद्दीन सिद्दीकी, श्री	फर्रुखाबाद
जमीर उल्ला खां, श्री	अलीगढ
जमील अहमद कास्मी, श्री	मुजफ्फरनगर
जय प्रकाश, श्री	गोरखपुर
जय प्रकाश अंचल, श्री	बलिया
जाकिर अली, श्री	गाजियाबाद
जाहीद बेग, श्री	संत रविदास नगर (भदोही)
जियाउद्दीन रिजवी, श्री	बलिया
जीतेन्द्र कुमार उर्फ नन्दू चौधरी, श्री	बस्ती
तसलीम, श्री	बिजनौर
तेज नारायण पाण्डेय उर्फ पवन पाण्डेय, श्री	फैजाबाद
तेजपाल सिंह, श्री	मथुरा
त्रिभुवन राम, श्री	वाराणसी
त्रिलोकीराम, श्री	अलीगढ़
दयाशंकर वर्मा, श्री	जालौन
दलजीत सिंह, श्री	बांदा
दलवीर सिंह, श्री	अलीगढ़
दिलनवाज खान, श्री	बुलन्दशहर
दीपक पटेल, श्री	इलाहाबाद
दीपनारायण सिंह (दीपक यादव), श्री	झांसी
दुर्गा प्रसाद यादव, श्री	आजमगढ़
देवनरायन उर्फ जी0एम0 सिंह, श्री	महराजगंज
देवेन्द्र अग्रवाल, श्री	महामायानगर
देवेन्द्र प्रताप सिंह, श्री	रायबरेली
धर्मपाल सिंह, श्री	बरेली
धर्मपाल सिंह, डा0	आगरा

धर्मराज, श्री	बाराबंकी
धर्मसिंह सैनी, डा0	सहारनपुर
धर्मेश सिंह तोमर, श्री	पंचशील नगर
नजीवा खान जीनत, श्रीमती	कांशीराम नगर
नन्दिता शुक्ल, श्रीमती	गोण्डा
नरेन्द्र सिंह यादव, श्री	फर्रुखाबाद
नरेन्द्र सिंह वर्मा, श्री	सीतापुर
नवाजिश आलम खान, श्री	मुजफ्फरनगर
नागेन्द्र सिंह "मुन्ना यादव", श्री	प्रतापगढ़
नारद राय, श्री	बलिया
नितिन अग्रवाल, श्री	हरदोई
निरंजन ज्योति, साध्वी	हमीरपुर
नीरज (कुशवाहा) मौर्य, श्री	शाहजहांपुर
नूर सलीम राणा, श्री	मुजफ्फरनगर
पंकज कुमार मलिक, श्री	प्रबुद्धनगर
परवेज अहमद (टंकी), हाजी	इलाहाबाद
पारस नाथ यादव, श्री	जौनपुर
पिंकी सिंह, श्रीमती	भीमनगर
पीटर फैन्थम, श्री	नाम-निर्देशित
पीतमराम, श्री	पीलीभीत
पूनम सोनकर, श्रीमती	चन्दौली
पूरन प्रकाश, श्री	मथुरा
पूर्णमासी देहाती, श्री	कुशीनगर
प्रदीप कुमार, श्री	सहारनपुर
प्रदीप कुमार, श्री	औरैया
प्रदीप माथुर, श्री	मथुरा
प्रभुदयाल वाल्मीकि, श्री	मेरठ
प्रमोद कुमार गुप्ता, श्री	औरैया
प्रमोद तिवारी, श्री	प्रतापगढ़
प्रेम प्रकाश सिंह, श्री	देवरिया
फतेह बहादुर, श्री	गोरखपुर
फरीद महफूज किदवई, श्री	बाराबंकी
फसीहा बशीर (गजाला लारी), चौधरी	देवरिया
फेरन लाल, श्री	ललितपुर
बंशी सिंह पहाड़िया, श्री	बुलन्दशहर
बजरंग बहादुर सिंह, श्री	महराजगंज
बदलू खां, श्री	उन्नाव
बब्बन, श्री	चन्दौली
बाबू खां, श्री	हरदोई
बाबूलाल, श्री	गोण्डा
बावन सिंह, श्री	गोण्डा
बिमला सिंह सोलंकी, श्रीमती	बुलन्दशहर
बृज लाल सोनकर, श्री	आजमगढ़
बृजेश कठेरिया, इंजी0	मैनपुरी
बृजेश कुमार, श्री	हरदोई
बेचई सरोज, श्री	आजमगढ़
बैजनाथ, श्री	मऊ
ब्रह्माशंकर त्रिपाठी, श्री	कुशीनगर
भगवत सरन गंगवार, श्री	बरेली
भगवती प्रसाद, श्री	अलीगढ़
भगवान सिंह कुशवाहा, श्री	आगरा
भाई लाल कोल, श्री	मिर्जापुर
भारतेन्द्र, कुंवर	बिजनौर
भीम प्रसाद सोनकर, श्री	अम्बेडकरनगर
मदन गोपाल वर्मा, श्री	फतेहपुर
मदन चौहान, श्री	गाजियाबाद
मदन सिंह उर्फ सन्तोष, श्री	औरैया
मधुबाला, श्रीमती	सन्त रविदास नगर (भदोही)
मनबोध, श्री	देवरिया
मनीष असीजा, श्री	फिरोजाबाद
मनीष रावत, श्री	सीतापुर
मनोज कुमार, श्री	चन्दौली
मनोज कुमार पाण्डेय, श्री	रायबरेली
मनोज कुमार पारस, श्री	बिजनौर
महबूब अली, श्री	जे0पी0नगर
महावीर सिंह, कुं0	हरदोई
महावीर सिंह राणा, श्री	सहारनपुर
महेन्द्र अरिदमन सिंह, राजा	आगरा
महेन्द्र कुमार सिंह उर्फ झीन बाबू, श्री	सीतापुर
महेश शर्मा डा0	गौतमबुद्धनगर
महेश नारायण सिंह, श्री	इलाहाबाद
माइकल चन्द्रा, श्री	जे0पी0नगर

माता प्रसाद पाण्डेय, श्री सिद्धार्थनगर
माधुरी वर्मा, श्रीमती बहराइच
मानपाल सिंह, श्री काशीराम नगर
मित्रसेन यादव, श्री फैजाबाद
मुकुट बिहारी, श्री बहराइच
मुकेश शर्मा, श्री बुलन्दशहर
मुकेश श्रीवास्तव उर्फ ज्ञानेन्द्र प्रताप, श्री बहराइच
मुख्तार अंसारी, श्री मऊ
मुनीन्द्र शुक्ला, श्री कानपुर नगर
मुहम्मद गाजी, श्री बिजनौर
मुहम्मद रमजान, श्री श्रावस्ती
मूलचन्द्र चौहान, ठा0 बिजनौर
मो0 आसिफ, श्री फतेहपुर
मो0 आसिफ जाफरी, श्री कौशाम्बी
मो0 जासमीर अंसारी, श्री सीतापुर
मो0 मुस्लिम, श्री छत्रपति शाहूजी महाराज नगर
मो0 रेहान, श्री लखनऊ
मोहम्मद आजम खां, श्री रामपुर
मोहम्मद रिजवान, श्री मुरादाबाद
मौ0 अलीम खां, श्री बुलन्दशहर
मौ0 इरफान, श्री मुरादाबाद
मौहम्मद युसुफ अंसारी, श्री मुरादाबाद
यासर शाह, श्री बहराइच
योगेन्द्र उपाध्याय, श्री आगरा
योगेन्द्रपाल सिंह, श्री रमाबाईनगर
योगेश प्रताप सिंह 'योगेश भइया', श्री गोण्डा
रघुनन्दन सिंह भदौरिया, श्री कानपुर नगर
रघुराज प्रताप सिंह, श्री प्रतापगढ़
रघुराज सिंह शाक्य, श्री इटावा
रजनी तिवारी, श्रीमती हरदोई
रणजीत सुमन, श्री एटा
रमेश चन्द्र, श्री मिर्जापुर
रमेश चन्द्र दुबे, श्री सोनभद्र
रमेश प्रसाद कुशवाहा, श्री ललितपुर
रविदास मेहरोत्रा, श्री लखनऊ
रविन्द्र कुमार मोल्हू, श्री सहारनपुर
रविन्द्र जायसवाल, श्री वाराणसी
रविन्द्र भडाना, श्री मेरठ
रशिम आर्य, डा0 झांसी
राकेश कुमार, श्री अलीगढ़
राकेश प्रताप सिंह, श्री छत्रपति शाहूजी महाराज नगर
राकेश बाबू, श्री फिरोजाबाद
राघव लखनपाल, श्री सहारनपुर
राजकिशोर सिंह, श्री बस्ती
राजकुमार उर्फ राजू यादव, श्री मैनपुरी
राजकुमार रावत, श्री मथुरा
राजनारायण बुधौलिया उर्फ रज्जू महाराज, श्री महोबा
राजबली जैसल, श्री इलाहाबाद
राजमती, श्रीमती गोरखपुर
राजाराम, श्री प्रतापगढ़
राजीव कुमार सिंह, श्री बाराबंकी
राजेन्द्र, श्री गोरखपुर
राजेन्द्र सिंह राणा, श्री सहारनपुर
राजेश अग्रवाल, श्री बरेली
राजेश त्रिपाठी, श्री गोरखपुर
राजेश यादव, श्री शाहजहांपुर
राजेश्वरी, श्रीमती हरदोई
राधा मोहन दास अग्रवाल, डा0 गोरखपुर
राधेलाल रावत, श्री उन्नाव
राधे श्याम, श्री छत्रपति शाहूजी महाराज नगर
राधेश्याम सिंह, श्री कुशीनगर
राधेश्याम जायसवाल, श्री सीतापुर
राम करन आर्य, श्री बस्ती
रामखिलाड़ी सिंह यादव, श्री भीमनगर
रामगोपाल, श्री बाराबंकी
राम गोविन्द, श्री बलिया
रामचन्द्र चौधरी, श्री सुल्तानपुर
रामचन्द्र यादव, श्री फैजाबाद
रामपाल यादव, श्री सीतापुर
रामपाल राजवंशी, श्री सीतापुर

राम प्रसाद चौधरी, श्री	बस्ती
राम मगन, श्री	बाराबंकी
राममूर्ति वर्मा, श्री	अम्बेडकर नगर
राममूर्ति सिंह वर्मा, श्री	शाहजहांपुर
रामलाल अकेला, श्री	रायबरेली
रामवीर उपाध्याय, श्री	महामाया नगर
रामवीर सिंह, श्री	फिरोजाबाद
रामशरन, श्री	लखीमपुर खीरी
राम सिंह, श्री	प्रतापगढ़
रामस्वरूप सिंह, श्री	रमाबाई नगर
रामहेत भारती, श्री	सीतापुर
रामेश्वर सिंह, श्री	एटा
रीता बहुगुणा जोशी, प्रो0	लखनऊ
रूबी प्रसाद, श्रीमती	सोनभद्र
रोशन लाल वर्मा, श्री	शाहजहांपुर
लक्ष्मीकान्त उर्फ पप्पू निषाद, श्री	सन्तकबीर नगर
लक्ष्मीकान्त बाजपेयी, डा0	मेरठ
लक्ष्मी गौतम, श्रीमती	भीमनगर
ललितेश पति त्रिपाठी, श्री	मिर्जापुर
लालमुन्नी सिंह, श्रीमती	सिद्धार्थनगर
लोकेन्द्र सिंह, श्री	बिजनौर
लोकेश दीक्षित, श्री	बागपत
वकार अहमद शाह, डा0	बहराइच
वसीम अहमद, श्री	आजमगढ़
वहाब चौधरी, श्री	गाजियाबाद
विजमा यादव, श्रीमती	इलाहाबाद
विजय कुमार, श्री	सिद्धार्थनगर
विजय कुमार, श्री	सन्त रविदास नगर (भदोही)
विजय कुमार, डा0	गोरखपुर
विजय कुमार दूबे, श्री	कुशीनगर
विजय कुमार मिश्र, श्री	गाजीपुर
विजय बहादुर पाल, श्री	कन्नौज
विजय बहादुर यादव, श्री	गोरखपुर
विजय सिंह, श्री	रामपुर
विजय सिंह पुत्र प्रेम सिंह, श्री	फर्रुखाबाद
विनय तिवारी, श्री	लखीमपुर खीरी
विनोद सरोज, श्री	प्रतापगढ़
विनोद कुमार उर्फ पण्डित सिंह, श्री	गोण्डा
विवेक कुमार सिंह, श्री	बांदा
विशम्बर सिंह, श्री	बांदा
वीरपाल, श्री	बागपत
वीर सिंह, श्री	चित्रकूट
वीरेश यादव, श्री	अलीगढ़
वेदराम भाटी, श्री	गौतमबुद्ध नगर
शंखलाल मांझी, श्री	अम्बेडकरनगर
शकुन्तला देवी, सुश्री	शाहजहांपुर
शमशेर बहादुर उर्फ शेरू भैय्या, श्री	लखीमपुर खीरी
शमीकुल हक, श्री	मुरादाबाद
शहजिल इस्लाम, श्री	बरेली
शाकिर अली, श्री	देवरिया
शारदा प्रताप शुक्ला, श्री	लखनऊ
शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली, श्री	आजमगढ़
शाहिद मंजूर, श्री	मेरठ
शिव कुमार बेरिया, श्री	रमाबाई नगर
शिव पाल सिंह यादव, श्री	इटावा
शिव प्रताप यादव, डा0	बलरामपुर
शिवाकान्त ओझा, प्रो0	प्रतापगढ़
शिवेन्द्र सिंह उर्फ शिव बाबू, श्री	महाराजगंज
शेर बहादुर, श्री	अम्बेडकरनगर
शैलेन्द्र यादव 'ललई', श्री	जौनपुर
श्यामदेव राय चौधरी (दादा), श्री	वाराणसी
श्याम बहादुर सिंह यादव, श्री	आजमगढ़
श्रद्धा यादव, श्रीमती	जौनपुर
श्रीभगवान शर्मा, श्री	बुलन्दशहर
संगीत सिंह सोम, श्री	मेरठ
संग्राम यादव, डा0	आजमगढ़
संजय कपूर, श्री	रामपुर
संजय प्रताप जयसवाल, श्री	बस्ती
सईद अहमद, श्री	इलाहाबाद
सचीन्द्र नाथ त्रिपाठी, श्री	जौनपुर
सतवीर सिंह गुर्जर, श्री	गौतमबुद्ध नगर

सतीश कुमार निगम 'एडवोकेट', श्री	कानपुर नगर
सतीश महाना, श्री	कानपुर नगर
सत्यदेव पचौरी, श्री	कानपुर नगर
सत्य प्रकाश अग्रवाल (कैलाश डेरी वाले), श्री	मेरठ
सत्यवीर मुन्ना, श्री	इलाहाबाद
सन्त प्रसाद, श्री	गोरखपुर
सन्तराम, श्री	जालौन
सन्तोष पाण्डेय, श्री	सुल्तानपुर
सर्वेश कुमार, कुंवर	मुरादाबाद
सलिल विश्नोई, श्री	कानपुर नगर
सावित्री बाई फूले, सुश्री	बहराइच
सिनोद कुमार शाक्य (दीपू), श्री	बदायूं
सिबगतुल्ला अंसारी, श्री	गाजीपुर
सियाराम सागर, डा0	बरेली
सीमा, श्रीमती	जौनपुर
सुखदेव प्रसाद वर्मा, श्री	फतेहपुर
सुखदेवी वर्मा, श्रीमती	इटावा
सुदामा प्रसाद, श्री	महराजगंज
सुधाकर, श्री	मऊ
सुधीर कुमार, श्री	उन्नाव
सुनील कुमार सिंह यादव, श्री	सोनभद्र
सुनील कुमार लाला, श्री	लखीमपुर खीरी
सुब्बा राम, श्री	गाजीपुर
सुभाष, श्री	गाजीपुर
सुरेन्द्र विक्रम सिंह, श्री	रायबरेली
सुरेन्द्र सिंह पटेल, श्री	वाराणसी
सुरेश राणा, श्री	प्रबुद्धनगर
सुरेश कुमार खन्ना, श्री	शाहजहांपुर
सुरेश बंसल, श्री	गाजियाबाद
सुल्तान बेग, श्री	बरेली
सुशील सिंह, श्री	चन्दौली
सूरज पाल सिंह, श्री	आगरा
सैय्यद कासिम हसन, श्री	फतेहपुर
सैय्यदा शादाब फातिमा, श्रीमती	गाजीपुर
सोबरन सिंह यादव, श्री	मैनपुरी
स्वामी प्रसाद मौर्य, श्री	कुशीनगर
हरविन्दर कुमार साहनी उर्फ रोमी साहनी, श्री	लखीमपुर खीरी
हरिओउम् यादव, श्री	फिरोजाबाद
हुकुम सिंह, श्री	प्रबुद्धनगर
हेमराज वर्मा, श्री	पीलीभीत
हेमलता चौधरी, श्रीमती	बागपत

नोट :-मुख्य मंत्री (श्री अखिलेश यादव), राजस्व, अभाव, सहायता एवं पुनर्वास तथा लोक सेवा प्रबन्धन मंत्री (श्री अम्बिका चौधरी), चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, मातृ एवं शिशु कल्याण मंत्री (श्री अहमद हसन) एवं पंचायती राज मंत्री (श्री बलराम यादव) भी सदन में उपस्थित थे।

प्रश्नोत्तर

अल्पसूचित तारांकित प्रश्न

प्रदेश की नदियों में बढ़ते जल प्रदूषण को रोकने के उपाय

**1-श्री मुकेश श्रीवास्तव उर्फ ज्ञानेन्द्र प्रताप तथा श्री सुरेश कुमार खन्ना-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश की नदियों में बढ़ते जल प्रदूषण को रोकने के लिये क्या सरकार विभिन्न कल-कारखानों द्वारा उसमें डाले जाने वाले विषैले रसायनयुक्त जल तथा कचरे को रोकने हेतु कठोर प्राविधान करेगी ? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

मुख्य मंत्री (श्री अखिलेश यादव)-

प्रदेश की नदियों में बढ़ते जल प्रदूषण को रोकने के लिये पूर्व में ही दिशा निर्देश निर्गत किये गये हैं।

पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के अन्तर्गत नदी, सरिता, सतही जल में उत्प्रवाह के निस्तारण हेतु पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मानक निर्धारित किये गये हैं जिसमें टॉक्सिक रसायनों यथा हैवी मेटल्स, पेस्टीसाइड्स इत्यादि हेतु भी मानक निर्धारित किये गये हैं। जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 की धारा 24 के अन्तर्गत निर्धारित मानकों के विपरीत बहिश्राव किसी भी सरिता में निस्तारित किया जाना निषिद्ध किया गया है तथा इसकी अवहेलना करने पर धारा 43 के अन्तर्गत सक्षम न्यायालय द्वारा कारावास जो कम से कम 01 वर्ष 06 माह तथा अधिकतम 06 वर्ष के साथ-साथ अर्थदण्ड से भी दण्डित किये जाने का प्राविधान है। साथ ही उद्योगों के विरुद्ध आवश्यक आदेश/निर्देश पारित करने के भी अधिकार जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 की धारा 33-ए तथा पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 5 में दिये गये हैं, जिसमें बन्दी आदेश भी सम्मिलित हैं।

प्रदेश में स्थिति जल प्रदूषणकारी उद्योगों द्वारा उत्प्रवाह शुद्धिकरण संयंत्र की स्थापना की गई है जिनका अनुश्रवण उ0 प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से किया जाता है तथा मानकों के अनुसार उत्प्रवाह निस्तारित न करने वाले औद्योगिक इकाइयों के विरुद्ध जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 के अन्तर्गत कार्यवाही की जाती है। इसके अतिरिक्त प्रदेश सरकार द्वारा घरेलू उत्प्रवाह के शुद्धीकरण हेतु प्रदेश में 33 सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट्स की स्थापना भी की गयी है।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्न नहीं उठता।

श्री मुकेश श्रीवास्तव उर्फ ज्ञानेन्द्र प्रताप-

मान्यवर, मैं मा0 मंत्री जी ने जो उत्तर में कहा है कि जल प्रदूषण करने वाले कारखानों के विरुद्ध धारा-43 के अन्तर्गत कार्यवाही का प्रावधान है। मैं मा0 मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि अब तक किन-किन कल कारखानों पर इसके अन्तर्गत कार्यवाही कराई गई और खासकर बहराइच जनपद

में जो चीनी मिलें स्थित हैं, जो दूषित जल प्रवाह नदियों में बहा रही हैं, उन पर अब तक क्या कार्यवाही कराई गई ?

प्रोटोकाल राज्य मंत्री (श्री अभिषेक मिश्र)-

मा0 अध्यक्ष जी, प्रदेश में वर्तमान में 2370 प्रदूषणकारी उद्योग चिन्हित हैं, जिसमें से 520 उद्योग उत्पादनरत नहीं हैं, शेष 1850 उद्योगों में से 1987 उद्योगों में उत्प्रवाह शुद्धिकरण संयंत्र स्थापित हैं और 63 उद्योगों में उत्प्रवाह शुद्धिकरण संयंत्र स्थापित नहीं हैं, जिनको जल प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम, 1964 के प्रावधानों के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश सरकार प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा नोटिस प्रेषित किया जा चुका है, जिससे कि उद्योग अपने यहां उत्प्रवाह शुद्धिकरण संयंत्र स्थापति करें। उत्प्रवाह शुद्धिकरण संयंत्र (डी0टी0पी0) न स्थापित करने वाले 6 उद्योगों को बोर्ड द्वारा बन्दी आदेश जारी किये गये हैं। इसके आगे मा0 प्रदूषण न्यायालय बोर्ड ने बोर्ड द्वारा जल अधिनियम की धारा-33(ए), 41, 43 व 44 क अन्तर्गत 318 मुकदमें तथा वायु अधिनियम के अन्तर्गत 22-ए, 37 व 39 के अन्तर्गत 23 मुकदमें दायर किये जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के अन्तर्गत 09 मुकदमें दायर किये गये हैं। इनमें से 225 मुकदमें निस्तारित हो चुके हैं, जिसमें से 187 मुकदमें पक्ष में गये हैं तथा 87 विपक्ष में गये हैं, वर्तमान में 125 मुकदमें विचाराधीन हैं।

श्री अध्यक्ष-

ठीक है।

श्री प्रमोद तिवारी-

मैं माननीय मंत्री जी को इस बात के लिये आभार व्यक्त करता हूं कि बड़े विस्तार से।

श्री सुरेश कुमार खन्ना-

मान्यवर, मेरा भी नाम है।

श्री अध्यक्ष-

अब वह खड़े हो गये हैं, आपका नाम है, मैं जानता हूं अभी आपको मौका मिलेगा इतनी देर में तो तिवारी जी पूछ लेते। अब उनकी पार्टी के विधायक हैं उनको ये असिस्ट कर रहे हैं।

श्री प्रमोद तिवारी-

माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपको बधाई देना चाहता हूं कि यह प्रश्न आपने, जो बहुत ही महत्वपूर्ण है और एक नये सदस्य ने पूछा था और मंत्री जी भी नये हैं, मैं कहना चाहता हूं कि प्रश्न भी ठीक था और जवाब भी ठीक है लेकिन एक प्रश्न का जो माननीय मंत्री जी ने नहीं उत्तर दिया, सिर्फ मैं उसके लिये खड़ा हुआ हूं। माननीय सदस्य ने एक विशिष्ट प्रश्न आपसे पूछा था कि बहराइच की क्या कार्यवाही हुई आपने पढ़ दिया, संख्या पढ़ दिया, आप देखें अगर नहीं है तो थोड़ा दायें-बायें देखें पीछे से जवाब आ जायेगा। बहराइच में दो चीनी मिलें हैं सिम्भावली और पारले। इन्होंने दोनों के लिये कहा है कि सरयू नदी में प्रदूषित जल फैला रहा है। यह जानना चाहते हैं यह इनकी विशिष्ट जानकारी है यह सदस्य हैं उनके चक्कर में पड़े तो गये। मैं कहना चाहता हूं कि यह जानना चाहते हैं कि जो जल प्रदूषण फैला रहे हैं उसके संदर्भ में क्या कार्यवाही हुई इनकी विशिष्ट सूचना दो के बारे में है।

श्री अध्यक्ष-

माननीय तिवारी जी, प्रश्न आप पढ़ेंगे इसमें बहराइच का कही उल्लेख है नहीं और इन्होंने पूरा जनरल पूछा था जनरल उत्तर आ गया अब यह स्पेसिफिक उत्तर के लिये सूचना की आवश्यकता होगी।

श्री प्रमोद तिवारी-

तो वह आपसे कहें न मान्यवर।

श्री अभिषेक मिश्र-

माननीय अध्यक्ष महोदय, इसमें पूरे प्रदेश की पूरे प्रदेश से जुड़ी हुई सूचना है जिसमें बहराइच भी शामिल है। बहराइच का चाहिये तो अलग से आ जायेगी।

श्री अध्यक्ष-

प्रश्न ही नहीं बनता। तिवारी जी सब नये-नये हैं और प्रश्न को आप देखें।

श्री प्रमोद तिवारी-

मान्यवर, इन्होंने सप्लीमेन्ट्री जो किया था उस पर आपने अनुमति दे दी थी या तो न देते, जब आपने अनुमति दे दी तो वह ब्रह्मास्त्र हो गया, वह नहीं कट सकता।

श्री अध्यक्ष-

लेकिन उत्तर दिलाने के लिये मैं बाध्य नहीं कर सकता।

श्री प्रमोद तिवारी-

हम उत्तर की बात ही नहीं कर रहे हैं, हम उत्तर चाहते ही नहीं हैं हमारी बात तो सुन लें, आपको अच्छी लगेगी।

यह सिर्फ इन्होंने दो मिलों का नाम लिया है माननीय मंत्री जी के पास अगर विशिष्ट सूचना अभी नहीं है तो बाद में सूचना दे देंगे।

श्री अध्यक्ष-

माननीय मंत्री जी, इन दोनों मिलों को दिखवा लीजियेगा।

श्री सुरेश कुमार खन्ना-

मान्यवर, नदियों में प्रदूषण के सम्बन्ध में आज नहीं यह पहले भी इस हाउस में लगातार यह प्रश्न आता रहा और जिस प्रकार का जवाब आज आया है प्राविधान का, प्राविधान तो पूरे प्रदेश की जनता को मालूम है और कोई भी आदमी कानून की किताब निकाल कर पढ़ सकता है। लेकिन मान्यवर, जो कदम उठाये गये हैं वह काफी नहीं हैं, प्रभावी नहीं हैं उन नदियों में प्रदूषण को रोकने के लिये अभी तक जितने भी कदम उठाये गये और जो भी प्राविधान है वह निष्प्रभावी है। मान्यवर, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि कोई ऐसे प्रभावी कदम, जहां पर संयंत्र स्थापित भी हैं वह मान्यवर, ज्यादा लागत आने की वजह से वह लोग चलाते नहीं हैं और उसी प्रकार का पूरा प्रदूषण का पानी सीधे-सीधे नदियों में चला जाता है। मैंने कानपुर में बहुत से स्थानों में यह जाकर देखा है। मैं मान्यवर, आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि उन

फैक्ट्रियों के पानी को रोकने के लिये कोई प्रभावी कदम चरणबद्ध तरीके से उठायेंगे जिससे वास्तव में व्यवहारिक रूप से उसको रोका जा सके और साथ-साथ एक बात और कि जो नाले सीधे-सीधे नदियों में खुले हैं उनको भी माननीय मंत्री जी रोकने की कोई व्यवस्था करेंगे ?

श्री अभिषेक मिश्र-

माननीय अध्यक्ष जी, यह समाजवादी पार्टी के हमारे मैनिफिस्टों में भी था यह मुद्दा, हम पूरी तरीके से कटिबद्ध हैं जो भी प्राविधान एक्ट में है उनका अगर ठीक से इम्प्लीमेन्टेशन नहीं हो रहा है, ठीक से मानीटरिंग नहीं हो रही है तो सरकार पूरी तरह से इस बात के लिये कटिबद्ध है कि हम उसका अच्छे से मानीटरिंग करायेंगे, अच्छे से उसका इम्पलीमेन्टेशन होगा और अगर यदि कोई सुझाव माननीय सदस्य या और कोई देना चाहेगा तो उसका भी परीक्षण सरकार करायेगी।

श्री कमाल यूसुफ मलिक-

मान्यवर, आमी नदी और राप्ती नदी . . . . .

श्री अध्यक्ष-

यही सवाल नदियों का नहीं है। तो वह कहां से उत्तर दे पायेंगे, पहले आप सवाल तो पढ़ो। यह प्रश्न नहीं बनता।

डा0 राधा मोहन दास अग्रवाल-

मान्यवर, मैं आपका आभारी हूं कि आपने इस अत्यन्त महत्वपूर्ण प्रश्न में अनुपूरक प्रश्न पूछने की अनुमति दी। मेरे प्रश्न सिर्फ दो हैं। आपको संबोधित करके, मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहूंगा, आपने अपने जवाब में यह कहा है कि प्रदेश में स्थित जल प्रदूषणकारी उद्योगों द्वारा उत्प्रवाह शुद्धिकरण संयंत्र की स्थापना की गयी है और मानकों के अनुसार उत्प्रवाह निस्तारित न करने वाले औद्योगिक इकाइयों के विरुद्ध जल प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही की जाती है। मैं जानना चाहता हूं कि जिन उद्योगों ने ट्रीटमेन्ट प्लान्ट नहीं लगाये, उनके विरुद्ध तो हम कार्यवाही करते हैं लेकिन जहां स्वयं विकास प्राधिकरणों का या औद्योगिक विकास प्राधिकरणों का यह दायित्व था कि वह अपने औद्योगिक विकास प्राधिकरण में इफलीन्ट ट्रीटमेन्ट प्लांट लगायें जहां उन्होंने इफलीन्ट ट्रीटमेन्ट प्लान्ट लगाने का लिखित वादा किया था और उन्होंने स्वयं इफलीन्ट ट्रीटमेन्ट प्लान्ट नहीं लगाये, तो मैं जानना चाहता हूं कि जिन उद्योगों ने नहीं लगाया उनके विरुद्ध तो आप कार्यवाही करेंगे लेकिन जिन औद्योगिक विकास प्राधिकरणों ने वायदा करके भी इफलीन्ट ट्रीटमेन्ट प्लांट नहीं लगाये, मैं उनका नाम ले रहा हूं गीडा यानि गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण का, जहां आज पूरा पूर्वांचल आमी नदी के प्रदूषण का शिकार है कारण सिर्फ इतना है कि आमी नदी के किनारे ढेर सारे उद्योगों की स्थापना की गयी है, जब गीडा की स्थापना हुई और उद्योग धन्धे वहां जाने लगे। तो गीडा की एथारिटीज ने लिखित रूप से कहा कि वह एक कामन इफलीन्ट ट्रीटमेन्ट प्लांट लगायेंगे, यह उनके ब्रोशर में है लेकिन उन्होंने आज तक नहीं लगाया। माननीय मंत्री जी से मैं जानना चाहूंगा कि सरकार गीडा के इस गैरजिम्मेदारी पूर्ण आचरण के लिये गीडा के अधिकारियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही करेगी ?

श्री अध्यक्ष-

माननीय अग्रवाल साहब, यह सोलहवीं विधान सभा का पहला उपवेशन है और सरकार बने हुये भी अभी थोड़े दिन हुये हैं। तो भविष्य में तो कुछ आ सकता है लेकिन अभी क्या किया, क्या नहीं किया, यह बताना मुश्किल है।

डा0 राधा मोहन दास अग्रवाल-

माननीय अध्यक्ष जी, मैंने यह नहीं पूछा कि क्या कार्यवाही की है। यह पहला दिन है और हम यह नहीं कह सकते कि इन्होंने क्या किया। लेकिन मैं यह पूछ रहा हूं कि क्या करेंगे ?

श्री अभिषेक मिश्र-

माननीय अध्यक्ष जी, आमी नदी के बारे में भी मेरे पास कुछ सप्लीमेन्टरी डिटेल्स हैं। आमी नदी के जल प्रदूषण की रोकथाम हेतु नदी के जल का नियमित अनुश्रवण क्षेत्रीय कार्यालय, गोरखपुर द्वारा किया जा रहा है। नदी के जल के नमूने बरसात के मौसम में प्रायः बोर्ड मानकों के अनुरूप पाये जाते हैं। बरसात का मौसम समाप्त होने के बाद नदी में जल बहाव की मात्रा जब कम हो जाती है तथा गर्मी के मौसम में जल बहाव लगभग नगण्य हो जाता है तब बरसात के मौसम के बाद एकत्रित किये जाने वाले जल नमूनों की गुणवत्ता तथा ग्रीष्म ऋतु एवं शरद ऋतु में जल गुणवत्ता मानकों के प्रतिकूल हो जाती है। आमी नदी का जो आपने मुद्दा उठाया। उसके बारे में माननीय अध्यक्ष जी ...

श्री अध्यक्ष-

वह तो मैंने अनुमति ही नहीं दी।

श्री अभिषेक मिश्र-

जहां तक गीडा का संबंध है गीडा औद्योगिक क्षेत्र, गोरखपुर में स्थापित मेसर्स लारी टेक्सटाइल एण्ड डाइंग इन्डस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स अम्बे प्रासेसेज गीड और मेसर्स बफेल प्रोसेसेज गीडा यह तीन मुख्य संयंत्र हैं, जिनके खिलाफ शिकायतें आयी हैं। उपरोक्त उद्योगों द्वारा पूर्ण उत्प्रवाह शुद्धीकरण संयंत्र स्थापित कर लिया गया हैं। मेसर्स राइना पेपर मिल लिमिटेड एग्रो व संतकबीर नगर द्वारा केमिकल रिकवरी प्लांट की स्थापना का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा इसका संचालन सुचारु रूप से किया जा रहा है। जिसके फलस्वरूप उद्योग से जनित ब्लैक लिकर के कारण हो रहे प्रदूषण की समस्या का निवारण आलरेडी हो चुका है।

संसदीय कार्य मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)-

माननीय अध्यक्ष जी, यह सरकारी जवाब है। हम भी सरकार हैं और सरकारी जवाब कितना सही कितना गलत है यह मौजूदा सरकार तय करेगी और हमें थोड़ा समय दिया जाये ताकि इन सरकारी जवाबों का भी परीक्षण हो सके, स्थलीय परीक्षण भी हो सके और हम यह देख सकें कि इसमें कितने जवाब सही और कितने गलत हैं ?

श्री अध्यक्ष-

ठीक है। जब संसदीय कार्य मंत्री ने कह दिया कि जितने जवाब आये हैं हम इनका परीक्षण करायेंगे तो मैं इस प्रश्न को यहीं पर समाप्त करता हूं। अब मैं नत्थी-ख का प्रश्न सं0-1 ले रहा हूं।

श्री सतीश महाना, श्री श्यामदेव राय चौधरी, श्री प्रदीप माथुर, श्री सुरेश कुमार खन्ना, श्री राज कुमार रावत एवं कई अन्य सदस्यों के एक साथ खड़े होकर अपनी बात कहने पर व्यवधान

(व्यवधान के मध्य)

श्री अध्यक्ष-

मा0 महाना जी, जब संसदीय कार्य मंत्री जी ने कह दिया कि जो जवाब आया है हम इसका परीक्षण करायेंगे और कार्रवाई करेंगे तो इसमें और बचा क्या है ? अब आप अगला प्रश्न लें। अच्छा खन्ना साहब का प्रश्न है कुछ जरूरी कहना चाहते हैं, खन्ना साहब बतायें।

श्री सुरेश कुमार खन्ना-

मान्यवर, मैं केवल एक आश्वासन माननीय मंत्री जी से चाहता हूं, नदियों के प्रदूषण को रोकने के लिये यह व्यवस्था दो महीने, तीन महीने, चार महीने या छः महीने या साल भर में या कब तक कर देंगे इसके लिये कोई समय सीमा तो तय कर दें और एक साल में प्रभावी कार्रवाई कर दें।

श्री अध्यक्ष-

माननीय मंत्री जी, यह सब कितने दिनों में करा देंगे क्या इसकी कोई समय सीमा है या यथाशीघ्र करायेंगे ?

श्री अभिषेक मिश्रा-

मान्यवर, सरकार यथाशीघ्र कराने का प्रयास करेगी।

श्री अध्यक्ष-

ठीक है। माननीय सदस्यगण, जब संसदीय कार्य मंत्री जी ने सदन में कह दिया कि यह सरकार नयी है जो प्रश्नों के उत्तर आये हैं हम उनका परीक्षण करायेंगे कि वह कितने सही हैं। अगर वह गलत होंगे तो उसको वह फिर से देखेंगे और कार्रवाई करेंगे उसकी आप लोग बाद में जानकारी ले लीजियेगा।

श्री सतीश महाना-

माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे बुला लिया था।

श्री अध्यक्ष-

महाना जी, आप कृपया बैठ जायें।

(श्री सतीश महाना के बोलते रहने पर)

श्री अध्यक्ष-

अरे महाना जी मेरी बात मान लीजिये। आप लिख करके दे दीजिये मैं चर्चा करा दूंगा। आप कृपया बैठ जायें।

(श्री सतीश महाना के सदन से बाहर जाने पर)

श्री अध्यक्ष-

अरे महाना जी बैठिये-बैठिये आप कहां जा रहे हैं। अगर आप संतुष्ट नहीं हैं तो आप ले आइयेगा मैं उस पर चर्चा करा दूंगा। माननीय नेता भाजपा आप महाना जी को समझाइये।

श्री हुकुम सिंह-

मान्यवर, आज सदन का पहला दिन है और दो प्रश्न हैं। जो पूर्व में व्यवस्था रही है अगर उसका पालन हो जाये तो सभी सदस्य संतुष्ट हो जायेंगे। मान्यवर, अल्पसूचित प्रश्न था कम से कम दो प्रश्न पूछने का मौका मिलना चाहिये था, खन्ना जी ओर इनको मौका मिलना चाहिये था लेकिन इनका नाम आपने निकाल दिया। मैं आज कोई गुस्ताखी नहीं करना चाहता हूं, मेरा आपसे आग्रह है कि शान्ती से प्रश्न करने दीजिये, उत्तर आने दीजिये, बीच में आपको व्यवधान करने की आवश्यकता ही नहीं पड़ेगी, सब काम सही हो जायेगा। समय का कोई अभाव नहीं है।

श्री अध्यक्ष-

समय का कोई अभाव नहीं है। 12.20 तक चलता है, एक प्रश्न पर 20 मिनट हो गया। जब संसदीय कार्यम ंत्री जी ने कह दिया कि जो सारे उत्तर आये हैं वह सही हैं या नहीं मैं इसका पूरा परीक्षण कराऊंगा।

श्री हुकुम सिंह-

मान्यवर, मैं आक्षेप नहीं लगा रहा हूं, मेरा अनुरोध यह है कि अगर यह काम उनके और हमारे बीच में हो जाये, आपको उत्तर देने की जरूरत न पड़े तो काम ठीक हो जायेगा। मैं आक्षेप नहीं लगा रहा हूं लेकिन प्रश्न पूछा, उत्तर आ गया, अनुपूरक पूछा, उत्तर आ गया। हमारा अनुपूरक ठीक न हो तो हमे टोक दीजिये। बाकी संसदीय कार्य मंत्री जी ने स्पष्ट रूप से कहा कि हम इसका परीक्षण करायेंगे। यह तो उन्होंने खुद कह दिया और हमने भी सुन लिया, उसमें कोई दिक्कत की बात नहीं है। मान्यवर, इतने समय में ही सारे प्रश्न हो जाते।

श्री अध्यक्ष-

इसमें प्रश्न करने की कोई जरूरत नहीं है। आप इसे नियम 49 में दे दें, इसमें आधे घण्टे की चर्चा करा देंगे और जो लोग इच्छुक होंगे वह अपनी बात रख लेंगे।

श्री हुकुम सिंह-

मान्यवर, चर्चा कब आयेगी ?

श्री अध्यक्ष-

चर्चा कल हो जायेगी, कार्य-मंत्रणा समिति में बात हो जायेगी। आप बैठिये, अब दादा (श्री श्यामदेव राय चौधरी) का प्रश्न है।

श्री सतीश महाना-

मान्यवर, मेरा एक निवेदन है कि जो मा0 मंत्री जी ने उत्तर दिया है उसमें एक विभाग है जो सीवेज ट्रीटमेण्ट प्लान्ट चलाता है और प्रदूषण को रोकने का काम करता है, दूसरा विभाग है, पर्यावरण विभाग। इन दोनों विभागों में तालमेल न होने के कारण नदियों में प्रदूषित जल बहता है। जल निगम वालों से बात करो तो वह कह देते हैं कि फैक्ट्रियों के ऊपर काम करने का मेरा अधिकार नहीं है, हमारा केवल सीवेज ट्रीटमेण्ट करने का अधिकार है। मैं कोई ऐसा प्रश्न नहीं करना चाहता हूं। मैं मा0 मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि . . .

श्री अध्यक्ष-

फिर आप उसी बात पर आ गये जब मैंने कह दिया कि नियम 49 में दे दीजिये, चर्चा हो जायेगी तो फिर क्यों परेशान हैं ? उस समय बात कह लीजियेगा।

श्री सतीश महाना-

मान्यवर, मंत्री जी उत्तर दें या न दें लेकिन आपने मुझे बुलाया है।

श्री अध्यक्ष-

चलिये पूछ लीजिये लेकिन फिर नियम 49 की चर्चा खत्म हो जायेगी।

श्री श्यामदेव राय चौधरी (दादा)-

मान्यवर, मुझे भी अनुमति दे दीजियेगा। मा0 मंत्री जी उत्तर नहीं देना चाहते हैं तो मत दें, लेकिन मुझे एक छोटा सा अनुपूरक करने का अवसर दे दीजियेगा।

श्री सतीश महाना-

माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से केवल इतना निवेदन करना चाहता हूं, कोई बहुत ज्यादा प्रश्न नहीं करना चाहता कि जो पर्यावरण विभाग है, पर्यावरण विभाग में और जो ट्रीटमेण्ट प्लान्ट चलाते हैं जल निगम, इन दोनों विभागों का आपस में तालमेल नहीं है जिसके कारण बहुत बड़ी कठिनाई होती है और पानी गंगा में सीधे चला जाता है। जल निगम वालों से पूछो कि यह सीधा क्यों जाता है ? तो वह कहते हैं कि यह हमारा काम नहीं है। हमारे पास जितना पानी आयेगा हम उसका ट्रीटमेण्ट करेंगे। आपके माध्यम से केवल इतना निवेदन है कि इन दोनों विभागों में तालमेल करने का मा0 मंत्री जी प्रयास करेंगे। दूसरा, कुम्भ मेला बहुत महत्वपूर्ण मेला है, उसकी समय सीमा है, उसके बाहर नहीं जाया जा सकता। आज मा0 मंत्री जी उसकी चिन्ता कर रहे हैं, इन्होंने बैठक भी की है, उसके लिये उन्हें साधुवाद देता हूं।

श्री अध्यक्ष-

इसमें कुम्भ मेला कहां से आ गया ?

श्री सतीश महाना-

मान्यवर, नदियों के प्रदूषण से सम्बन्धित है। कुम्भ मेला से पहले, गंगा नदी जो महत्वपूर्ण नदी है उसमें प्रदूषण रोकने के लिये कोई तत्काल प्रभावी कदम उठायेंगे।

श्री मोहम्मद आजम खान-

महाना जी बहुत सीनियर सदस्य हैं और आपने सुझाव दिया है कि दो विभागों में, पोल्यूशन बोर्ड को छोड़ गये। इन तीनों में समन्वय होना चाहिये। मान्यवर, तीनों विभागों के काम अलग-अलग हैं, तीनों को अपनी जिम्मेदारियां पूरी करनी चाहिये। एस0 टी0 पीस जितने भी लगे हैं उन्हें अपना काम करना चाहिये और जो कारखानों से प्रदूषित पानी आ रहा है उन्हें अपना काम करना चाहिये, अपने यहां संयंत्र लगाना चाहिये। इसकी मॉनीटरिंग के लिये ही आपसे यह वायदा किया गया है कि हम यह देख लें कि रिपोर्ट कितनी सही और कितनी गलत आयी है। इस पर कोई ऐतराज नहीं होना चाहिये। धन्यवाद।

(श्री श्यामदेव राय चौधरी के खड़े होने पर)

श्री अध्यक्ष-

आपका दूसरा प्रश्न ले लिया।

श्री श्यामदेव राय चौधरी (दादा)-

मान्यवर, गंगा नदी के विषय में सिर्फ एक छोटा सा प्रश्न। मैं आपके माध्यम से सिर्फ इतना जानना चाहता हूं मा0 मंत्री जी से कि गंगा नदी को ले करके आन्दोलन चल रहा है। उसकी निर्मलता, अविरलता को लेकर, वह कहीं और से सम्बन्धित है, ठीक है। लेकिन मैं सिर्फ पिन प्वाइंटेड इतना ही पूछना चाहता हूं कि आज भी काशी में गंगा नदी में 22 जो सीवरयुक्त नाले हैं उसका गंदा पानी गंगा

नदी में गिर रहा है। क्या मा0 मंत्री जी जल निगम को यह निर्देशित करेंगे कि गंगा की पवित्रता को बनाये रखने के लिये जो 22 गंदे नाले गिर रहे हैं उनको बन्द करने का आदेश देंगे।

(श्री प्रदीप माथुर, श्री पूरन प्रकाश व श्री राजकुमार रावत के खड़े होने व प्रश्न पूछने का आग्रह करने पर)

श्री अध्यक्ष-

जब इस पर नियम 49 के अन्तर्गत चर्चा की बात आ गई तो फिर क्यों बहस कर रहे हैं। प्रदीप माथुर साहब आपकी पार्टी की तरफ से ही इस पर नियम 49 के अन्तर्गत चर्चा कराने की बात की गई है। तो जब नियम 49 के अन्तर्गत इस पर चर्चा हो उस समय अपनी बात रख दीजिये। उस समय मंत्री जी सारी बातों का जवाब दे देंगे।

श्री श्यामदेव राय चौधरी (दादा)-

मैं मंत्री जी से सिर्फ एक बात जानना चाहता हूं। अगर मंत्री जी उचित समझे तो उसका उत्तर दे दें न उचित समझें तो न दें। मैं सिर्फ इतना जानना चाहता हूं कि हमारे यहां वाराणसी में गंगा नदी में 22 नालों का गन्दा पानी सीधे गिर रहा है। क्या उन नालों के पानी को बन्द करने के लिये जल निगम को निर्देशित करेंगे ?

श्री प्रदीप माथुर-

मान्यवर, इस तरह से मथुरा वृन्दावन में 19 नालों का गन्दा पानी सीधे यमुना नदी में गिर रहा है। वहां पर नदी का जल आचमन करने लायक नहीं है। प्रदूषण नियंत्रण विभाग और जल निगम भ्रष्टाचार में लिप्त है विभाग के लोग सारे पैसों को खा जाते हैं और प्रदूषण रोकने के लिये कुछ नहीं करते। प्रदूषण रोकने के नाम पर नाटक होता है।

श्री अध्यक्ष-

आप लोगों की इन्हीं जिज्ञासाओं का समाधान करने के लिये हमने इसे नियम 49 में लिया है। आपने भेज दिया खन्ना साहब ने भी भेज दिया जब उस पर चर्चा होगी तो सारी बातें आ जायेंगी। माथुर साहब सब लोग नियम जानते हैं अब आप बैठिये।

श्री मोहम्मद आजम खां-

अध्यक्ष जी चौधरी साहब हमारे वरिष्ठ सदस्य हैं और सदस्य मथुरा भी वरिष्ठ सदस्य हैं। अभी चन्द रोज पहले ही हमने नये विधायकों को सिखाया था कि कैसे सदन चलना है। और उसमें हमारे चौधरी साहब का सबसे मुख्य रोल था मेरे ख्याल से इस पर जितना समय लग गया इस विवाद में कि नियम 49 के तहत बहस होगी उसके बाद बराबर इस प्रश्न पर बहस होने का मतलब है कि हम नये सदस्यों को एक गलत चीज सिखा रहे हैं और उन्हें इस बात के लिये मजबूर कर रहे हैं कि अध्यक्ष पीठ से जो आदेश हो गया उसका सम्मान नहीं करना है। उस पीठ से यह आदेश हो गया कि नियम 49 के तहत इस पर बहस की जायेगी उसके बाद भी सदन का समय खराब होने का सारा नुकसान विपक्ष का है आप चाहें तो सारा समय एक प्रश्न के लिये निकाल दीजिये हमें सारे प्रश्नों के बहस से छुट्टी मिल गई यह तो आपका समय है यह तो आपका अधिकार है जिसका आप खुद हनन कर रहे हैं। हम चाहेंगे कि एक ऐसी परम्परा पड़े जिसमें नये सदस्यों के लिये भी प्रश्न पूछने का वक्त रहेगा। अगर सारा समय सिर्फ पुराने सदस्य ही ले लेंगे तो हमारे नये सदस्य कुछ सीख नहीं पायेंगे।

तारांकित प्रश्न

डी0 आई0 आर0 तथा मीसा बन्दियों को बन्द किये गये मानदेय को पुनः लागू किये जाने की मांग

*1-श्री श्यामदेव राय चौधरी (दादा)-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि आपातकाल में डी0 आई0 आर0 तथा मीसा बन्दियों को वर्ष 2002 में चुनी हुई सरकार द्वारा ''स्वतंत्रता रक्षक सेनानी'' का दर्जा देकर उन्हें 500 रु0 प्रतिमाह मानदेय दिया जाता रहा, जो बाद की सरकार द्वारा बन्द कर दिया गया है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त योजना को पुनः लागू करने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव-

जी नहीं। वर्ष 2002 में ''स्वतंत्रता रक्षक सेनानी'' को मानदेय नहीं अपितु वर्ष 2006 में राजनैतिक बन्दियों/लोकतन्त्र सेनानियों को सम्मान राशि प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में शासनादेश संख्या 2181 जेड/6-सा-1-06-55जी/90, दिनांक 04-09-2006 द्वारा प्रख्यापित नियमावली के अनुसार लोकतंत्र सेनानियों को दिनांक 01-04-2006 से रु0 500 प्रतिमाह सम्मान राशि अनुमन्य की गयी जिसे शासानादेश दिनांक 16-01-2007 द्वारा दिनांक 01-01-2007 से बढ़ाकर रु0 1000 प्रतिमाह किया गया। यह योजना दिनांक 01-04-2006 से 31-03-2007 तक के लिये निर्धारित थी।

जी हां।

प्रश्न नहीं उठता।

श्री श्यामदेव राय चौधरी (दादा)-

माननीय अध्यक्ष महोदय, यह सरकार जब सत्ता में थी तब ही यह योजना लागू की गई थी और उस समय आदरणीय मुलायम सिंह यादव जी मुख्यमंत्री थे। आज खुशी की बात है कि उनके योग्य सुपुत्र मुख्यमंत्री की कुर्सी पर आसीन हैं। सरकार के निर्णय लेने के पहले की यह प्रश्न मेरे मन में उठा था इसीलिये मैंने इस प्रश्न को लगाया। अच्छा है कि उसका उत्तर आ गया और उत्तर पाजिटिव आया। उनकी योजना थी वह बन्द कर दी गई और फिर लागू कर रहे हैं। मैं सिर्फ इतना जानना चाहता हूं कि यह योजना कब से लागू होगी ? और क्या यह योजना हमेशा लागू रहेगी ? क्योंकि उत्तर से ऐसा लग रहा है यह 31-03-2007 तक के लिये निर्धारित थी, उसके बाद के लिये निर्धारित नहीं थी। तो मैं यह जानना चाहता हूं कि अब सरकार कब से इसको लागू करेगी और क्या यह हमेशा के लिये लागू रहेगी ? यह अलग बात है कि कोई दूसरी सरकार आये और वह इस योजना को बन्द कर दे। क्या इस सरकार के रहते यह योजना हमेशा के लिये लागू रहेगी ?

होमगार्ड, प्रान्तीय रक्षक दल एवं व्यावसायिक शिक्षा मंत्री (श्री ब्रह्माशंकर त्रिपाठी)-

माननीय अध्यक्ष जी, 31-03-2007 तक के लिये यह योजना माननीय तत्कालीन मुख्य मंत्री आदरणीय मुलायम सिंह यादव जी के आदेश से लागू हुई थी। जब इसके रिन्यूवल का समय आया इसको आगे बढ़ाने का समय आया तब तक प्रदेश में अधिसूचना लागू हो गई और नई सरकार आई तो उसने इसको बन्द कर दिया। हमारे आज के नेता सदन माननीय अखिलेश यादव जी के नेतृत्व में जो सरकार चल रही है वह प्रतिवद्ध है लोकतंत्र सेनानियों को पेंशन देने के लिये, सम्मान राशि देने के लिये.....

(मेजें थपथपाई गईं)।

श्री श्यामदेव राय चौधरी (दादा)-

माननीय अध्यक्ष जी, मैं तो सिर्फ इतना जानना चाहता हूं कि यह योजना कब से लागू होगी, कोई निर्धारित अवधि के लिये लागू होगी या हमेशा के लिये लागू होगी ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

माननीय अध्यक्ष जी, मैं फिर एक बार कहना चाहूंगा कि चौधरी साहब सीनियर सदस्य हैं, यह जानते हैं कि सरकारें निर्णय लेती हैं और सरकारें निर्णय बदलती हैं और यह सरकार का अपना अधिकार है। बहुत सी योजनायें खत्म की जाती हैं, बहुत सी योजनायें जारी रखी जाती हैं और बहुत सी योजनाओं में तब्दीली की जाती है और यह उस सरकार का अपना विचार था कि 1975 से 1977 तक जो एक काला दौर गुजरा पूरे भारतवर्ष में, और लोग मीसा और डी0 आई0 आर0 के तहत बन्द किये गये उनको एक सम्मान देने के लिये। यह कोई एक ऐसी धनराशि नहीं है जो बहुत बोझ हो उत्तर प्रदेश के बजट पर। बहुत कम लोग जिन्दा भी हैं इसीलिये भी इसको जारी करने में उत्तर प्रदेश सरकार के लिये कोई बड़ा प्रश्न नहीं है। यह जल्द शुरू की जायेगी। क्यों बन्द की गई यह तो हम नहीं कह सकेंगे लेकिन हां इसलिये बन्द यकीनन हुई होगी कि इमरजेंसी के दौर की तपिश उन लोगों तक नहीं गई होगी कि इमरजेंसी के दौर की तपिश उन लोगों तक नहीं गई होगी जिन्होंने इसको बन्द किया होगा। यह एक अच्छी योजना थी और इस योजना को लागू किये जाने में कोई दिक्कत नहीं है।

श्री इन्द्रजीत सरोज-

यह योजना केवल 31 मार्च, 2007 के लिये लागू थी तो दूसरी सरकार ने इसको बन्द कहां कर दिया जो माननीय संसदीय कार्य मंत्री जी कह रहे हैं। दूसरी सरकार का गठन तो मई 2007 में हुआ तो यह आक्षेप लगाना गलत है मान्यवर।

श्री मोहम्मद आजम खां-

माननीय अध्यक्ष जी, यह आक्षेप नहीं है यह तो खुद जवाब है तारीख के साथ। जब नई सरकार आई तो पुरानी योजना बन्द कर दी गई। नई सरकार ने उस पुरानी योजना को जारी रखा होता। यह तो खुद में इतिहास है, इसमें कहां गलत बात कह रहे हैं, कहां किसी पर आक्षेप कर रहे हैं। यह तो विचारों की बात है।

श्री इन्द्रजीत सरोज-

किस तारीख के लिये लागू की गई थी, यह तो माननीय मंत्री जी ने अभी अपने उत्तर में दिया 31 मार्च, 2007 तक के लिये यह योजना लागू की गई और उसके बाद यह योजना अपने आप बन्द हो गई। हमारी सरकार का गठन मई, 2007 में हुआ तो हमारी सरकार ने कहां से इसको बन्द किया ?

डा0 राधा मोहन दास अग्रवाल-

माननीय अध्यक्ष जी, हम आभारी हैं। यह बहुत महत्वपूर्ण प्रश्न है। देश की दूसरी आजादी के लिये जिन लोगों ने बलिदान दिया 18-20 महीने जेल में रहे। उनके लिये यह योजना लागू हुई तो सभी ने इस योजना लागू करने वाले को हृदय से धन्यवाद दिया। लेकिन आज यह पता चला कि यह योजना केवल 31-03-2007 तक के लिये थी। सम्मान देना, एक महीना, दो महीना और चार महीने के लिये, फिर उसको वापस ले लेना यह सम्मान नहीं बल्कि अपमान है। मैं माननीय मंत्री जी से यह

जानना चाहता था कि चूंकि इस योजना पर पुनर्विचार हो रहा है तो वास्तविक रूप से उन स्वतंत्रता रक्षक सेनानियों को सम्मान देने के लिये जो यह योजना लागू की जायेगी तो क्या 31-03-2007 से जिन लोगों को हमने सेनानी माना और हमने सम्मान दिया तो उस दिन से, बीच में जो उनको पांच साल तक धन नहीं दिया गया, तो क्या उस समय से, उनको वह सम्मान देना जारी रखा जायेगा। दूसरी बात 2007 में जब आपने सम्मान दिया तो एक हजार की राशि आपने स्वीकृत की तो आज 2012 है इन पांच सालों में महंगाई इन्डैक्स बहुत आगे चला गया है क्या सरकार इस पर भी विचार करेगी कि 31-03-2007 से दे और सम्मान की राशि को एक हजार से बढ़ाकर भी दे क्योंकि महंगाई बहुत बढ़ गई है ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

डाक्टर साहब हमारे बच्चों के डाक्टर हैं और कहा जाता है . . . .।

डा0 राधा मोहन दास अग्रवाल-

यह डाक्टरी के बाद स्पेसलाइजेशन है।

श्री मोहम्मद आजम खां-

बस, तभी तो आप वहां बैठे हैं कि बात पूरी सुनते नहीं हैं आप। मेरा कहने का मंशा यह है जो बच्चों का कामयाब डाक्टर होता है वह उसका डाक्टर होता है जो बेजुबान होते हैं जब आप बेजुबानों की जबान समझ सकते हैं तो आपको यह भी समझना चाहिये कि यह उत्तर सरकारी है और क्योंकि चुनाव प्रक्रिया शुरू हो गई थी दूसरी सरकार आ गई थी, अधिकारियों को यही जवाब देना चाहिये था जो जवाब आया है। यह सरकारी जवाब है इस योजना को अगर जारी रखना होता तो उस वक्त सरकार ने इसको जारी रखना जरूरी नहीं समझा इसे समाप्त कर दिया गया, अब यह सरकार इसे जारी रखना चाहती है लिहाजा इसे जारी किया जायेगा। जहां तक महंगाई का सवाल है आपकी तनख्वाह भी तो बढ़ जाये।

डा0 राधा मोहन दास अग्रवाल-

मैं आपको धन्यवाद देना चाहूंगा। मान्यवर, सदन में माननीय संसदीय कार्य मंत्री के बयान, आश्वासन हुआ करते हैं। माननीय संसदीय कार्य मंत्री जी ने कहा, आपके वेतन भी बढ़ जायें, अर्थात् आपने यह निर्णय लिया है कि आप माननीय सदस्यों के वेतन बढ़ायेंगे। पूरे सदन की ओर से मैं माननीय संसदीय कार्य मंत्री को आभार प्रकट करता हूं लेकिन माननीय अध्यक्ष जी, मैं जानना चाहूंगा कि यह जो सम्मान दिया जाता है यह 2007 से दिया जायेगा या 2012 से दिया जायेगा यह कब से दिया जायेगा ?

श्री अध्यक्ष-

सरकार इस पर विचार कर रही है।

श्री प्रमोद तिवारी-

संसदीय कार्य मंत्री जी ने कहा कि यह बच्चों के डाक्टर हैं लेकिन यह बच्चों के डाक्टर तो हो सकते हैं पर खुद बच्चे नहीं हैं यह इन्होंने साबित कर दिया है। मैं केवल एक चीज कहना चाहता हूं मान्यवर, माननीय संसदीय कार्य मंत्री जी जिस बात को बोलते हैं वह उस पर कायम रहते हैं आज तक मैंने अपने जिन्दगी में जो आजम साहब ने कह दिया उससे पीछे हटते नही देखा। (हंसी) और

आजम खां जी ने जो कहा है उसका इम्तहान पूरे सदन में होगा। इन्होंने कहा है कि वेतन बढ़ेगा अब मुझे कोई सवाल नहीं पूछना है लेकिन मैं यह जानना चाहता हूं कि किस तारीख से बढ़ेगा।

(हंसी)

श्री अध्यक्ष-

प्रश्न पूछेंगे चौधरी साहब।

श्री श्यामदेव राय चौधरी (दादा)-

खां साहब ने कहा कि हमें अध्यक्ष के आदेशों का पालन करना चाहिये तो मैं आदेशों का पालन करता हूं। और करना चाहता हूं लेकिन आपने एक प्रश्नचिन्ह लगा दिया, इसलिये मैं बैठ जा रहा हूं।

प्रदेश में किसानों के ऋण माफी की कार्य योजना

*2-श्री दलवीर सिंह-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में किसानों के रु0 50,000/ तक के ऋणों के माफी की कार्य योजना सरकार के विचाराधीन है ? यदि हां, तो इसे कब तक लागू किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव-

प्रकरण विचाराधीन है।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्न नहीं उठता।

श्री दलवीर सिंह-

मान्यवर, मेरा सवाल पूरे प्रदेश के किसानों से सम्बन्धित है। पूरे प्रदेश में एक भ्रम फैल गया है, हमारे नए मुख्य मंत्री, युवा मुख्य मंत्री की घोषणा के बाद जनता में यह भ्रम फैल गया है कि हमारा कर्ज माफ हो गया है। 50 हजार रुपया तक का कर्ज हमारा माफ हो गया, यह पूरे प्रदेश के किसानों में भ्रम फैल गया है। माननीय अखिलेश जी की घोषणा पर, मा0 मुख्य मंत्री जी की बातों पर प्रदेश की जनता को पूरा विश्वास है, लेकिन अब हो यह रहा है कि पूरे प्रदेश के गांवों में अमीनों से किसानों का झगड़ा चल रहा है। अमीन पैसा मांगने जाता है तो किसान कहता है कि अखिलेश जी ने हमारा तो 50 हजार रुपये तक का कर्ज माफ कर दिया है। अभी माननीय मंत्री जी का जवाब आया कि इस पर विचार हो रहा है, विचार होते-होते कहीं 5 वर्ष निकल गए, गांवों में वसूली के लिए हल्ला मचा है किसानों का कहना है कि हमारा 50 हजार रुपये तक का कर्जा माफ हो गया है। जो यह भ्रम की स्थिति पैदा हो गयी है मैं चाहता हूं कि इस मंच के माध्यम से स्थिति स्पष्ट हो जाए कि यह विचार 4-5 साल तक चलेगा, 2 साल तक चलेगा, 6 महीने तक चलेगा और यदि नहीं चलेगा तो वसूली प्रारम्भ कर दी जाय।

नियोजन राज्य मंत्री (श्री फरीद महफूज किदवई)-

कम से कम बजट तो पास हो जाने दीजिए। मान्यवर, जब बजट पास हो जायेगा तो आपके सामने खुद पूरा नतीजा आ जायेगा और जो वायदा माननीय मुख्यमंत्री जी ने किया है, उसे वायदे पर जब पूरा प्रदेश ऐतबार कर रहा है तो 2 महीने के लिए आप भी ऐतबार कर लीजिए।

(मेजें थपथपाई गईं)

श्री प्रमोद तिवारी-

अध्यक्ष जी, यह आश्वासन आ गया कि किसानों का कर्जा 2 महीने में माफ हो जायेगा।

श्री अध्यक्ष-

यह नहीं कहा, उन्होंने कहा है कि दो महीने प्रतीक्षा करिये।

श्री पूरन प्रकाश-

मान्यवर, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि जब तक आप 2 महीनें में, 3 महीनें में निर्णय ले रहे हैं, नियम बना रहे है तब तक आप यह आदेश जारी कर दे कि जिन किसानों की आर0सी0 जारी हो गयी है, उन्हें पकड़ा जा रहा है, उनका उत्पीड़न हो रहा है, वह रोक दिया जाए। हम आपकी बात से सहमत है, सरकार का जो जवाब आया है लेकिन जब तक इस पर निर्णय नहीं हो जाता, तब तक आदेश जारी करा दें कि किसानों का उत्पीड़न न किया जाए।

श्री मोहम्मद आजम खां-

मान्यवर, मेनीफेस्टो के जितने भी वायदे हैं, वह पूरे किए जायेंगे, इसके लिए हम कटिबद्ध हैं, वचनबद्ध है और जितनी जल्दी हो सकेगा, उन्हें पूरा करेंगे। दूसरा प्रश्न आपका है, किसानों की अगर कहीं प्रताड़ना हो रही है, उनको कही परेशानी हो रही है तो यकीनन इस पर विचार भी करेंगे, इस पर कार्यवाही भी करेंगे और जो राहत दी जा सकती है, वह राहत किसानों को दी जायेगी।

श्री अध्यक्ष-

अब तारांकित प्रश्न संख्या-3

(मंत्री जी राम गोविन्द चौधरी ने उत्तर पढ़ा)

(श्री इन्द्रजीत सरोज कुछ बोलने का प्रयास करते रहे)

श्री अध्यक्ष-

सरोज जी, अब हम आगे बढ़ गए हैं, लेकिन पूछ लीजिए।

श्री इन्द्रजीत सरोज-

मान्यवर, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि समाजवादी पार्टी ने अपने घोषणा-पत्र में 50 हजार रुपये तक के कर्ज को माफ करने की बात कही थी।

श्री अध्यक्ष-

संसदीय कार्य मंत्री जी ने कहा है कि जो वायदा किया है, उसे पूरा करेंगे।

श्री इन्द्रजीत सरोज-

मान्यवर, मैं जानना चाहता हूं कि कर्जमाफी का मानक क्या होगा ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

मान्यवर, मेरा सुझाव तो नहीं है लेकिन मैं ऐसा चाहूंगा कि जब अगला प्रश्न आ गया और माननीय मंत्री जी का जवाब आ गया तो प्रश्न उनसे सम्बन्धित होना चाहिए। बस मेरा इतना निवेदन है।

(श्री श्यामदेव राय चौधरी 'दादा' सहित कई सदस्यों के एक साथ बोलने पर शोर)

प्रदेश में कार्यरत शिक्षामित्रों का समायोजन कर उच्च सुविधायें दिये जाने की मांग

*3-श्री सुरेश कुमार खन्ना-

क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में कार्यरत शिक्षामित्रों को नियमित किये जाने तथा सरकारी अध्यापकों की भांति अन्य सुविधायें देने की सरकार की कोई नीति है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

बाल विकास एवं पुष्टाहार, बेसिक शिक्षा मंत्री (श्री रामगोविन्द चौधरी)-

शिक्षामित्रों का समायोजन राज्य सरकार की प्राथमिकता में है। इस दिशा में कार्यवाही गतिमान है तथा शिक्षामित्रों को चरणबद्ध रूप में दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से 2 वर्षीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रश्न नही उठता।

श्री अध्यक्ष-

आप बैठ जायें। माननीय श्री सुरेश कुमार खन्ना जी आपका सवाल है आप सप्लीमेंट्री तो पूछिये।

श्री सुरेश कुमार खन्ना-

मान्यवर, व्यवधान में सुन नहीं पाये फिर से पढ़वा दीजिए।

श्री अध्यक्ष-

आपके पास उत्तर है, उत्तर की कापी है उसी से सप्लीमेंट्री बनती है। पूछिये।

श्री सुरेश कुमार खन्ना-

मान्यवर, ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा मित्रों के भरोसे शिक्षा चल रही है। इनके समायोजन के संबंध में और इनके मानदेय के संबंध में पहले भी सदन में प्रश्न आते रहे हैं। मान्यवर, मैं कहना चाहता हूं कि इनका समायोजन सरकार की प्राथमिकता में है यह सरकार ने स्वीकार कर लिया। इसको कब तक अंतिम रूप दे देंगे दूसरी बात जब तक इनका समायोजन नहीं किया जाता है तब तक क्या माननीय मंत्री जी इनके मानदेय को बढ़ाने पर विचार करेंगे।

श्री रामगोविन्द चौधरी-

मान्यवर, समाजवादी पार्टी के चुनाव घोषणा-पत्र में हमने वादा किया है कि हम शिक्षामित्रों का समायोजन करेंगे। इसी के तहत लगभग 60 हजार शिक्षा मित्रों को दूरस्थ विधि से ट्रेनिंग दे रहे है। 2012-13 में 60 हजार शिक्षा मित्र अध्यापक के रूप में हमें मिल जायेंगे। फिर जुलाई से जो बचे हैं लगभग इतने ही उनको भी ट्रेनिंग देकर 2014 तक उनको पूर्ण अध्यापक बना देंगे। उसके बाद भी जो 24-40 हजार लोग बच रहे हैं जो स्नातक नहीं है अगर वह भी स्नातक की डिग्री प्राप्त कर लेंगे तो उनको भी हम ट्रेनिंग दिलवाकर अध्यापक के रूप में नियुक्त कर देंगे।

श्री सुरेश कुमार खन्ना-

मान्यवर, जब तक वह पूर्ण शिक्षक नहीं बन जाते तब तक क्या माननीय मंत्री जी उनको मानदेय बढ़ाने पर विचार करेंगे। सीधा सीधा सवाल है। हां या नहीं ?

श्री रामगोविन्द चौधरी-

जब हमने उनको पूर्ण अध्यापक बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। कुछ अभी हो जाएंगे कुछ 2014 में हो जाएंगे। तो मानदेय बढ़ाने का कोई सवाल ही नहीं है।

कुंवर भारतेंन्द्र-

मान्यवर, 1 लाख 66 हजार शिक्षा मित्र हमारे प्रदेश में हैं इन्हें 12 साल पहले नौकरी पर रखा गया था। इन्हें 3500 रुपये महीना वेतन मिलता है। प्रश्न बिलकुल सीधा है कि यह सिर्फ 3500 महीना वेतन में कैसे अपने परिवार व बच्चों का पालन करेंगे। नरेगा का मजदूर इनसे ज्यादा पाता है।

श्री अध्यक्ष-

माननीय मंत्री जी ने उत्तर दे दिया कि हम उनको शिक्षक बना रहे हैं। कितने-कितने लोगों को करेंगे यह भी बता दिया, समय भी बता दिया और यह कहा कि हम मानदेय नहीं बढ़ा सकते।

श्री अखिलेश प्रताप सिंह-

मान्यवर, माननीय मंत्री जी ने कहा है कि जो शिक्षा मित्र ग्रेजुएट नहीं हैं अगर वह स्नातक कर लेंगे तो हम उन्हें ट्रेनिंग कराकर नियमित शिक्षक रख लेंगे। लेकिन ग्रेजुएट करने की इजाजत देना बंद कर चुके हैं पिछली सरकार में, तो क्या यह उनको ग्रेजुएशन करने की इजाजत देंगे ? सरकार कहती है कि जब आप शिक्षक हैं पढ़ा रहे हैं तो आप स्नातक करने कैसे जाएंगे। तो इन्होंने जो आश्वासन दिया है लेकिन अगर वह स्नातक नहीं करेंगे तो वह कैसे नियमित शिक्षक बन पायेंगे। इस पर सरकार क्या बताना चाहती है ?

श्री रामगोविन्द चौधरी-

मैंने पहले ही उत्तर दिया था कि जो बच रहे हैं अगर वह स्नातक हो जाएंगे तो उन्हें भी ट्रेनिंग देकर नियमित शिक्षक बनवा देंगे।

श्री अध्यक्ष-

आपका प्रश्न यह है कि जो शिक्षा मित्र हैं उनको स्नातक करने के लिए अनुमति नहीं दी जा रही है। उनका प्रश्न यह है कि वह कक्षा पढ़ाते हैं तो वह रेगुलर कहां जायें। लेकिन बहुत से विश्वविद्यालयों ने प्राइवेट एलाउ किया है तो वह प्राइवेट स्नातक कर सकते हैं। मैंने बता दिया कि वह प्राइवेट कर सकते हैं।

अतारांकित प्रश्न

जनपद अलीगढ़ के देहात क्षेत्र के प्राइमरी स्कूलों में मानक के अनुसार अध्यापकों की तैनाती की मांग

1-श्री दलवीर सिंह-

क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद अलीगढ़ के देहात क्षेत्र में स्थापित प्राइमरी स्कूलों में मानक के अनुरूप पर्याप्त स्टाफ तैनात हैं ? यदि नहीं, तो उक्त क्षेत्रों में मानक के अनुसार स्टाफ की तैनाती कब तक कर दी जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

नोट :-तारांकित प्रश्न सं0-3 के उपरान्त प्रश्नों का समय समाप्त हुआ।

श्री रामगोविन्द चौधरी-

जी नहीं।

शिक्षक पात्रता परीक्षा 2011 के संबंध में निर्णय लिये जाने के पश्चात् प्राथमिक विद्यालयों में अध्यापकों की नियुक्ति के संबंध में अपेक्षित कार्यवाही की जायेगी।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद बागपत के बिजरौल गांव में पशु चिकित्सालय का कथित प्रकरण

2-श्री वीरपाल-

क्या पशुधन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बागपत के बिजरौल गांव में पशुओं के अस्पताल में न कोई डाक्टर है और न कोई अन्य व्यवस्था है ? यदि हां, तो क्या चिकित्सक एवं अन्य स्टाफ की नियुक्ति कर बीमार पशुओं को चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

लघु सिंचाई, पशुधन मंत्री (श्री पारस नाथ यादव)-

जनपद बागपत के बिजरौल गांव में पशु चिकित्सालय नहीं है।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रदेश में सर्वशिक्षा अभियान अन्तर्गत स्कूल भवनों के निर्माण में गुणवत्ता मानक

3-श्री अखिलेश प्रताप सिंह-

क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में सर्वशिक्षा अभियान के तहत स्कूलों के भवनों का निर्माण किनके देख-रेख में होता है ? क्या यह सही है कि खराब गुणवत्ता के कारण स्कूलों के भवन बहुत अल्प अवधि में जर्जर हुये जा रहे हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार भविष्य में स्कूल भवनों का निर्माण उत्तम गुणवत्ता मानक के अनुरूप करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री रामगोविन्द चौधरी-

प्रदेश में सर्वशिक्षा अभियान के तहत स्कूलों के भवनों का निर्माण ग्राम शिक्षा समिति के माध्यम से जिला समन्वयक (निर्माण) तथा विकास खण्ड के ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा के सहायक अभियन्ता/अवर अभियन्ता की देख-रेख में होता है।

जी नहीं।

प्रश्न नहीं उठता।

विद्यालय निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु शासन के निर्देशानुसार विकास खण्ड स्तर के ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा के सहायक अभियन्ता/अवर अभियन्ता द्वारा तकनीकी सपोर्ट दिया जाता है। इसके अतिरिक्त जिला समन्वयक (निर्माण) द्वारा निर्माण प्रभारियों को प्रशिक्षण दिया जाता है तथा निर्माण कार्य का निरीक्षण किया जाता है।

प्रदेश के माध्यमिक शिक्षा के वित्तविहीन विद्यालयों में शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर स्टाफ को मानदेय देने का विचाराधीन प्रकरण

4-श्री सुरेश कुमार खन्ना-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के माध्यमिक शिक्षा के वित्तविहीन विद्यालयों में शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर स्टाफ को कोई मानदेय दिये जाने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव-

प्रदेश के माध्यमिक शिक्षा के वित्तविहीन विद्यालयों में अध्यापकों को जीविकोपार्जन भर के मासिक मानदेय दिये जाने का प्रकरण विचाराधीन है।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रदेश में वित्त विहीन माध्यमिक शिक्षकों की नियमावली के सम्बन्ध में जानकारी

5-श्री सुरेश कुमार खन्ना-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में वित्त विहीन माध्यमिक शिक्षकों की सेवा नियमावली बनायी गयी है ? यदि हां, तो क्या सरकार उसका अनुपालन सुनिश्चित करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव-

जी नहीं।

प्रश्न नहीं उठता।

वित्त विहीन मान्यता प्राप्त विद्यालयों के अंशकालिक अध्यापकों की सेवा शर्तें शासनादेश अध्यापकों की सेवा शर्तें शासनादेश संख्या-ई0एम0-1443/15-7-2001-1 (91)/2001, दिनांक 10 अगस्त, 2001 द्वारा निर्धारित की गयी है।

6-श्री दलवीर सिंह-

[1लें बुधवार के अता0 प्रश्न संख्या-107 के अन्तर्गत स्थानान्तरित]

जनपद अलीगढ़ के पशु चिकित्सालयों में मानक के अनुरूप स्टफ की तैनाती की मांग

7-श्री दलवीर सिंह-

क्या पशुधन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद-अलीगढ़ में कितने पशु चिकित्सालयों पर मानक के अनुरूप डाक्टर व स्टाफ तैनात हैं एवं कितने पद रिक्त हैं ? क्या सरकार रिक्त पदों को भरेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री पारस नाथ यादव-

सामान्यतया एक पशु चिकित्सालय पर एक पशु चिकित्साधिकारी, एक फार्मासिस्ट तथा दो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पद स्थापित रहते है।

जनपद अलीगढ़ में पशु चिकित्साधिकारी का 01 पद, वेटनरी फार्मासिस्ट के 18 एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के 17 पद रिक्त हैं। रिक्त पदों पर भर्ती हेतु संगत नियमावली एवं समय-समय पर निर्गत शासनादेश के अनुसार कार्यवाही की जा रही है।

प्रश्न नहीं उठता।

दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ अलीगढ़ व सासनी दुग्ध उत्पादन डेरी महामायानगर को पुनः चालू कराये जाने की मांग

8-श्री दलवीर सिंह-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि दुग्ध उत्पादक सहाकरी संघ, अलीगढ़ व सासनी दुग्ध उत्पादन डेरी जनपद-महामायानगर बन्द है ? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि इन पर किसानों व कर्मचारियों का कितना भुगतान शेष है ? क्या सरकार बकाये का भुगतान कर बन्द डेरियों को पुनः चालू करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव-

दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ, अलीगढ़ के कार्यक्षेत्र में जनपद अलीगढ़ एवं महामायानगर आते हैं। उक्त दुग्ध संघ सम्प्रति बन्द है।

दुग्ध संघ अलीगढ़ पर दुग्ध उत्पादकों का रु0 1.20 करोड़ एवं कर्मचारियों का रु0 4.68 करोड़ का बकाया लम्बित है।

दुग्ध संघ सहकारिता के क्षेत्र में आते हैं तथा अपने व्यवसाय को सुदृढ़ करते हुए अर्जित आय से दुग्ध-मूल्य भुगतान तथा कर्मचारियों के वेतन का भुगतान करते हैं। दुग्ध उत्पादकों के बकाया धनराशि के भुगतान एवं बन्द दुग्ध संघों के सम्बन्ध में प्रदेश की अर्थोपाय स्थिति के दृष्टिगत कार्यवाही विचाराधीन है।

वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता होने पर।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद शाहजहांपुर के नियामतपुर पशु चिकित्सालय का कथित प्रकरण

9-श्री सुरेश कुमार खन्ना-

क्या पशुधन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शाहजहांपुर के नियामतपुर पशु अस्पताल में चिकित्सक का पद रिक्त है ? यदि हां, तो उक्त चिकित्सालय में पशु चिकित्सक की तैनाती कब तक कर दी जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री पारस नाथ यादव-

नियामतपुर में पशुचिकित्सालय नहीं है।

प्रदेश में आंगनबाड़ी केन्द्र चलाने हेतु भवन किराये व बर्तनों की व्यवस्था हेतु बढ़ी दरों पर मानदेय भुगतान करने के आदेश

10-श्री श्यामदेव राय चौधरी 'दादा'-

क्या बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में आंगनबाड़ी केन्द्र चलाने हेतु कमरों के लिये अनुमन्य किराये का नियमित भुगतान, बच्चों के हाट-कुक पकाने हेतु गैस

चूल्हा, गैस सिलेण्डर, बर्तनों की आपूर्ति एवं केन्द्र सरकार द्वारा 2010-11 में बढ़ाये गये मानदेय का भुगतान आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को नहीं किया जा रहा है ? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि राज्य सरकार स्तर पर भी मानदेय राशि में बढ़ोत्तरी किये जाने के सम्बन्ध में प्रश्नकर्ता का पत्र दिनांक 14-10-2011 निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0 प्र0 लखनऊ को प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर क्या कार्यवाही की गयी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री राम गोविन्द चौधरी-

आंगनबाड़ी केन्द्रों के भवन हेतु अनुमन्य किराये का भुगतान नियमानुसार किया जा रहा है।

नवीन स्वीकृत केन्द्रों पर बर्तनों की व्यवस्था की गयी है। हाट कुक्ड़ फूड को पकाने हेतु प्रयुक्त होने वाले बर्तनों, गैस चूल्हा, गैस सिलेन्डर आदि के लिए केन्द्र सरकार से धनराशि प्राप्त होने पर व्यवस्था की जायेगी।

शासनादेश दिनांक 16-05-12 द्वारा बढ़ी दरों पर मानदेय भुगतान करने के आदेश निर्गत कर दिये गये हैं।

जी नहीं।

शासनादेश दिनांक 16-05-12 द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों/सहायिकाओं को बढ़ी हुई दरों पर मानदेय भुगतान करने के आदेश निर्गत कर दिये गये हैं।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रदेश में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों/सहायिकाओं के मार्ग-व्यय एवं अन्य खर्चों का भुगतान प्रशिक्षण संस्थाओं द्वारा किये जाने के आदेश

11-श्री श्यामदेव राय चौधरी 'दादा'-

क्या बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को प्रशिक्षण हेतु जिले से बाहर भेजने पर उन्हें कोई मार्ग व्यय तथा अन्य खर्चों के लिए धनराशि अनुमन्य है ? यदि हां, तो वाराणसी सहित अन्य जिलों में तैनात कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को दिनांक 06-06-2011 से दिनांक 07-07-2011 तक तथा उसके बाद ट्रेनिंग प्राप्त लोगों को कोई भुगतान नहीं किये जाने का क्या कारण है ? क्या सरकार दोषियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री राम गोविन्द चौधरी-

जी हां।

आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों/सहायिकाओं के मार्ग व्यय एवं अन्य खर्चो का भुगतान कभी-कभी प्रशिक्षण संस्थाओं द्वारा नहीं किया जाता है। जनपद स्तर पर बजट उपलब्ध होने पर संस्थाओं के बिल का भुगतान जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा किया जाता है।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रदेश में राजनैतिक बंदियों/लोकतन्त्र सेनानियों को सम्मान राशि के साथ समस्त सुविधाओं को बहाल करने की मांग

12-श्री रविदास मेहरोत्रा-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि आपातकाल में बन्द राजनैतिक बन्दियों को लोकतंत्र सेनानी मानकर वर्ष 2006 में तत्कालीन मुख्य मंत्री मा0 मुलायम सिंह यादव जी की सरकार ने पेंशन स्वीकार की थी तथा सहवर्ती के साथ राज्य सरकार की बसों में निःशुल्क यात्रा सुविधा प्रदान की थी ? क्या यह भी सही है कि 1 अप्रैल, 2006 से 31 मार्च, 2007 तक देने के बाद उक्त पेंशन एवं सारी सुविधायें बन्द कर दी गयी ? यदि हां, तो क्या सरकार 1 अप्रैल, 2007 से बकाया पेंशन एवं देय सारी सुविधायें उपलब्ध करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव-

जी हां। लोकतंत्र सेनानियों को वर्ष 2006 में पेंशन नहीं अपितु सम्मान राशि प्रदान की गयी।

राजनैतिक बन्दियों/लोकतन्त्र सेनानियों को सम्मान राशि प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में शासनादेश दिनांक 04-09-2006 द्वारा एक नियमावली प्रख्यापित की गयी जिसमें योजना की अवधि दिनांक 01-04-2006 से 31-03-2007 तक निर्धारित थी। सम्मान राशि दिनांक 31-03-2007 तक दी गयी। लोकतन्त्र सेनानियों को एक सहयोगी सहित परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क परिवहन सुविधा 23-03-2010 तक तथा राजकीय चिकित्सालयों में निःशुल्क चिकित्सा सुविधा 31-03-2011 तक दी गयी थी।

नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

उपरोक्तानुसार।

उपरोक्तानुसार।

जनपद पीलीभीत के विकास खण्ड बीसलपुर के आदर्श पब्लिक कन्या हा0 से0 स्कूल को वित्तीय अनुदान की किश्त स्वीकृत करने की मांग

13-श्री अगयश राम सरन वर्मा-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि सेवित विकास खण्डों में कन्या विद्यालय स्थापना योजनान्तर्गत जनपद पीलीभीत के विकास खण्ड बीसलपुर के अन्तर्गत 'आदर्श पब्लिक कन्या हा0 से0 स्कूल मोहम्मदपुर भजा की मान्यता हेतु वर्ष 2005 में आवेदन किया गया जिसे मई, 2010 में मा0 उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार मान्यता प्रदत्त की गयी किन्तु अब तक विद्यालय की द्वितीय अनुदान किश्त स्वीकृत नहीं की गयी है ? यदि हां, तो उक्त स्वीकृति कब हो जायेगी ? यदि नहीं तो क्यों ? क्या सरकार इस योजनान्तर्गत स्वीकृत विद्यालयों को विशेष श्रेणी का दर्जा देते हुए अनुदानित किये जाने पर विचार कर रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव-

जी हां।

विद्यालय को द्वितीय किश्त स्वीकृत किए जाने का प्रकरण विचाराधीन है।

प्रश्न नहीं उठता।

जी नहीं।

उक्त योजनान्तर्गत स्वीकृत विद्यालयों को विशेष श्रेणी का दर्जा देते हुए अनुदानित किये जाने की कोई नीति नहीं है।

जनपद पीलीभीत में भवन विहीन विद्यालयों में मानक के अनुरूप शिक्षकों की तैनाती की मांग

14-श्री अगयश राम सरन वर्मा-

क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद पीलीभीत के अन्तर्गत कौन कौन से प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय शिक्षक विहीन, एकल शिक्षक एवं मात्र शिक्षा मित्र के द्वारा संचालित हैं ? इनमें से कितने भवन विहीन हैं ? क्या सरकार उक्त विद्यालयों में मानक के अनुरूप शिक्षकों की तैनाती तथा भवन विहीन विद्यालयों को भवन उपलब्ध करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री रामगोविन्द चौधरी-

जनपद पीलीभीत में कुल 1195 प्राथमिक विद्यालय संचालित हैं जिनमें से 17 प्राथमिक विद्यालय शिक्षक की मृत्यु/पदोन्नति के कारण शिक्षक विहीन हुए हैं तथा 673 प्राथमिक विद्यालय एकल हैं, जिनमें शिक्षा मित्र कार्यरत हैं मात्र शिक्षा मित्र के सहारे कोई विद्यालय संचालित नहीं हैं एवं 566 उच्च प्राथमिक विद्यालय संचालित हैं जिनमें से 05 विद्यालय शिक्षक की मृत्यु/पदोन्नति के कारण शिक्षक विहीन हुए हैं तथा 124 उच्च प्राथमिक विद्यालय एकल हैं। विद्यालयों के संबंध में उक्त संख्यात्मक स्थिति के अतिरिक्त नामवार सूचना एकत्र की जा रही है।

नगर क्षेत्र में 15 विद्यालय किराये के भवनों में संचालित हैं।

राज्य सरकार द्वारा आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा 2011 के संबंध में निर्णय लिये जाने के पश्चात् प्राथमिक विद्यालयों में अध्यापकों की नियुक्ति/तैनाती के संबंध में अपेक्षित कार्यवाही की जायेगी। किराये के भवनों में भवन निर्माण हेतु सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत कोई प्रावधान नहीं है।

उक्तवत्।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रदेश में इण्टर पास कन्याओं को बीस हजार रुपये दिये जाने की योजना पुनः चालू किये जाने की मांग

15-श्री रविदास मेहरोत्रा-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि तत्कालीन मुख्य मंत्री माननीय मुलायम सिंह यादव ने प्रदेश में इण्टर पास लड़कियों को रुपया बीस हजार कन्या विद्या धन योजना के अन्तर्गत प्रदान किये थे जिसे पिछली सरकार द्वारा बन्द कर दिया गया था ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त योजना को पुनः चालू करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव-

जी हां।

कन्या विद्याधन योजना संचालित किए जाने की कार्यवाही विचाराधीन है।

उपरोक्तानुसार।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद शाहजहांपुर नगर में कतिपय विद्यालय भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण कराये जाने के सम्बन्ध में जानकारी

16-श्री सुरेश कुमार खन्ना-

क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि शाहजहांपुर नगर में वर्ष 2010 से 19-04-2012 के मध्य कितने नये निर्मित जूनियर (बेसिक) हाई स्कूलों के भवन में पढ़ाई प्रारम्भ हो चुकी है ? क्या सरकार को जानकारी है कि मो0 ककरा का नवनिर्मित जूनियर हाई स्कूल का भवन निर्माण अभी तक पूर्ण नहीं हो सका है ? यदि हां, तो क्या सरकार भवन निर्माण पूर्ण कराकर इसमें भी शिक्षण कार्य प्रारम्भ करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री रामगोविन्द चौधरी-

वर्ष 2010 से 19-04-2012 के मध्य नगर शाहजहांपुर में कोई भी नवीन जूनियर हाईस्कूल स्वीकृत नहीं हुआ है।

मो0 ककरा का नवनिर्मित जूनियर हाई स्कूल के भवन का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है।

जूनियर हाई स्कूल ककरा कलां, नगरा क्षेत्र शाहजहांपुर का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है तथा शैक्षिक सत्र 2011-12 में शिक्षण कार्य सुचारू रूप से प्रारम्भ हो चुका है।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रदेश के मण्डल स्तर पर स्पोर्ट्स कालेज खोले जाने के सम्बन्ध में जानकारी

17-डा0 धर्मपाल सिंह-

क्या खेलकूद मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि क्या सरकार प्रदेश में मण्डल स्तर पर स्पोर्ट्स कालेज खोले जाने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

बाह्य सहायतित परियोजना, डा0 अम्बेडकर ग्राम्य विकास, समग्र ग्राम्य विकास, खेलकूद, युवा कल्याण मंत्री (श्री कामेश्वर उपाध्याय)-

जी नहीं।

प्रश्न नहीं उठता।

खेल विभाग के अन्तर्गत सभी मण्डल मुख्यालयों पर स्थापित स्पोर्ट्स स्टेडियम के अन्तर्गत विभागीय प्रशिक्षकों के माध्यम से प्रशिक्षण/प्रतियोगिता कार्यक्रमों को आयोजित कराते हुए खिलाड़ियों को खेल का पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है।

प्रदेश के क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारियों के रिक्त पदों की संख्या तथा रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति करने की मांग

18-डा0 धर्मपाल सिंह-

क्या खेलकूद मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि क्या प्रदेश में क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारियों के कितने पद रिक्त हैं ? क्या सरकार खेलों को बढ़ावा देने हेतु इन रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति करने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कामेश्वर उपाध्याय-

क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारियों के 12 पद रिक्त हैं।

जी हां।

सीधी भर्ती के पदों को भरे जाने पर रोक है। पदोन्नति के रिक्त पदों को भरे जाने हेतु नियमों के अन्तर्गत कार्यवाही शीघ्र पूर्ण कर ली जायेगी।

प्रश्न नहीं उठता।

बेसिक शिक्षक संघ बनाम उ0 प्र0 सरकार में मा0 सुप्रीम कोर्ट के अनुपालन में कार्यवाही की मांग

19-श्री राम चन्द्र यादव-

क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि मा0 सुप्रीम कोर्ट में दाखिल रिट याचिका संख्या 5383, बेसिक शिक्षक संघ बनाम उ0 प्र0 सरकार में मा0 सुप्रीम कोर्ट द्वारा क्या कोई निर्णय दिया गया है ? यदि हां, तो वह क्या है और उसके अनुपालन में अब तक क्या कार्यवाही की गयी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री राम गोविन्द चौधरी-

जी हां।

रिट याचिका संख्या 5383/2007 में पारित माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय के विरुद्ध योजित विशेष अनुज्ञा याचिका संख्या 3737/2011 में माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा दिनांक 09-12-2011 को आदेश/निर्णय पारित किये गये हैं।

माननीय उच्चतम न्यायालय का निर्णय दिनांक 09-12-2011 निम्नवत् है-

"याचीगण के विद्वान अधिवक्ता मि0 पी0 एन0 मिश्रा एवं रिसपाण्डेण्ट के विद्वान अधिवक्ता मि0 वी0 एस0 मलिक को सुनने के उपरान्त हम सन्तुष्ट हैं कि प्रश्नगत आदेश में किसी प्रकार के हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है।

यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि अनुदान सूची पर लिये जाने हेतु प्रत्येक संस्था को राज्य सरकार द्वारा निर्धारित अर्हता के बारे में सन्तुष्ट करना होगा। राज्य सरकार जैसा कि मा0 उच्च न्यायालय ने निर्देशित किया है कि प्रत्येक संस्था जिसे अनुदान सूची पर लिया जाना है, की समस्याओं/शिकायतों पर विचार करेगी और यदि कोई संस्था अनुदान सूची पर लिये जाने हेतु अर्ह न पायी जाये तो इसके कारणों से संस्था को अनिवार्य रूप से सूचित किया जाये।

अनुदान के मामले में निर्णय लिये जाने से पूर्व सम्बन्धित संस्था को अपनी अर्हता के दावे के समर्थन में सुनवाई के लिए बुलाया जायेगा। विशेष अनुमति याचिका तद्नुसार निस्तारित की जाती है।"

माननीय उच्चतम न्यायालय के उक्त आदेशों के अनुपालन में कार्यवाही गतिमान है।

प्रश्न नहीं उठता।

20-श्री राम चन्द्र यादव-

[1ले सोमवार के अता0 प्रश्न सं0 77 के अन्तर्गत स्थानान्तरित।]

प्रदेश में सेवानिवृत्त अध्यापकों को पेंशन एवं उसके अवशेष का भुगतान कराये जाने की मांग

21-श्री अगयश राम सरन वर्मा-

क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के सेवानिवृत्त अध्यापकों की पेंशन माह दिसम्बर, 2011 से माह अप्रैल, 2012 तक का भुगतान नहीं किया गया है ? यदि हां, तो उक्त भुगतान कब तक कर दिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? क्या सरकार पेंशन में हुई वृद्धि के अवशेष का भी भुगतान करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री राम गोविन्द चौधरी-

भुगतान कर दिया गया है।

उक्तानुसार।

प्रश्न नहीं उठता।

जी हां।

अवशेष भुगतान बजट की उपलब्धता पर निर्भर है।

प्रदेश के सभी जनपदों में सर्व शिक्षा अभियान अन्तर्गत संचालित कार्यक्रम का विवरण

22-डा0 राधामोहन दास अग्रवाल-

क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में बेसिक शिक्षा की गुणवत्ता की निम्न स्थिति को देखते हुए आवश्यक सुधार के लिए क्या सरकार ने कोई नीति निर्धारित की है ? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री राम गोविन्द चौधरी-

जी हां।

प्रदेश के सभी जनपदों में शिक्षा के स्तर को सुधारने हेतु सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत निम्नांकित कार्यक्रम संचालित हैं-

- विद्यालयों में अवस्थापना सुविधायें सुदृढ़ की गयी है। असेवित बस्तियों में नवीन प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय स्थापित किये गये हैं तथा विद्यालयों में अतिरिक्त कक्षा-कक्ष निर्मित कराये गये हैं। विद्यालय भवनों के रख-रखाव हेतु प्रतिवर्ष विद्यालय रख-रखाव अनुदान दिया जाता है।
- राज्य सरकार द्वारा राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, नई दिल्ली द्वारा विकसित राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2005 के परिप्रेक्ष्य में कक्षा 1-8 तक का पाठ्यक्रम पुनरीक्षित किया जा चुका है तथा तदनुसार पाठ्य पुस्तकों का पुनरीक्षण पूर्ण कर नवीन पाठ्य पुस्तकें लागू की जा चुकी हैं। कक्षा 1 से ही अंग्रेजी भाषा का प्रशिक्षण प्रारम्भ कर दिया गया है।
- कक्षा 1-8 तक के बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें तथा कक्षा 1-5 तक के बच्चों को भाषा एवं गणित में अभ्यास के अवसर प्रदान करने के लिए निःशुल्क कार्य पुस्तिकाएं उपलब्ध करायी जाती हैं।

- विद्यालयों में पठन-पाठन प्रक्रिया को उन्नत बनाने हेतु शिक्षकों के शिक्षण कौशल में संवर्द्धन के लिए नियमित रूप से शिक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किये जाते हैं।

- वर्ष 2010-2011 में अधिगम अभिवृद्धि कार्यक्रम (लर्निंग एनहैन्समेण्ट प्रोग्राम) के अन्तर्गत उच्च प्राथमिक स्तर पर बच्चों को प्रयोग एवं गतिविधि के द्वारा विज्ञान एवं गणित सीखने तथा प्रोजेक्ट कार्य के द्वारा भूगोल सीखने हेतु कार्यक्रम संचालित किये गये हैं।

- "निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009" के परिप्रेक्ष्य में शैक्षिक गुणवत्ता संवर्द्धन एवं अकादमिक सपोर्ट प्रदान करने के लिए विकास खण्ड संसाधन केन्द्रों का पुनर्गठन किया गया है, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक विकास खण्ड संसाधन केन्द्र पर विषयवार 07 विषय विशेषज्ञ रखे जाने की व्यवस्था की गई है इसके अतिरिक्त ब्लाक संसाधन केन्द्रों में अवस्थापना सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण किया गया है।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रदेश में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों को भरे जाने की मांग

23-श्री अखिलेश प्रताप सिंह-

क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों के कितने पद रिक्त हैं ? रिक्त पदों को कब तक भरे जाने की योजना है ?

श्री राम गोविन्द चौधरी-

प्रा0 वि0 के सहायक अध्यापक के 177819 पद रिक्त हैं तथा प्रा0 वि0 के प्रधानाध्यापक के 25058 पद रिक्त हैं। उच्च प्राथमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक के 35628 तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक के 19292 पद रिक्त हैं।

प्रा0 वि0 सहायक अध्यापक के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु टी0ई0टी0 परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों से भरे जाने की कार्यवाही गतिमान है तथा प्रा0वि0प्र0अ0 व उच्च प्रा0वि0 के सहायक अध्यापक एवं प्र0 अ0 के पद पदोन्नति के हैं यह निरन्तर चलने वाली प्रक्रिया है पदोन्नति की प्रक्रिया गतिमान है।

देश में अन्य प्रान्तों के तुलनात्मक डीजल/पेट्रोल पर वैट का विवरण एवं इस सम्बन्ध में नीति बनाने के सम्बन्ध में जानकारी

24-डा0 राधामोहन दास अग्रवाल-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि देश के अन्य प्रान्तों के तुलनात्मक रूप से उत्तर प्रदेश में डीजल/पेट्रोल पर कितना वैट लगाया गया है ? क्या प्रदेश सरकार इस वैट को कम करने के सन्दर्भ में कोई नीति बनाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव-

वैट अधिनियम के अन्तर्गत प्रदेश में कर की दर डीजल पर 17.23% तथा पेट्रोल पर 26.55% है। डीजल की पंजीकृत व्यापारी की औद्योगिक इकाई को नान-वैट माल से भिन्न करयोग्य माल के निर्माण प्रक्रिया में प्रयोग के लिए कमिश्नर द्वारा निर्धारित फार्म के विरुद्ध बिक्री पर 5% की

दर से कर की देयता है। देश के अन्य प्रान्तों में प्राप्त जानकारी के अनुसार डीजल व पेट्रोल पर कर की दरें निम्नवत् हैं-

राज्य का नाम	डीजल पर कर की दर	पेट्रोल पर कर की दर
1-तमिलनाडु	21.43%	27.00%
2-आन्ध्र प्रदेश	22.25%	33.00%
3-मध्यप्रदेश	23.00%	27.00%
4-पंजाब	नार्मल 8.25% ब्रांडेड 12.5% कर पर सरचार्ज 10%	27.5% कर पर सरचार्ज 10%. सेस ` 1 ली0
5-राजस्थान	18%. सेस ` 0.50 ली0 रिबेट रु0 54 ली0	26%. सेस ` 0.50 ली0
6-आसाम	16.50%	27.50%
7-महाराष्ट्र (ठाणे, मुम्बई, नवी मुम्बई)	24%	26% + ` 1 ली0
8-महाराष्ट्र (अन्य)	21%	25% + ` 1 ली0
9-केरल	22.8260%	26.0782%
10-छत्तीसगढ़	25%	25%
11-उत्तराखण्ड	21% रिबेट ` 0.63 ली0	25% रिबेट ` .78 ली0
12-गुजरात	21% (सेस 3%)	23% (सेस 2%)
13-विहार	18%	24.50%
14-झारखण्ड	18%	20%
15-कर्नाटक	16.75%	25%
16-उड़ीसा	18%	18%
17-पश्चिम बंगाल	17%	25%
18-दिल्ली	12.50% (सेस ` .25 ली0)	20%
19-हरियाणा	8.80% (वैट पर अतिरिक्त कर 5%)	20% (वैट पर अतिरिक्त कर 5%)
20-हिमांचल प्रदेश	9.70%	25%

प्रदेश की वित्तीय आवश्यकता एवं सीमित संसाधनों को ध्यान में रखते हुए युक्तिसंगत रूप से कर की दरें निर्धारित की जाती हैं।

जनपद बहराइच के विधान सभा क्षेत्र पयागपुर के विकास खण्ड विशेश्वरगंज में स्थित अनेकों विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था के निर्देश

25-श्री मुकेश श्रीवास्तव उर्फ ज्ञानेन्द्र प्रताप-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बहराइच, विधान सभा क्षेत्र पयागपुर के विकास खण्ड विशेश्वरगंज में स्थित सिद्धनाथ महादेव संस्कृत माध्यमिक विद्यालय, सेमरौना तथा महाजनान संस्कृत माध्यमिक विद्यालय, भूपगंज बाजार, पयागपुर के जर्जर भवनों व मूलभूत सुविधायें पेयजल, शौचालय, बाउण्ड्रीवाल न होने विषयक प्रश्नकर्ता का पत्रांक संख्या वि0प0/ज0हि0/2012-13/ख-एस0 नं0 005919/292, दिनांक 23-4-12 जिला विद्यालय निरीक्षक, बहराइच को प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उस पर अब तक क्या कार्यवाही की गयी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव-

जी हां।

प्रश्नगत संस्थाओं के प्रबन्धक को मूलभूत सुविधाएं पेयजल, शौचालय, बाउण्ड्रीवाल इत्यादि की व्यवस्था के निर्देश दे दिये गये हैं।

प्रश्न ही नहीं उठता।

जनपद बहराइच में जिला व ब्लाक स्तरीय समितियों का गठन

26-श्री मुकेश श्रीवास्तव उर्फ ज्ञानेन्द्र प्रताप-

क्या बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बहराइच में समेकित विकास सेवा की मानीटरिंग हेतु जिला स्तरीय, ब्लाक स्तरीय, आंगनबाड़ी स्तरीय मानीटरिंग एवं समीक्षा समिति का गठन हुआ है ? यदि नहीं, तो इन समितियों का गठन कब तक कर दिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री राम गोविन्द चौधरी-

जनपद बहराइच में जिला स्तरीय तथा ब्लाक स्तरीय अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समितियों का गठन किया जा चुका है।

आंगनबाड़ी स्तरीय अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति का गठन किया जा रहा है।

उपरोक्तानुसार।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रदेश में खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने हेतु सरकार की नीति का विवरण

27-श्री श्यामदेव राय चौधरी 'दादा'-

क्या खेलकूद मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि राज्य में खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने हेतु सरकार की कोई नीति है ? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कामेश्वर उपाध्याय-

जी हां।

विवरण संलग्न है।†

प्रश्न नहीं उठता।

---

†(देखिये नत्थी 'क' आगे पृष्ठ 127 पर)।

जनपद मऊ के परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों को पेंशन राशिकरण आदि के भुगतान की कार्यवाही

28-श्री अरुण कुमार-

क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मऊ में वित्तीय वर्ष 2011-12 से बेसिक शिक्षा परिषद् के प्राथमिक शिक्षकों को राशिकरण, पेंशन, अवकाश बेची नामा आदि का भुगतान नहीं किया जा रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त भुगतान सुनिश्चित करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री राम गोविन्द चौधरी-

पेंशन राशिकरण आदि के भुगतान की कार्यवाही की जा रही है। अवकाश बेचीनामा परिषदीय अध्यापकों को देय नहीं है।

यथाशीघ्र।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रदेश में बढ़ती हुई मंहगाई को रोकने हेतु पेट्रोलियम पदार्थों के कर को घटाये जाने की मांग

29-श्री सुरेश कुमार खन्ना-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में बढ़ती हुई मंहगाई को रोकने के लिए सरकार पेट्रोलियम पदार्थों जैसे पेट्रोल पर 26.55 प्रतिशत डीजल पर 17.23 प्रतिशत व कुकिंग गैस पर 21 प्रतिशत कर को घटाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव-

वैट अधिनियम के अन्तर्गत प्रदेश में कर की दर डीजल पर 17.23% तथा पेट्रोल पर 26.55% है। डीजल की पंजीकृत व्यापारी की औद्योगिक इकाई को नान-वैट माल से भिन्न कर योग्य माल के निर्माण प्रक्रिया में प्रयोग के लिए कमिश्नर द्वारा निर्धारित फार्म के विरुद्ध बिक्री पर 5% की दर से कर की देयता है। कुकिंग गैस (केन्द्रीय बिक्रीकर अधिनियम, 1956 की धारा 14 में यथा परिभाषित घरेलू उपयोग हेतु लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस) वर्तमान में कर मुक्त है।

प्रदेश की वित्तीय आवश्यकता एवं सीमित संसाधनों को ध्यान में रखते हुए युक्तिसंगत रूप से कर की दरें निर्धारित की गयी हैं।

जनपद बांदा के विकास खण्ड महुआ के ग्राम मोतियारी के पुरवों/मजरों को अम्बेडकर ग्राम के कार्यक्रम अन्तर्गत संतृप्त करने की मांग

30-श्री वीरपाल-

क्या समग्र ग्राम्य विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बांदा के विकास खण्ड महुआ के अन्तर्गत ग्राम मोतियारी किस वित्तीय वर्ष में अम्बेडकर ग्राम की श्रेणी में था ? उक्त ग्राम से सम्बन्धित किन-किन पुरवों/मजरों का कितना-कितना विकास कार्य हुआ है ? क्या शेष बचे पुरवों/मजरों का विकास कार्य कराया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कामेश्वर उपाध्याय-

ग्राम मोतियारी, विकास खण्ड महुआ, जनपद बांदा का वर्ष 2002-03 तथा वर्ष 2008-09 में डा0 अम्बेडकर ग्राम के रूप में चयन किया गया था।

प्रश्नगत ग्राम तथा उसके दोनों मजरों राजापुर एवं रामपुरमुर्दी को तत्कालीन कार्यक्रमों से शत-प्रतिशत संतृप्त कर लिया गया है।

प्रश्न नहीं उठता।

विधान सभा के पूर्व सदस्य सर्वश्री नरेन्द्र देव, विदेशी प्रसाद भारती, राघव राम मिश्रा, पूरनलाल, जगदम्बा प्रसाद सिंह, फजलुलवारी, राजेन्द्र सिंह, अर्जुन सिंह, राम विलास पाण्डेय, राम प्रकाश सिंह, रघुनाथ, हरीश कुमार गंगवार, जगदीश नारायण त्रिपाठी, सत्य प्रकाश सोनकर, मुकन्दी सिंह, राम आसरे वर्मा, अजीजुर्रहमान, त्रिपाल सिंह धामा, देवेन्द्र दत्त शास्त्री, परागी लाल चौधरी, बाबूलाल विद्यार्थी, गोविन्द प्रसाद गैरोला, सुरेश चन्द्र अवस्थी, देव कुमार यादव, विद्या सागर नौटियाल, रामदेव वर्मा, हाफिज मुहम्मद सिद्दीकी, कुंवर देवेन्द्र सिंह, महेश चन्द्र, अब्दुल खालिद, कप्तान सिंह यादव, ओम प्रकाश, प्रभू नारायण सिंह, मंगल सिंह सैनी एवं श्री लाल चन्द्र के निधन पर शोकोद्गार

श्री अध्यक्ष-

उत्तर प्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री नरेन्द्र देव का 21 नवम्बर, 2009 को निधन हो गया। वे लगभग 54 वर्ष के थे। श्री नरेन्द्र देव का जन्म 04 अप्रैल, 1955 को ग्राम सरसों, जिला मिर्जापुर में हुआ था। उन्होंने बी0 काम0 की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री नरेन्द्र देव वर्ष 1985 में निर्वाचन क्षेत्र राजगढ़, जिला मिर्जापुर से कांग्रेस (आई0) के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुये थे। श्री नरेन्द्र देव छात्र आन्दोलन में मिर्जापुर कारागार में बन्दी रहे थे। वे राष्ट्रीय कांग्रेस विकास केन्द्र के युवक समन्वयक रहे थे। ग्राम्य विकास में सहयोग और अध्ययन में उनकी विशेष रुचि थी। श्री नरेन्द्र देव के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री विदेशी प्रसाद भारती का 16 सितम्बर, 2011 को निधन हो गया। वे लगभग 73 वर्ष के थे। श्री विदेशी प्रसाद भारती का जन्म 15 जनवरी, 1938 को ग्राम मटजमुआंव, जिला देवरिया में हुआ था। उन्होंने एम0ए0 एवं एम0काम0 की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री विदेशी प्रसाद भारती वर्ष 1985 में निर्वाचन क्षेत्र हाटा (अ0जा0), जिला देवरिया से कांग्रेस (आई0) के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। श्री विदेशी प्रसाद भारती, श्रीमती इन्दिरा गांधी की गिरफ्तारी के दौरान जिला कारागार, देवरिया में 8 दिन तक बन्दी रहे थे। ज्ञानोदय कृषक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, भटनी, देवरिया की प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष तथा जिला परिगणित जाति संघ के अध्यक्ष रहे थे। सामाजिक कार्यों में उनकी विशेष रुचि थी। श्री विदेशी प्रसाद भारती के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री राघवराम मिश्र का 6 अक्टूबर, 2011 को निधन हो गया। वे लगभग 78 वर्ष के थे। श्री राघवराम मिश्र का जन्म 20 दिसम्बर, 1933 को ग्राम रानीपुर, जनपद सन्त कबीर नगर में हुआ था। उन्होंने एम0ए0 की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री राघवराम मिश्र वर्ष 1977 में निर्वाचन क्षेत्र हैदराबाद, जिला खीरी से जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। वे वर्तमान में उत्तर प्रदेश विधान परिषद् के सदस्य थे। श्री राघवराम मिश्र

जे0सी0टी0 ट्रेनिंग कालेज, रूड़की में प्रधानाचार्य रहे थे। वे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, रूड़की तथा हरिद्वार के प्रचारक, जनसंघ के कानपुर तथा लखनऊ के संगठन मंत्री तथा भारतीय जनता पार्टी विधान मण्डल दल के प्रभारी रहे थे। वे वर्ष 1997 से 1998 में उत्तर प्रदेश विधान परिषद् की संसदीय एवं सामाजिक सद्भाव समिति तथा वर्ष 2004 से 2005 में उत्तर प्रदेश विधान परिषद् की विधायी समाधिकार समिति के सभापति रहे थे। पठन-पाठन में उनकी विशेष रुचि थी तथा उद्योग, शिक्षा एवं सहकारिता आदि कार्यों से भी उनका लगाव था। श्री राघवराम मिश्र के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री पूरन लाल का 15 अक्टूबर, 2011 को निधन हो गया। वे लगभग 86 वर्ष के थे। श्री पूरन लाल का जन्म 6 मार्च, 1925 को हुआ था। उन्होंने इण्टरमीडिएट की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री पूरन लाल वर्ष 1962 में निर्वाचन क्षेत्र सिरोमन नगर, जिला हरदोई से तथा वर्ष 1974 में निर्वाचन क्षेत्र बावन, जिला हरदोई से जनसंघ के टिकट पर एवं वर्ष 1977 में निर्वाचन क्षेत्र बावन (अ0जा0), जिला हरदोई से कांग्रेस के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुये थे। श्री पूरन लाल एक कुशल राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता थे। वे अपने क्षेत्र के उत्थान के लिए सदैव प्रयत्नशील रहते थे। पठन-पाठन में उनकी विशेष रुचि थी। श्री पूरन लाल के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री जगदम्बा प्रसाद सिंह का 21 अक्टूबर, 2011 को निधन हो गया। वे लगभग 82 वर्ष के थे। श्री जगदम्बा प्रसाद सिंह का जन्म 01 नवम्बर, 1929 को ग्राम मरवटिया, जिला बस्ती में हुआ था। उन्होंने एम0काम0 एवं एल0एल0बी0 की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री जगदम्बा प्रसाद सिंह वर्ष 1977 में निर्वाचन क्षेत्र बस्ती सदर, जिला बस्ती से जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। श्री जगदम्बा प्रसाद सिंह ने वर्ष 1951 में वकालत शुरू की थी। वे शिशु विद्यालय, बस्ती के ट्रेजरार, टाउन क्लब, बस्ती के सेक्रेटरी तथा किसान डिग्री कालेज के आजीवन सदस्य थे। वे संघ के नगर संचालक भी रह चुके थे। पठन-पाठन, व्यायाम, खेल-कूद तथा सामाजिक कार्यों में उनकी विशेष रुचि थी। श्री जगदम्बा प्रसाद सिंह के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री फजलुल बारी का 27 अक्टूबर, 2011 को निधन हो गया। वे लगभग 73 वर्ष के थे। श्री फजलुल बारी का जन्म 28 जुलाई, 1938 को ग्राम कोहड़ा, जिला आजमगढ़ में हुआ था। उन्होंने एम0एम0 एवं बी0एड0 की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री फजलुल बारी वर्ष 1977 में निर्वाचन क्षेत्र गोण्डा, जिला गोण्डा से जनता पार्टी के टिकट पर तथा वर्ष 1985 में निर्वाचन क्षेत्र उतरौला, जिला गोण्डा से निर्दलीय सदस्य के रूप में विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। श्री फजलुल बारी एक कुशल राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता थे। उन्होंने भूगोल विषय की एक पाठ्य पुस्तक लिखी थी। शिक्षा एवं कृषि संबंधी कार्यों में उनकी विशेष रुचि थी। श्री फजलुल बारी के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री राजेन्द्र सिंह का 02 नवम्बर, 2011 को निधन हो गया। वे लगभग 78 वर्ष के थे। श्री राजेन्द्र सिंह का जन्म 04 जनवरी, 1933 को ग्राम मंझना, जिला फर्रुखाबाद में हुआ था, उन्होंने इण्टरमीडिएट की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री राजेन्द्र सिंह वर्ष 1985 में निर्वाचन क्षेत्र कायमगंज, जिला फर्रुखाबाद से निर्दलीय सदस्य के रूप में विधान सभा

सदस्य निर्वाचित हुए थे। श्री राजेन्द्र सिंह डी0ए0वी0 हायर सेकेण्डरी स्कूल, रजवामई के तथा सूर्य कुमारी इण्टर कालेज, मंझना के प्रबन्धक रहे थे। वे वर्ष 1977 से 1978 तक जिला परिषद् के मनोनीत सदस्य तथा वर्ष 1963 से 1967 तक बटालियन सेकेण्ड एण्ड कमाण्डेण्ट होमगार्ड रहे थे। कृषि एवं शिक्षा में उनकी विशेष रुचि थी तथा बागवानी उन्हें प्रिय थी। श्री राजेन्द्र सिंह के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री अर्जुन सिंह का 03 नवम्बर, 2011 को निधन हो गया। वे लगभग 73 वर्ष के थे। श्री अर्जुन सिंह का जन्म 12 दिसम्बर, 1938 को ग्राम सिन्धन कला, जिला बांदा में हुआ था, उन्होंने इण्टरमीडिएट की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री अर्जुन सिंह वर्ष 1985 में निर्वाचन क्षेत्र तिन्दवारी, जिला बांदा से कांग्रेस (आई) के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। श्री अर्जुन सिंह वर्ष 1969 से 1973 तक ब्लाक युवक कांग्रेस (आई) के अध्यक्ष रहे थे। वे जिला कांग्रेस कमेटी, साधन सहकारी समिति, सिन्धन कला, बांदा, जसपुरा इण्टर कालेज, बांदा तथा अतर्रा डिग्री कालेज, बांदा के सदस्य रहे थे। वे जसपुरा ब्लाक, बांदा के ब्लाक प्रमुख भी रहे थे। कृषि विकास, प्रौढ़ शिक्षा, गरीबों की सेवा तथा स्वाध्याय में उनकी विशेष रुचि थी। श्री अर्जुन सिंह के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री राम विलास पाण्डेय का 08/09 नवम्बर, 2011 की रात्रि में निधन हो गया। वे लगभग 87 वर्ष के थे। श्री राम विलास पाण्डेय का जन्म वर्ष 1924 में ग्राम इटौरा बुजुर्ग, जिला आजमगढ़ में हुआ था, उन्होंने विशारद की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री राम विलास पाण्डेय वर्ष 1969 में निर्वाचन क्षेत्र घोसी, तत्कालीन जिला आजमगढ़ से कांग्रेस के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। वे उत्तर प्रदेश विधान परिषद् के सदस्य भी रह चुके थे। श्री राम विलास पाण्डेय जिला सहकारी बैंक, सहकारी संघ, उत्तर प्रदेश तथा जिला परिषद् के सदस्य एवं मंत्री के रूप में कार्य कर चुके थे। वे श्री चन्द्रभानु गुप्त मंत्रिमण्डल में उप मंत्री भी रह चुके थे। वे विभिन्न कालेजों एवं विद्यालयों में प्रबन्धक एवं अध्यक्ष रहे थे। स्वाध्याय में उनकी विशेष रुचि थी। श्री राम विलास पाण्डेय के निधन से प्रदेश एक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री राम प्रकाश सिंह का 17 नवम्बर, 2011 को निधन हो गया। वे लगभग 61 वर्ष के थे। श्री राम प्रकाश सिंह का जन्म 07 जुलाई, 1950 को ग्राम हदरुख, जिला जालौन में हुआ था, उन्होंने स्नातक तथा एल0एल0बी0 की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री राम प्रकाश सिंह वर्ष 1985 में निर्वाचन क्षेत्र माधौगढ़, जिला जालौन से कांग्रेस (आई) के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। श्री राम प्रकाश सिंह धारा 144 तथा 188 के अन्तर्गत 1980 में लखनऊ कारागार में बन्दी रहे थे। वे जिला युवक कांग्रेस (आई), जालौन की कार्यकारिणी के सदस्य, महामंत्री तथा अध्यक्ष रहे थे। वे ब्लाक युवक कांग्रेस (आई), जालौन की कार्यकारिणी के सदस्य, जिला खाद्य सलाहकार समिति के सदस्य तथा बीस सूत्री कमेटी के सदस्य भी रहे थे। कृषि विकास, प्रौढ़ शिक्षा, बाल विकास एवं गरीबों की मदद करने में उनकी विशेष रुचि थी। श्री राम प्रकाश सिंह के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री रघुनाथ का 24 नवम्बर, 2011 को निधन हो गया। वे लगभग 79 वर्ष के थे। श्री रघुनाथ का जन्म 1 जुलाई, 1932 को ग्राम मुस्तफाबाद, जिला बलिया में हुआ था। उन्होंने हाई स्कूल की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री रघुनाथ वर्ष 1974 में निर्वाचन क्षेत्र

रसड़ा (अ0जा0), जिला बलिया से कम्युनिस्ट पार्टी के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। श्री रघुनाथ ने खेतिहर मजदूरों के आन्दोलनों में सदैव सक्रिय रूप से भाग लिया था जिसके फलस्वरूप वे कई बार जेल गये थे। लखीमपुर खीरी में गरीबों को भूमि का कब्जा दिलाने के संबंध में भी वे जेल गये थे। अध्ययन में उनकी विशेष रुचि थी। श्री रघुनाथ के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री हरीश कुमार गंगवार का 26 नवम्बर, 2011 को निधन हो गया। वे लगभग 81 वर्ष के थे। श्री हरीश कुमार गंगवार का जन्म 25 जनवरी, 1930 को ग्राम टियूलिया, जिला बरेली में हुआ था। उन्होंने एम0ए0, बी0टी0, एल0एल0बी0 तथा प्रथमा एवं साहित्य रत्न की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री हरीश कुमार गंगवार वर्ष 1962, 1967 तथा 1974 में निर्वाचन क्षेत्र भोजीपुरा, जिला बरेली से जनसंघ के टिकट पर वर्ष 1989 में निर्वाचन क्षेत्र बीसलपुर, जिला पीलीभीत से जनता दल तथा वर्ष 1993 में निर्वाचन क्षेत्र भोजीपुरा, जिला बरेली से समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। वे लोक सभा के सदस्य भी रहे थे। श्री हरीश कुमार गंगवार विभिन्न आन्दोलनों के दौरान वर्ष 1948 तथा 1975-76 में जिला जेल और केन्द्रीय कारागार, बरेली में बन्दी रहे थे। वे श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रिमण्डल में मंत्री रहे थे। वे बरेली सहकारी गन्ना समिति लिमिटेड के डायरेक्टर, उत्तर प्रदेश भूमि विकास बैंक, बरेली के अध्यक्ष, पटेल इण्टर कालेज, धौरा तथा श्री विवेकानन्द जूनियर हाई स्कूल, बरेली के प्रबन्धक रहे थे। शोषित-पीड़ितों की सेवा तथा शिक्षा का प्रचार-प्रसार करने में उनकी विशेष रुचि थी। श्री हरीश कुमार गंगवार के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री जगदीश नारायण त्रिपाठी का 17 दिसम्बर, 2011 को निधन हो गया। वे लगभग 84 वर्ष के थे। श्री जगदीश नारायण त्रिपाठी का जन्म 6 जुलाई, 1927 को ग्राम बेवर, जिला मैनपुरी में हुआ था। उन्होंने बी0ए0, बी0टी0 की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री जगदीश नारायण त्रिपाठी वर्ष 1967 तथा 1974 में निर्वाचन क्षेत्र भोगांव, जिला मैनपुरी से कम्युनिस्ट पार्टी के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। श्री जगदीश नारायण त्रिपाठी ने वर्ष 1942 में स्वतंत्रता आन्दोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया था। राष्ट्रीय आन्दोलनों में भाग लेने के फलस्वरूप वे कई बार जेल गये। वे विभिन्न ट्रेड यूनियनों, सामाजिक संस्थानों और किसान संगठनों से सम्बद्ध थे। उन्होंने कविता, नाटक, गीत आदि की कई रचनायें लिखीं। श्री जगदीश नारायण त्रिपाठी के निधन से प्रदेश ने एक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री सत्य प्रकाश सोनकर का 17/18 दिसम्बर, 2011 को निधन हो गया। वे लगभग 55 वर्ष के थे। श्री सत्य प्रकाश सोनकर का जन्म 14 जनवरी, 1956 को हुआ था। उन्होंने एम0 टेक0 की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री सत्य प्रकाश सोनकर वर्ष 1989 में निर्वाचन क्षेत्र चकिया (अ0जा0), जिला वाराणसी से जनता दल के टिकट पर तथा वर्ष 1996 में इसी निर्वाचन क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। श्री सत्य प्रकाश सोनकर जनता युवा दल के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके थे। वे अपने क्षेत्र के विकास के लिए सदैव प्रयत्नशील रहते थे। समाजसेवा में उनकी रुचि थी। श्री सत्य प्रकाश सोनकर के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री मुकुन्दी सिंह का 27 दिसम्बर, 2011 को निधन हो गया। वे लगभग 85 वर्ष के थे। श्री मुकुन्दी सिंह का जन्म जुलाई, 1926 में हुआ था।

श्री मुकुन्दी सिंह वर्ष 1977 में निर्वाचन क्षेत्र नजीबाबाद (अ0जा0), जिला बिजनौर से जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। श्री मुकुन्दी सिंह ने कई वर्षों तक श्रमिक संघों में महामंत्री के पद पर कार्य किया था। वे आपातकाल में जेल गये थे। श्री मुकुन्दी सिंह रविदास सभा, बिजनौर के महामंत्री, भारतीय क्रान्ति दल, बिजनौर के मंत्री तथा सोशलिस्ट पार्टी की प्रान्तीय व राष्ट्रीय समिति के सदस्य भी रहे थे। श्री मुकुन्दी सिंह के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व उपाध्यक्ष श्री राम आसरे वर्मा का 2 जनवरी, 2012 को निधन हो गया। वे लगभग 72 वर्ष के थे। श्री राम आसरे वर्मा का जन्म 10 जुलाई, 1940 को ग्राम सदरपुर, जिला हरदोई में हुआ था। उन्होंने बी0ए0 एवं एल0एल0बी0 की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री राम आसरे वर्मा निर्वाचन क्षेत्र मल्लावां, जिला हरदोई से वर्ष 1977, 1980 तथा 1985 में निर्दलीय एवं वर्ष 1991 तथा 1993 में जनता दल के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। श्री राम आसरे वर्मा विभिन्न राजनीतिक आन्दोलनों के दौरान तथा आपातकाल में कई बार जेल गये थे। वे वर्ष 1957 में छात्र नेता के रूप में सक्रिय रहे। वे अखिल भारतीय क्रांतिकारी युवा मोर्चा के संस्थापक और राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों के अनेक संगठनों के संरक्षक, हरदोई एवं लखनऊ जिले की दर्जनों शिक्षण संस्थाओं के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष रहे थे। श्री वर्मा 28 फरवरी, 1992 से 6 दिसम्बर, 1992 तक उत्तर प्रदेश विधान सभा के उपाध्यक्ष पद पर आसीन रहे थे। वे जनता दल, समता पार्टी तथा राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष तथा राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव भी रहे थे। उन्होंने अनेक पत्र-पत्रिकाओं का सम्पादन किया तथा कई पुस्तकों का अनुवाद भी किया था। समाज सेवा में उनकी विशेष रुचि थी। श्री राम आसरे वर्मा के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री अजीजुर्रहमान का 7 जनवरी, 2012 को निधन हो गया। वे लगभग 90 वर्ष के थे। श्री अजीजुर्रहमान का जन्म वर्ष 1922 में हुआ था। उन्होंने एम0ए0, एल0एल0बी0 की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री अजीजुर्रहमान सर्वप्रथम 1972 के उप चुनाव में निर्वाचन क्षेत्र नगीना, जिला बिजनौर से कांग्रेस के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुये थे। तत्पश्चात् वे वर्ष 1974 में निर्वाचन क्षेत्र बिजनौर, जिला बिजनौर से कांग्रेस के टिकट पर तथा वर्ष 1980 एवं 1985 में इसी निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस (आई0) के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुये थे। श्री अजीजुर्रहमान वर्ष 1973-1974 में श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा मंत्रि-मण्डल तथा वर्ष 1976-1977 एवं 1984-1985 में श्री नारायण दत्त तिवारी मंत्रिमण्डल के सदस्य रहे थे। उन्हें वर्ष 1988 में भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय एकता आयोग का अध्यक्ष मनोनीत किया गया था। समाज सेवा में उनकी रुचि थी। श्री अजीजुर्रहमान के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री त्रिपाल सिंह धामा का 8 जनवरी, 2012 को निधन हो गया। वे लगभग 56 वर्ष के थे। श्री त्रिपाल सिंह धामा का जन्म 15 मई, 1956 को ग्राम बिनौली, तत्कालीन जिला मेरठ में हुआ था। उन्होंने हाई स्कूल की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री त्रिपाल सिंह धामा वर्ष 1993 में निर्वाचन क्षेत्र बरनावा तत्कालीन जिला मेरठ से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुये थे। श्री त्रिपाल सिंह धामा किसान सेवा सहकारी समिति, बिनौली के

तीन वर्ष सभापति रहे थे। सामाजिक सेवा में उनकी विशेष रुचि थी। श्री त्रिपाल सिंह धामा के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री देवेन्द्र दत्त शास्त्री का 9 जनवरी, 2012 को निधन हो गया। वे लगभग 90 वर्ष के थे। श्री देवेन्द्र दत्त शास्त्री का जन्म 22 मई, 1922 को ग्राम चुरेणा, जिला टिहरी गढ़वाल में हुआ था। उन्होंने लाहौर में उच्च शिक्षा ग्रहण की थी। श्री देवेन्द्र दत्त शास्त्री वर्ष 1977 में निर्वाचन क्षेत्र देहरादून, जिला देहरादून से जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। वे उत्तर प्रदेश विधान परिषद् के सदस्य भी रहे थे। श्री देवेन्द्र दत्त शास्त्री बचपन से ही समाजसेवी कार्यों में संलग्न रहे तथा उन्होंने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यकर्ता के रूप में विभिन्न सामाजिक दायित्वों का निर्वहन किया। स्वतंत्रता आन्दोलन में भाग लेने के फलस्वरूप वे जेल भी गये थे। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में अनेक संगठनात्मक पदों पर कार्य किया। वे भारतीय जनसंघ की जिला व क्षेत्र समिति के मंत्री तथा प्रान्तीय कार्यकारिणी के सदस्य रहे थे। लेखन, ग्राम विकास तथा शिक्षा में उनकी रुचि थी। श्री देवेन्द्र दत्त शास्त्री के निधन से प्रदेश ने एक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री परागी लाल चौधरी का 17 जनवरी, 2012 को निधन हो गया। वे लगभग 82 वर्ष के थे। श्री परागी लाल चौधरी का जन्म 15 जनवरी, 1930 को ग्राम बेलन्दापुर, जिला सीतापुर में हुआ था। उन्होंने हाई स्कूल की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री परागी लाल चौधरी वर्ष 1980 में निर्वाचन क्षेत्र हरगांव (अ0जा0), जिला सीतापुर तथा वर्ष 1985 में निर्वाचन क्षेत्र हरगांव जिला सीतापुर से कांग्रेस (आई) के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। वे ग्यारहवीं लोक सभा के सदस्य भी रहे थे। श्री परागी लाल चौधरी वर्ष 1979 में पांच दिन के लिये सीतापुर कारागार में राजनीतिक बन्दी रहे थे। वे 25 वर्षों तक ग्राम प्रधान रहे थे। श्री परागी लाल चौधरी जिला परिषद् सीतापुर के डिप्टी चेयरमैन तथा कार्यकारी चेयरमैन, जिला कांग्रेस कमेटी, सीतापुर के सदस्य, जिला कांग्रेस कमेटी, उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा प्रान्तीय कांग्रेस कमेटी, उत्तर प्रदेश के सदस्य रह चुके थे। वे अनेक शिक्षा संस्थाओं की प्रबन्ध समिति के सदस्य एवं प्रबन्धक पदों पर आसीन रहे थे। सामाजिक कार्यों एवं जनसेवा में उनकी विशेष रुचि थी। श्री परागी लाल चौधरी के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री बाबू लाल विद्यार्थी का 17 जनवरी, 2012 को निधन हो गया। वे लगभग 75 वर्ष के थे। श्री बाबू लाल विद्यार्थी का जन्म 2 अप्रैल, 1937 को मुहल्ला हुमायूँपुर दक्षिणी, जिला गोरखपुर में हुआ था। श्री बाबू लाल विद्यार्थी वर्ष 1977 के निर्वाचन में निर्वाचन क्षेत्र-बासगाँव (अ0जा0), जिला गोरखपुर से जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुये। श्री बाबू लाल विद्यार्थी ने विद्यार्थी जीवन से ही जनसेवा के कार्य में सक्रिय रूप से भाग लिया। वे कई बार छात्र नेता भी चुने गये। वे सन् 1958 के गोरखपुर नगरपालिका के चुनाव में गोरखनाथ वार्ड से स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में म्यूनिसिपल कमिश्नर चुने गये। उन्होंने 6 वर्षों तक नगरपालिका में रहकर नगर के हित के लिए अनेक कार्य किये। वे बहुत ही कम उम्र में नगरपालिका के सदस्य निर्वाचित हुए थे, जिसकी सराहना तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व0 पंडित नेहरू ने भी की थीं। वे अपने जिले की रविदास जयन्ती एवं अम्बेडकर जयन्ती समिति के संयोजक एवं संगठन मंत्री भी थे उनका सम्पूर्ण जीवन दलितों एवं गरीबों के उत्थान के लिए समर्पित था। संगीत में उनकी विशेष रुचि थी, जिस कारण उन्होंने एक वर्ष तक संगीत अध्यापक के पद पर भी कार्य किया। श्री बाबू लाल विद्यार्थी के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री गोविन्द प्रसाद गैरोला का 28 जनवरी, 2012 को निधन हो गया। वे लगभग 84 वर्ष के थे। श्री गोविन्द प्रसाद गैरोला का जन्म 20 जुलाई, 1928 को ग्राम सिंगोली पट्टी, जिला टिहरी गढ़वाल में हुआ था। उन्होंने बी0ए0 की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री गोविन्द प्रसाद गैरोला वर्ष 1974 में निर्वाचन क्षेत्र देव प्रयाग, जिला टिहरी गढ़वाल से कांग्रेस के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। श्री गोविन्द प्रसाद गैरोला जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष थे। उन्होंने पशुबलि बन्द आन्दोलन, शराबबन्दी आन्दोलन आदि सामाजिक कार्यों में दृढ़ता से कार्य किया था। वे कई विद्यालयों के प्रबन्धक भी थे। उन्होंने दो पुस्तकें लिखीं थीं तथा दो पत्रिकाओं का सम्पादन भी किया था। लिखने, पढ़ने एवं भ्रमण में उनकी विशेष रुचि थी। श्री गोविन्द प्रसाद गैरोला के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री सुरेन्द्र नाथ अवस्थी का 3 फरवरी, 2012 को निधन हो गया। वे लगभग 56 वर्ष के थे। श्री सुरेन्द्र नाथ अवस्थी का जन्म 12 अक्टूबर, 1956 को लखनऊ में हुआ था। उन्होंने एम0ए0 एवं एल0एल0बी0 की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री सुरेन्द्र नाथ अवस्थी वर्ष 1985 में कांग्रेस (आई) तथा वर्ष 1991 एवं 1996 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के टिकट पर निर्वाचन क्षेत्र हैदरगढ़, जिला बाराबंकी से विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुये थे। वे उत्तर प्रदेश विधान परिषद् के सदस्य भी रहे थे। श्री सुरेन्द्र नाथ अवस्थी लखनऊ विश्वविद्यालय छात्र आन्दोलन तथा कांग्रेस के गन्ना किसान आन्दोलन में जिला कारागार, लखनऊ में बन्दी रहे थे। वे वर्ष 1977 से 1983 तक उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय छात्र संगठन की प्रान्तीय कार्यकारिणी के सदस्य तथा वर्ष 1983 से 1985 तक उत्तर प्रदेश युवक कांग्रेस (आई) के प्रान्तीय कोषाध्यक्ष रहे थे। श्री सुरेन्द्र नाथ अवस्थी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रदेश महासचिव तथा भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश की कार्यकारिणी के सदस्य भी रह चुके थे। कृषि अध्ययन एवं समाज के विकास सम्बन्धी कार्यों मे उनकी विशेष रुचि थी। श्री सुरेन्द्र नाथ अवस्थी के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री देव कुमार यादव का 5 फरवरी, 2012 को निधन हो गया। वे लगभग 78 वर्ष के थे। श्री देव कुमार यादव का जन्म 1 अक्टूबर, 1934 को ग्राम जाखी, जिला बांदा में हुआ था। उन्होंने बी0ए0, एल0एल0बी0 की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री देव कुमार यादव वर्ष 1974 तथा 1977 में कम्युनिस्ट पार्टी, 1985 में अखिल भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी तथा 1989 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के टिकट पर निर्वाचन क्षेत्र बबेरू, जिला बांदा से विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुये थे। श्री देव कुमार यादव ने विभिन्न राजनैतिक आन्दोलनों में भाग लिया था तथा जिला कारागार, बांदा एवं केन्द्रीय कारागार, उन्नाव में बन्दी रहे थे। वे विधान सभा की कई समितियों के सदस्य भी थे। वे पंडित जवाहर लाल नेहरू डिग्री कालेज, बांदा की कार्यकारिणी के सदस्य तथा किसान पूर्व माध्यमिक विद्यालय, पतवन के अध्यक्ष रहे थे। उन्होंने 'माटी के गीत' नामक काव्य रचना प्रकाशित की थी। पत्रकारिता, लेखन, कानून, दर्शन एवं साहित्य के अध्ययन में उनकी विशेष रुचि थी। श्री देव कुमार यादव के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री विद्या सागर नौटियाल का 12 फरवरी, 2012 को निधन हो गया। वे लगभग 79 वर्ष के थे। श्री विद्या सागर नौटियाल का जन्म 29 सितम्बर, 1933 को हुआ था। उन्होंने एम0ए0 एवं एल0एल0बी0 की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री विद्या सागर नौटियाल वर्ष 1980 में निर्वाचन क्षेत्र देव प्रयाग, जिला टिहरी गढ़वाल से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुये थे। श्री विद्या सागर नौटियाल डी0आई0आर0 के अन्तर्गत नजरबन्द रहे थे। वे एक प्रसिद्ध कथाकार थे तथा जीवन भर किसान और ग्रामीण जीवन से जुड़ी समस्याओं,

आकांक्षाओं व संघर्षों को अपने साहित्य के माध्यम से मुखरित करते रहे। लेखन तथा पर्वतारोहण में उनकी विशेष रुचि थी। श्री विद्या सागर नौटियाल के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री रामदेव वर्मा का 7 मार्च, 2012 को निधन हो गया। वे लगभग 63 वर्ष के थे। श्री रामदेव वर्मा का जन्म 20 अगस्त, 1951 को हुआ था। उन्होंने बी0एस0सी0, बी0एड0 एवं एल0एल0बी0 की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री रामदेव वर्मा 1993 के चुनाव में निर्वाचन क्षेत्र कटेहरी, जिला फैजाबाद से बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुये थे। श्री रामदेव वर्मा अखिल भारतीय कुर्मी मन्दिर एवं धर्मशाला रायगंज अयोध्या, फैजाबाद के मंत्री तथा कुर्मी महासभा और झिनका पटेल बालिका विद्यालय भरथुआ, फैजाबाद के सचिव थे। समाज सेवा में उनकी विशेष रुचि थी। श्री रामदेव वर्मा के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री हाफिज मुहम्मद सिद्दीकी का 13 मार्च, 2012 को निधन हो गया। वे लगभग 74 वर्ष के थे। श्री हाफिज मुहम्मद सिद्दीकी का जन्म 5 अक्टूबर, 1938 को लालबाग, मुरादाबाद में हुआ था। उन्होंने हाई स्कूल की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री हाफिज मुहम्मद सिद्दीकी वर्ष 1980 में निर्वाचन क्षेत्र मुरादाबाद, जिला मुरादाबाद से कांग्रेस (आई0) के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुये थे। वे लोकसभा सदस्य भी रहे थे। श्री हाफिज मुहम्मद सिद्दीकी, श्री श्रीपति मिश्र मंत्रिमण्डल तथा श्री नारायण दत्त तिवारी मंत्रिमण्डल में राज्य मंत्री रहे थे। वे मुरादाबाद के विभिन्न शैक्षिक संस्थाओं के संरक्षक रहे थे। सामाजिक और राजनैतिक कार्यों में उनकी विशेष रुचि थी। श्री हाफिज मुहम्मद सिद्दीकी के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य कुँवर देवेन्द्र सिंह का 16 मार्च, 2012 को निधन हो गया। वे लगभग 77 वर्ष के थे। कुँवर देवेन्द्र सिंह का जन्म 30 अप्रैल, 1935 को साहनपुर, जिला बिजनौर में हुआ था। उन्होंने बी0ए0 (आनर्स) व डिप्लोमा इन बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की शिक्षा ग्रहण की थी। कुँवर देवेन्द्र सिंह वर्ष 1967 में निर्वाचन क्षेत्र नजीबाबाद (बिजनौर) से निर्दलीय सदस्य के रूप में, वर्ष 1969 में निर्वाचन क्षेत्र नजीबाबाद (बिजनौर) से भारतीय क्रांति दल के टिकट पर एवं वर्ष 1985 में निर्वाचन क्षेत्र चाँदपुर जिला बिजनौर से कांग्रेस (आई0) के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुये थे। कुँवर देवेन्द्र सिंह विधान सभा की अनेक समितियों के सदस्य रहे थे। वे श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा मंत्रिमण्डल में उपमंत्री थे। विश्व शान्ति के लिये उन्होंने थाईलैण्ड, हांगकांग, जापान और फिलीपीन्स की यात्रायें भी की थीं। वे राजा चरत सिंह हायर सेकेण्डरी स्कूल, सहारनपुर (बिजनौर) तथा राजा भरत सिंह इण्टर कालेज, नांगल से सम्बद्ध रहे थे एवं बाल्मीकि कल्याण सभा के उप संरक्षक रहे थे। कुँवर देवेन्द्र सिंह के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री महेश चन्द्र का 19 अप्रैल, 2012 को निधन हो गया। वे लगभग 57 वर्ष के थे। श्री महेश चन्द्र का जन्म 15 अप्रैल, 1955 को हुआ था। श्री महेश चन्द्र वर्ष 2009 के उप निर्वाचन में निर्वाचन क्षेत्र बिधूना, जिला औरैया से बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुये थे। श्री महेश चन्द्र अपने क्षेत्र के विकास के लिये सदैव प्रयत्नशील रहते थे। वे वर्ष 2009-2010 में विधान सभा की लोक लेखा समिति के सदस्य रहे थे।

समाज सेवा में उनकी रुचि थी। श्री महेश चन्द्र के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री अब्दुल खालिक का 22 अप्रैल, 2012 को निधन हो गया। वे लगभग 61 वर्ष के थे। श्री अब्दुल खालिक का जन्म 1 जनवरी, 1951 को अलीगढ़ में हुआ था। उन्होंने मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री अब्दुल खालिक वर्ष 1996 में निर्वाचन क्षेत्र अलीगढ़, जिला अलीगढ़ से समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुये थे। श्री अब्दुल खालिक राजनीतिक आन्दोलन में भाग लेने के फलस्वरूप जिला कारागार, अलीगढ़ में बन्दी रहे थे। वे सैफी जूनियर हाई स्कूल के प्रबन्धक, दरगाह शाहजमाल के प्रशासक तथा जिला वक्फ सब कमेटी के सचिव रहे थे। जनता के मौलिक अधिकारों की रक्षा करने में उनकी विशेष रुचि थी तथा टेलीविजन देखना और समाचार पत्र पढ़ना उन्हें प्रिय था। श्री अब्दुल खालिक के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री कप्तान सिंह यादव का 24 अप्रैल, 2012 को निधन हो गया। वे लगभग 81 वर्ष के थे। श्री कप्तान सिंह यादव का जन्म 10 अक्टूबर, 1931 को ग्राम निजामपुर, तत्कालीन जिला फर्रुखाबाद में हुआ था। उन्होंने एम0ए0 एवं एल0एल0बी0 की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री कप्तान सिंह यादव वर्ष 1989 में जनता दल तथा वर्ष 1991 में जनता पार्टी के टिकट पर निर्वाचन क्षेत्र छिबरामऊ, तत्कालीन जिला फर्रुखाबाद से विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुये थे। श्री कप्तान सिंह यादव वर्ष 1989 में कैम्प कारागार, छिबरामऊ में धारा 144 तथा 188 के अन्तर्गत बन्दी रहे थे। वे वर्ष 1971 से 1988 तक ब्लाक तालग्राम में ब्लाक प्रमुख रहे थे। वे जिला फर्रुखाबाद के जिला पंचायत अध्यक्ष तथा समाजवादी पार्टी कन्नौज के जिलाध्यक्ष पद पर भी रहे थे। राजनीति, समाचार-पत्र पढ़ना एवं कृषि कार्य में उनकी विशेष रुचि थी। श्री कप्तान सिंह यादव के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री ओम प्रकाश का 28/29 अप्रैल, 2012 की रात्रि में निधन हो गया। वे लगभग 67 वर्ष के थे। श्री ओम प्रकाश का जन्म 17 अक्टूबर, 1945 को नैमिषारण्य, जिला सीतापुर में हुआ था। उन्होंने हाई स्कूल की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री ओम प्रकाश निर्वाचन क्षेत्र मिश्रिख, जिला सीतापुर से वर्ष 1989 में निर्दलीय सदस्य के रूप में तथा वर्ष 1993, 1996 एवं 2002 में समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुये थे। श्री ओम प्रकाश ने राजनीतिक आन्दोलनों में अनेक बार भाग लिया था जिसके फलस्वरूप वे केन्द्रीय कारागार, नैनी, इलाहाबाद, जिला कारागार, सीतापुर, लखनऊ तथा वाराणसी में बन्दी रहे थे। वे नगरपालिका परिषद् मिश्रिख तथा सीतापुर नगरपालिका परिषद् के चेयरमैन, उद्योग व्यापार मण्डल के अध्यक्ष रहे थे। वे कृषक सेवा सहकारी समिति, नैमिषारण्य, केन्द्रीय उपभोक्ता सहकारी समिति, भरत मिलाप राज्याभिषेक उत्सव कमेटी सीतापुर, आर0एम0पी0 डिग्री कालेज एवं इण्टर कालेज, सीतापुर सहित अनेक धार्मिक संगठनों और संस्थाओं के अध्यक्ष एवं सदस्य रहे थे। धार्मिक कार्य, समाज सेवा एवं कृषि में उनकी विशेष रुचि थी। श्री ओम प्रकाश के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री प्रभु नारायण सिंह का 9 मई, 2012 को निधन हो गया। वे लगभग 93 वर्ष के थे। श्री प्रभु नारायण सिंह का जन्म 11 नवम्बर, 1919 को काशीपुरा, जिला वाराणसी में हुआ था। उन्होंने बी0ए0, एल0एल0बी0 की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री प्रभु

नारायण सिंह वर्ष 1974 में निर्वाचन क्षेत्र सैदपुर, जिला वाराणसी से कांग्रेस पार्टी के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुये थे। श्री प्रभु नारायण सिंह वर्ष 1942 में स्वतंत्रता आन्दोलन में जेल गये। वे सन् 1948 से 1953 तक विधान परिषद् में संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के सदस्य रहे। वे सन् 1964 में पुनः उत्तर प्रदेश विधान परिषद् में संसोपा के सदस्य निर्वाचित हुये। वे दूसरी व तीसरी लोक सभा के सदस्य भी रहे थे। वे श्री चौधरी चरण सिंह मंत्रि-मण्डल, श्री त्रिभुवन सिंह मंत्रि-मण्डल, श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा मंत्रि-मण्डल एवं श्री नारायण दत्त तिवारी मंत्रि-मण्डल में मंत्री रहे थे। उनकी भ्रमण व खेलकूद में विशेष रुचि थी। श्री प्रभु नारायण सिंह के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री मंगल सिंह सैनी का 11/12 मई, 2012 को निधन हो गया। वे लगभग 63 वर्ष के थे। श्री मंगल सिंह सैनी का जन्म 7 जुलाई, 1949 को ग्राम बम्बूगढ़, अमरोहा में हुआ था। उन्होंने एम0काम0 तथा चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री मंगल सिंह सैनी वर्ष 1996 में निर्वाचन क्षेत्र अमरोहा, तत्कालीन जिला मुरादाबाद से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। वे उत्तर प्रदेश विधान परिषद् के सदस्य थे। श्री मंगल सिंह सैनी ऑल इण्डिया सैनी सेवा समाज तथा आल इण्डिया सैनी सभा, दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष रहे थे। वे बहुजन समाज पार्टी बरेली मण्डल के को-आर्डिनेटर रहे थे। वे श्री कल्याण सिंह मंत्रि-मण्डल, श्री राम प्रकाश मंत्रिमण्डल तथा श्री राजनाथ सिंह मंत्रि-मण्डल में राज्य मंत्री रहे थे। राजनीति और एकाउन्ट्स में उनकी विशेष रुचि थी तथा पर्यटन उन्हें प्रिय था। श्री मंगल सिंह सैनी के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाज सेवी खो दिया।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री लाल चन्द का 15 मई, 2012 को निधन हो गया। वे लगभग 70 वर्ष के थे। श्री लाल चन्द का जन्म 12 जुलाई, 1942 को ग्राम डेरा यूसुफ, जिला जौनपुर में हुआ था। उन्होंने बी0एस0सी0, बी0एड0 की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री लाल चन्द निर्वाचन क्षेत्र जौनपुर, जिला जौनपुर से वर्ष 1991 में जनता दल के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। श्री लाल चन्द ने राजनीतिक आन्दोलनों में अनेक बार भाग लिया था। वे पार्टी द्वारा आयोजित आन्दोलनों के अन्तर्गत जौनपुर कारागार में बन्दी रहे। वे वर्ष 1988-89 में शान्ति पद-यात्रा तथा 1985-86 में कृषि उत्पादन मण्डी समिति के द्वारा आयोजित भारत भ्रमण कार्यक्रम के संयोजक भी रहे। वे भगवान गौतम बुद्ध उ0 मा0 विद्यालय, चम्बलतारा के संस्थापक एवं प्रबन्धक रहे थे। उन्हें बौद्ध ग्रन्थों का अध्ययन प्रिय था तथा सामाजिक सेवा में उनकी विशेष रुचि थी। श्री लाल चन्द के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया।

इन माननीय पूर्व सदस्यगण, विधान सभा के निधन से आज पूरा सदन शोकाकुल है। मैं अपनी ओर से तथा पूरे सदन की ओर से ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि दिवंगत आत्माओं को शान्ति प्रदान करें तथा उनके शोक-संतप्त परिवारों को इस गहन दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। मैं इस सदन में व्यक्त शोक संवेदनायें मृतकों के शोकाकुल परिवारों तक पहुँचवा दूंगा।

अब मेरा माननीय सदस्यों से अनुरोध है कि दो मिनट का मौन धारण करें।

(सदन में दो मिनट का मौन धारण किया गया)

श्री अध्यक्ष-

कृपया आसन ग्रहण करें।

भूतपूर्व सदस्य स्व0 श्री कन्हैया लाल सहित व कतिपय अन्य भूतपूर्व सदस्यों के निधन की सूचना समय से प्राप्त न होने पर कार्यवाही की मांग

श्री पूरन प्रकाश-

माननीय अध्यक्ष जी, बड़े दुःख की बात है, बड़ी वेदना है मैं कहने को मजबूर हूँ कि कैसा आपका सूचना विभाग है।

श्री अध्यक्ष-

मा0 सदस्य बोलने से पहले आज्ञा ले लीजिए।

श्री पूरन प्रकाश-

माननीय अध्यक्ष जी, यह ऐसा विषय था, इतना संवेदनशील था कि मैं बिना आज्ञा लिये खड़ा हो गया, मैं इसके लिए क्षमा चाहता हूँ। मेरे पिताजी श्री कन्हैया लाल जी इस हाउस के सदस्य रहे हैं। 06 फरवरी, को उनका निधन हो गया। अक्टूबर से लेकर मई तक की सारी सूचनायें यहाँ पर आ गयी हैं। मेरे पिता जी 1962 से लेकर 1967 तक, 1969 से लेकर 1974 तक और 1980 से लेकर 1984 तक इस हाउस के सदस्य रहे, उनकी सूचना तक यहाँ पर नहीं आई है, इसके लिए मुझे बड़ा खेद है, मुझे बड़ा दुःख हो रहा है।

श्री अध्यक्ष-

मा0 सदस्य, इसके लिए आपके जिले के डी0एम0 से पूछताछ की जा रही है, यह सूचना क्यों नहीं भेजी गई इसके लिए उनसे एक्स्प्लनेशन भी कॉल किया जा रहा है। जैसे ही वहाँ से सूचना आ जायेगी हम लोग उनके लिए भी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

श्री पूरन प्रकाश-

जबकि यह कार्यक्रम में शामिल हुए थे उसके बाद भी यहाँ पर सूचना नहीं आयी है।

श्री अध्यक्ष-

जब सूचना आ जायेगी तो जैसे आज हो रहा है वैसे ही उनके लिए भी श्रद्धांजलि अर्पित की जायेगी।

श्री पूरन प्रकाश-

मान्यवर, मेरा कहना है कि जो आपका सूचना तंत्र है, जिलाधिकारी या जिसके भी माध्यम से आपके पास सूचना आती है, यह दो-तीन महीने पहले की बात है फिर भी सूचना नहीं आ पायी है। हम तो कहेंगे कि उनके खिलाफ कार्यवाई होनी चाहिए, यह कैसे छूट गये ? मान्यवर,. . .

(संसदीय कार्यमंत्री जी के खड़े होने पर)

श्री अध्यक्ष-

आपकी बात आ गयी, अब बैठ जाइये। मा0 संसदीय कार्यमंत्री जी कुछ कहना चाह रहे हैं।

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)-

माननीय अध्यक्ष जी, मुझे अच्छी तरह याद है आपने अपनी पीठ से कई बार नाराजगी का इजहार किया है। ऐसे वाकये पहले भी हुये हैं कि जिले की तरफ से यह सूचना नहीं आयी है। मेरे

ख्याल से यह बहुत दुःखद और बड़ी निन्दनीय बात है कि इतने वरिष्ठ सदस्य के निधन की सूचना न मिले। कड़े निर्देश जारी होने चाहिये और सरकार भी अपने स्तर से यह सुनिश्चित करेगी कि आइन्दा ऐसी गलती न हो और जिन्होंने गलती की है उनके खिलाफ कार्रवाई हो।

श्री अध्यक्ष-

इसके लिए जवाब-तलब किया गया है।

कुँवर कौशल सिंह-

मान्यवर, हमारे बलिया जिले की भी सूचना नहीं आयी है।

श्री अध्यक्ष-

आप लिख कर दे दीजियेगा, हम डी0एम0 से सूचना मँगवा लेंगे।

डॉ0 राधा मोहन दास अग्रवाल-

माननीय अध्यक्ष जी, मेरा व्यवस्था का प्रश्न है।

(इसी बीच डॉ0 लक्ष्मीकान्त बाजपेयी के खड़े होने पर)

श्री अध्यक्ष-

बाजपेयी जी, आप क्या कहना चाहते हैं ?

डॉ0 लक्ष्मीकान्त बाजपेयी-

माननीय अध्यक्ष जी, संसदीय कार्यमंत्री जी ने इस सरकार की संवेदना को जाहिर करते हुए इस गम्भीर विषय पर आपसे आग्रह किया कि सरकार भी स्वयं करेगी और आप भी पीठ से इस सम्बन्ध में निर्देश जारी करने की कृपा करें। मेरा आग्रह है कि सरकार ने भी स्वयं आग्रह किया है इस सम्बन्ध में आज आप कोई निर्देश जारी कर देंगे तो कम से कम ऐसे जिलाधिकारियों को जिन्होंने इस प्रकार का दुःसाहस किया है उनको नसीहत मिलेगी। मेरा आग्रह है कि आप कोई निर्देश देने की कृपा करें।

श्री अध्यक्ष-

देखिये बाजपेयी जी, यह मेरे संज्ञान में आया था और जिलाधिकारी से स्पष्टीकरण माँगा गया कि यह सूचना हमें मिली और आपने अभी तक हमें क्यों नहीं भेजी है। अब उनके बारे में बात मा0 संसदीय कार्यमंत्री जी ने कर दी है। हम फिर उनके विरुद्ध कोई कड़ा कदम उठायेंगे, आप शान्त रहें।

विधान सभा के सभी भूतपूर्व सदस्यों को परिवारिक पेंशन प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में व्यवस्था का प्रश्न

(डॉ0 राधा मोहन दास अग्रवाल के खड़े होने पर)

श्री अध्यक्ष-

निधन के निर्देश के बाद क्या व्यवस्था का प्रश्न है?

डॉ0 राधा मोहन दास अग्रवाल-

मान्यवर, उसी के बाद तो हम लोगों का समय आता है।

श्री अध्यक्ष-

चलिये।

डॉ0 राधा मोहन दास अग्रवाल-

मैं आपका आभारी हूँ कि व्यवस्था का यह प्रश्न उठाने की आपने मुझे अनुमति दी और इस समय मैं इसलिए उठा रहा हूँ क्योंकि इसका सीधा सम्बन्ध निधन के निर्देश से ही उठा है। तकरीबन 35 मा0 भूतपूर्व सदस्यों को हम लोगों ने श्रद्धांजलि दी है। अगर हम इन्हें बाँटने पर उतरें तो यह दो हिस्से में बाँटे जा सकते हैं इनमें कुछ मा0 सदस्य आपके माध्यम से मैं मा0 मुख्यमंत्री जी को अवगत भी कराना चाहूँगा कि इनमें से कुछ सदस्य ऐसे होंगे जिन्हें आज पारिवारिक पेन्शन नहीं मिल रही होगी और कुछ सदस्य ऐसे होंगे जिन्हें पारिवारिक पेन्शन मिल रही होगी। क्योंकि हम लोगों ने पारिवारिक पेन्शन देने के लिए एक कट ऑफ डेट तय की है इसका सम्बन्ध हम लोगों से नहीं है लेकिन हमारे क्षेत्र में जो हमारे पूर्व विधायक होंगे...

श्री अध्यक्ष-

यह व्यवस्था का प्रश्न कहाँ से है ?

डॉ0 राधा मोहन दास अग्रवाल-

चूँकि यह विषय अभी तुरन्त सदन में उठा है।

श्री अध्यक्ष-

इसमें व्यवस्था प्रश्न कहाँ है, अभी जब अभिभाषण पर चर्चा होगी तब कहें या किसी नियम में उठावें, यह कोई नियम नहीं है। किस नियम में आ रहा है बतायें।

डॉ0 राधा मोहन दास अग्रवाल-

अध्यक्ष जी, बात खत्म हो गयी अब क्या बचा, अब एक लाइन और बची है। मैं आग्रह करूँगा कि इस पर विचार होना चाहिये कि जो मा0 सदस्य पुराने बच गये हैं उन्हें भी पारिवारिक पेंशन प्रदान किया जाना चाहिये।

नियम-301 के अन्तर्गत सूचनायें

श्री अध्यक्ष-

आज दिनांक 29 मई, 2012 को नियम-301 के अन्तर्गत सदन के संज्ञान में लाने हेतु कुल 16 सूचनायें प्राप्त हुई जिसमें 13 सूचनायें स्वीकार की गयी-

पहली सूचना, श्री सुभाष की विधान सभा क्षेत्र सैदपुर गाजीपुर के अन्तर्गत सिधौना मल्लाह टोला बस्ती में भयंकर आग लगने से हुई क्षति पर शासन द्वारा आवास एवं अधिक से अधिक सहायता दिये जाने के सम्बन्ध में है, दूसरी सूचना, श्री राधेश्याम की विधान सभा क्षेत्र हाटा कुशीनगर के अन्तर्गत सुकरोली बाजार के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर डाक्टरों की तैनाती किये जाने के सम्बन्ध में है, तीसरी सूचना, श्री सुरेश कुमार खन्ना की शाहजहाँपुर विधान सभा क्षेत्र मे जीर्ण-शीर्ण हालत में हुई मार्गों को सी0सी0 मार्ग बनवाने एवं नालियों की सफाई कराये जाने के सम्बन्ध में है, चौथी सूचना, रविन्द्र भड़ाना की मेरठ जिले की काली नदी में छोड़े जा रहे फैक्ट्रियों एवं पशु वधशालाओं के अवशेष से प्रदूषित जल प्रदूषण एवं संक्रामक बीमारियों से उत्पन्न स्थिति के सम्बध में है, पाँचवीं सूचना, श्री कुँवर कौशल सिंह की विधान सभा क्षेत्र नौतनवा जनपद महराजगंज के अन्तर्गत रोहिन नहर का बैराज टूट जाने से उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में है, छठीं सूचना, डॉ0 राधा मोहन दास अग्रवाल की गोरखपुर महानगर में नकहा नं0-1 में उपरिगामी सेतु के निर्माण के सम्बन्ध में है, सातवीं सूचना, श्री विजय बहादुर यादव की जनपद गोरखपुर के इलाही बाग पम्पिंग स्टेशन पर जल निकासी से हो

रही परेशानी से उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में है। आठवीं सूचना श्री पंकज मलिक की जनपद मुजफ्फरनगर में शामली कस्बे को नया जनपद प्रबुद्धनगर बनाये जाने से लोगों में व्याप्त रोष को देखते हुए प्रबुद्धनगर का नाम शामली किये जाने के सम्बन्ध में है। नवीं सूचना श्री भीम प्रसाद सोनकर की जनपद अम्बेडकर नगर विधान सभा क्षेत्र में आलापुर में सिंचाई विभाग द्वारा बड़े पैमाने पर शासकीय धनराशि की लूट के सम्बन्ध में है। दसवीं सूचना श्री जय प्रकाश अंचल की जनपद बलिया के बैरिया विधान सभा क्षेत्र में बाढ़ पीड़ितों की विषम स्थिति के सम्बन्ध में है। ग्यारहवीं सूचना श्री रवीन्द्र जायसवाल की वाराणसी सहित प्रदेश के कई जिलों में गंगा के स्वच्छ निर्मल एवं अविरल धारा को प्रदूषण से मुक्त करने हेतु चलाये जा रहे आन्दोलन के सम्बन्ध में है। बारहवीं सूचना श्री संजय कपूर की रामपुर की तहसील बिलासपुर में ग्राम खण्डिया के पास भाखड़ा नदी पर पुल बनाये जाने के सम्बन्ध में है तथा

(श्री संजय कपूर ने अपनी सूचना को पढ़कर सुनाया)

तेरहवीं सूचना दलवीर सिंह की जनपद अलीगढ़ के गभाना तहसील में सोमना मोड़ से खैर तक टूटा सम्पर्क मार्ग बनाये जाने के सम्बन्ध में है।

श्री अवस्थी बाला प्रसाद, श्री अगयश रामसरन वर्मा, श्री पूरन प्रकाश की सूचनाएं नियमानुसार नहीं लिखीं गयीं थीं इसलिये अस्वीकार की गई।

(सदन की सहमति से स्वीकृत सूचनायें पढ़ी हुई मानी गई)

विधान सभा क्षेत्र सैदपुर गाजीपुर के अन्तर्गत सिधौना मल्लाह टोला बस्ती में भयंकर आग लगने से हुई क्षति पर शासन द्वारा आवास एवं अधिक से अधिक सहायता दिये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री सुभाष पासी-

[मान्यवर, आपके माध्यम से सदन का ध्यान लोक महत्व के गम्भीर विषय की ओर दिलाना चाहता हूँ। मान्यवर, जनपद गाजीपुर की विधान सभा क्षेत्र सैदपुर के विगत एक सप्ताह पूर्व सिधौना मल्लाह टोला बस्ती में भयंकर आग लग गयी थी जिसमें लगभग 34 लोगों के पशु जल कर मर गये तथा मकान व मकान में रखी सारी वस्तुयें व अनाज जलकर राख हो गया। शासन द्वारा जो सहायता राशि दी गयी है वह बहुत ही कम है। लोग भूखों मरने की स्थिति में हैं उनके पास रहने के लिये आवास नहीं है।

अतः इस अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय पर सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए लोगों को रहने के लिये इन्दिरा आवास प्रकार का आवास एवं दैवीय आपदा राहत से अधिक से अधिक सहायता राशि दिलाये जाने एवं तत्काल कार्यवाही किये जाने की मांग करता हूँ।]

विधान सभा क्षेत्र हाटा कुशीनगर के अन्तर्गत सुकरौली बाजार के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर डाक्टरों की तैनाती किये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री राधेश्याम सिंह-

[मान्यवर, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान गम्भीर विषय की ओर दिलाना चाहता हूँ। मेरा विधान सभा हाटा अति पिछड़ा क्षेत्र है। यहाँ पर सर्वाधिक गरीब लोग निवास करते हैं इस पिछड़े क्षेत्र में ग्राम सभा देवतहां क्षेत्र पंचायत सुकरौली बाजार में एक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जो करोड़ों

नोट :-[ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

रुपये की लागत से बना है किन्तु अब तक उक्त केन्द्र पर डाक्टरों की तैनाती नहीं की गयी जिससे स्थानीय लोगों को समुचित उपचार की सुविधा नहीं मिल पा रही है जिससे लोगों को काफी रोष एवं आक्रोश व्याप्त है। डाक्टरों के अभाव में अस्पताल बन्द पड़ा हुआ है।

अतः इस लोक महत्व के गम्भीर विषय को सदन के संज्ञान में लाते हुये सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए तत्काल उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर डाक्टरों की तैनाती किये जाने की मांग करता हूँ।]

शाहजहाँपुर विधान सभा क्षेत्र में जीर्ण-शीर्ण हालत से हुई मार्गों को सी0सी0 रोड बनवाने एवं नालियों की सफाई कराये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री सुरेश कुमार खन्ना-

[महोदय, शाहजहाँपुर जो मेरा विधान सभा क्षेत्र है की निम्न कुछ सड़कें कच्ची हैं जिसमें पानी भर जाता है। बरसात के समय में इन सड़कों पर निकलना मुश्किल होता है। कुछ में नालियां न होने से तथा कुछ में सफाई न होने के कारण इन सड़कों पर नाली का पानी भर जाता है। इसलिये आवागमन अवरुद्ध हो जाता है। साथ ही इनमें से कुछ सड़कों पर खड़न्जा पड़ा है जो अत्यन्त जीर्ण-शीर्ण हालत में है इन सभी पर सी0सी0 मार्ग बनना अत्यन्त आवश्यक है।

मैं आपके माध्यम से सरकार से निम्न मार्गों को नाली सहित सी0सी0 रोड बनवाने की माँग करता हूँ।

(1) मोहल्ला सराय काइयाँ में मुख्य मार्ग की पुलिया के पूर्व की ओर जाने वाला रास्ता 400 मी0 कच्चा है।

(2) मो0 ख्वाजा फिरोज नई बस्ती ग्रीन वैली स्कूल से मिला हुआ 300 मी0 कच्चा रास्ता विशाल कश्यप के घर तक।

(3) मो0 गदियाना में मंजीत सिंह के मकान से मिला हुआ कच्चा रास्ता 200 मी0 तथा बुद्धसेन के मकान से रामसनेही तक 150 मी0 तथा रामशंकर शर्मा के मकान से आगे तक 100 मी0 ब्राहमणों की बस्ती तक।

(4) मो0 रेती के बालेश्वर के सामने वाला रास्ता।

(5) मो0 बाबूजेई बेरी चौकी के सामने वाली गली बरवारो वाली गली 100 मी0।

(6) मो0 बक्सरिया बाबू होटल से जवाहर रस्तोगी के मकान तक 200 मी0।

(7) मो0 लोधीपुर में खजुरिया वाली बस्ती 60 मी0]

मेरठ जिले की काली नदी में छोड़े जा रहे फैक्ट्रियों एवं पशु वधशालाओं के अवशेष से प्रदूषित जल प्रदूषण एवं संक्रामक बीमारियों से उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री रविन्द्र भड़ाना-

[मान्यवर, मेरठ जिले से होकर गुजर रही काली नदी में मेरठ महानगर के नाले गिरते हैं। आस-पास की समस्त फैक्ट्रियों का कचरा व गन्दा पानी इस नदी में गिरता है तथ ग्राम घोसीपुर स्थित

नोट :-[ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

नगर निगम कमेला का गन्दा पानी व खून रंजित पानी तथा कचरा इसमें छोड़ा जा रहा है जिसके कारण इस नदी के किनारे बसे जलालपुर, काजीपुर, घोसीपुर, कुठला, अल्लीपुर, पीपली खेड़ा, कोल आदि समीप के जानवर एवं मनुष्य संक्रामक बीमारी के चपेट में हैं। इस नदी के आस-पास के गाँव में नलों से पीने का पानी भी प्रदूषित है जिसके कारण लोग बीमारियों से पीड़ित हो रहे हैं। जनहित में इस नदी को प्रदूषण मुक्त किये जाने हेतु मेरठ के नागरिक आन्दोलन एवं धरना प्रदर्शन भी करते रहे हैं परन्तु आज तक जिला प्रशासन अथवा शासन स्तर से इस काली नदी को प्रदूषण मुक्त करने के सम्बन्ध कोई भी कार्यवाही नहीं की गयी। इस प्रकार की उपेक्षा से जनता में क्षोभ एवं आक्रोश है।

अतः लोक महत्व के अविलम्बनीय विषय की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए मेरठ जिले की काली नदी को प्रदूषण मुक्त किये जाने हेतु कार्यवाही की मांग करता हूँ।]

विधान सभा क्षेत्र नौतनवा, जनपद महराजगंज के अन्तर्गत रोहिन नहर वैराज टूट जाने से उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

कुँवर कौशल सिंह-

[मान्यवर, मेरे विधान सभा क्षेत्र नौतनवा जनपद महराजगंज के अन्तर्गत रोहिन नहर प्रणाली एवं डाण्डा नहर प्रणाली की दो नहरें हैं, रोहिन नहर प्रणाली का बैराज टूट जाने से और उसको अब तक निर्मित न होने से रोहिन नहर से किसानों को पानी नहीं मिल रहा है। हमारे क्षेत्र में 20 मई, से धान का बीज गिराकर धान के पौध की तैयारी प्रारम्भ हो जाता है, परन्तु रोहिन नहर से अब तक पानी न मिलने से और डाण्डा नहर से भी अब तक पानी न मिलने से किसान धान की खेती में पिछड़ता जा रहा है जिससे हमारे क्षेत्र के हजारों किसानों में आक्रोश एवं क्षोभ व्याप्त है। यह अविलम्बनीय व लोकमहत्व का विषय है।

अतः आपसे आग्रह है कि नियम-301 के अन्तर्गत विषय उठाने की अनुमति प्रदान करने की कृपा करें।]

गोरखपुर महानगर में नकहा नं0 1 में उपरिगामी सेतु के निर्माण के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

डॉ0 राधा मोहन दास अग्रवाल-

[गोरखपुर महानगर में गोरखपुर नौतनवा रेलवे लाईन के गुजरने से बहासर की एक बहुत बड़ी आबादी का परस्पर आवागमन पूरी तरह बाधित कर दी है। इस कारण महानगर में लाखों की संख्या में नागरिकों को एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में मीलों घूम कर जाना पड़ता है और इस कारण अनावश्यक रूप से अत्याधिक जाम की स्थिति बनी रहती है।

प्राथमिक तौर पर गोरखनाथ के करीब 1 लाख, रामनगर के 15000, पंचपेड़वा के करीब 36000, रामजानकीनगर के 26000, नकहा नम्बर-1 के 21000, रानीनगर के 25000, घोषीपुरवा के 13000, गंगानगर, इन्द्रप्रस्थपुरम्, गायत्रीनगर के 15000, मानकेला के 20000, फत्तेपुर के 5000, केवटिया, शास्त्रीनगर, शास्त्रीपुरम् में 25000, राजेन्द्रनगर के करीब 25000 (कुल मिलाकर करीब) 3 लाख नागरिकों का जीवन पूरी तरह दूभर हो गया है।

नोट :-[ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

इस असहज स्थिति को समाप्त करने के लिये नकहा नम्बर-1 पर एक नये उपरिगामी सेतु का निर्माण अत्यन्त आवश्यक है। लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश ने सेतु के निर्माण की आवश्यकता को स्वीकार करते हुये अ0शा0प0 संख्या 23(9)/23-11-2012 दिनांक 13-04-12 के माध्यम से उ0प्र0 राज्य सेतु निगम को परीक्षणोपरान्त आवश्यक आख्या उपलब्ध कराने के लिये निर्देशित किया था। सेतु निगम की गोरखपुर इकाई ने प्रत्रांक 470/जन प्रतिलिपि/12-13 दिनांक 11-05-2012 के माधम से यह लिखित रूप से अभिमत जाहिर किया है कि ''प्रस्तावित उपरिगामी सेतु पर लेविल क्रासिंग नहीं है अतः क्षेत्रीय आबादी रेल लाईन पर बिना बाधा के आवागमन करते हैं तथा दुर्घटना की सम्भावना बनी रहती है। यह उपरिगामी सेतु क्षेत्र की स्थिति तथा भविष्य के ट्रैफिक घनत्व को देखते हुये, नितान्त आवश्यक प्रतीत होता है।''

अतः लोकमहत्व के इस सुनिश्चित विषय तथा दूसरी अविलम्बनीयता को देखते हुए, उत्तर प्रदेश विधान सभा के कार्य प्रक्रिया नियमावली के नियम-301 के तहत इस विषय से सदन में उठाने तथा शासन को सदन पटल पर जवाब रखने के लिये निर्देशित करने की कृपा करें।]

जनपद गोरखपुर के इलाहीबाग पम्पिंग स्टेशन पर जल निकासी से हो रही परेशानी से उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री विजय बहादुर यादव-

[महोदय, मैं आपके माध्यम से इलाहीबाग पम्पिंग स्टेशन पर जल निकासी से हो रही परेशानी से उत्पन्न स्थिति की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूँ।

गोरखपुर के इलाहीबाग में शहर के घनी आबादी का पानी लगभग 4 कि0मी0 एरिया धर्मशाला, कप्तानगंज पुलिया डी0ए0पी0 डिग्री कालेज के पीछे होते हुए मखनिया पुल से इलाहीबाग पम्पिंग स्टेशन पर पानी आता है जो बरसात के समय में काफी भयंकर जल जमाव का रूप ले लेता है इस क्षेत्र में लाखों लोग रहते हैं यह गोरखपुर शहर का काफी महत्वपूर्ण हिस्सा है। यहाँ के लोगों को बरसात के समय में जल-जमाव की वजह से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं यहाँ जल-जमाव के सापेक्ष पावरपुल लिफ्टींग मशीन लगाया जाना आवश्यक है।

अतः लोकमहत्व के अविलम्बनीय विषय की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए तत्काल कार्यवाही की माँग करता हूँ।]

जनपद मुजफ्फरनगर शामली कस्बे को नया जनपद प्रबुद्ध नगर बनाये जाने से लोगों में व्याप्त रोष को देखते हुए प्रबुद्ध नगर का नाम शामली किये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री पंकज मलिक-

[महोदय, पिछली सरकार द्वारा जनपद मुजफ्फरनगर की तहसील कैराना व शामली को मिलाकर नये जिले का सृजन किया गया था। वहाँ आज तक मुख्यालय का निर्माण नहीं हुआ है और न ही जनता स्तर की कोई व्यवस्था हुई है। पिछली सरकार जिले का नाम प्रबुद्धनगर रखा गया है, जिससे वहाँ के नागरिकों में रोष व्याप्त है। शामली कस्बा एक ऐतिहासिक जगह है, वहाँ पर स्वतंत्रता सेनानियों के अनेक कार्यक्रम हुए हैं। आजादी की लड़ाई में यहाँ के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। स्व0 चौधरी मोहर सिंह जैसे अनेकों स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने देश के लिए लड़ाई लड़ी। शामली के इतिहास एवं उसके योगदान के साथ खिलवाड़ किया गया है। अतः शामली को नया जनपद

नोट :-[ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

प्रबुद्धनगर बनाये जाने से लोगों में व्याप्त रोष को देखते हुए नये जनपद प्रबुद्धनगर का नाम बदलकर पुनः शामली किया जाना जनहित में नितान्त आवश्यक है।

अतः मैं इस सदन के माध्यम से जनपद प्रबुद्धनगर का नाम बदलकर पुनः शामली किये जाने के लिए सरकार से कार्यवाही की मांग करता हूँ।]

जनपद अम्बेडकरनगर विधान सभा क्षेत्र में आलापुर में सिंचाई विभाग द्वारा बड़े पैमाने पर शासकीय धनराशि की लूट के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री भीम प्रसाद सोनकर-

[मान्यवर, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान गम्भीर विषय की ओर दिलाना चाहता हूँ। मेरे विधान सभा क्षेत्र आलापुर जनपद अम्बेडकरनगर में ब्रम्हचारी की कुटी से माझा कम्हरिया तक बन्धे की मरम्मत सिंचाई विभाग द्वारा विगत पाँच वर्षों से लगातार कागजों पर की जा रही है और शासकीय धनराशि की लूट की गयी है। यही नहीं मेरे क्षेत्र में निकली नहर की सिल्ट सफाई के नाम पर स्थानीय सिंचाई विभाग के अभियंताओं द्वारा फर्जी रूप से बगैर कार्य कराये भुगतान विगत पाँच वर्षों से अब तक लगातार लिया गया है जबकि नहर की सफाई व मरम्मत कभी नहीं हुई है। सिंचाई विभाग के कार्यों में पाँच वर्षों के कार्यकाल में खूब लूट हुई है। कोई कार्य नहीं हुआ है। अधिशासी अभियंता से लेकर सहायक, अवर सभी लोग मिलकर पद का दुरुपयोग किये हैं इससे जनमानस में भारी रोष व्याप्त है। शिकायत करने पर भी कोई कार्यवाही नहीं हुई है। तत्काल शासकीय धन की लूट करने वाले अभियन्ताओं को हटाकर उच्च स्तरीय जाँच कराने एवं इनके विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही करते हुए एफ0आई0आर0 दर्ज करने का निर्देश दिये जाने की आवश्यकता है।

अतः इस विषय पर शासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए तत्काल कार्यवाही किये जाने की माँग करता हूँ।]

जनपद बलिया के बेरिया विधान सभा क्षेत्र में बाढ़ पीड़ितों की विषम स्थिति के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री जय प्रकाश अंचल-

[मान्यवर, मेरे विधान सभा क्षेत्र बेरिया जनपद बलिया में बाढ़ पीड़ित काफी परिवार गाँव छोड़कर तुर्तीपार, श्रीनगर बन्धा पर (टी0एस0 बन्धा) पर अगल-बगल के गांवों के हजारों की संख्या में लोग शरण लिये हुए हैं। इसी प्रकार से अन्य भी काफी लोग शरण लिए हुए है, इन्हें सरकार की तरफ से सरकारी जमीन उपलब्ध कराकर इन्दिरा आवास उपलब्ध कराये जाने की आवश्यकता है। यह परिवार भुखमरी से पीड़ित है और उनके पास न रहने के लिए व्यवस्था है, खुले आसमान के नीचे रह रहे हैं न तो इनके पास खाने की सामग्री है और न ही इनके पास राशन कार्ड ही बना है इससे यह हजारों परिवार अपने बच्चों की न तो शादी कर पा रहा है और नहीं पढ़ा लिखा पा रहा है। मेरे द्वारा बार-बार जिला प्रशासन को लिखे जाने के बावजूद भी कोई कार्यवाही नहीं की जाती है। बलिया-बैरिया बन्धा पर भी काफी संख्या में परिवार अगल-बगल के गाँवों से आकर विस्थापित के रूप में बसे हुए हैं उनकी भी कोई सुनने वाला नहीं है तत्काल इन्हें भी सारी सुविधायें दी जायें। यह गम्भीर विषय है।

अतः इस जनहित विषय को सदन के संज्ञान में लाते हुए सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए तत्काल कार्यवाही किये जाने की माँग करता हूँ।]

नोट :-[ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

वाराणसी सहित प्रदेश के कई जिलों में गंगा के स्वच्छ, निर्मल एवं अविरल धारा को प्रदूषण से मुक्त कराने हेतु चलाये जा रहे आन्दोलन के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री रवीन्द्र जायसवाल-

[महोदय, गंगा के स्वच्छ, निर्मल अविरल धारा के लिए वाराणसी सहित प्रदेश के कई जिलों में जन आन्दोलन चल रहा हैं साधू समाज के साथ ही मुस्लिम, सिख और समस्त समाज के लोग गंगा को प्रदूषण से बचाने के लिए आन्दोलित हैं। गंगा की अविरल धारा को कहीं बांध बनाकर रोका जा रहा है तो कहीं प्रदेश के कानपुर सहित कई जिलों के कारखानों के दूषित जल और रसायनयुक्त जल की को गंगा नदी में गिराकर उसे प्रदूषित किया जा रहा है साथ ही नगर निगमों के सीवर का पानी बिना ट्रीटमेन्ट किये डायरेक्ट गंगा नदी में गिराया जा रहा है। इससे पवित्र गंगा जल प्रदूषित हो रहा है। गंगा के पवित्रता को बनाये रखने एवं प्रदूषण से बचाने हेतु प्रदेश विभिन्न जिलों में बड़े पैमाने पर आन्दोलन किया जा रहा है।

अतः लोक महत्व के अविलम्बनीय विषय की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए गंगा नदी को प्रदूषण से बचाने हेतु कठोर कार्यवाही किये जाने की मांग करता हूँ।]

रामपुर की तहसील विलासपुर में ग्राम खण्डिया के पास भाखड़ा नदी पर पुल बनाये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री संजय कपूर-

मैं आपका ध्यान जनपद रामपुर की तहसील विलासपुर में ग्राम खण्डिया के पास भाखड़ा नदी पर पुल बनवाने की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूँ इस नदी पर पुल नही है जिसके कारण बरसात में 40-50 ग्रामों का जिला मुख्यालय से आवागमन वाधित हो जाता है। इस पुल का आगणन शासन में काफी लम्बे समय से लम्बित है। इस पुल के न बनने से जनता में रोष व्याप्त है इस पुल के निर्माण की मांग जनता द्वारा काफी समय चली आ रही है।

मैं इस अत्यन्त महत्वपूर्ण एवं लोक महत्व के प्रश्न की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट करा कर कार्यवाही की मांग करता हूं।]

जनपद-अलीगढ़ की गभाना तहसील में सोमना मोड़ से खैर तक टूटा सम्पर्क मार्ग बनाये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

ठा0 दलवीर सिंह-

[जनपद-अलीगढ़ के गभाना तहसील में सोमना मोड़ से खैर तक बने सम्पर्क मार्ग की स्थिति अत्यन्त दयनीय है तथा सोमना मोड़ से बीरपुरा तक जो पक्की सड़क नाम मात्र की बची है जिसमें काफी गहरे-गहरे गढ्ढे हो चुके हैं जबकि यह मार्ग जनता के लिये दिल्ली एन0एच0-91 मार्ग से जेवर टप्पल जाने वाले मार्ग को जोड़ता है, जहां से होकर बड़े एवं छोटे वाहन निकलते हैं जिनका सही सलामत गन्तव्य स्थान तक सही सलामत पहुंचना बड़ा जोखिम पूर्ण कार्य है।

अतः मैं चाहूंगा कि इस मार्ग की वर्षा पूर्व मरम्मत/निर्माण कराये जाने की मांग करता हूं।]

नोट :-[ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

औचित्य के प्रश्न की सूचनाएं

श्री अध्यक्ष-

आज दिनांक 29 मई, 2012 को नियम-300 के अन्तर्गत निम्नलिखित 2 सूचनाएं प्राप्त हुई। जिसमें पहली सूचना श्री प्रमोद तिवारी की उ0प्र0 विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 1958 के नियम 286 के अन्तर्गत पालनीय नियमों का अनुपालन कराये जाने के सम्बन्ध में है।

दूसरी सूचना श्री हुकुम सिंह, डा0 राधा मोहन दास अग्रवाल, कुँवर भारतेन्द्र सिंह, श्री रवीन्द्र भड़ाना, श्रीमती विमला सिंह सोलंकी डा0 अरुण कुमार तथा श्री रामचन्द्र यादव की विधान सभा के बजट सत्र के दौरान स्थानीय निकाय का चुनाव निष्पक्ष कराये जाने के सम्बन्ध में।

उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली, 1958 के नियम 286 के अन्तर्गत पालनीय नियमों का अनुपालन न कराये जाने के सम्बन्ध में औचित्य का प्रश्न

* श्री प्रमोद तिवारी-

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपका आभारी हूं कि आपने सदन की कार्यवाही कैसे सुनियोजित ढंग से चले इस पर आपने मुझे औचित्य के प्रश्न पर ग्राह्यता के संदर्भ में बोलने का निर्देश दिया है। मान्यवर यह बहुत पवित्र पावन मंदिर है इबादतगाह है, मान्यवर, यहां जो कुछ होता है प्रतिफल, प्रतिक्षण लिखा भी जाता है और पूरे प्रदेश और देश की नजर भी रहती है। मान्यवर, यह देश की सबसे बड़ी विधान सभा है यहां जो कुछ भी होता है वह सिर्फ आने वाली पीढ़ियों के लिए ही नजीर नहीं बनता बल्कि मैं सच कहूं तो वह सामान्य जन के लिए भी बन जाता है। इस प्रश्न को उठाने के पीछे मेरी मंशा बहुत साफ और स्पष्ट है। बहुत ही साफ नीयत है और वह यह है कि भविष्य में विधान सभा की कार्यवाही सुव्यवस्थित ढंग से चल सके ज्यादा से ज्यादा सदस्य इसमें भाग ले सकें, और जो समय है उसके एक-एक पल का सही उपयोग नियमानुसार हो सके। इसी आशय से मैं यह लाया हूं। इसमें मेरा व्यक्तिगत कुछ भी नहीं है, इसलिए मैं इसको स्पष्ट करते हुए कहना चाहता हूं कि यह भारत का संविधान है इसके अनुच्छेद 168 (1) के अन्तर्गत इस सदन का जन्म होता है और यह सदन उसी लड़ाई, उसी संघर्ष का प्रतीक है जो सैकड़ों साल हमने लड़ी और देश का प्रजातंत्र पाया। उसी में उसी संविधान से एक नियमावली सृजित होती है जो संविधान द्वारा आच्छादित है। संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों के अनुसार बनती है। उसी नियमावली से इस सदन की कार्यवाही व्यवस्थित होती है। इसके दो नियम बहुत महत्वपूर्ण हैं। नियम 63 जिनमें हर सदस्य मान्यवर आपको ही नहीं नेता सदन को ही नहीं, नेता विरोधी दल को ही नहीं, मंत्रिपरिषद् के सदस्यों को ही नहीं बल्कि हर सदस्य को यह अधिकार प्राप्त है कि उसके अधिकार सुरक्षित रखें जायं।

लेकिन उसके अधिकार सुरक्षित रखें इसकी एक पूरी जिम्मेदारी किसी एक पर है तो मान्यवर मुख्यतया आप पर है क्योंकि आप इसके संरक्षक हैं। मान्यवर, मैं चाहता हूं कि आज तक जो कुछ हुआ वह अपनी जगह है लेकिन भविष्य में हमारे अधिकार सुरक्षित रहें इसके लिये मैं यह प्रश्न लाया हूं। मान्यवर, इसी नियमावली का अध्याय 20 और नियम 286 देखने का कष्ट करें। मैं चाहता हूं कि आप इसको पढ़ लें और मुझे अनुमति दे दें कि मैं पढ़ दूं। मान्यवर, सभा में उपस्थिति के समय सदस्यों द्वारा पालनीय नियम। क्या नियमों का पालन हो वह इमसें पूरी तरह से दिया गया है। मान्यवर,

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

इसके लिये आपने प्रयास किया दो दिन तक आपने सबको बुलाया, इतने भाषण भी कराये और सबको सुनाया भी। लेकिन मान्यवर, क्या हमने इसका पालन किया ? और मेरी चिन्ता है कि भविष्य में इसका पालन हो मान्यवर, सभा में उपस्थिति के समय सदस्यों द्वारा पालनीय नियम, इसका नियम-2 देख लें। किसी सदस्य के भाषण करते समय उसमें अव्यवस्थित बात या शोर या किसी अन्य अव्यवस्थित रीति से बाधा नहीं डालेंगे। मान्यवर, फिर जब सदन में कोई बोल रहा हो तो सब शांत रहें और तीसरा मान्यवर, कार्यवाही में रुकावट नहीं डालेंगे। मान्यवर, मैं इस पर बल देता हूं कार्यवाही में रुकावट नहीं डालेंगे। चीत्कार नहीं करेंगे। मान्यवर, मैं इसको फिर से पढ़ दूं।

श्री अध्यक्ष-

नहीं हो गया।

श्री प्रमोद तिवारी-

चीत्कार नहीं करेंगे, बाधा नहीं डालेंगे। जब सदन में भाषण दिये जा रहे हों तो साथ-साथ उस पर टीका नहीं करेंगे। मान्यवर, कल से तीन बार मैं अपना टी0वी0 बन्द कर चुका हूं। जब मैं देखता हूं सदन की कार्यवाही के बारे में उसमें जो कुछ भी कहा जा रहा है मान्यवर, ऐसा लगता है कि यहां हम सब सम्मानित सदस्य नहीं बैठे थे बल्कि जैसे हम यहां हुडदंग करने के लिये बैठे थे। अखबारों में भी आज देख लीजिये मान्यवर, जो कुछ है मैं उसको कह नहीं रहा हूं। मैं तो सिर्फ इसलिये कह रहा हूं कि इस सबका अवसर किसने दिया ? यह हमने दिया और मान्यवर, आज जो हमारी व्यवस्था होनी चाहिए थी वह नहीं थी। कल महामहिम श्री राज्यपाल महोदय जब यहां आये वह भी मान्यवर, एक नियम है, संविधान के रूप में आते हैं और जब सदन की पहली बैठक आहूत होती है तो उसको संबोधित करते हैं। माननीय महामहिम राज्यपाल जी का बड़ा पूज्यनीय पद है, आदरणीय पद है, गरिमामय पद है वह प्रदेश के प्रथम नागरिक हैं उनका तो सभी को आदर करना चाहिए। मान्यवर, उनका किसी से विरोध नहीं हो सकता पर जब वो अभिभाषण पढ़ते हैं मान्यवर, तो वह सरकार की रीति-नीति, उसका आइन होती है और उसी के हिसाब से बाद में बजट आता है, बजट में उसका प्राविजन होता है। हम उनकी बात से सहमत भी हो सकते हैं और असहमत भी हो सकते हैं और इसीलिये संविधान में यह छूट है कि अगर हम उनके अभिभाषण में कोई चीज जुड़वाना चाहें तो हम संशोधन के रूप में कह देते हैं कि इसको जोड़ दिया जाय।

मान्यवर, हमको यह पूरा अधिकार है कि हम उस समय खड़े हो जायं और हम अपनी बात कहने का पूरा प्रयास करें अगर आप अनुमति दे दें तो दें और अगर न दें तो हम व्यवधान नहीं कर सकते लेकिन मान्यवर, बहुत ही ऐसी परिस्थिति आ जाय तो इस वेल में आने की भी परम्परा रही है। मान्यवर, मैं इसे नहीं कहता कि नहीं रही। लेकिन मान्यवर मुझे दुःख सिर्फ एक बात का है, शर्म सिर्फ एक बात की है कि महामहिम राज्यपाल सिर्फ एक दिन के लिये आते हैं उनको आप बैनर दिखाइये दिखा दीजिये लेकिन उन पर गोले फेंकिये उन पर आब्जेक्ट फेंकिये। उन पर गोले फेंकिये और फेंक कर कहिये आप और पूरे सदन की बदनामी हो। पूरे सदन की इज्जत और पूरा राज्य कलंकित हो। करें कुछ लोग और उत्तर प्रदेश के सदन की गरिमा नष्ट हो। मान्यवर, मुझे पीड़ा है, मुझे दुख है, जिसके द्वारा हो, मैं इतने दिनों से सदन में आता हूं मैं किसी एक की बात नहीं करता, यह जब भी हो, जहां भी हो, मैं उसकी निन्दा करता हूं। मान्यवर, प्रजातंत्र इसी को कहते हैं, लोकतंत्र इसी को कहते हैं कि हम अपने आप से सबक सीखें। जो कुछ हुआ उसको एक दुःखद अध्याय के रूप में लें।

समझें और समझकर मान्यवर, कम से कम उसको भविष्य में न करने का निर्णय लें। इसी आशय से मान्यवर, यह प्रश्न लाया गया है और मैं तो यह कहूंगा कि यह गम्भीर विषय है। विशेषाधिकार का। यहां हमारे बहुत से सदस्य जो हमारे साथ बैठे हैं कांग्रेस के संशोधन देना चाह रहे थे भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बैठे थे संशोधन देना चाह रहे थे, बहुजन समाज पार्टी के सदस्य बैठे रहे, स0पा0 के भी रहे होंगे अपना दल के सदस्य रहे होंगे, लोकदल के सदस्य रहे होंगे संशोधन देना चाहते रहे होंगे तो क्या मान्यवर, इसकी इजाजत आप देंगे कि महामहिम राज्यपाल सदन में आयें तो उन पर गोलें फेंके जायं। उन पर आब्जेक्ट फेंके जायं और मान्यवर, मेज पर चढ़कर कार्यवाही में बाधा उपस्थित की जाय।

मैं इस पर आपकी व्यवस्था चाहता हूं और भविष्य में आपसे आग्रह करूंगा जो आप जरुरत समझें वह करें लेकिन मेरा आपसे हाथ जोड़कर विनती पूर्वक, आग्रह पूर्वक, याचना पूर्वक निवेदन है कम से कम ऐसा न करें, क्योंकि इस सदन का इतिहास बड़ा स्वर्णिम रहा है इसलिए ऐसा न करें कि आने वाली पीढ़ियां इसे कलंकित इतिहास के रूप में याद करें।

श्री अध्यक्ष-

माननीय तिवारी जी ने जो नियम 300 के अन्तर्गत औचित्य का प्रश्न उठाया है मैंने उसकी ग्राह्यता पर विचार किया, उसको सुना, माननीय तिवारी जी, यह नियमावली है और नियमावली के नियमों को मानने के लिए सभी सदस्यगण बाध्य हैं, लेकिन कभी-कभी ऐसी बात आ जाती है, हमें सभी सदस्यों से अपेक्षा है कि वह भविष्य में नियमानुकूल आचरण करें, जो हमारे नियमों में है, नियम-286 में है जिसको मानने की हमारी बाध्यता है उसके अनुरूप हम आचरण करें। इस निर्णय के बाद मैं इसको अग्राह्य करता हूं।

विधान सभा के बजट सत्र के दौरान स्थानीय निकाय का चुनाव निष्पक्ष न होने के सम्बन्ध में औचित्य का प्रश्न

श्री अध्यक्ष-

दूसरी सूचना है डा0 राधा मोहन दास अग्रवाल जी की, और हुकुम सिंह जी की।

श्री हुकुम सिंह-

मैं आग्रह करूंगा कि इसको अलग-अलग ले लें।

श्री अध्यक्ष-

इनकी सूचना क्या है देख लें, दोनों एक साथ बोल लें। आज बहुत भाषण होना है।

श्री हुकुम सिंह-

एक साथ नहीं बोल पाएंगे। दो-दो मिनट दोनों को सुन लें।

श्री अध्यक्ष-

आप दोनों एक ही बात बोलते हैं एक ही भाषा बोलते हैं कोई अलग तो बोलता ही नहीं है।

* डा0 राधा मोहन दास अग्रवाल-

माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपका आभारी हूं कि सदन के इस पहले दिन में ही जो प्रदेश की लोकतांत्रिक व्यवस्था से संबंधित महत्वपूर्ण प्रश्न है आपने औचित्य के प्रश्न के रूप में मुझे उठाने का

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

अवसर दिया। मान्यवर, दो घटनायें एक साथ हो रही हैं 28 मई को सदन भी आहूत किया गया और यह वर्षाकालीन या शीतकालीन सत्र नहीं है यह सदन का बजट सत्र है। इसमें सरकार अपनी नीतियों की घोषणा करेगी, सरकार अपनी योजनाओं को प्रकाशित करेगी, सरकार बहुत सारे विभागों के अनुदानों को लेकर आएगी, बहुत सारे नागरिकों को बहुत सारी छूट मिलेगी, बहुत सारे ग्रामीण और शहरी इलाकों में नई योजनायें लाई जाएंगी। 28 मई को यह सदन बुलाया गया 26 मई को पूरे प्रदेश में एक-दो अपवाद जनपदों को छोड़ दिया जाए, तो पूरे प्रदेश में सभी नगर निगम, सभी नगरपालिकाओं, टाउन एरियाज, की संख्या छोटी नहीं है यह बहुत बड़ी संख्या है यह संख्या किसी क्षेत्र में नहीं है पूरे प्रदेश में है चुनावों की घोषणा कर दी गई है, अभी हम लोकतंत्र सेनानियों की रक्षा की बात कर रहे थे, क्योंकि उन्होंने लोकतंत्र की रक्षा के लिए आजादी के बाद दूसरा सबसे बड़ा बलिदान किया हम उन लोगों में नहीं हैं कि कोई सही काम करता हो तो हम उसका विरोध करें। तत्कालीन सरकार ने यह घोषणा की कि इनको स्वतंत्रता संग्राम सेनानी माना जाएगा, लोकतंत्र सेनानी माना जाएगा तो हम लोगों ने भी सदन में कहा, कि इन लोगों ने लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रशंसनीय कार्य किया। प्रश्न यह है जब उस कार्य को प्रशंसनीय कहा जाएगा और यह कार्य जो सदन में हुआ जिसके माध्यम से लोकतंत्र में एक अप्रत्यक्ष हस्तक्षेप पैदा किया जाएगा तो दोनों एक साथ नहीं चलेंगे । भारत की पहचान पूरी दुनिया में है। पूरी दुनिया भारत के इस लोकतंत्र को आश्चर्य की नजर से देखती है। इतना बड़ा देश है इतनी विभिन्नतायें हैं, इतनी समस्याओं के बीच भारत एक है तो वह इसलिए कि भारत का हर एक नागरिक इस बात का एहसास करता है कि लोकतंत्र में हम प्रभावी हस्तक्षेप कर सकते हैं और जब हम प्रभावी हस्तक्षेप की बात करते हैं तो माननीय अध्यक्ष इसका मतलब यह नहीं होता है कि हम लोकसभा के सांसद चुनते हैं, हम विधान सभा के विधायक चुनते हैं। बल्कि प्रभावी हस्तक्षेप का अर्थ यह भी होता है कि संविधान के 73वें और 74वें संशोधन के बाद जमीनी धरातल से प्रत्यक्ष जुड़कर काम करने वाले स्थानीय जन प्रतिनिधि को भी चुनते हैं सबका महत्व बराबर है ऐसा नहीं है कि लोकसभा का महत्व बड़ा होगा, विधान सभा का उससे कम होगा और स्थानीय निकायों का उससे कम होगा। तीनों अपनी-अपनी जगह पर सबल हैं, तीनों की अपनी-अपनी नियमावलियां हैं और तीनों का समाज निर्माण में और देश निर्माण में समान रूप से योगदान है। इसलिए हम किसी एक को बढ़ करके और किसी एक को कमतर करके नहीं देख सकते। अध्यक्ष महोदय, मैं इसलिए कह रहा हूं कि यह सरकार डा0 राम मनोहर लोहिया के सिद्धान्तों पर विश्वास करने वाली सरकार है।

डा0 राम मनोहर लोहिया क्या कहते थे, धर्म एक दीर्घकालिक राजनीति है और राजनीति एक अल्पकालिक धर्म है। हम इसलिए कह रहे हैं कि राजनीति में हस्तक्षेप करना, राजनीति में हिस्सेदारी करना, राजनीति में अपने विचारों का प्रसारण करना, राजनीति में नागरिकों को अपने विचारों के अनुरूप ले जाने का प्रयास करना, यही लोकतंत्र की जान है। अभी माननीय प्रमोद तिवारी जी कह रहे थे कि यह पूजा का घर है, सत्य है, यह पूजा का घर है। अगर यह पूजा का घर है, तो इस लोकतंत्र के हम वही पुजारी हैं, जो विभिन्न धर्मावलम्बियों के मन्दिरों और मस्जिदों में धर्म-गुरुओं का स्थान होता है और बड़ा आश्चर्य है, इतना बड़ा चुनाव हो रहा है और दो चीजें हो जाने के नाते, माननीय अध्यक्ष जी, हम लोगों के सामने बड़ी असहज स्थिति है। यह सदन महत्वपूर्ण है, इस सदन पर पूरे प्रदेश की निगाहें हैं, पूरे प्रदेश की बहुत सारी समस्याएं हैं, जिन्हें हम सदन में रखना चाहते हैं, इस सदन को छोड़ करके हम लोग नहीं जा सकते। यह सरकार जो कहते हैं कि इस सदन को हम पूरे कार्यकाल तक चलाना चाहते हैं, लम्बे समय तक चलाना चाहते हैं, हम विधायकों का भी दायित्व होता

है कि हम इस सदन में लगातार उपस्थित रहें, अपनी सहभागिता करें, सरकार के गलत कामों का विरोध करते हुए सरकार को सही दिशा देने का प्रयास करें। दूसरी चीज, स्थानीय निकाय के चुनाव होने हैं, नागरिक अपेक्षा करते हैं कि जिन जनप्रतिनिधियों को हमने चुनकर भेजा है, इस चुनाव के दौरान हमारे बीच में होंगे, वह लोग जो कर रहे होंगे, सरकार की जो नीतियां होंगी, उनको हमारे बीच में रखेंगे और कार्यकर्ताओं को हमारे बीच में ले करके आयेंगे, उसके आधार पर हम निश्चित करेंगे कि हम जिस प्रकार के जनप्रतिनिधियों का चुनाव करें। लेकिन एक गंभीर स्थित है, हम सदन के प्रति गंभीर रहना चाहते हैं, लेकिन हम अपने नागरिकों के प्रति भी लापरवाह नहीं हो सकते। हम सदन में भी उपस्थित रहना चाहते हैं, लेकिन हम अपने आपको उस चुनाव से भी अनुपस्थित नहीं रख सकते। अध्यक्ष महोदय, मैं आपसे सिर्फ इतनी बात कहना चाहता हूं, इस समय प्रदेश के सामने जो समस्या पैदा हो गयी, एक संकट की स्थिति पैदा हो गयी, अभी कुछ दिनों पूर्व पूरे प्रदेश में विधान सभा के चुनाव हुए। चुनाव आयुक्त ने घोषणा किया, एक बयान दिया कि भारत सरकार कोई बजट सत्र नहीं बुलायेगी, जब तक चुनाव नहीं हो जाते और माननीय अध्यक्ष महोदय, आप जानते हैं, लोकसभा का बजट सत्र करीब-करीब बुलाया जा चुका था, पहली बार हुआ जब चुनाव के दरम्यान लोकसभा के सत्र को स्थगित कया गया और चुनाव समाप्त होने के बाद सरकार ने बजट सत्र बुलाया अर्थात् भारत का चुनाव आयुक्त इस बात को कहता है कि जब विधान सभाओं के चुनाव हो रहे हों, तब लोकसभा का सत्र न बुलाया जाए। उत्तर प्रदेश का चुनाव आयुक्त यह कहने के लिए बाध्य होगा, यदि परम्परा वहीं की है, अगर यहां दूसरी चुनाव व्यवस्था है तो बात दूसरी है, अन्यथा आदर्श चुनाव संहिता वही है, जो दिल्ली के स्तर पर लागू होती है, वही यहां भी लागू होगी कि जब स्थानीय निकाय के चुनाव होंगे तो विधान सभा का सत्र नहीं बुलाया जायेगा।

अध्यक्ष महोदय, इसलिए मैं कह रहा हूं कि एक बयान यह आया कि इस चुनाव के दौरान सरकार स्थानीय निकायों से सम्बन्धित किसी विषय पर किसी योजना की घोषणा नहीं करेगी। इसका मायने क्या है ? हमने आदर्श चुनाव संहिता लागू नहीं की, हमने अधूरी आदर्श चुनाव संहिता लागू की है। पूरे प्रदेश में चुनाव हो रहे हैं, तो सरकार किसी भी विभाग से सम्बन्धित किसी प्रकार की घोषणा नहीं कर सकती। आप खुद सोचिए, व्यापार कर विभाग का बजट प्रस्तुत होगा, व्यापारियों को व्यापार-कर में छूट दी जा सकती है, उन चीजों के बारे में बताया जा सकता है कि हमने टैक्स कम कर दिए, क्या इसका असर नगर निगम के चुनाव में, नगर पालिका के चुनाव में या टाउन एरिया के चुनाव में नहीं पड़ेगा ? बहुत सारे विभागों के बजट प्रस्तुत होंगे, ग्रामीण योजनाएं प्रस्तुत होंगी, लोक निर्माण के पुल बनेंगे, क्या इनका असर आने वाले चुनावों पर नहीं पड़ेगा ? इसलिए जब तक यह चुनाव होता है, तब तक हमारे पास दो ही रास्ते हैं या तो इस बजट सत्र के लिए हम कोई रास्त निकालें, आज हम यहां बैठ चुके हैं, महामहिम के अभिभाषण पर चर्चा कर रहे हैं, हम कोई बीच का रास्ता निकालें, सदन को बीच में स्थगित किया जाए और चुनाव करा लिया जाए, हम दोनों इकट्ठा हो सकते हैं और जितने दिन आप सदन चलाना चाहें, हम सब सदन में सहभागी हो सकते हैं। अगर आपको लगता है कि बजट प्रस्तुत न होने से सरकार के ऊपर कोई संकट आने वाला है, तो आगामी दिनों के अंदर आप कोई छोटा सा लेखानुदान लाइये, एक-आध महीने के लिए वित्तीय व्यवस्था कर लीजिए या दूसरी व्यवस्था कर लीजिए, जो आप कर सकते हैं। जब विधान सभा का चुनाव हो रहा था तो एक त्यौहार बीच में पड़ गया, तो त्यौहार के नाते उस चुनाव को स्थगित किया गया। मैं इसकी प्रशंसा करता हूं। अगर देश का चुनाव आयोग चुनाव की अधिसूचना के बाद उस चुनाव को स्थगित कर सकता है तो

यह तो लोकतंत्र का सबसे बड़ा त्यौहार है। अधिसूचना के बाद यह चुनाव स्थगित किया जा सकता है। विधान सभा के सत्र के बाद यह चुनाव पूर्ण कराये जा सकते हैं। इसलिए मैं सरकार से आग्रह करूंगा कि इनमें से कोई एक रास्त इनको चुनना चाहिए।

श्री अध्यक्ष-

बस कीजिए, थोड़ा हुकुम सिंह जी के लिए छोड़िये।

श्री हुकुम सिंह-

माननीय अध्यक्ष जी, हमारे विद्वान सदस्य डा0 अग्रवाल ने जो तर्क दिये हैं उससे थोड़ा सा आगे बढ़ना चाहता हूं क्योंकि उनके सभी के बहुत सारगर्भित थे।

नगर विकास (श्री मोहम्मद आजम खाँ)-

और उनको पहले बुलवाइये।

* श्री हुकुम सिंह-

मैंने आपकी राय नहीं ली गलती कर दी।

(हँसी)

मान्यवर, किसी भी निष्पक्ष चुनाव के लिए समान अवसर सबसे महत्वपूर्ण है। यह चुनाव का दर्शन है कि जो हमारे सब प्रत्याशी है और जो हमारे सब दल हैं उनको समान अवसर मिलना चाहिए। कोई काम ऐसा नहीं होना चाहिए कि आज हम सत्ता में बैठे हुए हैं सत्ता में बैठकर हम प्रलोभन दे सकें, लालच दें सकें, और उसके बाद हम यह उम्मीद करें कि चुनाव निष्पक्ष हो जाएगा। मान्यवर, यह संभव नहीं है। इस हेतु एक आचार संहिता बनी जिसे मॉडल कोड आफ कन्डक्ट कहते हैं और मॉडल कोड आफ कन्डक्ट किसी एक व्यक्ति द्वारा नहीं बनाया गया है। जितने दल यहां पर बैठे हुए हैं और इससे भी अलग दल हैं राष्ट्रीय स्तर पर, सबकी सहमति से वह बना है। उस पर सबके हस्ताक्षर है। उसमें बहुजन समाज पार्टी भी है, बीजेपी भी है, कांग्रेस भी है, समाजवादी पार्टी भी है उस पर सबके हस्ताक्षर हैं। जब उस पर सबके हस्ताक्षर हैं तो उसमें जो अपेक्षा की गयी है तो उन अपेक्षाओं के अनुरूप हमें चलना होगा। अगर उसका उल्लंघन हो तो यह संदेश देता है कि हम उस दर्शन को छोड़ रहे हैं और हम प्रलोभन देकर चुनाव को प्रभावित करना चाहते हैं। मान्यवर, कोड आफ कन्डक्ट की दो पंक्ति मैं पढ़ना चाहता हूं। यह सरकार के लिए है-"शेल नाट एनाउंस ऐनी फाइनेंशियल ग्रान्ट इन ऐनी फार्म और प्रोमिस देयर आफ और नो फाउंडेशन स्टोन एक्सेट्रा और प्रोजेक्ट्स और स्कीम्स आफ ऐनी काइंड मेक ऐनी प्रामिस आफ कन्स्ट्रक्शन आफ रोड्स, प्रोविजन आफ ड्रिंकिंग वाटर फैसेलिटीज एक्सेट्रा। यह मान्यवर, कोड आफ कन्डक्ट है। इसमें अगर बजट आएगा बजट का भाषण भी होगा। हम उसमें घोषणा करेंगे कि अमुक वर्ग के लिए हम यह सुविधा करेंगे उस वर्ग को लगेगा कि हमारे लिए कुछ सुविधा दी जा रही है निश्चित रूप से चुनाव प्रभावित होंगे या नहीं होंगे। अगर हम निष्पक्ष चुनाव की बात करते हैं। तो अगर नहीं करते हैं तो कोई बात ही नहीं है।

मान्यवर, इसमें आगे भी कहा गया है, अपने आप ही निर्वाचन आयोग ने सवाल किया-"वेदर ए मिनिस्टर और ऐनी अदर अथारिटी केन अनाउंस ऐनी फाइनेन्शियल ग्रान्ट इन ऐनी फार्म विद प्रामिस देयर आफ और नो फाउन्डेशन स्टोन्स एक्सेट्रा प्रोजेक्ट्स और स्कीम्स आफ ऐनी काइंड एक्सेट्रा।"

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

इलेक्शन कमीशन ने कहा नो, "मिनिस्टर्स एनदर एथारिटी शेल नाट एनाउंस ऐनी फाइनेन्शियल ग्रान्ट्स इन ऐनी फार्म और प्रामिसेस देयर आफ नो फाउंडेशन स्टोन्स प्रोजेक्ट आफ स्कीम्स आफ ऐनी काइंड और मेक ऐनी प्रामिस आफ कन्स्ट्रक्शन रोड एक्सेट्रा।" तो यह पाबंदी है, यह पाबंदी किसी और ने नहीं लगायी यह पाबंदी हमने आपस में लगा रखी है। हमने सहमति देकर इलेक्शन कमीशन में कहा कि हम इससे सहमत हैं।

यहां पर बजट के बहाने दुनिया भर की हम घोषणायें करें, तो फिर चुनाव निष्पक्ष कहां से हो जायेंगे मान्यवर, नहीं होंगे न। मान्यवर, हम चाहते हैं कि एक ऐसी व्यवस्था हो जिससे सबको लगे कि नहीं बराबर का व्यवहार सबके साथ में हो रहा है, यह बराबर का व्यवहार तो सबके साथ नहीं हो रहा है। मान्यवर, एक बात कह कर मैं अपनी बात को खत्म करना चाहूंगा, मैं ज्यादा समय नहीं लेना चाहता आपका और माननीय सदन का भी। मान्यवर, एक स्थिति आप देखेंगे और मजबूरी भी है सरकार की मैं उसमें सरकार का दोष नहीं देना चाहता हूं, क्योंकि एक मिनट में पॉवर जेनरेशन हो नहीं जाने का, नई व्यवस्था हो नहीं जाने की, भारी किल्लत है, शिद्दत की गर्मी है पूरे प्रदेश में हाहाकार मच रहा है बिजली के लिए। ठीक है हमें सहयोग करना चाहिए क्योंकि जब यह तुरन्त व्यवस्था नहीं कर सकते तो नहीं कर सकते और व्यवस्था करनी थी आपको तो आप खरीद सकते थे, लेकिन मान्यवर, जो भेद-भाव आगे हो रहा है, कुछ क्षेत्रों में चौबीस घण्टे बिजली चमकेगी, कुछ क्षेत्रों के किसानों को 14 घण्टे बिजली मिलेगी और कुछ क्षेत्र के किसान दो-दो घण्टे के लिए तरसेंगे मान्यवर, तो क्या संदेश जायेगा, क्या यह बराबर का व्यवहार है सबके साथ में। जहां मेरी नगर पालिका है, मेरा टाउन एरिया है।

मान्यवर उसमें अंधकार छाया रहे और मेरी बराबर वाली म्युनिसपिलिटी में रोशनी छाई रहे, क्योंकि वह किसी मंत्री की म्युनिसपिलिटी है एक सत्ता पक्ष की म्युनिसपिलिटी है, तो क्या संदेश जायेगा मान्यवर, क्या मुझे यह कहने का अधिकार नहीं है कि चुनाव कराने हैं। तो समान व्यवहार होना चाहिए। मान्यवर, केवल एक मिसाल आपके सामने रखूंगा, आप शक्तिशाली हैं, आप सत्ता में हैं, आपके बहुत से लोगों ने डबल ग्रुप की स्वीकृति करा ली, वहां 12 घण्टे, 14 घण्टे बिजली चल रही है। संयोग से मैं विद्युत मंत्री रहा मान्यवर और 12 तारीख में शपथ हो गई हम लोगों की विधायक के रूप में, मेरी इच्छा थी कि मैं भी जाकर के शक्ति भवन को देख लूं, मैं चला गया, सी0एम0डी0 का कार्यालय मैंने देखा, चमचमाता हुआ कार्यालय था, लेकिन मेरे पूर्व से दो सज्जन वहां बैठे थे, शायद बैठे होंगे मेरे सामने आज भी वह, मुझे पता नहीं था, मैं जानता नहीं था, मेरा पूर्व परिचय नहीं था, बड़े सज्जन थे, बड़ा सम्मान दिया उन्होंने मुझे भी और जैसे ही सी0एम0डी0 से बात उनकी हुई और सी0एम0डी0 से कहा कि मेरे क्षेत्र में डबल ग्रुप कर दीजिए। उन्होंने कहा कि नहीं, तो उन्होंने कहा सर आप तो इतने सक्षम हैं और आपकी इतनी तारीफ। और आपकी इतनी प्रशंसा है। उन्होंने संयोग से कहा कि मा0 मंत्री जी आप मुझे बुला लेते, तो मुझे पता चला कि यह तो मंत्री हैं। मेरे ख्याल से सी0एम0डी0 को सर कहने की नौबत नहीं आई क्योंकि हर सन्टेन्स के बाद सर से शुरू होता था और जिस तरह से हमारे मंत्री जी कार्यालय में जाकर उनको सर जी कह रहे थे, हम लोगों का क्या होगा जो इधर बैठे हुए हैं। जब मंत्री लोग सरकारी दफ्तरों में जाकर के, सी0एम0डी0 के दफ्तर में जाकर के उसको सर-सर कहेंगे और डबल ग्रुप कराने के लिए, केवल बात इतनी थी, हमें तो सिंगल भी नहीं मिलना चाहिए फिर तो। श्रीमन् मुझे लाल बत्ती न दिखाएं मैं जानता हूं कि वह लाईट है, मुझे जानकारी है, लेकिन मैं आपसे अनुरोध यह करता हूं जो मैंने बात कही, आज मा0 मुख्यमंत्री जी यहां

पर बैठे हैं, माननीय आजम साहब यहां पर बैठे हुए हैं, आप सूची मंगा लें किन-किन मंत्रियों के क्षेत्रों में, किन-किन विधायकों के क्षेत्रों में डबल ग्रुप की स्वीकृति है और बाकी में क्यों नहीं है। अगर बाकी में नहीं है मान्यवर, तो संदेश क्या जायेगा इस बात का, मान्यवर क्या आपकी इतनी ताकत है, इतनी शक्ति है, कल सदन है पूरी सूची आ जाए और चुनाव होने वाला है अगर तो समाप्त कर दीजिए कोई भेद-भाव नहीं, जितनी बिजली मिलेगी सबको मिलेगी, ज्यादा, कम की बात नहीं होगी। तब तो देखेंगे आप निष्पक्ष चुनाव करा रहे हैं। मान्यवर, नहीं तो नहीं।

श्री अध्यक्ष-

अब आप समाप्त करें।

श्री हुकुम सिंह-

बजट भाषण में आप सड़क की घोषणा करेंगे, किसी को 30 हजार देने की बात करेंगे इत्यादि करिये आप, लेकिन जो बात मैंने कही है, अगर इस प्रकार का भेद-भाव कर के आप चुनाव करायेंगे तो वह समान व्यवहार वाला फार्मूला कहां चला गया। मान्यवर, मेरा अनुरोध है कल तक सूची मंगायें और समान व्यवहार वाली बात लागू करें कि जितनी बिजली मिलेगी सब गांवों को बराबर मिलेगी, सब क्षेत्रों को बराबर मिलेगी, सब नगरों को बराबर मिलेगी। मान्यवर, सरकार भी समाजवादी है, समता वाली बात होनी चाहिए, समान व्यवहार वाली बात होनी चाहिए।

श्री अध्यक्ष-

अब आप समाप्त करें। आपकी जो सूचना आई है, उस सूचना से परे आप बोल रहे हैं।

श्री प्रमोद तिवारी-

मान्यवर, यह बात जो माननीय हुकुम सिंह जी ने उठाई है, यह सबके महत्व की है, सदन के महत्व की है, मैं सिर्फ एक आग्रह करूंगा मान्यवर, इस पर नहीं जाता मैं कि उस समय विधान सभा चल सकती है या लोक सभा चल सकती है, बजट पारित कर सकती है कि नहीं कर सकती है। मैं इस पर नहीं जाता, इस पर परम श्रद्धेय, परम विद्वान आदरणीय केशरी नाथ त्रिपाठी की रूलिंग भी है।

श्री अध्यक्ष-

हां, हां है, मैं अभी पढ़ के सुनाता हूं।

श्री प्रमोद तिवारी-

मैं उस पर नहीं जाता लेकिन मैं इस पर जरूर जाता हूं। मान्यवर कि जब चुनाव चल रहे हों, अगर सभी दलों की यह राय हो कि बीच में उनको अवसर मिलना चाहिए चुनाव में शामिल होने के लिए। तो कार्य मंत्रणा समिति की बैठक आज ही हो रही है। मान्यवर। उसमें सबको बुला लें, सारे नेताओं की बात हो जाए, और एक अवसर हर प्रत्याशी को खास तौर से जिसे सिम्बल पर लड़ा रहे हैं। मान्यवर, उनके लिए आवश्यक हो जाता है कि वे वहां उपस्थित रहें और विधायक अगर आज उपस्थित नहीं रहेंगे उनके चुनाव में तो जब विधायक का चुनाव आएगा तो वो भी अनुपस्थित हो जाएंगे मान्यवर जब वो चुनाव लड़ रहे होंगे कि ये राजनैतिक मजबूरियां भी हैं हम लोगों की। कृपया इस पर विचार-विमर्श कर लें। नेता सदन, मुख्यमंत्री जी और सभी दलों के नेता बैठ लें।

(एक सदस्य के बीच में खड़े होकर बोलने का प्रयास करने पर)

श्री अध्यक्ष-

आपका नाम इसमें नहीं है, आप बैठ जाएं।

श्री प्रमोद तिवारी-

कृपया बैठ लें और मेरी राय में थोड़ा समय चुनाव के प्रचार के लिए लोगों को मिलना चाहिए।

(उन्हीं सदस्य के पुनः बीच में खड़े होकर बोलने का प्रयास करने पर)

श्री अध्यक्ष-

आप बैठिए, आप बैठिए। आपका इसमें नाम ही नहीं है तो आप क्यों बोल रहे हैं। आप मा0 सदस्य हैं आप अपने मेम्बर को तो समझाइए। बैठिए, इसमें आपका नाम ही नहीं है। ये नियम-300 का है और जिसका इसमें नाम होता है वही बोलता है, बैठिए। मा0 तिवारी जी, कार्य मंत्रणा समिति की बैठक हो रही है और जो प्रश्न आपने रखा है, उसमें आप इस बिन्दु को रखेंगे और विचार हो जाएगा। मा0 संसदीय कार्य मंत्री जी आप बोलेंगे।

श्री मोहम्मद आज़म खाँ-

मा0 अध्यक्ष जी, डा0 साहब ने रखा बड़े सलीके से मुकदमा रखा।

(श्री हुकुम सिंह के कुछ बोलने पर)

श्री मोहम्मद आज़म खाँ-

नहीं, डॉ0 साहब तो आज बर्दाश्त ही नहीं है आपको।

(सदन में हँसी)

कुआं तो आपने ही खोदा था पहले उन्हें बोलने के लिए कहा। डा0 साहब ने बहुत ही समझदारी से पार्लियामेण्ट की फंक्शनिंग तक अपने सवाल का निहित रखा और हुकुम सिंह जी के बोलने के बाद तिवारी जी ने, जो हमारे दोनों सज्जन बोले थे उसे अच्छी तरीके से वाइण्ड-अप कर दिया और याद दिला दी उस ज़माने की जब मा0 केशरी नाथ त्रिपाठी जी आपके स्थान पर बैठते थे और कभी उन्हीं के दल के सदस्य भी थे, वहीं से चल कर यहां तक आए थे। पांच पेज की रूलिंग उन्हीं की थी और वो सारे सदन को मान्य थी। आज भी मान्य है। दोनों चीजें बिल्कुल अलग हैं। महामहिम का अभिभाषण संविधान के अनुच्छेद-176 से और जिस पर एतराज है आचार संहिता के लागू होने का और ये चुनाव न कराने का स्थानीय निकाय का। ये मात्र एक अधिनियम के तहत है। दोनों में बहुत बुनियादी फर्क है यानी एक से दूसरे का कोई लेना-देना है ही नहीं, और जहां तक आचार संहिता के उल्लंघन का प्रश्न होगा, उसके लिए आपको पूरा अधिकार है। अगर कहीं आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा है तो आपके पास शिकायत करने के प्लेटफार्म्स मौजूद हैं, आप वहां शिकायत कर सकते हैं। दोनों सूरतें अपनी जगह अटल है। एक तरफ सुप्रीम कोर्ट का आदेश है सर्वोच्च न्यायालय का। चुनाव की तिथि को बिल्कुल उन्होंने कहा है कि 31 तक घोषणा कर दीजिए, इससे एक दिन आगे नहीं बढ़ सकते। वह संवैधानिक संकट पैदा हो जाता। यह अलग बात कि पिछली सरकार ने इस चुनाव को इतना टाला, इतना टाला कि यह सरकार 31 तारीख से एक कदम आगे नहीं बढ़ सकती। हमने संविधान का पालन किया, हमने सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का पालन किया और उनकी दी हुई तिथि से तकरीबन एक सप्ताह पहले मौजूदा सरकार ने चुनाव कराने की अपनी

सहमति दे दी और ये तारीखें हमारी तरफ से नहीं चुनाव आयोग की तरफ से आई हैं। जैसा कि आप सब जानते हैं कि बजट सत्र बुलाना ये भी जरूरी थी और ये अपनी मजबूरी थी। लिहाजा दोनों शक्लें अपनी-अपनी जगह अटल हैं और ये यकीनदेहानी आपको कराई जा सकती है सदन के माध्यम से और चूंकि हम सभी यहां बैठे होंगे, नुकसान सबका है, फायदा सबका है।

"न मेरा है न तेरा है, ये हिन्दोस्तान सबका है

और नहीं समझी गई ये बात तो नुकसान सबका है।"

श्रीमन्, क्योंकि आपकी पीठ से ही रूलिंग हुई है, इस संवैधानिक प्रक्रिया से उसका लेना-देना नहीं है। श्रीमन्, इस बात के लिये आश्वस्त किया जाता है कि कोई उल्लंघन नहीं होगा आचार संहिता का।

मान्यवर, जिन चीजों की घोषणा पहले से ही कर चुके हैं अगर उन पर कोई मा0 सदस्य बाहर जाकर कुछ कहते हैं तो वह उसी चीज को दुहराते हैं। अब जैसे बेरोजगारी भत्ता देने की बात है तो यह घोषणा पहले की है। किसानों के कर्ज माफी की घोषणा पहले ही की जा चुकी है। मान्यवर, अब जैसे पैरों से रिक्शा चलाने वाले हैं, अब कुदरत ने तो उन्हें इंसान के रूप में पैदा किया है लेकिन वह काम जानवरों जैसा करते हैं तो उनको बैट्री या सोलर से सुविधा पहुंचाने की जो बात है उसकी घोषणा पहले ही की जा चुकी है। मान्यवर, मुस्लिम बच्चियों को 30 हजार रु0 का अनुदान शादी या पढ़ाई के लिये देने की जो बात है उसकी घोषणा पहले ही की जा चुकी है। मान्यवर, इसी तरह से, युवक युवतियों को लैपटॉप और टेबलेट देने की जो बात है उसकी घोषणा पहले की ही हैं। मान्यवर, इस तरीके की जितनी घोषणायें हैं और जो पहले की ही हैं वह समाज के दबे हुये वर्गों के उत्थान के लिये हैं। किसानों के लिये घोषणा हैं। यह सब पहले ही की घोषणायें हैं इनको कहने मात्र से कोई आचार संहिता का उल्लंघन नहीं होता है। मान्यवर, मुझसे ज्यादा आप दोनों सम्मानित मा0 सदस्यगण ज्यादा जानकार हैं इन सब चीजों के। अब यह बहस-बराय-बहस की बात अलग है।

श्री प्रमोद तिवारी-

श्रीमन्, लेकिन प्रचार के लिये टाईम तो मिलना ही चाहिये।

श्री मोहम्मद आजम खां-

मान्यवर, प्रमोद तिवारी जी पहली बात भी सही है और दूसरी बात भी सही है। आप बजाय उधर दाद देने के इधर के लोगों को दें। मान्यवर, आप सब लोग बैठ जायेंगे उसके बाद इस पर विचार हो जायेगा।

श्री हुकुम सिंह-

मान्यवर, समान व्यवहार की बात कही, समान अवसर की बात कही है। मान्यवर, भेदभाव अभी भी चल रहा है। आखिर यह चुनाव का समय है चुनाव के समय तो भेदभाव समाप्त होना चाहिये। दो नगर बराबर-बराबर में बसे हुये हैं एक तो रात में चमचमा रहा है और दूसरे में अंधकार व्याप्त हो रहा है। कहीं डबल ग्रुप में बत्ती दी जा रही है 24 घंटे विद्युत् की आपूर्ति हो रही है तो कहीं पर लगातार कटौती बनी हुई है। मान्यवर, आपके माध्यम से सरकार से भी अनुरोध है कि इस भेदभाव को आप खत्म कीजिये। माननीय अध्यक्ष जी आप में भी शक्तियां हैं सरकार को निर्देश देने की

इस बारे में। अब आप यू0 पी0 को बांटने की बात करेंगे इस तरह से, कहीं खैरात देकर बांटते रहेंगे हम लोगों को इस तरह से। इस पर आप विचार करेंगे। यह केवल मेरी ही नहीं यहां पर बैठे हुये सभी सदस्यों की भावनायें हैं। इसका समावेश हर जगहों के लिये होना चाहिये।

श्री मोहम्मद आजम खां-

मान्यवर, इस पर कोई एतराज नहीं है इस पर विचार हो जायेगा।

श्री अध्यक्ष-

ठीक है, हुकुम सिंह जी आपकी बात हो गयी, आश्वासन आ गया है।

आज माननीय हुकुम सिंह जी ने माननीय डा0 राधामोहन दास अग्रवाल जी ने बड़ी गंभीरता से सदन के जो अधिकार हैं, जो सदन का बजट पारित करने का अधिकार है, उस पर बड़ी लम्बी चर्चायें कीं। सरकार का भी पक्ष आया है। आचार संहिता की बात कहकर हम लोगों को सदन के अधिकारों को कम करने की बात कदाचित् नहीं करनी चाहिये।

आप यह जान लें कि बजट जो है, बजट की घोषणायें जो हैं, वह सदन का विशेषाधिकार है। यह सदन का विशेषाधिकार आपका विशेषाधिकार है कि हम बजट रखेंगे, उसे पारित करेंगे। इस विशेषाधिकार को अगर हम कम करने की बात करेंगे तो सदन के विशेषाधिकारों का कोई मूल्य नहीं रह जायेगा। इसलिये मेरा आप सबसे आग्रह है कि जो संविधान है, उसमें हमें आजादी दी हुई है, उसमें हमें सदन के अन्दर कार्य करने की स्वतंत्रता दी हुई है। यह जो हमारा राज्य निर्वाचन आयोग है यह सदन की प्रक्रिया से ही गठित है और उसके द्वारा प्रदत्त जो एक सूची है, उस सूची के द्वारा ही यह राज्य निर्वाचन आयोग बना है। यह संस्था उस तरह से नहीं है जैसी कि केन्द्रीय निर्वाचन आयोग में व्यवस्था है। निकाय चुनाव आचार संहिता एक अधिनियम के प्रावधान संविधान को प्रतिबन्धित या बाधित नहीं कर सकते हैं। संविधान के प्रावधान अधिनियम के ऊपर हैं।

इस तरह के प्रश्न पर पहले भी सदन में चर्चा हो चुकी है। माननीय गौरी शंकर जी ने इस प्रश्न को यहां पर उठाया था और उस पर पूर्व माननीय अध्यक्ष श्री केशरी नाथ त्रिपाठी जी की एक रूलिंग हुई थी उससे सम्बन्धित एक किताब हमारे पास है। उसमें इस पर सबसे अच्छी रूलिंग माननीय केशरी नाथ त्रिपाठी जी ने दी है। उसमें लम्बी चर्चा यहां पर हुई थी। अगर आप कहें तो इसे हम यहां पर पढ़ देते हैं। मैंने इस किताब को पढ़ा है। आप कहें तो मैं आपके पास इसे भेज देता हूं। इसमें सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों का भी उल्लेख आया है। अगर हम इस पूरी रूलिंग को यहां पर पढ़ेंगे तो वह बहुत लम्बा हो जायेगा। इस पर सबसे अच्छी व्यवस्था माननीय केशरी नाथ त्रिपाठी जी ने दी हुई है और वह एक तरह से सभी राज्य विधान सभाओं में स्वीकार कर ली गयी हैं। इस प्रश्न पर यहां पर पूरी बहस हुई है। मैं इसको आपके पास भेज देता हूं आप पढ़ लेंगे। उसमें माननीय पूर्व अध्यक्ष जी ने इस पर पूरी बहस को सुनकर अपना विनिश्चय सुनाया है और उस सूचना को अग्राह्य कर दिया है। आप भी उस समय मंत्री के रूप में रहे होंगे। यह जो स्थानीय नगर निकायों के चुनाव हैं यह अधिनियम के अन्तर्गत व्यवस्थित हैं, इसमें जो आचार संहिता की बात है, उससे सदन के बजट पारण की प्रक्रिया को प्रतिबन्धित नहीं किया जा सकता है। अगर इसमें बजट की घोषणायें जनहित में की जाती हैं तो आचार संहिता के अन्तर्गत उन घोषणाओं को करने क लिये प्रतिबन्धित नहीं किया जा सकता है। बजट में जो घोषणायें आयेंगी वह पूर्व में ही की भी जा चुकी हैं। उससे आप सब अवगत हैं।

इसलिये माननीय हुकुम सिंह जी और डा0 राधामोहन दास अग्रवाल जी जो बात कह रहे हैं इस सूचना को उठाकर यहां पर, उसके सम्बन्ध में इस पुस्तक में पूर्व से ही एक अच्छी रूलिंग मौजूद हैं आप उसे पढ़ लेंगे। आप कहें तो मैं इसे पूरा पढ़ दूं यह पांच-छह पन्ने की है।

श्री हुकुम सिंह-

श्रीमन्, यह किताब तो विधान सभा पुस्तकालय में उपलब्ध है ही।

श्री अध्यक्ष-

यह दिनांक 29 जनवरी, 1998 की रूलिंग है अध्यक्ष पीठ की। यह बहुत लम्बी है और इसके द्वारा माननीय गौरी शंकर जी की नियम 300 की सूचना को अग्राह्य किया गया है। अब आप लोग जानते हैं कि माननीय केशरी नाथ त्रिपाठी जी इस सदन के एक विद्वान माननीय अध्यक्ष रहे हैं, विद्वान माननीय सदस्यों में से रहे हैं। उनको सांविधानिक विषयों पर अच्छी जानकारी है। सदन में ऐसे बहुत कम लोग होंगे। यह मैं आपके पास पूरी रूलिंग उनकी भेज रहा हूं। मैं आज भी इस पर नियम 300 के अन्तर्गत दी गयी सूचना को अग्राह्य करता हूं।

श्री हुकुम सिंह-

मान्यवर, व्यवहार समान होना चाहिये हम सभी की यही भावना है सरकार से।

श्री अध्यक्ष-

देखिये वह सब बातें यहां पर आ गयी हैं। अब हम अगली मद को लेते हैं।

उत्तर प्रदेश विधान सभा की वर्ष 2012-2013 की लोक लेखा समिति, प्राक्कलन समिति, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति, सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति तथा प्रदेश के स्थानीय निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच सम्बन्धी समिति और मंत्रियों को परामर्श देने वाली 30 स्थायी समितियों के निर्वाचन हेतु कार्यक्रम की सूचना

श्री अध्यक्ष-

उत्तर प्रदेश विधन सभा की वर्ष 2012-2013 की ''लोक लेखा समिति'', ''प्राक्कलन समिति'', ''अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति'', ''सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति'' तथा ''प्रदेश के स्थानीय निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच सम्बन्धी समिति'' और मंत्रियों को परामर्श देने वाली 30 स्थायी समितियों के निर्वाचन हेतु निम्नलिखित कार्यक्रम निर्धारित किया गया है-

1-नाम-निर्देशन करने की अन्तिम तिथि तथा समय	मंगलवार, 05 जून, 2012 को अपराह्न 4.00 बजे तक।
2-नाम-निर्देशन-पत्रों की संवीक्षा की तिथि तथा समय	शुक्रवार, 08 जून, 2012 को अपराह्न 3.00 बजे (प्रमुख सचिव, विधान सभा के कार्यालय-कक्ष में)।
3-नामों की वापसी की तिथि तथा समय	सोमवार, 11 जून, 2012 को समय अपराह्न 4.00 बजे तक।

4-निर्वाचन, यदि आवश्यक हुआ तो, मतदान

(क) लोक लेखा समिति, प्राक्कलन समिति, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति, सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति तथा प्रदेश के स्थानीय निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच सम्बन्धी समिति के लिये — सोमवार, 18 जून, 2012।

(ख) मंत्रियों को परामर्श देने वाली 30 स्थायी समितियों के लिये

विधान भवन, लखनऊ स्थिति समिति कक्ष संख्या 44-ख में पूर्वाह्न 10.30 बजे से 4.00 बजे तक होगा।

उक्त निर्वाचन आनुपातिक प्रतिनिधित्व के सिद्धान्तानुसार एकल संक्रमणीय मत प्रणाली द्वारा सम्पन्न किया जायेगा।

उक्त निर्वाचनों सम्बन्धी नाम-निर्देशन-पत्र पटल कार्यालय से कार्यालय समय के भीतर प्राप्त किये जा सकते हैं।

उत्तर प्रदेश विधान सभा की वर्ष 2012-2013 की लोक लेखा समिति, प्राक्कलन समिति, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति तथा सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति, प्रदेश के स्थानीय निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच सम्बन्धी समिति और मंत्रियों को परामर्श देने वाली 30 स्थायी समितियों में सदस्यता के लिये विधान सभा सदस्यों को नाम निर्देशित करने हेतु श्री अध्यक्ष को प्राधिकृत किये जाने का प्रस्ताव

संसदीय कार्य मंत्री (मोहम्मद आजम खां)-

मान्यवर, यह सदन उत्तर प्रदेश विधान सभा की वर्ष 2012-2013 की ''लोक लेखा समिति'', ''प्राक्कलन समिति'', ''अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति'', ''सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति'' तथा ''प्रदेश के स्थानीय निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच सम्बन्धी समिति'' और ''मंत्रियों को परामर्श देने वाली 30 स्थायी समितियों'' में सदस्यता के लिये सम्बन्धित नियमों के उपबन्धों को उस सीमा तक निलम्बित करते हुये, जहां तक वे उक्त समितियों की निर्वाचन प्रक्रिया से सम्बन्धित है, श्री अध्यक्ष को उक्त सभी समितियों में वर्ष 2012-2013 के लिये अपेक्षित संख्या में विधान सभा के सदस्यों को नाम निर्देशित करने हेतु इस अनुरोध के साथ प्राधिकृत करता है कि वे कृपया उक्त समितियों में नाम-निर्देशन कर दें तथा उसके बाद उक्त वर्ष में उपर्युक्त समितियों में आकस्मिक रिक्तियों की, यदि कोई हो, पूर्ति के लिये यथासमय सदस्यों को नाम-निर्देशित करने के लिये भी श्री अध्यक्ष को प्राधिकृत करता है और यह निश्चय करता है कि इस प्रकार नाम-निर्देशित सदस्य उक्त समितियों में सम्बन्धित नियमों की अपेक्षानुसार विधिवत् निर्वाचित समझे जायेंगे।

श्री अध्यक्ष-

प्रश्न यह है कि, यह सदन उत्तर प्रदेश विधान सभा की वर्ष 2012-2013 की ''लोक लेखा समिति'', ''प्राक्कलन समिति'', ''अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों

सम्बन्धी संयुक्त समिति'', ''सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति तथा ''प्रदेश के स्थानीय निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच सम्बन्धी समिति'' और ''मंत्रियों को परामर्श देने वाली 30 स्थायी समितियों'' में सदस्यता के लिये सम्बन्धित नियमों के उपबन्धों को उस सीमा तक निलम्बित करते हुये, जहां तक वे उक्त समितियों की निर्वाचन प्रक्रिया से सम्बन्धित है, श्री अध्यक्ष को उक्त सभी समितियों में वर्ष 2012-2013 के लिये अपेक्षित संख्या में विधान सभा के सदस्यों को नाम निर्देशित करने हेतु इस अनुरोध के साथ प्राधिकृत करता है कि वे कृपया उक्त समितियों में नाम-निर्देशन कर दें तथा उसके बाद उक्त वर्ष में उपर्युक्त समितियों में आकस्मिक रिक्तियों की, यदि कोई हो, पूर्ति के लिये यथासमय सदस्यों को नाम-निर्देशित करने के लिये भी श्री अध्यक्ष को प्राधिकृत करता है और यह निश्चय करता है कि इस प्रकार नाम-निर्देशित सदस्य उक्त समितियों में सम्बन्धित नियमों की अपेक्षानुसार विधिवत् निर्वाचित समझे जायेंगे ?

(प्रश्न उपस्थित किया गया और सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ।)

आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, फैजाबाद की प्रबन्ध परिषद् में कार्य करने हेतु विधान सभा के दो सदस्यों के निर्वाचन का प्रस्ताव

कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान एवं धर्मार्थ कार्य मंत्री (कुंवर आनन्द सिंह)-

मान्यवर, मैं प्रस्ताव करता हूं कि यह सदन जिस प्रकार तथा जिस तिथि को अध्यक्ष महोदय आदेश दें, आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, फैजाबाद की प्रबन्ध परिषद् में कार्य करने हेतु उत्तर प्रदेश कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय अधिनियम, 1958 की धारा 10 की उपधारा (1) के खण्ड (छ) के अनुसार विधान सभा के 02 सदस्यों का निर्वाचन करें।

श्री अध्यक्ष-

प्रश्न यह है कि यह सदन जिस प्रकार तथा जिस तिथि को अध्यक्ष महोदय आदेश दें, आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, फैजाबाद की प्रबन्ध परिषद् में कार्य करने हेतु उत्तर प्रदेश कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय अधिनियम, 1958 की धारा 10 की उपधारा (1) के खण्ड (छ) के अनुसार विधान सभा के 02 सदस्यों का निर्वाचन करें ?

(प्रश्न उपस्थित किया गया और सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ।)

सरदार बल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ की प्रबन्ध परिषद् में कार्य करने हेतु विधान सभा के दो सदस्यों के निर्वाचन का प्रस्ताव

कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान एवं धर्मार्थ कार्य मंत्री (कुंवर आनन्द सिंह)-

मान्यवर, मैं प्रस्ताव करता हूं कि यह सदन जिस प्रकार तथा जिस तिथि को अध्यक्ष महोदय आदेश दें, सरदार बल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ की प्रबन्ध परिषद् में कार्य करने हेतु उत्तर प्रदेश कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय अधिनियम, 1958 की धारा 10 की उपधारा (1) के खण्ड (छ) के अनुसार विधान सभा के 02 सदस्यों का निर्वाचन करें।

श्री अध्यक्ष-

प्रश्न यह है कि यह सदन जिस प्रकार तथा जिस तिथि को अध्यक्ष महोदय आदेश दें, सरदार बल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, फैजाबाद की प्रबन्ध परिषद् में कार्य करने हेतु उत्तर प्रदेश कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय अधिनियम, 1958 की धारा 10 की उपधारा (1) के खण्ड (छ) के अनुसार विधान सभा के 02 सदस्यों का निर्वाचन करें ?

(प्रश्न उपस्थित किया गया और सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ।)

मान्यवर, श्री कांशीराम जी कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बांदा की प्रबन्ध परिषद् में कार्य करने हेतु विधान सभा के दो सदस्यों के निर्वाचन का प्रस्ताव

कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान एवं धर्मार्थ कार्य मंत्री (कुंवर आनन्द सिंह)-

मान्यवर, मैं प्रस्ताव करता हूं कि यह सदन जिस प्रकार तथा जिस तिथि को अध्यक्ष महोदय आदेश दें, मान्यवर श्री कांशीराम जी कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बांदा की प्रबन्ध परिषद् में कार्य करने हेतु उत्तर प्रदेश कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय अधिनियम, 1958 की धारा 10 की उपधारा (1) के खण्ड (छ) के अनुसार विधान सभा के 02 सदस्यों का निर्वाचन करें।

श्री अध्यक्ष-

प्रश्न यह है कि यह सदन जिस प्रकार तथा जिस तिथि को अध्यक्ष महोदय आदेश दें, मान्यवर श्री कांशीराम जी कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बांदा की प्रबन्ध परिषद् में कार्य करने हेतु उत्तर प्रदेश कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय अधिनियम, 1958 की धारा 10 की उपधारा (1) के खण्ड (छ) के अनुसार विधान सभा के 02 सदस्यों का निर्वाचन करें ?

(प्रश्न उपस्थित किया गया और सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ।)

आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, फैजाबाद, सरदार बल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ, मान्यवर श्री कांशीराम जी कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बांदा में सदस्य के रूप में कार्य करने के लिये विधान सभा के दो-दो सदस्यों का निर्वाचन के प्रस्ताव पर मा0 अध्यक्ष विधान सभा को सदस्यों का नाम निर्देशित करने हेतु श्री अध्यक्ष को प्राधिकृत किये जाने का प्रस्ताव

नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)-

मान्यवर, उत्तर प्रदेश विधान सभा में दिनांक 29 मई, 2012 को निम्नलिखित प्रस्ताव प्रस्तुत करता हूं-

यह सदन आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, फैजाबाद, सरदार बल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ एवं मान्यवर श्री कांशीराम जी कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बांदा में सदस्य के रूप में कार्य करने के लिये विधान सभा के दो-दो सदस्यों का निर्वाचन कराये जाने का प्रस्ताव, जो इस माननीय सदन में दिनांक 29 मई, 2012 को स्वीकृत हुआ है, के सम्बन्ध में यह सदन सम्बन्धित नियमों के उपबन्धों को उस सीमा तक निलम्बित करते हुये जहां तक वे निर्वाचन प्रक्रिया से सम्बन्धित है, उक्त आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, फैजाबाद, सरदार बल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ एवं मान्यवर श्री कांशीराम जी कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बांदा में सदस्य के रूप में कार्य करने के लिये विधान सभा के दो-दो सदस्यों का निर्वाचन कराने के स्थान पर माननीय अध्यक्ष, विधान सभा को, विधान सभा के सदस्यों का नाम-निर्देशन करने के लिये प्राधिकृत करता है और यह निश्चय करता है कि इस प्रकार नाम-निर्देशित सदस्य उक्त आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, फैजाबाद, सरदार बल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ एवं मान्यवर श्री कांशीराम जी कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बांदा में सम्बन्धित नियमों की अपेक्षानुसार विधिवत् निर्वाचित समझे जायेंगे।

श्री अध्यक्ष-

प्रश्न यह है कि यह सदन आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, फैजाबाद, सरदार बल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ एवं मान्यवर श्री कांशीराम जी कृषि

एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बांदा में सदस्य के रूप में कार्य करने के लिये विधान सभा के दो-दो सदस्यों का निर्वाचन कराये जाने का प्रस्ताव, जो इस माननीय सदन में दिनांक 29 मई, 2012 को स्वीकृत हुआ है, के सम्बन्ध में यह सदन सम्बन्धित नियमों के उपबन्धों को उस सीमा तक निलम्बित करते हुये जहां तक वे निर्वाचन प्रक्रिया से सम्बन्धित है, उक्त आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, फैजाबाद, सरदार बल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ एवं मान्यवर श्री कांशीराम जी कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बांदा में सदस्य के रूप में कार्य करने के लिये विधान सभा के दो-दो सदस्यों का निर्वाचन कराने के स्थान पर माननीय अध्यक्ष, विधान सभा को, विधान सभा के सदस्यों का नाम-निर्देशन कने के लिये प्राधिकृत करता है और यह निश्चय करता है कि इस प्रकार नाम-निर्देशित सदस्य उक्त आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, फैजाबाद, सरदार बल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ एवं मान्यवर श्री कांशीराम जी कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बांदा में सम्बन्धित नियमों की अपेक्षानुसार विधिवत् निर्वाचित समझे जायेंगे ?

(प्रश्न उपस्थित किया गया और सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ।)

श्री राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद का प्रस्ताव

श्री योगेश प्रताप सिंह योगेश भइया-

मान्यवर, आपकी अनुज्ञा से निम्नलिखित प्रस्ताव प्रस्तुत करता हूं-

''यह सदन श्री राज्यपाल के अभिभाषण के लिये जो उन्होंने राज्य विधान मण्डल के एक साथ समवेत् दोनों सदनों के समक्ष दिनांक 28 मई, 2012 को दिया है, कृतज्ञतापूर्वक धन्यवाद प्रकट करता है।''

मान्यवर, मैंने महामहिम श्री राज्यपाल के अभिभाषण का आदरपूर्वक और ध्यान से अध्ययन किया है। महामहिम श्री राज्यपाल का अभिभाषण सारगर्भित, उत्साहवर्धक और प्रेरणादायी है। मैं महामहिम के प्रति आभार व्यक्त करता हूं और उसके साथ ही साथ इस प्रदेश की जनता के प्रति भी आभार व्यक्त करना चाहता हूं जिसने कि प्रदेश में क्रान्तिकारी परिवर्तन करके जनभावनाओं, जनतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करते हुये प्रदेश में एक नये व्यवस्था परिवर्तन की लड़ाई सफलतापूर्वक जीती है। समय ने उन्हें कभी माफ नहीं किया है जिन्होंने दुखियों के अस्कों से दिल्लगी की है। मान्यवर, प्रदेश की जनता पिछले कुशासन में भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी और जनतांतित्रक मूल्यों की समाप्ति से पूरी तरह त्रस्त थी, मानवता कराह रही थी प्रदेश के विकास की गति ठप हो गयी थी, प्रदेश में विकास की योजनायें मृतप्राय हो गयी थीं सरकार केवल मूर्ति स्मारकों और पत्थरों में उलझकर रह गयी थी जिससे प्रदेश में गरीबी बढ़ती गयी। इन सारी चीजों के प्रति जनता ने जनादेश देकर व्यवस्था परिवर्तन करके एक नई व्यवस्था को लागू करने का निर्णय दिया है, जिसके लिये मैं जनता का धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। 'तब्दीलियां इतनी हुई इंकलाब से, कुछ नाम हट गये हैं पुरानी किताब से'। मान्यवर, महामहिम राज्यपाल जी के अभिभाषण में सरकार के भावी कार्यक्रमों की संक्षिप्त रूप रेखा होती है। हमारे बहुत से माननीय सदस्य महामहिम के अभिभाषण में पूर्णता का दर्शन करना चाहेंगे। मैं उनसे निवेदन करना चाहूंगा कि अभी केवल दस सप्ताह हुये हैं। इस सरकार के दस सप्ताह में हमारे पूरे भावी कार्यक्रमों, जिनको हमारी सरकार करना चाहती है, उनको सांकेतिक रूप से दर्शाया गया है। मैं यह भी कहना चाहता हूं कि यह जनता की सरकार जनता के द्वारा बनी है और जनता के लिये कार्य करेगी। ये

जनहितकारी एवं जनकल्याणकारी सरकार होगी। किसी को इसमें संदेह, सोच या प्रश्नचिन्ह लगाने की आवश्यकता मैं समझता हूं, नहीं पड़ेगी। आज हमारी सरकार का नेतृत्व युवा मुख्यमंत्री माननीय श्री अखिलेश यादव द्वारा किया जा रहा है, इनका उत्साह, ऊर्जा, संघर्ष की क्षमता एवं शालीनता अद्भुत है। कर्मवीर के आगे हर पत्थर बनता है दीवारें दिशा बताती हैं मानव जब आगे बढ़ता है।

मान्यवर, महामहिम राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में सरकार की प्राथमिकताओं की ओर इंगित किया है कि हमारी प्राथमिकताएं क्या होंगी। हमारे मानवीय मूल्यों में जो पुरानी व्यवस्था के चलते गिरावट आयी है, उसमें नयापन पैदा किया जाये और उनका उन्नयन किया जाये, यह हमारा संकल्प है। चुनावी घोषणा-पत्र जिसके आधार पर हमें जनादेश प्राप्त हुआ है, हमारी सरकार की बेरोजगार युवाओं को 1000 रुपये प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता, कक्षा 10 व 12वीं पास छात्र/छात्राओं को लैपटाप/टैबलेट दिये जाने की योजना है, जिससे हमारी नई पीढ़ी, जिसके बदलते हुये, सूचना प्रौद्योगिक परिदृश्य में अपने को कदम-ब-कदम खड़ा हुआ पायेगी। स्त्री शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये पिछली समाजवादी सरकार द्वारा लागू कन्या विद्या धन योजना, जो कि बसपा सरकार द्वारा बन्द कर दी गयी थी, पुनः प्रारम्भ की जायेगी। पिछली सरकार में जनता अपनी बात शासन तक नहीं पहुंचा पाती थी, इसके लिये माननीय मुख्यमंत्री जी स्वयं जनता दर्शन करके जन समस्याओं से सीधे रूबरू हो रहे हैं। हमारी प्राथमिकतायें होंगी, गांव का विकास, प्रत्येक गांव को सड़क से जोड़ना, शिक्षा की समुचित व्यवस्था करना, स्वास्थ्य सुविधाओं को उपलब्ध कराना तथा किसानों को कृषि से सम्बन्धित सुविधायें प्रदान करना। हम चाहेंगे कि जो भी योजनायें बनें उनका सही ढंग से क्रियान्वयन हो और जनता तक उसका सीधा लाभ पहुंचे। हमारी सरकार किसानों को समय से खाद एवं बीज उपलब्ध करायेगी तथा उत्पादकता बढ़ाने के लिये उन्नत बीज एवं सही खाद व गुणवत्तायुक्त कीटनाशक उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता होगी तथा कृषकों की फसलों की रक्षा की भी हमारी योजना है। गन्ना किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य दिलाने तथा भुगतान अतिशीघ्र कराने हेतु सरकार कृतसंलल्प है। प्रदेश में पशुधन के संवधन के लिये और पशु चिकित्सालयों की स्थापना की जायेगी।

मान्यवर, बुन्देलखण्ड जो कि भौगोलिक कारणों से पिछड़ा हुआ है फिर भी पिछली सरकार द्वारा बुन्देलखंड पैकेज का समुचित उपयोग नहीं किया गया है, वर्तमान सरकार बुन्देलखंड का सर्वांगीण विकास करेगी। प्रदेश में विद्युत् आपूर्ति की दशा पिछले पांच वर्षों में अत्यन्त दयनीय रह चुकी है, इसको सुधारने के लिये आवासीय विद्युत् फीडर व कृषि फीडर को पृथक् कर विद्युत् आपूर्ति सुधारने के लिये सरकार कृतसंकल्प है। प्रदेश के औद्योगिक विकास के लिये वातावरण तैयार करने के लिये सरकार अपना कार्यक्रम प्रारम्भ कर चुकी है तथा उद्यमियों का विश्वास अर्जित करने के लिये नई औद्योगिक नीति बहुत ही शीघ्र प्रभावी होगी तथा विकास के लिये आवश्यक कारक सड़कों एवं पुलों का निर्माण सरकार की मूल प्राथमिकता है। सरकार फ्लाई ओवर्स, बाईपास, रेल उपरिगामी सेतुओं के निर्माण को प्रारम्भ करायेगी तथा जिला मुख्यालयों को फोरलेन सड़कों से जोड़ा जायेगा। यातायात के बढ़ते हुये प्रभाव को देखते हुये मेट्रो परियोजना लागू करने की व्यवस्था की जायेगी। प्रदेश में आई0 टी0 पार्कों की स्थापना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। कृषकों के जीवन स्तर को वृद्धवस्था में बनाये रखने के लिये वृद्धावस्था किसान पेंशन योजना प्रारम्भ की जा रही है। अल्पसंख्यक वर्ग की लड़कियों की शिक्षा की स्तर को ऊपर उठाने के लिये कोचिंग संस्थान बनाने का निर्णय प्रक्रिया में है। शिक्षा के स्तर को बढ़ाने एवं गुणवत्ता स्थापित करने के लिये सरकार विशेष प्रयास कर रही है। राजनीति में अनेक महान नेताओं को उत्पन्न करने वाले छात्र संघों के चुनाव पुनः कराये जाने का निर्णय लिया गया है। रिक्शा चालकों को स्वचालित रिक्शा मुफ्त दिया जायेगा। माननीय मुख्यमंत्री जी की दृढ़ इच्छा शक्ति और

प्रदेश की जनता के कल्याण के लिये कुछ करने का भाव, संकल्प तथा सामाजिक गैर बराबरी को समाप्त करने के प्रति जुझारूपन तथा प्रदेश के विकास के प्रति सम्पूर्ण समर्पण की भावना है तथा जनकल्याण के लिये कुछ भी कर गुजरने की इच्छा शक्ति है। जनता ने जो अटूट विश्वास इस सरकार को दिया है, मुझे पूरा विश्वास है कि सरकार उन जनभावनाओं का सही रूप से परिलक्षण करेगी तथा प्रदेश के विकास की दर को बढ़ाने के लिये, प्रदेश के पिछड़ेपन को दूर करने के लिये विभिन्न क्षेत्रों में प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिये कृतसंकल्प रहेगी।

हर सृजन के लिये एक स्वप्न चाहिये, पॉव छू लेंगे मंजिल लगन चाहिये।
हम भी मन चाही गंगा बहा सकते हैं, बस भगीरथ सा अर्पित मन चाहिये।।

इस सरकार का पहला प्रयास होगा कि सार्वजनिक जीवन से भ्रष्टाचार समाप्त हो। आम जनता को सरकार की सुविधाओं का लाभ बिना किसी अधिभार के मिल सके। प्रदेश में साम्प्रदायिक भावनाओं को पहल करने के लिये हमारी सरकार कृतसंकल्प है। प्रदेश के एक-एक जन को इसमें विश्वास होगा। ये सरकार प्रदेश में व्यापक परिवर्तन लायेगी। ये सरकार समाज के लोगों में विश्वास पैदा करेगी, प्रदेश के अल्पसंख्यकों में एक नया विश्वास भरा जायेगा। मान्यवर, हमारी सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था में क्रान्तिकारी और युगान्तकारी परिवर्तन लाने के लिये कृतसंकल्प है। गांवों को सड़कों से जोड़ने का काम किया जायेगा। नियोजन में स्थानीय समस्याओं के समाधान का भी समुचित समावेश किया जायेगा। मान्यवर, सार्वजनिक जीवन में पवित्रता को बनाये रखने और सार्वजनिक जीवन को सादगी पूर्ण जीवन बनाने का सरकार ने निर्णय लिया है। निश्चित रूप से दैनिक खर्चों में कटौती होगी और सरकार मितव्ययिता के रास्ते पर चलेगी, जिससे कि तमाम फिजूलखर्ची जो वैभवपूर्ण जीवन पर व्यय करके की जाती थी, वह नहीं हो सकेगी और सरकार ने निर्णय लिया है कि सादगी पूर्ण जीवनयापन करेंगे, इससे सार्वजनिक जीवन में निश्चित रूप से परिवर्तन आयेगा।

कुछ कर गुजरने के लिये मौसम नहीं मन चाहिये।
साधन सभी जुट जायेंगे, संकल्प का धन चाहिये।।

उत्तर प्रदेश की विकास की योजनाओं के लिये जनसंख्या के आधार पर आर्थिक मदद मिल सके इसके लिये ये सरकार संकल्पशील होगी। नये योजना आयोग का गठन हुआ है, मुझे विश्वास है सरकार प्रयास करेगी कि प्रदेश की बढ़ती हुई आबादी को लक्ष्य बनाकर राष्ट्रीय विकास परिषद् से आबादी के आधार पर पूरे प्रदेश को भली प्रकार लाभांश मिल सके इसके लिये सरकार पूरा प्रयास करेगी, ऐसा मेरा विश्वास है। औद्योगिक विकास और उत्पाद को बढ़ाने का लक्ष्य भी इस सरकार ने रखा है, क्योंकि लगातार औद्योगिक विकास में ये प्रदेश पीछे रहा है। हमारी सरकार प्रदेश में उद्योगों की गैरबराबरी को दूर करने का प्रयास करेगी और सभी स्थानों को बराबर विकास का लाभ दिया जायेगा। नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद की भांति ही प्रदेश के पूर्वी हिस्से में भी औद्योगिक विकास का केन्द्र स्थापित किया जाये, ऐसा इस सरकार का प्रयास होगा।

जनता चुनकर भेजती है, गांव शहर के लोग,
फिर भी होता गणित का जनाधार संयोग।
प्रदेश का विकास चाहिये, करिये दृढ़ संकल्प,
मतभेदों को भूलकर चुनिये प्रबल विकल्प।।

हमारी सरकार एक स्वच्छ व चुस्त प्रशासन देना चाहती है, इन्हीं शब्दों के साथ मैं महामहिम श्री राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के प्रति पुनः आभार प्रकट करना चाहता हूं। इन्हीं शब्दों के साथ मैं महामहिम राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के पक्ष में सभी माननीय सदस्यों से निवेदन करना चाहूंगा कि बिना संशोधन के इस प्रस्ताव को अपनी स्वीकृति प्रदान करने की कृपा करें।

* श्री उदयराज-

मान्यवर, महामहिम राज्यपाल ने दिनांक 28 मार्च, 2012 को जो दानों सदनों के समवेत् सदन में अपना अभिभाषण रखा और जो धन्यवाद प्रस्ताव माननीय योगेश प्रताप जी ने महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर रखा है, उसके समर्थन में आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिये मैं आपका आभारी हूं। मान्यवर, उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा भाग है, जहां इस देश के लगभग 7 प्रतिशत भू-भाग पर उत्तर प्रदेश बसा हुआ है और इस देश के लगभग 16-17 प्रतिशत लोग अकेले उत्तर प्रदेश में निवास करते हैं। निश्चित रूप से जब तक इस प्रदेश का समुचित विकास नहीं होगा तक तक यह माना जायेगा कि उत्तर प्रदेश के लोगों का विकास, राज्यपाल महोदय के अभिभाषण में पहली प्राथमिकता रखने का काम किया गया है। राज्यपाल महोदय का जो अभिभाषण रहा है मैंने जो उसमें पढ़ा है इस प्रदेश की चाहे शिक्षा हो, चाहे बिजली की समस्या हो, स्वास्थ्य के बारे में और इतना ही नहीं हर तरीके से इस प्रदेश के हर तबके के लोगों के बारे में, चाहे जिस समाज से जुड़े हुये लोग हों, चाहे जिस पेशे के जुड़े हुये लोग हों उन सारे लोगों के बारे में विचार करने का काम किया गया है। मान्यवर, हिन्दुस्तान की आजादी के बाद इस देश और प्रदेश के लोगों ने लोकतांत्रिक व्यवस्था को स्वीकार करने का काम किया था लोकिन यह दुर्भाग्य रहा कि पिछले 5 वर्षों के अन्दर इस प्रदेश में लोकतांत्रिक व्यवस्था को समाप्त करने का पूरा-पूरा प्रयास करने का काम किया गया था। मान्यवर, मैं बहुत विस्तार में नहीं जाना चाहता हूं, केवल इतना ही कहना चाहता हूं कि महामहिम राज्यपाल महोदय ने जो अपना अभिभाषण कल यहां पर पढ़ने का काम किया है उसमें इस प्रदेश की जो भी ज्वलंत समस्यायें थीं उसके बारे में अपनी बात रखने का काम किया है और जो प्राथमिकतायें दी गयी हैं, अगर अभिभाषण उठाकर देखा जाये तो राज्यपाल महोदय का जो अभिभाषण होता है इस प्रदेश की सरकार की क्या नीयत है, इस प्रदेश की सरकार क्या करना चाहती है, साफ-साफ वह नीयत इस अभिभाषण में परिलक्षित होती है। मान्यवर, उत्तर प्रदेश की सरकार ने, जो अभी हाल में बनी है, 3 माह भी नहीं पूरे हुये हैं, दो माह से कुछ अधिक समय बीता है, तो उसको अगर उठा करके देखें तो हर तबके के बारे में उत्तर प्रदेश की सरकार ने विचार करने का काम किया है। मान्यवर, सरकार के द्वारा, समाजवादी पार्टी के द्वारा उत्तर प्रदेश में जब विधान सभा का चुनाव हो रहा था तो बेरोजगारी भत्ता देने की बात उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री मा0 अखिलेश जी ने और मा0 मुलायम सिंह यादव, राष्ट्रीय अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी ने देने की बात कही थी, तो राज्यपाल जी के अभिभाषण में बेरोजगारी भत्ता देने के बारे में घोषणा करने का कमा किया गया है। लड़के किस तरीके से आगे बढ़ें, उनको प्रोत्साहित करने का काम किया जाये जिससे वह पढ़ाई की तरफ ध्यान देने का काम करें, इसी उद्देश्य को लेकर के कक्षा-10 जो पास करेंगे उनको टैबलेट और कक्षा-12 के जो छात्र-छात्रायें उत्तीर्ण होंगे उनको लैपटॉप देने की व्यवस्था भी राज्यपाल के अभिभाषण में प्रस्तुत करने का काम किया गया है। इतना ही नहीं हम आप सारे लोग जानते हैं कि आज प्रदेश ही नहीं पूरे देश के अन्दर तुलना करें

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

तो लड़कियां पढ़ाई में लड़कों से काफी पीछे हैं। किस तरीके से लड़कियों को प्रोत्साहित करने का काम किया जाये उसके ध्यान में रखते हुये जो पिछली सरकार के द्वारा कन्या विद्या धन योजना बन्द करने का काम किया गया था उसको पुनः चालू करने का फैसला लेने का काम किया गया है। मान्यवर, आपको भी याद होगा कि पिछले दिनों जब इससे पूर्व में मा0 मुलायम सिंह यादव जी की उत्तर प्रदेश में हुकूमत थी तो मा0 मुलायम सिंह यादव जी ने किसान बीमा योजना लागू करके उत्तर प्रदेश में जो भी किसान आकस्मिक मौत से, किसी दुर्घटना में मरेगा उसे एक लाख रुपया देने का फैसला करने का काम किया था, उस बीमा राशि को बढ़ा करके उत्तर प्रदेश की सरकार ने राज्यपाल महोदय के अभिभाषण में जो आया है, उसको 1 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये करने का काम किया गया है। (मेजें थपथपाई गयीं) मान्यवर, हमने, आपने और सारे लोगों ने देखा है विगत दिनों में जो उत्तर प्रदेश की सरकार चल रही थी, मैं किसी नेता का नाम नहीं लेना चाहता हूं लेकिन इतना जरूर रहा कि इसी विधान सभा में जो लोग रहे, जितने भी सदस्य रहे, अगर कभी जरूरत पड़ी होगी तो वह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से नहीं मिल पाया होगा। माननीय अखिलेश जी ने उत्तर प्रदेश के केवल विधान सभा व विधान परिषद् के सदस्यों की ही नहीं उत्तर प्रदेश की जनता की समस्याओं को सुनने के लिये हर बुधवार को जनता दर्शन आयोजन करने का काम किया है और कहा है कि उत्तर प्रदेश की जो समस्यायें होंगी, जो लोग समस्यायें लेकर के हमारे बीच में आयेंगे उन समस्याओं का निस्तारण करने का काम, जनता दर्शन के माध्यम से करने का काम करेंगे। इतना ही नहीं गांव के लोग तहसीलों में जाते थे कहीं जाति प्रमाण-पत्र बनवाने के लिये कहीं आय प्रमाण-पत्र बनवाने के लिये या किन्हीं दूसरे कामों के लिये महीनों कार्यालयों में भटकने का काम करते थे। सरकार ने फैसला लिया है कि हर महीने के पहले और तीसरे मंगलवार को तहसील दिवस का आयोजन करके जनसमस्याओं के तुरन्त निस्तारण का काम किया जायेगा। मान्यवर, मैं बहुत आक्षेप किसी के ऊपर नहीं लगाना चाहता था जब महामहिम राज्यपाल अभिभाषण करने आये थे अभी माननीय तिवारी जी भी खेद प्रकट कर रहे थे कि जो कुछ कल हुआ वह गलत हुआ जब कानून व्यवस्था का सवाल उठता है तो मैं एक चीज कहना चाहूंगा कि जो लोग आज कानून व्यवस्था की दुहाई देने का काम करते हैं उनको विचार करना होगा कि आखिर अब से दो महीने पहले तीन महीने पहले इस सूबे की कानून व्यवस्था क्या हुआ करती थी कि थाने के अन्दर हत्या होती थी लेकिन हत्या का मुकदमा दर्ज करने का काम पुलिस द्वारा नहीं किया जाता था एक नहीं सैकड़ों उदाहरण हैं मान्यवर, खीरी के अन्दर नाबालिग लड़की की हत्या करके पेड़ पर लटकाने का काम किया गया उयकी हत्या का मुकदमा लिखने का काम नहीं किया गया। आपके लखनऊ राजधानी के अन्दर दो-दो सी0 एम0 ओ0 की हत्या की गई एक डिप्टी सी0 एम0 ओ0 की हत्या जेल के अन्दर की गई। मान्यवर, बांदा में क्या हुआ, नोयडा में क्या हुआ किसानों की हत्याएं की गईं लेकिन उनके मुकदमें लिखने का काम किसानों की तरफ से नहीं हुआ बल्कि किसानों के ऊपर मुकदमा लिखकर उनको जेल भेजने का काम किया गया। मुझे याद आती है एक कहावत खिसियानी . . . . खम्भा नोचे। मैं एक शब्द भूल रहा हूं।

श्री अध्यक्ष-

आपने बिल्ली तो कहा नहीं।

श्री उदयराज-

वही शब्द भूल रहा हूं। मान्यवर, वह स्थिति आ गई थी। इतना ही नहीं था थाने के अन्दर सुबह सात बजे कोई नेता सफारी सूट पहनकर पहुंच जाता था किसका मुकदमा लिखा जायेगा किसका

मुकदमा नहीं लिखा जायेगा। यह फैसला थाने पर बैठा हुआ थानाध्यक्ष नहीं करता था जिलों में बैठा हुआ कप्तान नहीं करता था यह फैसला वह लोग करते थे जो सुबह जाकर थाने की चाय पीते थे थाने में जाकर फर्जी मुकदमा लिखाने का काम करते थे। मैं बधाई देना चाहता हूं प्रदेश के युवा मुख्यमंत्री माननीय अखिलेश यादव जी को जिस दिन उत्तर प्रदेश की बागडोर संभालने का काम किया उन्होंने निर्देश दिया कि जो भी पीड़ित आयेगा जो भी मुकदमा लिखाने आयेगा उसका अभियोग पंजीकृत किया जायेगा फैसला पुलिस को करना होगा कि वह फर्जी है या सही। उसमें कार्यवाही होगी। इतना ही नहीं किन्हीं कारणों से पूर्व में जो डी0 आई0 जी0 हुआ करते थे उनके हटाने का काम किया गया था उस पद को समाप्त करने का काम किया गया था आपको भी याद होगा आप भी उसी सदन के सदस्य थे जिस समय पिछली सरकार बनी थी किसकी सरकार थी आप सारे लोग जानते हैं। पूरे हर जनपद में जाति के आधार पर आरक्षियों और प्रमुख आरक्षियों को चिन्हित करके प्रदेश के बार्डर के जनपदों में भेजने का काम किया गया था और या तो उनको पुलिस लाइन में आमद करने के निर्देश दिये गये थे लेकिन मैं बधाई देना चाहता हूं कि प्रदेश के युवा मुख्यमंत्री ने उन अल्प वेतनभोगी कर्मचारियों की मजबूरी को समझने का काम किया जाति और धर्म देखने का काम नहीं किया और यह निर्णय लिया कि उत्तर प्रदेश में जितने भी पुलिस कर्मी हैं जितने भी सिपाही हैं उन सारे सिपाहियों को उनसे आवेदन लेकर उनके गृह जनपद के नजदीक जनपद में तैनात करने का काम किया जायेगा। मान्यवर, किसानों की समस्या या बिजली की समस्या थी लेकिन वर्तमान सरकार ने उन सारी समस्याओं के ऊपर ध्यान देने का काम किया। आज पूरे प्रदेश के अन्दर गेहूं क्रय केन्द्र की समस्या आई है उसका दोषी कौन है इसके बारे में भी सोचना होगा। मान्यवर, प्रदेश सरकार ने फैसला लिया है कि आने वाले समय में न तो किसानों के सामने खाद की समस्या आने पायेगी। न किसानों के सामने बिजली की समस्या आयेगी इन सारी समस्याओं को दूर करने का काम किया जायेगा। किसान किस तरीके से अपनी खेती की उपज बढ़ा सकें फैसला लिया है कि किसान मेले लगाकर कैम्प लगाकर उनके क्रेडिट कार्ड बनवाने का काम किया जायेगा। जिससे कि बिचौलिये के द्वारा जो लूट की जाती थी उस लूट को रोकने का कमा किया जा सके। गन्ना किसानों की उत्पादन क्षमता जो कि अब ते 59 टन प्रति हेक्टेयर हुआ करती थी प्रयास किया है कि किसी तरीके से उनकी उपज को बढ़ाया जाय किस तरीके से गन्ने की नई किस्में पैदा की जायं कि उसकी उपज बढ़कर 70 टन प्रति हेक्टेयर हो जाय।

मान्यवर, काफी लम्बे अरसे से ग्रामीण क्षेत्रों में जो पशु चिकित्सालय हुआ करते थे जिनका एक मानक निर्धारित हुआ करता था कि 20 हजार जानवरों के बीच में एक पशु चिकित्सालय होगा। सरकार ने निर्णय लिया है कि आने वाले 5 सालों के अन्दर 20 हजार जानवरों की संख्या को कम करके 15 हजार जानवरों पर एक पशु चिकित्सालय निर्माण कराने का काम किया जायेगा। औद्योगिक वातावरण जो इस प्रदेश का एकदम बन्द हो चुका था, यह प्रयास किया गया है कि किस तरीके से औद्योगिक वातावरण को सुधारा जा सके। मान्यवर, किसानों के सामने एक बड़ी समस्या थी कि किसानों को बिजली गांव की बिजली और ट्यूबवेल की बिजली एक ही फीडर से मिला करती थी, उसको भी समाप्त करके यह निर्णय महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण में दिया गया है। यह प्रयास किया गया है कि गांव की विद्युत व्यवस्था का फीडर अलग होगा और किसानों का विद्युत फीडर अलग होगा। इतना ही नहीं यह भी निर्णय लिया गया है कि उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों को 8 घंटे और शहरी क्षेत्रों को 16 से 20 घंटे बिजली देने का काम किया जा रहा है। आने वाले 2 वर्षों के अन्दर उत्तर प्रदेश के किसानों को 20 घंटे बिजली मिलेगी और शहरी क्षेत्र के लोगों को 22 घंटे बिजली देने का काम

निश्चित रूप से किया जायेगा। मान्यवर, जिस तरीके से विकास की गति धीमी थी कि आज भी लाखों गांव प्रदेश के ऐसे होंगे जो सड़कों से नहीं जुड़ पाये हैं, बिजली से नहीं जुड़ पाये हैं।

मान्यवर, उसको भी प्राथमिकता देने का काम किया गया है कि उन गांवों को सड़कों और बिजली से जोड़ने का काम किया जायेगा। मान्यवर, छात्र संघों का सवाल उठता है। पता नहीं क्या हो जाता है कि जिस दिन उत्तर प्रदेश से समाजवादी पार्टी की सरकार हटती है पता नहीं क्या आफत आ जाती है। हम लोगों ने भी छात्र राजनीति की है। छात्र राजनीति से निकल कर आये हैं। तमाम लोग यहां पर बैठे हैं जो किसी न किसी विश्वविद्यालय से डिग्री कालेज से राजनीति करके सक्रिय राजनीति में आये हैं। मान्यवर, मैं बधाई देना चाहता हूं जहां उत्तर प्रदेश के अन्दर पिछले समय में हजारों लड़के जेल की यातनायें सहे होंगे, तमाम ऐसे लड़के होंगे जिन्होंने पुलिस की लाठी खाई होगी और हो सकता है दो चार लड़के मर गये हों। उनकी एक मांग हुआ करती थी छात्र संघों की बहाली की। मान्यवर, मैं बधाई देना चाहता हूं उत्तर प्रदेश के युवा मुख्यमंत्री को कि उन्होंने निर्णय लिया है कि उत्तर प्रदेश के छात्र संघों को बहाल करके अक्टूबर में छात्र संघों के चुनाव कराने का काम किया जायेगा।

मान्यवर, एक बड़ी समस्या प्रदेश में हुआ करती थी कब्रिस्तान की जमीन को ले करके आये दिन गांवों और शहरों में विवाद हुआ करते थे आये दिन तहसीलदार और लेखपाल जहां कब्रिस्तान होता था, कब्रिस्तान नहीं है, उस जमीन की राख को ले करके विवाद करने का काम हुआ करता था। मान्यवर, सरकार ने फैसला लिया है कि उत्तर प्रदेश में जितनी भी कब्रिस्तान की जमीनें होंगी उन कब्रिस्तान की जमीनों को बाउण्ड्री से घिरवाने का काम उत्तर प्रदेश की हुकूमत करने का काम करेगी। मान्यवर, सबसे बड़ी समस्या ग्रामीण क्षेत्रों में हुआ करती थी कि सी0 एच0 सी0 हो और चाहे पी0 एच0 सी0 हो गांव में जब कोई बीमार होता था या सड़क पर कोई दुर्घटना होती थी तो जिला चिकित्सालय या उससे ऊपर के चिकित्सालय में नहीं पहुंच पाता था उसकी रास्ते में ही मौत हो जाया करती थी। मान्यवर, सरकार का फैसला है कि प्रदेश के जितने भी विकास खंड हों उन पर जो पी0 एच0 सी0 और सी0 एच0 सी0 होगी उनमें एम्बुलेंस की व्यवस्था करने का काम किया जायेगा। एम्बुलेंस व्यवस्था के साथ-साथ प्रत्येक विकास खंड में प्राथमिक और उच्च प्राथमिक अस्पतालों में मान्यवर, पैथोलाजी और लैबों की व्यवस्था करने का काम किया जा रहा है जहां एक्स-रे, सिटी स्कैन जैसी जांच आराम से लोगों की हो जाया करेगी। मान्यवर, सबसे बड़ा फैसला एक और उत्तर प्रदेश की सरकार ने लेने का काम किया है। अभी माननीय आजम खां साहब ने रिक्शा चालकों का जिक्र किया था। मान्यवर, रास्ते में एक अजीब सी स्थिति थी कि आदमी उस रिक्शे को चलाता था और आदमी उस पर बैठ कर चलने का काम करता था। सरकार ने निर्णय लिया है कि ऐसे रिक्शा चालाकों को, ऐसा रिक्शा देने का काम किया जाएगा जो रिक्शा मोटर से और सोलर से संचालित होगा। यह बहुत बड़ा इतिहास कायम हुआ है। मान्यवर, मैं ज्यादा न कहकर इतना अनुरोध करुंगा कि माननीय राज्यपाल महोदय का जो अभिभाषण रहा है उसमें चाहे वह छात्र रहा हो, चाहे किसान रहा हो, चाहे मजदूर रहा हो, सारे लोगों को आगे बढ़ाने का किस तरीके से काम किया जाए, किस तरह से प्रदेश को आगे बढ़ाने का काम किया जाए इसका प्रयास किया गया है। इसी के साथ माननीय योगेश जी ने जो प्रस्ताव रखा है मैं उसका समर्थन करते हुए अपनी बात को समाप्त करता हूं। धन्यवाद।

श्री राज्यपाल के अभिभाषण पर प्रस्तुत धन्यवाद प्रस्ताव पर भाषण हेतु समय सीमा का निर्धारण

श्री अध्यक्ष-

समय सीमा अपने आप में, चर्चा में सारे सदस्यों के लिए अनिवार्य है, नेता विरोधी दल के लिए कोई समय सीमा नहीं है। दलीय नेता 15 मिनट तक बोलेंगे। पार्टी के विधायक सात से लेकर आठ और दस मिनट के बीच में सदन में चर्चा के रूप में अपनी बात रख सकेंगे। यह समय सीमा सबको माननी चाहिए।

श्री राज्यपाल के अभिभाषण पर प्रस्तुत धन्यवाद का प्रस्ताव (क्रमागत)

मुख्य मंत्री जी नहीं हैं अब नेता विरोधी दल का नम्बर है बोलने का।

श्री मोहम्मद आजम खां-

डेलीगेशन आया हुआ है बाहर से, उनसे मिलने गए हैं। तब तक दूसरे सदस्य बोल लें।

श्री अध्यक्ष-

यह शुरू कर दें तब तक आ जाएंगे।

श्री मोहम्मद आजम खां-

दूसरे सदस्यों को तब तक बुलवा लें।

श्री अध्यक्ष-

दूसरे सदस्य क्यों, शुरू कर दें तब तक आ जाएंगे।

श्री मोहम्मद आजम खां-

मैं चला जाता हूं बुलाने।

श्री अध्यक्ष-

परम्परा रही है मुख्य मंत्री जी रहेंगे तो नेता विरोधी दल बोलेंगे। तब तक फिर महाना जी बोल लें।

*श्री सतीश महाना-

मान्यवर, मैं आपका आभारी हूं कि आपने महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर जो धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है मैं उसके विरोध में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं मान्यवर, अभी माननीय सदस्य योगेश जी ने कहा कि महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण के ऊपर धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत कर रहे हैं, तो मुझे लगा, मुझे क्या लगा सारे माननीय सदस्यों को लगा होगा कि वह अपनी मर्जी से कोई बात नहीं बोल रहे थे उनको कुछ लिखकर दे दिया गया होगा और उन्होंने पूरा का पूरा धन्यवाद प्रस्ताव नीचे रखे कागज को देखते हुए पढ़ा है। अपनी मर्जी से कुछ नहीं पढ़ है। मैं इस बात की ओर ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि यदि माननीय राज्यपाल महोदय ने सरकार की नीतियों के बारे में जो जनहित की होनी चाहिए थी अगर उनके बारे में चर्चा की थी तो आपको यहां खड़े होकर उस पर विस्तार से बात करनी चाहिए थी। आपने महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद दिया

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

लेकिन सरकार का जो ढाई महीने का कार्यकाल था उसके बारे में शायद कुछ कहना भूल गए। आप किस बात के लिए राज्यपाल महोदय को धन्यवाद देना चाहते थे क्या इस बात के लिए धन्यवाद देना चाहते थे जिस दिन से आपकी सरकार आई उस दिन से प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई।

मान्यवर, क्या आप इस बात के लिए धन्यवाद देना चाहते हैं कि कल ही उत्तर प्रदेश के एक प्रमुख नगर में एक ही परिवार के छः-छः लोगों की हत्या कर दी गई ? मान्यवर, क्या आप इस बात के लिए धन्यवाद देना चाहते हैं कि प्रदेश के थानों में जो 5 वर्षों से अभी तक होता आया है, उसको बढ़ाने का काम आप कर रहे हैं ?

मान्यवर, बहुत बढ़-चढ़ कर इस बात को कहा गया है कि आपकी सरकार ने बेरोजगारी भत्ता दिया।

मान्यवर, लोकतांत्रिक व्यवस्था में नियम है कि जिस समय चुनाव की बात होती है, चुनाव घोषणा-पत्र राजनीतिक दल जारी करते हैं। आपने घोषणा-पत्र में यह कहा था कि आप बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता देंगे। यह अच्छी घोषणा थी। सरकार जब बनी तो लोगों को लगा कि उत्तर प्रदेश की जनता ने पूर्ण बहुमत से यहां पर बैठाया है, निश्चित रूप से जनता का जनादेश सबसे बड़ा होता है, हम सबको स्वीकार करना चाहिए। जिस दिन यह सरकार बनी, उसी दिन से सेवायोजन कार्यालयों में बड़ी भीड़ लग गयी। 18 साल से 45 साल तक के नौजवानों ने वहां लाइन लगानी शुरू कर दी, उनको पीने का वहां पानी नहीं था, उसके ऊपर लाठियां चलाई गई। उस नौजवान को जो बेरोजगारी भत्ता पाकर अपने जीवन को सुदृढ़ बनाने के लिए उसका उपयोग कर सकता था, उस पर लाठियां चलीं, उनके खिलाफ मुकदमें लिखे गए कि आप इतनी बड़ी संख्या में क्यों आए ? अगले दिन अखबार में पढ़ा कि इन सब लोगों को बेरोजगारी भत्ता नहीं दिया जायेगा। फिर किसको दिया जायेगा, बेरोजगारी भत्ता उन लोगों को दिया जायेगा जो 35 वर्ष से ऊपर हों। जब यह कहा गया कि 35 वर्ष से ऊपर वालों को दिया जायेगा तो अगले दिन से भीड़ कम होने लगी और 35 वर्ष से ऊपर वाले वहां जाकर खड़े होने लगे। एक दिन समाचार-पत्र में पढ़ा की एक 65 वर्ष के सम्मानित युवक भी बेरोजगारी भत्ता लेने के लिए लाइन में खड़े थे। दो दिन बाद फिर अखबार में पढ़ा कि नहीं, उनको नहीं मिलेगा, अब 35 और 45 साल के बीच के लोगों को मिलेगा। तो फिर वह भी लिस्ट से आउट हो गए और नीचे वाले भी लिस्ट से आउट हो गए और जब 35 से 45 वर्ष के बीच वालों को बेरोजगारी भत्ता देने की बात आई तो फिर कहा कि इनको भी नहीं मिलेगा, जो बीपीएल कार्ड वाले हैं, उनको बेरोजगारी भत्ता मिलेगा। फिर एक दिन समाचार-पत्र में पढ़ा कि जब वह एफीडेविट देंगे कि वह ठेली भी नहीं लगाते, खोंचा भी नहीं लगाते, वह सड़क के किनारे खड़े होकर चाय की ठेली भी नहीं लगाते, जो कुछ नहीं करते, एकदम नालायक हैं, उन्हीं को दिया जायेगा।

मान्यवर, आपने उनकी भावनाओं को भड़का कर उनसे वोट लेने का काम तो लिया लेकिन जो नवयुवक 18 साल, 20 साल के बाद अपनी रोजी-रोटी ढूंढ़ने के लिए प्रयास करते हैं, जिस समय उसे फार्म भरने पड़ते हैं, उन फार्मों को भरने के लिए बैंक ड्राफ्ट लगाने पड़ते हैं, पे आर्डर लगाना पड़ता है, लेकिन उसके पास वह पैसे नहीं होते हैं तो उसको देना चाहिए। लेकिन आपने नहीं दिया। अब भी क्या करेंगे, क्या नहीं करेंगे, यह आपको भी पता नहीं है। मान्यवर, बिजली की बात करते हैं, आज प्रदेश भर में हाहाकार है, कुछ जनपदों में आ रही है। यह परम्परा हो गयी है, पहले कुछ जिलों में जाती रही होगी, अब वहां पर अंधकार होगा लेकिन अब कुछ नए जिले आपने चयनित कर लिए कि अब इन नए जिलों में बिजली दी जायेगी। मान्यवर, पूरे प्रदेश का हाल, बेहाल है, किसान परेशान

है, बिजली उसको मिल नहीं रही, पानी उसके पास है नहीं, मान्यवर, एक बात मैं और आपके संज्ञान में लाना चाहता हूं, हमारे वरिष्ठ नेतागण, मंत्रीगण बैठे हुए हैं, मान्यवर, जब यह निर्णय हो गया था कि जिन किसानों का पैसा जमा हो गया था, सब्सिडाइज रेट पर उन्हें बिजली का कनेक्शन दिया जायेगा, आपकी सरकार आते ही उसको रोक दिया गया है।

मान्यवर, गरीब किसान किसी भी राजनीतिक दल का नहीं होता, वह अपना पेट भरने के लिए सुबह से शाम तक मेहनत करता है और वह चाहता है कि उसको सब्सिडाइज रेट पर बिजली मिल जायेगी तो उसका कुछ भला हो जायेगा। फिर कहा गया कि नई सरकार बनी है, नयी योजना बनी है, नए लोग चुनकर आयेंगे। अरे, किसान तो किसान है, गरीब तो गरीब हैं, गरीब की कोई जाति नहीं होती है, उसको कनेक्शन देने का काम आपको करना चाहिए। दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि गेहूं क्रय केन्द्रों पर किसानों का गेंहू नहीं लिया जा रहा है। अभी मैंने कुछ दिन पहले अपनी विधान सभा में गेहूं क्रय केन्द्र पर छापा मारा था। उसके बारे में समाचार-पत्रों में भी प्रमुखता से छपा था, सभी टेलीविजन में भी दिखाया गया था। मैंने कैमरे पर पी0सी0डी0एफ0 के जो सचिव होते हैं उनसे पूछा कि आप किसान से कितना गेहूं लेते हैं और उसके ऊपर कितनी लेवी लेते हैं। उसने कैमरे पर कहा कि हम 100 किलो लेते हैं, तीन किलो ऊपर इसलिए लेना पड़ता है कि जिस समय यहां से हमारा ट्रक जाता है तो गेट पर गेट पास बनाने वाले को इतना पैसा देना पड़ता है। मान्यवर, मैं यह आलोचना की दृष्टि से नहीं बल्कि सुझाव की दृष्टि से कह रहा हूं। किसान 3 किलो अधिक देने के लिए मजबूर है नहीं तो उसकी गेहूं नहीं ली जाएगी। इसलिए क्योंकि जब जाएगा तो ट्रक लादने वाले को पैसे देने पड़ेंगे, ट्रक की इंट्री करवायेगा तो पैसे देने पड़ेंगे। वह खुरपी लगायेगा तो पैसे देने पड़ेंगे, वह उतरवायेगा तो उसको पैसे देने पड़ेंगे।

मान्यवर, कोई ऐसा स्टेज नहीं है जहां पर उसको पैसे नहीं देने पड़ते। किसान का दोष क्या है। सुबह से शाम तक मेहनत करता है। जिस किसान को हम देश की आत्मा कहते हैं। किसान पर देश निर्भर है। उस किसान को परेशान होना पड़ता है। अपने गेहूं का समर्थन मूल्य नहीं मिल पाता है बिचौलिये उस गेहूं को साढ़े नौ सौ रुपये में खरीद लें हजार रुपये में खरीद लें। किसान मजबूरी में, चाहे दबाव बनाकर चाहे उसका उत्पीड़न करके, सूदखोर उसको ब्याज देने का दबाव बनाकर उससे ले लेंगे। उसके बाद उसको साढ़े नौ सौ में हजार रुपये में उसको गेहूं बेचना पड़ता है। मान्यवर यह बात सत्य है और यह बात सबको मालूम है। आपसे उम्मीद है कि आप इस बिगड़ी हुयी व्यवस्था को ठीक करने का काम करेंगे। आपसे अपेक्षा करते हैं कि आप इसको ठीक करेंगे। मान्यवर, आज जनता को विश्वास है। आज जनता विश्वास भरी निगाह से देख रही है कि अब यह नई सरकार आयी है तो शायद इस नई सरकार में हमारी अपेक्षायें पूरी होंगी। मान्यवर, 1285 दाम मिलने के बजाये उसको साढ़े नौ सौ या हजार रुपये प्रति कु0 दाम मिलते हैं इसमें किसान का क्या कसूर है। उसके बाद भी बोरियां नहीं हैं। मान्यवर आज से लगभग 10 दिन पहले 19 तारीख के आस-पास जब मैं छापा मारने के लिए गया था तो मैंने पूछा कि आपका कितना लक्ष्य है तो मैंने पाया कि जिस केन्द्र के ऊपर 7000 कु0 का लक्ष्य था उसमें केवल 1000 कु0 गेहूं लिया गया था। किसान का गेहूं पड़ा हुआ है। उसकी मजबूरी है उसको बेचना पड़ेगा। उसने आपसे कर्जा लिया हुआ है उसका ब्याज बढ़ता चला जा रहा है। और उस कर्जे पर अगर वह डिफाल्ट हो जाएगा तो उस पर उसको ज्यादा बयाज देने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। हमारी व्यवस्था की वजह से, बोरी न मिलने की वजह से देरी हो रही है।

मान्यवर, मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहूंगा कि बोरियों की व्यवस्था होनी चाहिए। वह नहीं हुयी है। और जिस व्यवस्था के कारण से देरी हुयी है तो उसको देखते हुए किसान से ब्याज नहीं लिया जाना चाहिए। मान्यवर, आप विकास की बात करते हैं। बजट आएगा उस पर विकास की बात करेंगे। सरकार नई है, नए मुख्यमंत्री हैं और अपेक्षाएं भी नई हैं। एक बात और कहना चाहता हूं कि जितने भी माननीय सदस्य यहां पर बैठे हुए हैं इस सदन में बैठने के लिए सबकी क्वालिफिकेशन एक ही है। और वह क्वालिफिकेशन है कि जनता लोकतंत्र में जिसको सबसे अधिक वोट देती है निर्वाचन आयोग उसको चुनाव का सर्टिफिकेट देता है और वह यहां पर आता है। चाहे उधर के सम्मानित सदस्य हों चाहे उधर के सम्मानित सदस्य हों सबकी क्वालिफिकेशन एक ही है। न किसी की ज्यादा क्वालिफिकेशन है न किसी की कम क्वालिफिकेशन है जब क्वालिफिकेशन एक है तो जनता की सबसे अपेक्षाएं भी एक हैं। बहुत सारे लोग सुन लें, अपने-अपने समय के अन्तर्गत बहुत सारी बातें हुई हैं मैं उसमें नहीं जाना चाहता हूं, नई सरकार को एक सकारात्मक सुझाव के रूप में मैं इस बात को कहना चाहता हूं कि जब क्वालिफिकेशन एक है और अपेक्षाएं एक हैं और वह सबसे अपेक्षाएं हैं चाहे मैं जिस क्षेत्र से चुन कर आया हूं, चाहे आदरणीय आजम खां जी बहुत वरिष्ठ नेता हैं उस क्षेत्र से, वहां की जनता की अपेक्षा एक है कि जो जनप्रतिनिधि चुनकर गये हैं हमारे क्षेत्र का विकास कार्य करायेंगे। हमें पीने के लिए पानी देंगे, हमारा हैण्ड पम्प खराब है उसको ठीक करायेंगे, हमारी सड़क खराब है, उसको ठीक करायेंगे, हमें बिजली देंगे। क्वालिफिकेशन एक अपेक्षा एक, हम सबको मिलकर उस अपेक्षा को पूरा करने का काम करना चाहिए। माननीय मुख्यमंत्री जी हम पूरी विनम्रता के साथ, पूरे सम्मान के साथ, आपके प्रति मन में आदर है, उसको व्यक्त करना चाहता हूं, सुन लें। मान्यवर, आप मुख्य मंत्री बने थे, आपने बहुत सारी घोषणाएं की, लेकिन शायद कुछ घोषणाएं करना आपके ध्यान से उतर गया होगा। आपको घोषणा करनी चाहिए थी कि गर्मी आने से पहले सारे के सारे हैण्डपम्प ठीक हो जायेंगे। गरीब आदमी के पास पीने का पानी नहीं है, हैण्डपम्प उसके ठीक हो जायेंगे, हैण्डपम्प रि-बोर होने की आवश्यकता होगी तो रि-बोर हो जायेंगे और मान्यवर, मैं विनम्रता के साथ अगर बात को कहूं कि पांच साल तक जो हैण्डपम्प नहीं मिले थे, अब मिलेंगे।

श्री मोहम्मद आजम खां-

आप जरा सा विराम लें, सारे हैण्डपम्प ठीक करने के लिए आदेश हो गये हैं, नये लगने के आदेश हो गये हैं, आपकी बात मान ली गयी।

श्री सतीश महाना-

मान्यवर, बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री हुकुम सिंह-

लेकिन वह आदेश है कहां वह, यहीं दफ्तर में ही है या बारह भी गये हैं। क्षेत्रों में कुछ काम तो हो नहीं रहा है, अब आदेश अगर कार्यालय में हों तो उनको भिजवा दीजिए। बस इतना ही मुझे कहना है।

श्री मोहम्मद आजम खां-

आप भी ऐसी बात करेंगे। बस जो प्रोसीजरल देर है, आदेश के बाद, कौन लोग काम करेंगे, ठेकेदार की भी जरूरत होगी, बहुत जल्द शुरू हो जायेंगे।

श्री अध्यक्ष-

महाना जी अब आप बैठ जायें, अब हो गया।

श्री सतीश महाना-

मान्यवर, कितनी अच्छी बात कही कि सारे मा0 सदस्य खुश हो गये। ऐसी बातचीत थोड़ी देर होने दीजिए।

श्री अध्यक्ष-

मा0 नेता विरोधी दल बैठे हुए हैं, अब आपका टाईम खत्म हो गया है।

श्री सतीश महाना-

मान्यवर, मैं पहले अपनी बात खत्म कर दूं। माननीय नेता विरोधी दल हमारे नेता हैं, उनको अतिक्रमण करने का हमारा साहस भी नहीं है और न ही हम कर सकते हैं, लेकिन मैं अपनी बात खत्म कर दूं या फिर आप मुझे उनके बाद बोलने का अवसर दे दें तब मैं बैठ जाऊं।

माननीय संसदीय कार्य मंत्री जी आपने इस बात को कहा कि यहां से आदेश हो गये, मैं इसके लिए आपके प्रति आभार व्यक्त करता हूं, मा0 मुख्य मंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। निश्चित रूप से मा0 मुख्य मंत्री जी इस सदन के नेता हैं, उनके प्रति सारे सम्मान के साथ, मान्यवर, हैण्डपम्प रि-बोर हो जाएं, हैण्डपम्प ठीक हो जाएं। आने वाले समय में बारिश होने वाली है, बहुत सारी चीजें मान्यवर समय से पहले प्लानिंग करनी होती है, अगर मार्च-अप्रैल में गर्मी होती है तो हैण्डपम्प की प्लानिंग उससे पहले होनी चाहिए थी, मगर आप अब आये हैं, इसलिए मैं किसी प्रकार का दोष नहीं दे रहा हूं मैं केवल सुझाव के तौर पर कह रहा हूं आने वाली बारिश की तैयारी अभी से कर लें।

श्री मोहम्मद आजम खां-

आपने उंगली किधर उठाई थी ?

श्री सतीश महाना-

मान्यवर, आप समझ गये होंगे। मान्यवर, मैं केवल इतना कहना चाहता हूं, बहुत सारी अपेक्षाएं हैं, मैंने कहा कि सरकार नई है, मैंने कहा कि मुख्य मंत्री नये हैं, मैंने कहा कि अपेक्षाएं नहीं हैं, लेकिन मान्यवर, यह भी सही है कि सरकार का चरित्र पुराना है उसको बहुत सख्ती के साथ ठीक करने के लिए आप जिस ओर आगे बढ़ रहे हों मैं उसके लिए आपको साधुवाद देते हैं। हम उम्मीद करते हैं, लोकतंत्र में आना जाना लगा रहता है कोई किसी का पट्टा नहीं होता है। तो शुरू से अगर यह समझ लो तो दोबारा आना चालू भी रह सकता है। मान्यवर, मैंने जो बातें आपसे कहीं चाहे वह किसान क्रय के बारे में हों, चाहे बिजली के हाहाकार के बारे में हों, चाहे गरीब के पानी पीने के बारे में हो, यह सारी महत्वपूर्ण बातें मान्यवर, इस महामहिम राज्यपाल जी के अभिभाषण में उनकी चर्चा नहीं थी, मुझे अपेक्षा थी, मान्यवर शहरी क्षेत्रों के बारे में आपने कहा है, शहरी क्षेत्रों के विकास के बारे में आपने कहा, शहरी क्षेत्रों की जो आबादी बढ़ रही है? मा0 नगर विकास मंत्री जी, मा0 संसदीय कार्य मंत्री जी अगर आप सुन लेंगे, तो बड़ा भला हो जायेगा।

श्री अध्यक्ष-

मा0 महाना जी समाप्त करें, काफी समय हो गया है।

श्री सतीश महाना-

माननीय अध्यक्ष जी, आपने काफी समय दिया, मैं सिर्फ इतनी बात कह कर अपनी बात समाप्त करता हूं कि शहरों का जो बढ़ता हुआ स्वरूप है, इसके लिए कोई न कोई योजना बनानी पड़ेगी, मान्यवर इसके पहले पिछले पांच सालों के अन्तर्गत एक तुगलकी शासनादेश चला गया कि जो बाहरी क्षेत्र में रहते हैं सोसाइटी के क्षेत्र में रहते हैं जो बाहरी क्षेत्रों में रहते हैं, सोसाइटी में रहते हैं, उनकी तरफ कोई ध्यान न दिया जाए, उनकी तरफ कोई विकास न किया जाए। मगर इस देश में, इस उत्तर प्रदेश में रहने वाले लोगों को यह अधिकार है कि उनको अवस्थापना सुविधाएं मिलें। अगर उसको अवस्थापनाएं सुविधाएं नहीं मिलेंगी।

श्री अध्यक्ष-

महाना जी, अब बैठ जाइए।

श्री सतीश महाना-

मान्यवर, बस अन्तिम बात है।

श्री अध्यक्ष-

कब तक अन्तिम बात।

श्री सतीश महाना-

आपने 15 मिनट का टाइम दिया था।

श्री अध्यक्ष-

वह हो गया।

श्री सतीश महाना-

मान्यवर, आप घड़ी देख लीजिए और 15 मिनट जोड़ लीजिए।

श्री अध्यक्ष-

आपका हो गया। मैं देख रहा हूं कि 15 मिनट हो गए हैं।

श्री सतीश महाना-

मान्यवर, बस अन्तिम बात और है और जो विकास की बात है। आप इण्डस्ट्रिलाइजेशन की बात करते हैं, इण्डस्ट्री आपके यहां आएंगी। मान्यवर, आज प्रायऑरिटीज बदल गई हैं, प्राथमिकताएं बदल गई हैं। अब वो प्राथमिकताएं नहीं रहीं कि हम किसी से झगड़ा करें। प्राथमिकता यह है कि हम आगे कैसे बढ़ें। हमारे को मूलभूत सुविधाएं कहां से मिलेंगी। हमारे को पानी चाहिए, सड़क चाहिए, बिजली चाहिए, इण्डस्ट्री चाहिए, रोजगार चाहिए। आज इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी का जमाना है। मान्यवर, आज देश में, प्रदेशों के अन्दर होड़ लगी हुई है आगे बढ़ने की। हमारी भी इच्छा है कि जब हम उत्तर प्रदेश के बाहर जाएं तो लोग कहें कि आप भी ऐसे प्रदेश से आते हैं जो अपने आप को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाना चाहता है। मान्यवर, इस प्रकार अपेक्षाएं हैं। लेकिन यह जो राज्यपाल का अभिभाषण है, इसमें इस प्रकार की कोई बात नहीं थी जिसकी प्रशंसा की जा सके। कुछ सुझाव के रूप में, कुछ समस्याओं के रूप में मैंने अपनी बात रखी है मा0 मुख्यमंत्री जी के सामने, सारे वरिष्ठ मंत्रियों के सामने जो यहां पर बैठे हुए हैं। मेरे को विश्वास है कि जनहित के अन्तर्गत उन अपेक्षाओं को पूरा

करने का काम, समग्र विकास का काम बिना किसी भेद-भाव के किया जाएगा। मान्यवर, जिन्होंने भेद-भाव किया था, वह बहुत ज्यादा समय नहीं रहे। सबकी सीटें बदलती रहती है अगर आप चाहते हैं कि सीटें न बदलें तो निश्चित रूप से आप जनता के उस विश्वास को पूरा कर सकें। हम अपनी उस एक क्वालीफिकेशन के कारण, हम सारी अपेक्षाओं को पूरा कर सकें। इतना ही निवेदन करते हुए मैं अपनी बात को समाप्त करता हूं। धन्यवाद।

श्री स्वामी प्रसाद मौर्य (नेता विरोधी दल)-

मा0 अध्यक्ष जी, महामहिम राज्यपाल जी के अभिभाषण पर अभी हमारे मा0 सदस्य योगेश प्रताप सिंह एवं उदय राज जी ने धन्यवाद प्रस्तुत किया है। ऐसा प्रतीत होता है कि हमारे इन दोनों मा0 सदस्यों ने महामहिम राज्यपाल जी के अभिभाषण को ठीक से नहीं पढ़ा।

श्री हुकुम सिंह-

मान्यवर, एक बेसिक गलती होती आ रही है। उधर से धन्यवाद का प्रस्ताव आया है, संशोधन आपको दिए हुए हैं। नेता प्रतिपक्ष पहले वो संशोधन करेंगे।

श्री अध्यक्ष-

यह सही है और यह चूक है। आप वो प्रस्ताव जो आपने रखा है, उसे विपक्ष की तरफ से रखिए न।

श्री स्वामी प्रसाद मौर्य-

मान्यवर, संशोधन के प्रस्ताव प्रस्तुत किए जा चुके हैं और मान्यवर, मैंने विधिवत् महामहिम राज्यपाल जी के अभिभाषण का पाठन किया है और महामहिम राज्यपाल जी का अभिभाषण केवल [x x x] का पुलिन्दा है।

(सत्ता पक्ष की ओर विरोध करने पर शोर की स्थिति)

श्री अध्यक्ष-

[x x x] शब्द असंसदीय है, इसको निकाल दिया जाएगा। यह असंसदीय है।

श्री अम्बिका चौधरी (राजस्व मंत्री)-

(नेता प्रतिपक्ष की ओर देखते हुए) आपके लिए एक प्वाइण्ट कहना चाहता हूं। आप ही के लिए एक प्वाइण्ट कहना चाहता हूं, आपकी इजाजत से।

श्री स्वामी प्रसाद मौर्यः

मैं खुद निवेदन कर लूंगा। मा0 अध्यक्ष जी, अगर पूर्व में कभी भी कार्यवाही में अगर यह [x x x] का ''पुलिंदा'' शब्द न आया हो तो मेरा भी शब्द इसमें न लिखा जाए।

श्री अम्बिका चौधरी-

मा0 अध्यक्ष जी, मैं सिर्फ एक छोटा सा निवेदन करना चाहता हूं हमारे नेता प्रतिपक्ष के सामने, हम उनका इतना सम्मान करते हैं। इसमें सिर्फ यह है कि जो कार्य-सूची में छप गया है इस नाते वो प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं माना जाएगा। संशोधन का प्रस्ताव मा0 नेता प्रतिपक्ष रखेंगे और वो उसके

नोट :-[x x x] यह अंश श्री अध्यक्ष के आदेशानुसार कार्यवाही से निकाल दिया गया।

आगे का पढ़ा हुआ मान लिया जाएगा। ये प्रस्ताव रखेंगे। मैं यह निवेदन कर रहा था। यह चर्चा करने से नहीं होगा। कार्य-सूची में छप गया किन्तु आप इसका प्रस्ताव रखेंगे।

श्री स्वामी प्रसाद मौर्य-

मान्यवर, मैं कहना चाहता हूं कि . . . .

श्री अध्यक्ष-

आपने अपना प्रस्ताव पढ़ा नहीं था क्या।

श्री स्वामी प्रसाद मौर्य-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से प्रस्ताव करता हूं कि श्री राज्यपाल के अभिभाषण में प्राप्त संशोधनों को, जो कार्य-सूची में प्रस्तुत हुए हैं, प्रस्तुत हुआ मान लिया जाये। यह काफी लम्बे चौड़े हैं इसलिए मैं यह सब नहीं पढ़ रहा हूं। यह छपे हुए हैं इसमें।

श्री हुकुम सिंह-

मान्यवर, मेरा कहना यह है कि माननीय नेता प्रतिपक्ष हम सबके विपक्षी दल के नेता हैं वह विधिवत् इसे पढ़ दें और उसके बाद आप कह दें कि सभी के अन्य प्राप्त संशोधन के प्रस्ताव इसमें सम्मिलित माने जायेंगे।

श्री अध्यक्ष-

उनके बाद वह सबका लिया हुआ माना जाता है उसमें आप सबका भी समाहित हो गया। *

श्री अम्बिका चौधरी-

मान्यवर, प्रस्ताव यह रखा जायेगा उनकी ओर से कि श्री राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद का प्रस्ताव जो आया है उस प्रस्ताव में निम्नलिखित संशोधनों को जोड़ लिया जाये तो उपयुक्त होगा। मान्यवर, तभी आप कह देंगे कि इसमें सबके प्राप्त संशोधनों के प्रस्ताव जोड़ दिये जायें।

श्री स्वामी प्रसाद मौर्य-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से यह प्रस्ताव करता हूं कि श्री राज्यपाल जी के अभिभाषण पर जो धन्यवाद का प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ है उस प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ दिये जायें। ''किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का उल्लेख नहीं किया है।

[-महामाया बालिका आशीर्वादयोजना के सम्बन्ध में,

2-महामाया आवास योजना के सम्बन्ध में,

3-डा0 अम्बेडकर ग्राम सभा विकास योजना के सम्बन्ध में,

4-सावित्री बाई फूले शिक्षा मदद योजना के सम्बन्ध में,

5-उत्तर प्रदेश मुख्य मंत्री महामाया आर्थिक मदद योजना के सम्बन्ध में,

---

* अन्य संशोधनों के लिए देखिए नत्थी ''ख'' आगे पृष्ठ-128-244 पर

नोट :-[ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

6-मा0 श्री कांशीराम जी शहरी आवास योजना के सम्बन्ध में,

7-मान्यवर श्री कांशीराम जी शहरी दलित बाहुल्य बस्ती समग्र विकास योजना के सम्बन्ध में,

8-उत्तर प्रदेश कानून व्यवस्था की खराब स्थिति के नियंत्रण के सम्बन्ध में,

9-उत्तर प्रदेश में सरकारी क्रय केन्द्रों पर किसानों के शोषण के सम्बन्ध में,

10-उत्तर प्रदेश में भयंकर बिजली संकट के सम्बन्ध में,

11-उत्तर प्रदेश में किसानों को सिंचाई हेतु नहरों में पानी न होने के सम्बन्ध में,

12-हत्या, अपराध लूट, बलात्कार, फिरौती जैसे जघन्य अपराधियों के राजनैतिक संरक्षण को रोकने के सम्बन्ध में, तथा

13-जनपद कौशाम्बी अन्तर्गत जेागापुर पम्प कैनाल चालू कराने के सम्बन्ध में]''

श्री अध्यक्ष-

ठीक है।

श्री स्वामी प्रसाद मौर्य-

मान्यवर, इसी के साथ जो अन्य हमारे दलीय नेताओं के संशोधन के प्रस्ताव आये हैं माननीय सदस्यों के संशोधन के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं वह इसमें सम्मिलित मान लिये जायें।

श्री अध्यक्ष-

ठीक है, उसे जोड़ लिया जायेगा।

श्री स्वामी प्रसाद मौर्य-

मान्यवर, यह अभिभाषण की पुस्तिका मेरे पास है जब मैंने इसको पढ़ा तो मुझे ऐसा लगा कि यह उनका खुद का अभिभाषण नहीं है। यह कपोलपंखी घोषणाओं की पुस्तिका है। यह सरकार की चाटुकारिता से भरा अभिभाषण है।

(सत्ता पक्ष की ओर से [x x x] की आवाजें।)

श्री अध्यक्ष-

माननीय सदस्य कृपया शांति बनाये रखें।

श्री स्वामी प्रसाद मौर्य-

यह कुल मिलाकर के महज एक सरकारी दस्तावेज है और कुछ नहीं है। इसका जनहित से कोई लेना देना नहीं है। मान्यवर, कल हमने महामहिम श्री राज्यपाल जी के अभिभाषण पर विरोध जताया था। मान्यवर, जो लोकतांत्रिक और मर्यादित तरीके की बात है अगर सामने का साथी कोई कार्य करता है तो वह लोकतांत्रिक हो जाता है और वही कार्य अगर हम करते हैं तो अलोकतांत्रिक हो जाता हैं मान्यवर, इसके पूर्व में भी यहां पर नेता विरोधी दल रहे हैं भाई शिवपाल जी रहे हैं, तो जो पूर्व में परम्परायें रही हैं उसके अनुरूप ही हमने अपनी बात कही थी। हमने कोई नयी परिपाटी यहां पर नहीं डाली है।

नोट :-[x x x] यह अंश श्री अध्यक्ष के आदेशानुसार कार्यवाही से निकाल दिया गया।

श्री अध्यक्ष-

आपको स्मरण होगा कि वर्ष 2007 में जब पहली बार बैठक हुई थी और उनका पहला अभिभाषण हुआ था तो मैं भी उस समय सदन का सदस्य था और आप भी थे तो उस समय महामहिम श्री राज्यपाल जी के अभिभाषण में कोई व्यवधान नहीं डाला गया था। वह पहला भाषण होता है यहां पर उनका।

श्री स्वामी प्रसाद मौर्य-

मान्यवर, इस बात की बेहतर जानकारी हमारे सामने बैठे हुए लोग दे सकते हैं उन्होंने भी नेता विरोधी दल का दायित्व संभाला है। मान्यवर, इस अभिभाषण के दूसरे पेज के पैराग्राफ 2 को देखने का कष्ट करें। जिसमें लिखा हुआ है कि ''जनाकांक्षाओं की पूर्ति व प्रदेश का समग्र विकास ही मेरी सरकार का लक्ष्य है। बिजली, पानी, शिक्षा व स्वास्थ्य जैसी अवस्थापना सुविधाओं के बिना समग्र विकास का लक्ष्य पूरा नहीं हो सकता है। जनता मूर्ति, पत्थर व स्मारक की जगह सड़क, पानी व बिजली जैसी अवस्थापना सुविधाओं के लिए प्रदेश सरकार की ओर टकटकी लगाए देख रही है।'' यह क्या राज्यपाल जी का खुद का अभिभाषण है।

मान्यवर, और साथ ही साथ यह महामहिम राज्यपाल की अभिभाषण सन, 2012 है पैराग्राफ 2 पहला पेज, जिसमें लिखा हुआ है जनता को पत्थर, मूर्तियों, स्मारक के अलावा कुछ नहीं मिला, यह महामहिम राज्यपाल जी का अभिभाषण है और सुनिये क्या सही है, और यह भी महामहिम राज्यपाल का अभिभाषण है 2011 का और उसी पहले पेज के दूसरे पैराग्राफ में लिखा हुआ है कि मेरी सरकार देश में समय-समय पर दलित एवं अन्य पिछड़े वर्गों में जन्मे महान सन्तों, गुरूओं व महापुरूषों विशेष रूप से महात्मा ज्योतिबाफुले, छत्रपति शाहू जी महराज, नरायना गुरू, बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर एवं मान्यवर श्री कांशी राम जी के बताये रास्ते पर चलकर सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय की नीति के आधार पर प्रत्येक निर्णय लेती हैं और इन्हीं महापुरूषों के सम्मान में तमाम प्रकार के स्मारक और स्मरणीय स्थलों का निर्माण भी किया है। यह दूसरा पेज है मान्यवर, तो मैंने कहा, मैंने इसमें उल्टा क्या कहा, मैंने कहा यह झूठ का पुलिन्दा है या तो यह सही है अगर गलत है तो इसका मतलब है कि महामहिम श्री राज्यपाल का अपना कोई भाषण नहीं है, मैंने यही कहा था कि यह सरकारी दस्तावेज है और सरकार की नुमाइन्दगी करती है मैंने मान्यवर, इसमें बुरा क्या कहा? और मान्यवर, माननीय अध्यक्ष जी, माननीय मुख्यमंत्री जी युवा हैं, बड़ी उम्मीदें थी और देखने में भले लगते भी हैं लेकिन इनकी क्या मजबूरी है कि अपना मनचाहा कार्य नहीं कर पाते हैं।

श्री अध्यक्ष-

आप लोग शांत रहिये।

श्री स्वामी प्रसाद मौर्य-

अब यह मुझसे ज्यादा बेहतर माननीय मुख्यमंत्री जी जानते होंगे। इनकी कोई न कोई मजबूरी है क्योंकि इस भोलेपन में अच्छाइयां जरूर छिपी हैं लेकिन उनमें कहीं न कहीं बीच में रोड़े बाजी भी हो रही है तो नीयत पर मुझे खोट नहीं है लेकिन जब एक मुख्यमंत्री हो तो प्रदेश की सरकार चला भी सकता है। लेकिन जब 3-3, 4-4 मुख्यमंत्री होंगे तो देश का बंटाधार होगा। मान्यवर, कभी भी कानून का राज कभी भी विकास नहीं होगा।

श्री अध्यक्ष-

आप लोग शांत रहियें।

देखियें, माननीय सदस्यों से मेरा आग्रह है यह नेता विरोधी दल है और यह परम्परा है कि नेता विरोधी दल जब बोलते हैं तो आपको व्यवधान नहीं डालना चाहिए। इनकी बात सुननी चाहिए। चाहे वह सत्ता पक्ष के लोग हों चाहे विपक्ष के लोग हों। मेरा आपसे आग्रह है कि आप लोग चुपचाप बात सुनिये, जब आपकों मौका मिलेगा तो आप उनकी बातों का जवाब अपने भाषण में देंगे लेकिन चुपचाप सुने यही मेरा आग्रह है।

श्री स्वामी प्रसाद मौर्य-

माननीय अध्यक्ष जी, हल्लाबोल संस्कृति है बाज नहीं आयेंगे आपनी आदत से। बार-बार आपके कहने पर भी मान्यवर, मैं आपके माध्यम से निवेदन कर रहा था।

(एक सदस्य द्वारा बोलने का प्रयास करने पर)

श्री अध्यक्ष-

माननीय सदस्य बैठ जायें, इन लोगों को समझायें।

श्री मोहम्मद आजम खां-

सत्ता पक्ष के सभी सदस्यों से हमारा निवेदन है कि आप ही परम्पराएं बनायेंगे, आप ही परम्परा तोड़ेगें। यह परम्परा रही है कि जब नेता प्रतिपक्ष बोलते हैं तब चाहे वह कितनी ही कड़वी बात बोलें, सत्ता पक्ष से उस पर टीका-टिप्पणी नहीं की जाती और फिर समाजवादियों की तरफ से ऐसा कभी नहीं हुआ है। जब विपक्ष के नेता बोले हैं तब हम नहीं बोलते हैं। हम भी वहीं बैठते थे यह अलग बात कि जब हम वहां बोलते थे तो यह कुर्सी खाली होती थी। तो अच्छी परम्परा के लिए निवेदन है कि आप बिलकुल खामोशी से सुनें। जितना खामोशी से सुनेंगे उतना ही अच्छा कुछ सुनने को मिलेगा।

श्री स्वामी प्रसाद मौर्य-

माननीय अध्यक्ष जी, जैसा कि मैंने आपके माध्यम से निवेदन किया कि यह जो महामहिम राज्यपाल जी का अभिभाषण है, इसकी कथनी और करनी में कोई भी एका नहीं है। यद्यपि महामहिम राज्यपाल जी के अभिभाषण के पेज-5 पर यह मंशा तो स्पष्ट की गयी है कि मानून व्यवस्था हम कायम करेगें। लेकिन तस्वीर उत्तर प्रदेश की क्या है आज वह मान्यवर किसी से छिपी नहीं है। मान्यवर, यह कटु सत्य है और माननीय मुख्यमंत्री जी इसका संज्ञान इसलिये लें कि यदि वाकई में कानून व्यवस्था चुस्त दुरूस्त करना है तो इसका गंभीरता से संज्ञान लेकर, जो कानून व्यवस्था पर बदनुमा दाग है, उनको मिटाने की कोशिश करनी होगी। आज पूरे प्रदेश में मान्यवर, अभी बहुत ज्यादा दिन नहीं हुये हम सरकार की अभी न अच्छाइयों पर चर्चा कर सकते हैं और न बुराइयों पर चर्चा कर सकते हैं। लेकिन माननीय मुख्यमंत्री जी की पूर्ण बहुमत की सरकार है और पूर्ण बहुमत की सरकार होने के नाते कोई मजबूरी भी नहीं है। इसलिये पूरे उत्तर प्रदेश में जो जंगलराज और गुण्डाराज है, उस पर अंकुश लगाने के लिये ठोस कार्यवाही करनी चाहिये। आज पूरे प्रदेश में हाहाकार मचा हुआ है। मान्यवर, मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहता हूँ कि यह बहुत लम्बा चौड़ा दस्तावेज है मात्र 70 दिनों में ही लगभग हजारों हत्यायें हो गयी। मैं सूची पढ़ूंगा तो बहुत लम्बा समय लग जायेगा। मैं

उसमें जाना नहीं चाहता। मान्यवर, अभी कल जब यहां महामहिम राज्यपाल जी का अभिभाषण हो रहा था तो माननीय मुख्यमंत्री जी के जनपद में ही इकदिल थाने में एक साथ एक ही परिवार में 6-6 हत्यायें हो गयी। अभी मान्यवर, कल ही बदायूँ की एक पुलिस चौकी में एक लड़की से बलात्कार किया जा रहा था। मान्यवर, अगर कानून के रखवाले कानून की धज्जियाँ उड़ाने के लिये तुल जायेंगे तो हम समझते हैं कि माननीय मुख्यमंत्री की प्रबल इच्छा के बावजूद भी कानून का राज स्थापित नहीं हो सकता। इसलिये कानून सबके लिये समान और बराबर होता है। कानून में न कोई रिश्तेदारी चलती है और न भाई भतीजावाद चलता है और न कोई पार्टी चलता है और न कोई रिश्ता चलता हैं कानून व्यवस्था स्थापित करने के लिये दृढ़ इच्छा होनी चाहिये। काम करने का संकल्प होना चाहिये, और जब इस भावना से कार्य होगा तभी जाकर युवा मुख्यमंत्री की सार्थकता होगी इसी लिए मान्यवर मैं महामहिम श्री राज्यपाल के अभिभाषण का विरोध करता हूँ क्योंकि इसमें कहा कुछ गया है और किया कुछ गया है। मैं चाहता हूँ कि जो कहा गया है उसको अमलीजामा पहनाया जाये।

मान्यवर, आज कानूनराज कैसे होगा, आज अधिकारी सुरक्षित नहीं हैं आपने ऑफिसों में, कहीं अधिकारी अपने ऑफिसों में पीटे जा रहे हैं, कहीं थाना चौकियों में पुलिस वाले पीटे जा रहे हैं और मान्यवर, जब अधिकारी सुरक्षित नहीं होगा, कानून का रखवाला पुलिस कर्मी सुरक्षित नहीं होगा तो हम समझते हैं कि अपने आप कानून राज पर सवालिया निशान लग जायेगा। इसलिए मान्यवर, इतने ही कम समय में, जबकि इस समय तो अभी नई सरकार है, नए युवा मुख्यमंत्री हैं, नए युवा मुख्यमंत्री का रौब ही इतना होगा चाहिए कि गुण्डे, माफिया, अपराधी चूहे के बिलों में घुस जाएं। अभी कल तक जिन गुण्डों-माफियाओं की बोलती बन्द थी आज वह अधिकारियों की पिटाई कर रहे हैं, पुलिसकर्मियों की पिटाई कर रहे हें, दिन-दहाड़े बैंक डकैती कर रहे हैं। आज पूरे प्रदेश में चोरी, डकैती, हत्या, बलात्कार, बैंक डकैती, छिनैती, अपहरण और फिरौती 70 दिन के अन्दर बेशुमार क्यों बढ़ गई। इसका मतलब है कि या तो अधिकारी माननीय मुख्यमंत्री जी को ठीक से जानकारी नहीं दे रहे हैं या माननीय मुख्यमंत्री जी की जानकारी में है और उनके खिलाफ कुछ करना भी चाहते हैं लेकिन उनकी कुछ मजबूरिया हैं इसलिए कर नहीं पा रहे हैं। क्योंकि मुझे याद है कुछ दिन पहले पार्टी में तथा कथित माफिया के प्रवेश को माननीय मुख्यमंत्री जी ने रोका था प्रदेश अध्यक्ष की हैसियत से। तो स्वाभाविक रूप से उनके मन में पीड़ा है कि गुण्डाराज खत्म हो लेकिन क्या मजबूरी है कि गुण्डाराज खत्म करने की चाहत रखते हुए भी माननीय मुख्यमंत्री जी इस गुण्डाराज पर अंकुश नहीं लगा पा रहे हैं। यह कोई लंगड़ी सरकार नहीं, बैसाखी की सरकार नहीं, कोई जोड़-तोड़ की सरकार नहीं बल्कि यह पूर्ण बहुमत की सरकार है।

उत्तर प्रदेश की जनता ने किसी न किसी रूप में आपको अगर यह प्रचण्ड बहुमत दिया है तो हम समझते हैं कि उत्तर प्रदेश की जनता के प्रति आपकी जवाबदेही ज्यादा हो जाती है। मान्यवर, अच्छी चीजें कहीं भी मिल जाएं तो उनकी नकल की जाती है और बुरी चीजें अगर कहीं दिखाई देती हैं तो उससे परहेज किया जाता है। इसलिए केवल इधर बैठे हुए लोग कह रहे हैं इसलिए बात को हंसी में उड़ा दिया जाए, हम समझते हैं कि कहीं न कहीं यह सरकार की भूल होगी। जैसा कि आप भी गवाह हैं हम भी गवाह हैं, कभी हम उधर थे और आप इधर थे और कभी हम इधर और आप उधर हैं।

सत्तापक्ष की ओर से-

चलिए इतना तो एहसास हुआ।

श्री स्वामी प्रसाद मौर्य-

जो आप लोगों की करतूतें हैं उसका नतीजा पांच साल बाद आयेगा, घबराइये मत।

श्री अध्यक्ष-

माननीय नेता विरोधी दल आप उनकी बातों में न उलझिये, अपनी बात कहिये।

श्री स्वामी प्रसाद मौर्य-

मान्यवर, मैं नहीं उलझूंगा। माननीय अध्यक्ष जी एक सेवायोजन अधिकारी की हत्या कर दी गई। कार्यालय में जाकर पिटाई कर दी गई। एटा में एक जे0ई0 की हत्या कर दी गई। झांसी में एक बी0डी0ओ0 को गोली मार दी गई। इसी प्रकार से विभिन्न थानों में पुलिसकर्मियों की कहीं घुस करके पिटाई की गई और यहां तक कि गोली मार दी, थानेदार की मौत हो गई। इस तरह से वारदातें हो रही हैं। मेरा केवल इतना ही कहना है सरकार को इन सब चीजों को बड़ी गम्भीरता से लेने के लिए अपने को मानसिक रूप से तैयार करना होगा। ये दस्तावेज तो आते-जाते हैं। लेकिन जो हम इसमें लिख रहे हैं उसको अमलीजामा कितना दे रहे हैं आज जिस तरीके से अराजकता बड़े पैमाने पर फैली है, ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार का कोई अंकुश नहीं रह गया है। गुण्डे, माफिया व अपराधी बेलगाम हो चुके हैं उन पर लगाम लगाना होगा। गुण्डे, माफिया व अपराधियों को अगर छूट मिलेगी तो हम समझते हैं कि प्रदेश की जनता को युवा मुख्यमंत्री जी से उम्मीदें हैं वह कहीं न कहीं चकनाचूर होंगी।

(टोका-टाकी)

श्री अध्यक्ष-

आप लोग शांत रहें, मौर्या जी को बोलने दें।

श्री स्वामी प्रसाद मौर्य-

रही बात हमारे भाई योगेश जी ने और उदयराज जी ने, उदयराज जी आप तो लगातर पांचवीं बार एम0एल0ए0 बने हों।

श्री उदयराज-

पांचवीं बार नहीं, चौथी बार, आपको कोई कष्ट है?

श्री स्वामी प्रसाद मौर्य-

लगातार चौथी बार आप एम0एल0ए0 हैं लेकिन आपको मंत्री तक भी नहीं बनाया गया।

श्री उदयराज-

आप उसके लिए क्यों परेशान हैं, यह चिन्ता आपको क्यों है?

श्री स्वामी प्रसाद मौर्य-

क्योंकि आप हमारे पुराने मित्र हो।

श्री अध्यक्ष-

आपस में वार्तालाप न करें।

श्री उदयराज-

अध्यक्ष जी, मित्र इसलिए नहीं हो सकता हूँ क्योंकि उस दल में कभी रहा नहीं जहाँ तनख्वाह दी जाती हो और नौकरी पर रखे जाते हों लोग, मैं ऐसे दल में कभी नहीं रहा। मैं एक अनुरोध कर रहा हूँ मौर्या जी से कि एक ही बात कितनी बार कहेंगे, उसे कुछ आगे बढ़ाये।

श्री अध्यक्ष-

आप यह नहीं जानते हो कि मौर्या जी आपके भी दल में रहे हैं। अब आप लोग शांत रहिये और मा0 मौर्या जी को बोलने दीजिए।

श्री स्वामी प्रसाद मौर्य-

हमारे मा0 सदस्यों ने इंगित किया था कि बहुजन समाज पार्टी की सरकार के दौर में सी0एम0ओ0 की हत्या हुई। मान्यवार, तत्कालीन माननीया मुख्यमंत्री सुश्री बहिन मायावती जी ने स्वयं सी0बी0आई0 जांच की अनुशंसा की थी और यही नहीं ...

(कई सदस्यों ने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश पर सी0बी0आई0 जांच प्रारम्भ हुई है)

श्री अध्यक्ष-

शांत रहें, मा0 नेता प्रतिपक्ष की बातों को सुनें।

श्री स्वामी प्रसाद मौर्य-

बहुजन समाज पार्टी की सरकार में, यह बात दीगर है कि आज हम इधर बैठे हैं लेकिन निवर्तमान मुख्यमंत्री सुश्री बहिन मायावती जी ने जिस तरीके से कानूनराज स्थापित किया, बिना भेदभाव के कानून की नजरों में सभी समान रहे और यहां तक कि कानून तोड़ने वाला अगर सरकार का सत्तापक्ष का कोई मंत्री, विधायक, सांसद या बहुजन समाज पार्टी का कोई पदाधिकारी भी था, अगर कानून तोड़ा है तो जेल की सलाखों में गया था कभी उसकी कोई माफी नहीं हुई।

(सत्तापक्ष की तरफ से आवाज आयी कि सभी अपराधी थे, थोड़े से लोग ही जेल गये)

इसलिए मान्यवर, यह सारी स्थितियां अपने आप में साफ हो रही है कि कहां कानून का राज था और कहा कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही है उसमें हमें बहुत कुछ कहने की आवश्यता नहीं है। मान्यवर, मैं महामहिम राज्यपाल जी का घोर विरोध इसलिए करता हूँ क्योंकि तमाम कल्याणकारी योजनाएं जो गरीबों के लिए थीं। उनको बन्द कर दिया गया।

श्री अध्यक्ष-

अभिभाषण का विरोध करिए राज्यपाल जी का नहीं। माननीय सदस्य शांत रहें नेता विरोधी दल को धैर्य से सुनें उनको डिस्टर्ब न करें। यह अच्छी बात नहीं है।

श्री स्वामी प्रसाद मौर्य-

अभिभाषण का ही विरोध है। अध्यक्ष जी हमारे सामने बैठे हुए साथी हमें सुनना नहीं चाहते। क्या आप चाहते हैं कि जब मुख्यमंत्री जी बोलें तो उनके भाषण में भी व्यवधान डाला जाय।

श्री राजेन्द्र सिंह राणा-

आपको चुनौती नहीं देनी चाहिए।

श्री उमेश पाण्डेय-

क्या नए सदस्यों को आप लोग यही सिखाना चाहते हैं।

श्री अध्यक्ष-

मौर्य जी आप अपनी बात जारी रखें।

श्री स्वामी प्रसाद मौर्य-

पूर्व की सरकार में जनता को न्याय उसकी देहरी पर मिलता था उसकी समस्याओं का निस्तराण उसकी देहरी पर होता था और इसके लिए तहसील दिवस और थाना दिवस आयोजित होता था। यद्यपि मुख्यमंत्री जी ने उस व्यवस्था पर विचार किया और अपने शासन में भी उस व्यवस्था को लागू करने के बारे में सोचा और उसकी पहल की जैसा कि राज्यपाल महोदय के अभिभाषण में देखने को मिला। क्योंकि तमाम ऐसे गरीब हैं जो किराए के अभाव में मुख्यमंत्री जी के जनता दर्शन में नहीं जा सकते। अगर मजलूमों, गरीबों की सुनवाई थाने पर ही हो जाती तो यहाँ पर जनता दर्शन में एक-एक दिन में 10-10 हजार आदमी नहीं आते क्योंकि पूर्व में जनता को इंसाफ उसकी देहरी पर ही मिल जाता था इसलिए उसे लखनऊ आने की जरूरत नहीं पड़ती थी। मान्यवर, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूँ कि जो गरीब हैं, मजलूम हैं उनको न्याय उनके आंगन में दिलाने की व्यवस्था की जाय। अभी मुख्यमंत्री जी ने ऐसा अनुभव किया होगा इसलिए उन्होंने निर्देश दिए हैं कि जिलों में एस0पी0/एस0एस0पी0 और जिलाधिकारी अपने यहाँ 10-12 बजे तक लोगों से मिलें और उनकी फरियाद सुनें। मान्यवर, मुख्यमंत्री जी के निर्देश के बावजूद क्या कारण है किस कारण अधिकारियों का दिमाग खराब हो गया है कि मुख्यमंत्री के आदेश का अनुपालन नहीं हो रहा है। इसका मतलब यह है कि अधिकारी बेलगाम हो चुके हैं। तो कहीं न कहीं आपको ठोस कार्यवाही करने की पहल करनी होगी। अभी तक हम लोकतंत्र के चौथें पाये के रूप में प्रिन्ट मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया को महत्व देते हैं और तमाम जगह पर उन्होंने जाकर के इसको दिखाया है कि किस तरीके से मुख्यमंत्री जी के आदेश के बावजूद भी कोई भी ज्यादा से ज्यादा डी0एम0 और एस0एस0पी0 अपने आफिस में लोगों की फरियाद सुनने के लिये मौजूद नहीं हैं। इसलिये केवल कागज पर आदेश हो जाय और उसका व्यावहारिक स्वरूप न तैयार हो सके तो हम समझते हैं कि कहीं न कहीं माननीय मुख्यमंत्री जी के आदेशों की तौहीन हो रही है। इसलिये मान्यवर, मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहता हूँ कि इस महामहिम राज्यपाल महोदय के अभिभाषण में उन तमाम कल्याणकारी योजनाओं जो गरीबों के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिये बनाई गयी थीं, जो समाज के अंतिम छोर पर खड़े हुए व्यक्ति को सीधे मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास किया गया था वह तमाम कल्याणकारी योजनाएं जो महापुरूषों के नाम पर संचालित जरूर थीं लेकिन लाखों और करोड़ों की तादाद में उससे गरीब लाभान्वित होकर सीधे मुख्य धारा से जुड़ रहे थे उनकी इस महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण में कोई चर्चा नहीं है। उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री महामाया गरीब आर्थिक योजना, सावित्री बाई फूले बालिका शिक्षा योजना माहामया गरीब बालिका आर्शीवाद योजना, मान्यवर श्री कांशीराम शहरी गरीब आवास योजना, मान्यवर, कांशी राम शहरी समग्र विकास योजना इन सारी योजनाओं का कहीं जिक्र ही नहीं और माननीय मंत्री जी

समाजवादी पार्टी का मूल मंत्र तो समता मूलक समाज की स्थापना का रहा है। जब हम एक इंसान दूसरे इंसान को सम्मान देने की बात करते हैं तो महापुरूषों का सम्मान क्यों नहीं ?

मान्यवर, डाक्टर राम मनोहर लोहिया जी समाज के एक आदर्श थे, महापुरूष थे इसमें कोई दो राय नहीं है, कोई बहस नहीं। डाक्टर राम मनोहर लोहिया जी के नाम पर आप एक नहीं एक दर्जन योजना चला दीजिये हम उसका स्वागत करेंगें लेकिन डाक्टर अम्बेडकर के नाम की वह योजना जो 1991 से चल रही थी और उस समय मुख्य मंत्री शायद हमारे वर्तमान मुख्य मंत्री के पिता जी ही थे और 1991 से संचालित डाक्टर अम्बेडकर ग्राम विकास योजना जो उस समय भारत सरकार के निर्देश पर सेम्पुल के तौर पर यहाँ पर शुरू की गई थी और दिनों दिन वह सुदृढ़ होता गया आज उसी अम्बेडकर समग्र विकास योजना के माध्यम से उत्तर प्रदेश के 60 फीसदी गांवों में पक्की सड़क, बिजली, स्कूल, पानी, इंडिया मार्का नल, पंचायत, सी0सी0 रोड जैसे विकास के कार्य हुए हैं उस नाम को परिवर्तन करने की आवश्यकता क्या रही। आप इससे भी अच्छी योजना कोई ला देते। डा0 लोहिया जी के नाम पर एक क्यों आप एक दर्जन योजनाएं चला देते स्वागत योग्य होता लेकिन महापुरुषों के नाम पर एक संचालित योजना का नाम बदल कर डा0 राम मनोहर लोहिया जी के नाम पर कर दिया गया। यह क्या दोनों महापुरूषों का अपमान नहीं है। एक और डा0 अम्बेडकर का अपमान है जो भारतीय संविधान के निर्माता थे जो इस देश के करोड़ों-करोड़ गरीब जनता के मसीहा थे। दूसरी ओर डा0 राम मनोहर लोहिया जी जो इस देश में समता मूलक समाज की स्थापना के महानायक थे उनके भी दर्शन पर यह सवालिया निशान है। इसलिये मान्यवर, मालूम नहीं कौन लोग राय दे देते हैं और माननीय मुख्य मंत्री जी जैसा कि मैंने कहा कि चेहरे से भोले हैं। भोलापन उनमें हैं लोग उनके भोलेपन का फायदा उठाकर गलत रास्ता बता देते हैं।

(हंसी)

इसलिए मान्यवर इन सब चीजों पर गम्भीरता से मनन करने की आवश्यकता है, और यही नहीं यह सर्वविदित है, बहुत सी सरकारें आई-गई, हमारे साथियों की भी सरकारें आई-गई, उधर कई बार सरकारें बनी और आई-गई, लेकिन मान्यवर, बड़े पैमाने पर गांव का विकास, गांव में स्कूल, पानी, बिजली, पंचायत भवन, इण्डिया मार्का-2 सभी विकास कार्यों का संतृप्तिकरण का कार्य अगर हुआ तो अम्बेडकर योजना के माध्यम से। बारी-बारी से यह हमारी सरकार का संकल्प था कि उत्तर प्रदेश के सभी गांव चाहे-छोटे हों, चाहे बड़े हों, सबको हम बारी-बारी से अम्बेडकर गांव के रूप में चयनित करेंगे, विकास करेंगे, गांव-गांव तक विकास ले जाएंगे, इन विकास परक योजना में आखिर औरों को पैदा करने की आवश्यकता क्यों रही, इसका भी राज्यपाल जी के अभिभाषण में कोई जिक्र नहीं है। मान्यवर, हमने इसका कड़ा प्रतिवाद किया था। मान्यवर मैं आपके माध्यम से यह निवेदन करना चाहता हूँ कि आज तमाम राजनीतिक दल जब-जब सत्ता में आते हैं, आपसी सौहार्द बिगड़ता है, भाईचारा टूटता है लेकिन बहुजन समाजपार्टी की चार बार सरकार आई लेकिन एक बार भी कोई हिन्दू-मुस्लिम दंगा नहीं हुआ था। कोई फसाद नहीं हुआ था, भाईचारा बड़ा, आपसी सौहार्द बड़ा था।

(विपक्ष के सदस्यों ने मेजें थपथपाई)

मान्यवर, मैं कहना चाहता हूँ कि कभी-कभी हमारे साथी बैठते हैं बगल में और वह कभी-कभी अपनी भूमिका भूल जाते हैं हमें क्या करना है। वह सरकार के सलाहकार बन जाते हैं। लेकिन, मान्यवर, हम सभी भिन्न-भिन्न क्षेत्रों से यहां चुनकर आए हैं। लोग उनकी भावनाओं को यहां

प्रस्तुत करने के लिए क्षेत्र की भावनाओं को, उनकी समस्याओं को यहां उद्धत करने के लिए, क्षेत्र की समस्याओं को बताने के लिए यहां आते हैं और कहीं भी अगर क्षेत्र के लोगों की भावनाओं का निर्वहन नहीं होता है हम अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन नहीं कर सकते हैं तो जिन लोगों ने यहां चुनकर भेजा है हम कहीं न कहीं उनके साथ विश्वासघात कर रहे हैं। श्रीमान, मैं आपके माध्यम से यह निवेदन करना चाहते हैं कि इस पर पुनर्विचार की आवश्यकता है। तमाम कल्याणकारी योजनायें खत्म की गई हैं जिसको फिर से प्रारम्भ करने की आवश्यकता है और मान्यवर, इसी के साथ-साथ मैं यह भी कहना चाहूंगा कि अभी महामहिम राज्यपाल महोदय के अभिभाषण में कहा गया कि केवल पत्थर मूर्ति और स्मारक के अलावा कुछ नहीं मिला। जो लोग इस देश के दलितों और पिछड़ों पर हमेशा कोड़ा बरसाए हैं, जिन लोगों ने इस देश के बहुसंख्यक समाज को सत्ता शासन से दूर रखने का काम किया जिन लोगों ने इस बड़े समूह को जानवर से बदतर जिन्दगी जीने पर मजबूर किया, स्वाभाविक रूप से आज उनमें पैदा होने वाले किसी महापुरुष को सम्मान दिया जाएगा तो संभवतः उसकी आँखें पथरा जाएंगी।

तो स्वाभाविक रूप से उसकी आंखे पथरा जायेंगी क्योंकि जिसको हमने कभी इन्सान नहीं समझा, अगर आज उसकी आदमकद प्रतिमा लगती है, उसका भव्य स्मारक बनता है तो स्मारक घोटाला दिखाई पड़ता है, वह इसलिए दिखायी पड़ता है क्योंकि देखने वालों की आंखे पथरा गई हैं। साथियों मैं आपको यह सलाह देना चाहता हूं, जो बैठे हुए साथी हैं, माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि समय-समय पर यहां जो भी सरकारें रही हैं, चाहे कांग्रेस की रही हो, भारतीय जनता पार्टी की रही हो, समाजवादी पार्टी की रही हो या बहुजन समाजपार्टी की रही हो, सभी सरकारों ने अपने-अपने तौर-तरीकों से महापुरुषों को सम्मानित करने का काम किया है। किसी ने दीनदयाल उपाध्याय की परियोजना चलाई, किसी ने जवाहर लाल नेहरू और गांधी जी के नाम से परियोजना चलाई, किसी ने राम मनोहर लोहिया जी पर परियोजना चलाई, किसी ने डा0 अम्बेडकर के नाम पर परियोजना चलाई तो मान्यवर, महापुरुष, महापुरुष होता है, अगर हम उसको सम्मान नहीं दे सकते तो अपमान करने का भी मुझे अधिकार नहीं है। इसलिए मान्यवर, मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहता हूं कि अब बदला-बदली से काम नहीं चलेगा, आप डा0 अम्बेडकर का नाम बदल दें, हम राम मनोहर लोहिया का नाम बदल दें, माननीय मुख्य मंत्री जी, आपके साथी नए-नए सरकार में आए हैं, इसलिये उछल रहे हैं, उनके पैर जमीन पर नहीं है, आप इनको संभालिए, आप इनके अगुआ हो, आप इनके नेता हो, आप माननीय मुख्य मंत्री हो, अगर आज आप डा0 अम्बेडकर का नाम हटा रहे हैं और जब बहुजन समाज पार्टी आए वह राम मनोहर लोहिया जी का नाम हटाये तो ऐसा कोई काम यदि होता है तो यह डा0 अम्बेडकर का भी अपमान है और राम मनोहर लोहिया जी का भी अपमान है। इसलिए हमें ऐसी कोई बात ही नहीं करनी चाहिए कि कल किसी महापुरुष पर अपमान का कोई दाग लगे। इसलिए मान्यवर, मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहता हूं कि महामहिम राज्यपाल जी के अभिभाषण में इस प्रकार का कोई संकल्प नहीं, इस प्रकार की कोई मंशा नहीं, इस प्रकार की कोई बात नहीं और मान्यवर, मैं आपसे कहना चाहता हूं, जब पहली बार सुश्री बहन मायावती जी मुख्य मंत्री बनी थीं तो सबसे कम उम्र की थीं, तब तक के जितने भी मुख्य मंत्री थे, उसमें सबसे कम उम्र की मुख्य मंत्री थी। आज उनसे भी कम उम्र के माननीय मुख्य मंत्री हैं, श्री अखिलेख यादव जी, इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि आपके अन्दर ऊर्जा है, क्षमता है तो काम करके आगे बढ़ो लेकिन लीपापोती की संस्कृति ठीक नहीं है और मान्यवर, मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहता हूं कि यह केवल स्मारक, मूर्तियां और पत्थर नहीं हैं बल्कि इसमें विकास छिपा है।

(कई सदस्य जोर-जोर बोलने लगे)

श्री स्वामी प्रसाद मौर्य-

इन्हीं महापुरुषों के नाम पर अगर अक्ल हो तो सोचो, आंख हो तो देखो।

(कई सदस्य जोर-जोर से बोलने पर व्यवधान)

श्री अध्यक्ष-

शांत रहें, आप नेता विरोधी दल का भाषण सुनें।

(सत्तापक्ष के कुछ सदस्यों द्वारा टोका-टाकी करने पर)

श्री अध्यक्ष-

जो बातें पसंद हैं, नापसंद हैं तो जब आप बोलिएगा तो बोल लीजियेगा। कृपया शांत रहें।

श्री स्वामी प्रसाद मौर्य-

माननीय अध्यक्ष जी, इनकी समझ में नहीं आएगा। इन स्मारकों, पार्कों में विकास छुपा है। डा0 अम्बेडकर के नाम पर डा0 अम्बेडकर नगर जिला बना। मान्यवर, कांशीराम जी के नाम पर मान्यवर कांशीराम नगर जिला बना, रमाबाई अम्बेडकर के नाम पर रमाबाई नगर जिला बना, ज्योतिबा फूले के नाम पर ज्योतिबाफूले नगर जिला बना, गौतमबुद्ध के नाम पर गौतमबुद्ध नगर जिला बना, महामाया के नाम पर महामायानगर जिला बना और मान्यवर, इन तमाम महापुरुषों के नाम पर अनेकों विश्वविद्यालयों की भी स्थापना हुयी। रचानात्मक कार्य कराइये, आगे बढ़िये। मैं तो इशारा कर रहा हूं।

(टोका-टाकी)

श्री अध्यक्ष-

माननीय सदस्य कृपया शांत रहें। बाद में बोल लीजियेगा।

श्री स्वामी प्रसाद मौर्य-

मान्यवर, मैं तो इंगित कर रहा हूं कि माननीय युवा मुख्य मंत्री जी अपनी इस ऊर्जा का सकारात्मक प्रयोग करें। तमाम निर्माण कार्य करके आप अच्छा नाम कमा सकते हैं। किसी बनाये हुए काम को मिटाकर आप कभी भी लोगों के प्रिय नहीं हो सकते। मान्यवर, आज सुश्री बहन मायावती जी राज्यसभा में हैं। लेकिन मैं उनको धन्यवाद देना चाहूंगा कि जितने विश्वविद्यालयों की स्थापना पिछले 55 सालों में नहीं हुयी है उससे ज्यादा विश्वविद्यालयों की स्थापना विभिन्न महापुरुषों के नाम पर 5 साल की सरकार में करने का काम किया है। मान्यवर, मैं आपके माध्यम से यह निवेदन करना चाहता हूं कि प्रदेश की खुशहाली, तरक्की और विकास तभी संभव होगा जब प्रदेश में कानून का राज होगा। अगर आप चाहते हैं कि गाजियाबाद में नोएडा में, विकास हो आपकी तमाम नई-नई योजनाएं चलें तो मैं कहना चाहता हूं कि जब तक कानून का राज नहीं होगा तब तक विकास की कल्पना संभव नहीं है। जब व्यवसायी यह सोचेगा कि हम जिस प्रदेश में व्यवसाय करने जा रहे हैं वहां से वापस लौटेंगे या नहीं तो वह इस प्रदेश में क्यों आएगा।

(टोका-टाकी माहौल ठीक है)

श्री स्वामी प्रसाद मौर्य-

यह कह रहे हैं कि माहौल ठीक है। मान्यवर, जो लोगों की बस्ती उजाड़ रहा है यह तो आने वाला समय बताऐगा। अभी तो इनको हर जगह हरियाली नजर आ रही है। जब मौका आएगा तब पता चलेगा कितना खेत बचा है और कितना चर गये।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, किराया नियंत्रक तथा कारागार राज्य मंत्री (श्री इकबाल महमूद)-

आप इधर से उधर कैसे गये यह बतायें।

श्री स्वामी प्रसाद मौर्य-

आप क्यों इतनी जल्दी इधर आना चाहते हैं यह बतायें।

श्री अध्यक्ष-

माननीय सदस्य कृपया शांत रहें।

श्री स्वामी प्रसाद मौर्य-

यह हमारी बराबरी कर रहे हैं। मैं तो सत्तापक्ष का ध्यान खींचने के लिए कभी-कभी वेल में कूद जाता हूं क्या यह लोग वेल में कभी आयेंगे ? तो इसलिए आप इधर आने के लिए इतना ज्यादा उतावलापन मत कीजिए अभी ढाई महीने भी पूरा नहीं हुआ अभी कम से कम साफ दिल, दिमाग कर के काम का मन बनाइये और मान्यवर, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं हमारे बहुत वरिष्ठ नेता हैं माननीय संसदीय कार्य मंत्री जी, उनसे हम सब बहुत सीखते भी हैं, यद्यपि कि उनका पुराना अनुभव हम सबका कभी-कभी मार्गदर्शन भी करता है और कभी-कभी हम समझते हैं एक डांट खा रहे हैं, बहुत सी चीजें होती हैं, लेकिन फिर भी माननीय संसदीय कार्यमंत्री जी को बधाई देना चाहिए मा0 बहन मायावती जी को कि आजादी के 63 सालों में उर्दू, अरबी, फारसी विश्वविद्यालयों की स्थापना नहीं हुई थी, उसको बहन मायावती जी ने कर के अल्पसंख्यक समाज के सम्मान को आगे बढ़ाने का काम किया।

वस्त्र उद्योग एवं रेशम उद्योग राज्य मंत्री (श्री महबूब अली)-

लेकिन यह शिक्षा भी नहीं लेना चाहते हैं।

श्री स्वामी प्रसाद मौर्य-

शिक्षा तो मैं हमेशा लेता रहता हूं और आप लोगों से भी मैं शिक्षा लेता हूं और उसका कभी-कभी उपयोग भी करता हूं।

मान्यवर, ''छींका टूट बिलारी के भाग''

(सत्ता पक्ष के किसी सदस्य द्वारा यह कहने पर कि मुहावरा तो सही-सही कहिये)

श्री स्वामी प्रसाद मौर्य-

अरे, ''अंधे के हाथ बटेर कभी-कभी लग जाता है''।

श्री अध्यक्ष-

माननीय सदस्यगण शान्त होकर सुनें, माननीय नेता विरोधी दल जब खड़े हों तो अन्य किसी सदस्य को नहीं खड़ा होना चाहिए।

श्री हुकुम सिंह-

बटेर तो अच्छा ही है, कोई दिक्कत थोड़े ही है।

श्री मोहम्मद आजम खां-

हुकुम सिंह जी, जब अंधे के हाथ बटेर लगे, ठीक है, लेकिन कभी बटेर को अगर अंधा हाथ आ गया तो।

श्री स्वामी प्रसाद मौर्य-

माननीय संसदीय कार्यमंत्री जी प्रायः इसी बात से फायदा उठा जाते हैं तो इसलिए मान्यवर, यह तो तमाम डपोरशंखी घोषणाओं के बिना पर सरकार बन गई और जब घोषणायें हो रही थीं तो उस समय घोषणाओं में कोई शर्त नहीं थी, उस समय तो केवल एक भाषा थी कि सभी बेरोजगार, बेरोजगारी भत्ता पायेंगे। सरकार में आने के बाद शर्तें लगना शुरू हो गई। कभी 35-45 कभी 40 के ऊपर का कभी 30-40 का, आखिर जो नौजवान बच रहे हैं वह क्या करेंगे, आप बतायें। हमें बहुत ज्यादा ताकत लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी आपकी खटिया वही नौजवान खड़ा करेगा जिस नौजवान ने गलतफहमी से आपको वहां पर बैठाने का काम किया है, वह समय आने दीजिए।

(सत्ता पक्ष के कई सदस्य एक साथ बोलने लगे जिससे सदन में शोर की स्थिति उत्पन्न हो गई)

श्री अध्यक्ष-

आप लोग शान्त रहें। नेता विरोधी दल को अपनी बात कहने दें।

श्री स्वामी प्रसाद मौर्य-

अगर मैं इस पर कहने को आऊंगा, तो तमाम मा0 मंत्री जी लोगों को अपना मुंह छिपाना पड़ेगा, इसलिए उस पर मत सुनवाइये। मान्यवर, मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहता हूं कि आज,

श्री अध्यक्ष-

माननीय मौर्या जी और कितना समय लेंगे आप ?

श्री स्वामी प्रसाद मौर्य-

मान्यवर, बस बहुत जल्द ही हम अपनी बात समाप्त कर देंगे।

(श्री हुकुम सिंह जी के खड़े होने पर)

श्री अध्यक्ष-

मा0 हुकुम सिंह जी, ये नेता विरोधी दल हैं। नेता विरोधी दल खड़े हैं, आप जानते हैं।

श्री हुकुम सिंह-

मान्यवर, नेता विरोधी का समय तो असीमित है। यह बात दूसरी है लेकिन अभी बहुत से सदस्य बोलना चाहेंगे। अगर दो-दो मिनट, पांच-पांच मिनट सबको मिल जाएं।

श्री अध्यक्ष-

इस पर कल चर्चा है, परसों भी है।

श्री स्वामी प्रसाद मौर्य-

मान्यवर, जल्दी कर रहा हूं, ये तो बीच-बीच में समय ले लेते हैं हमारे साथी लोग नहीं लेते तो अब तक खत्म कर दिया होता।

श्री अध्यक्ष-

कुछ उत्तर के लिए भी छोड़िए, आप उत्तर भी तो रखेंगे।

श्री स्वामी प्रसाद मौर्य-

मान्यवर, मैं आपके माध्यम से निवेदन कर रहा था कि आज टैबलेट और लैपटॉप में परसेण्टेज की बात हो रही थी, उस समय तो नहीं हुई। अरे ये तो मा0 मुख्य मंत्री जी का तिकड़म था, काम कर गया। आप लोग सब कोई चले आए। इसके लिए आपको अपने मुख्य मंत्री जी को बधाई देना चाहिए जिनके बलबूते पर बैठे हैं। आप लोगों की करनी इतनी अच्छी नहीं थी कि आप वहां पर बैठते।

श्री अध्यक्ष-

मौर्या जी विषय पर बोलिए।

श्री स्वामी प्रसाद मौर्य-

ये तो ठग लिए।

(सत्ता पक्ष की ओर से शोरगुल)

श्री अध्यक्ष-

मौर्या जी, विषय पर आइए और जल्दी-जल्दी समाप्त करिए।

श्री स्वामी प्रसाद मौर्य-

मान्यवर, आज हालात यह है बरबाद गुलिस्तां करने को बस एक ही उल्लू काफी है .....

(सत्ता पक्ष की ओर से शोरगुल होने पर)

श्री अध्यक्ष-

मा0 सदस्य शान्त रहें, मौर्या जी को जल्दी-जल्दी खत्म कर लेने दें। बहुत लोगों को बोलना है। जितना ही आप बोलेंगे, मौर्या जी उतना उत्तेजित होंगे। कृपया आप लोग शान्त रहें।

श्री स्वामी प्रसाद मौर्य-

''बरबाद गुलिस्तां करने को बस एक ही उल्लू काफी है,
हर शाख पर उल्लू बैठे हों तो अंजाम-ए-गुलिस्तां क्या होगा''

मान्यवर, आज यही हालात है। मान्यवर, आज जो बड़े पैमाने पर अफरा-तफरी है, अराजकता का दौर है, इस पर तमाम लगाम का कोई जिक्र नहीं, अपराधियों पर अंकुश लगाने का कोई जिक्र नहीं। बहन-बेटियां आज थानों में सुरक्षित नहीं, उनकी सुरक्षा की कोई गारण्टी नहीं। मान्यवर, आज केवल लखनऊ शहर जो उत्तर प्रदेश की राजधानी है। इस राजधानी लखनऊ में आज चाहे अधिकारी हो, चाहे कर्मचारी हो, चाहे रिक्शा वाला हो, चाहे मजदूर हो। आज किसी की बहन-बेटी अकेले इसलिए नहीं निकल सकती कि कब उसकी झोलियां छीन ली जाएं उसकी चेन

छीन ली जाए, कब उसको कट्टा लगा दिया जाए। यह अफरा-तफरी का माहौल है और इसीलिए मान्यवर .....

(सत्ता पक्ष की ओर से शोर की स्थिति)

श्री अध्यक्ष-

आप लोग शान्त रहें। सारे सदस्य शान्त रहें।

श्री स्वामी प्रसाद मौर्य-

और मान्यवर, इसीलिए यह महामहिम राज्यपाल जी का अभिभाषण जन-विरोधी है, सरकारी दस्तावेज है, ढपोरशंखी घोषणाओं का यह कागज है और साथ ही साथ [xxx] ये का पुलिन्दा है इसलिए महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण का मान्यवर, हम विरोध करते हैं। धन्यवाद।

श्री अध्यक्ष-

मा0 हुकुम सिंह जी, पहले जो परम्परा रही है कि सभी बड़े नेता बोलते हैं, मा0 मुख्य मंत्री जी रहते हैं। आज अभी मा0 मुख्य मंत्री जी हैं तो अगर आप लोगों की राय हो तो मैं दलीय नेताओं को बुला दूं।

श्री हुकुम सिंह-

धन्यवाद, मान्यवर।

श्री अध्यक्ष-

मान्यवर, हर नेता को 15-15 मिनट का समय है। अच्छा बोलिए तो पहले शुरू तो करिए, आप तो वैसे भी समय ले लेते हैं।

श्री हुकुम सिंह-

मान्यवर, कोई बीच में न टोके।

श्री अध्यक्ष-

आप संक्षेप में बहुत बड़ी बात कह डालते हैं, आप को तो बहुत ज्ञान है।

* श्री हुकुम सिंह-

मा0 अध्यक्ष जी सम्मानित नेता प्रतिपक्ष ने संशोधन का प्रस्ताव रखा है। मैं उसी के पक्ष में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। मान्यवर, ढाई महीने सरकार को हुए हैं और ढाई महीने में मैं आलोचना में विश्वास नहीं करता। अवसर पूरा नहीं मिला, जो कुछ कहूंगा केवल सुझाव के तौर पर कहूंगा। मान्यवर, अभिभाषण शुरू होता है, खासतौर से अपने आपको सौभाग्यशाली मानता हूं और हमने पूरी गरिमा बना के रखी हमने पूरी गरिमा बना कर रखी, आज नेता प्रतिपक्ष का बहुत अच्छा सारगर्भित भाषण मैंने सुना और उससे मैं लाभान्वित भी हुआ और भागीदारी आपकी भी उतनी ही रही है, क्योंकि वह दो लाईन बोलते थे, तो टोका-टाकी बहुत करते थे। मान्यवर, यह अभिभाषण का प्रथम पक्ष इसमें मैं केवल कुछ बिन्दुओं को रखने की कोशिश करूंगा। इसमें लिखा गया है कि ''राजनैतिक अधोपतन के चलते पूरे प्रदेश को शर्मसार कर देने वाली अनेक घटनाएं इस दौरान घटी। विगत पांच

नोट :-[x x x] यह अंश श्री अध्यक्ष के आदेशानुसार कार्यवाही से निकाल दिया गया।

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

वर्षों के लूट-खसोट के एजेण्डा के स्थान पर मेरी सरकार ने विकास का एजेण्डा तैयार किया है, वह प्रदेश को प्रगति के पथ पर आगे ले जायेगा।'' जहां तक शुरुआत है पंक्ति की हम तो सहमत हैं, जो कुछ पांच साल में हुआ, वह आपके सामने भी हुआ और हमारे सामने भी हुआ, लेकिन आपने उसमें कुछ दुरुस्त कर दी हो, वह नजर नहीं आती। खुद आपके ही कथनानुसार नजर नहीं आती। अगर नजर आती तो बार-बार आपको चेतावनी न देनी पड़ती। हर बार आप कह देते हैं कि 15 दिन में ठीक हो जाएगी, यह सब स्थिति। चेतावनी देने का मतलब यह है कि स्थिति ठीक नहीं है, इसलिए चेतावनी देनी पड़ती है और हर बार 15 दिन का समय देते हैं, तो यह ठीक कैसे हो जाएगी।

मान्यवर, अगर हम जातीय आधार पर नियुक्ति करेंगे। हम इस बात को आधार मानकर नियुक्ति करेंगे कि मेरे राजनैतिक उद्देश्य की पूर्ति कौन कर सकता है, तो फिर आम जनता की कौन सुनेगा ? हम अपने मन में टटोल करके देखें कि क्या हमने नियुक्तियां निष्पक्ष भाव से की है ? हमने हजारों स्थानान्तरण किए और पूरी व्यस्तता इस सरकार की रही स्थानान्तरण करने में, विचार कर लें आप खुद ही कि हमारे सामने स्थानान्तरण करने की प्राथमिकता क्या थी ? नंबर एक प्राथमिकता तो यह थी कि पूर्ववर्ती सरकार के नजदीक होंगे, उसे हटाओ तुरंत, दूसरी यह थी कि हमारे राजनैतिक एजेण्डे को पूरा कौन कर सकता है, किस पर हमें विश्वास है, फिर कानून व्यवस्था ठीक कहां से हो जाएगी, अपराध कहां से रुक जाएंगे। आपने क्या लायक पुलिस अधीक्षक को छोड़ा है कि वह अपनी मर्जी से थानों की नियुक्तियां कर दें, उसका नियंत्रण रह पायेगा और अगर उसका नियंत्रण नहीं रह पायेगा तो लखनऊ से हम कितना प्रयास कर लें, मान्यवर, स्थिति सुधरने वाली नहीं है। आज यही स्थिति चलती है। मान्यवर, यह कहते हुए मुझे कष्ट है कि पूर्ववर्ती सरकार हो या वर्तमान सरकार हो नियुक्ति गुण और दोष के आधार पर नहीं की गयी। एक जाति विशेष के लोगों ने समझ लिया कि हम सर्वोपरि हैं, यदि किसी एक जाति विशेष का अधिकारी तहसीलदार था तो अपने आपको कमिश्नर से ऊपर मानता था। अगर एक जाति विशेष का अधिकारी दरोगा था तो वह अपने आपको डी0आई0जी0 से ऊपर मानता था। क्या आपने प्रयास किया उस भावना को दूर करने का। यह संदेश देने का कि नहीं पक्षपात के आधार पर नहीं तुम्हारी परफारमेन्स देखी जाएगी और परफारमेन्स देखने के बाद, वह तुम्हारा अधिकारी होगा। अधिकारी को पूरा अधिकार होगा समीक्षा करने, वह माहौल बनाने की जरूरत है, यह मेरा सुझाव है। अगर कुछ कमी रह गई है तो सोच लें, जनता का भला करना है, प्रदेश का भला करना है, मेरे सुझाव पर विचार कर लें, विचार करेंगे तो 6 माह के भीतर आपको स्थिति बदली नजर आएगी, अगर नहीं करेंगे तो यह धोखा है सबको कि राजनैतिक एजेण्डा हमारा अधिकारी पूरा करता है। राजनैतिक एजेण्डा पूरा करता है हमारा अपना कैडर। राजनैतिक एजेण्डा पूरा करते हैं हमारे अपने कार्यकर्ता। हमने कार्यकर्ता पर विश्वास छोड़कर के अधिकारियों को आगे ले लिया है। मान्यवर, यह उचित नहीं लगा, जब समस्त प्रदेश के उच्च अधिकारियों को आपने बैठाया, समीक्षा की और उनको आप अपना चुनाव घोषणा-पत्र सौंप रहे हैं, सार्वजनिक रूप से बांट रहे हैं, उनको अपना घोषणा-पत्र । क्या मेसैज लेकर जाएंगे वह हम पार्टी के कार्यकर्ता हैं या सरकारी अधिकारी हैं, और अगर उनके मन में यह बात आ जाएगी कि सरकारी कार्यकर्ता के रूप में काम करना है तो कितनी भी कोशिश कर लीजिए कानून-व्यवस्था सुधरने वाली नहीं है और अपराध रुकने वाले नहीं है। मान्यवर, सुबह शाम मीडिया में खबरें बनी रहती हैं कि फलां थाने के अन्तर्गत बलात्कार की घटना हो गयी है। यह मनःस्थिति आ गयी है। वह जो मौजूद वहां पर अधिकारी हैं कर्मचारी हैं वह जानने लग गये हैं कि हमारा कोई बिगाड़ने वाला नहीं है। आप उनकी इस मनःस्थिति को दुरुस्त कीजिये। बस आपके अंदर

इसके लिए इच्छाशक्ति होनी चाहिए। कोई रुकावट आपके सामने आने वाली नहीं है। दूसरी बात यह कहना चाहता हूं कि पुलिस बल की पर्याप्त व्यवस्था बनाये रखने की आपकी जिम्मेदारी है थानों पर। वह व्यवस्था आज पूरी की पूरी बिगड़ गयी है। कभी किसी थाने पर आप जाकर के देख लीजिये। जो डकैती, लूट, बलात्कार अपहरण की घटनायें रोकने का काम उन दरोगाओं और सिपाहियों को करना चाहिए वह किसी और काम में लग जाते हैं। अगर तीन दरोगा किसी थाने में तैनात हैं तो उसमें से दो शाम को निकल जाते हैं और पूरी रात मेहनत करते हैं मुख्य मार्गों पर जाकर ट्रकों को रोकते हैं दूसरे बड़े वाहनों को रोकते हैं चेकिंग के नाम पर। अब जब वे लोग वहां पर खड़े होकर अपनी नींद खराब करेंगे तो थकावट तो होगी ही उनको। और उस चेकिंग की प्रक्रिया के चलते ट्रकों का फिर काफिला सा लग जाता है। अब एक और नई चीज उसमें हो गयी है उन दरोगाओं ने प्राइवेट आदमियों को हॉयर कर लिया है अवैध वसूली के लिए। वह प्राइवेट आदमी जाकर ट्रकों पर डंडा मारते हैं और पैसे वसूल कर दरोगा जी को आकर दे देते हैं। उसमें वहां पर मारपीट की घटनायें भी होती हैं। जो लोग इस तरह के लिप्त पाये जायें उन्हें आप दंडित करें या उनको ट्रेनिंग की ड्यूटी पर लगा दें तो उपयुक्त होगा। यह सिपाही से लेकर ऊपर तक की स्थिति एक सी बन गयी है सब बड़े अधिकारियों ने भी समझौता सा कर लिया है। वह भी कहते हैं कि दो साल सर्विस को रह गये हैं अब नोएडा में मकान बनाना है तो करोड़ रुपये तो चाहिये हीं उनको भी। अब प्राथमिकता उनकी यह हो गयी है। अब ईमानदारी के साथ काम करने वालों की कमी हो गयी है। जब आम आदमी एफ0आई0आर0 कराने जाता है तो उसकी वहां पर सुनी नहीं जाती है जब तक कोई बड़ा राजनीतिक व्यक्ति उसके लिए सिफारिश न कर दे। आप सोचिये कि उस गरीब पीड़ित आदमी पर क्या बीतती होगी बजाय उसकी एफ0आई0आर0 लिखने के उस पर कार्यवाही करने के उसी को गालियां सुनने को मिल जाती हैं। अब वह जांच का इंतजार करता है केवल वोट देने के लिए। उसकी कोई फरियाद सुनता नहीं है। अब इन सब दिक्कतों को दूर करने का माहौला कैसे बनेगा। वह माहौल तो आपको बनाना पड़ेगा जो राजनीतिक सत्ता में बैठे हुए लोग हैं उनको यह माहौल बनाना पड़ेगा। अगर आप लोग चाहेंगे तो निश्चित रूप से वह माहौल भी बन जायेगा। आपने डी0आई0जी0 से आई0जी0 बना दिया वह क्या कर रहे हैं यह भी आप देखें। केवल थानों का जाकर निरीक्षण कर लिया और देख लिया कि कितनी एफ0आई0आर0 दर्ज हुई हैं। उस पर क्या कार्यवाही हुई है वह भी देखने की बात होनी चाहिए। उनके द्वारा अपने इलाके में कानून व्यवस्था की स्थिति को सुधारने की बात होनी चाहिए। इस पर आपको ध्यान देना होगा। अब यह मानसिकता उनकी बन गयी है कि इस बार कितनी वसूली हुई है पिछले महीने कितनी हुई थी तो फिर कैसे काम चलेगा। इस मानसिकता को आपको अपने दृढ़ निश्चय के साथ दूर करना होगा। इस सोच को आप जरूर बदलने का प्रयास करेंगे। आज इसकी बहुत आवश्यकता है।

मान्यवर, रोजगार सृजन की बात कही गयी है। आपने बेरोजगारी भत्ते की बात कही है वह स्वागत योग्य है। मान्यवर, और भी जगहों पर बेरोजगारी भत्ता लोगों को दिया जाता है लेकिन उसके आधार अलग-अलग होते हैं आपके आधार अलग हैं। आपने अपना आधार इसमें दिया है। लेकिन बेरोजगारी भत्ता दे देने मात्र से तो काम चलने वाला नहीं है। उनके लिए रोजगार सृजन की दिशा में आप क्या पहल कर रहे हैं यह तो आपको बताना होगा। उनमें उम्मीद जगानी होगी। आज नौजवान पढ़े लिखे ट्रेंड बेकार घूम रहे हैं आखिरकार वह कब तक बेरोजगार बने रहेंगे। कब तक वह आपके बेरोजगारी भत्ते पर निर्भर करते रहेंगे। उनको तो रोजगार चाहिए। इतना बड़ा प्रदेश है आपको

औद्योगिक निवेश का माहौल बनाना पड़ेगा। आपने प्रयास भी किया है और विशेषज्ञों को बुलाकर बात भी की है लेकिन वह विशेषज्ञ दूसरे लोग हैं बड़े लोग हैं वह इलेक्ट्रानिक्स उत्पादों को बनाने की बात करते हैं। उनकी बातें ज्यादा हवा की होती हैं वह जमीनीं बात नहीं करते हैं। इसको आपको देखना होगा। यहां की स्थिति को देखना होगा। इसी देश में दूसरे प्रदेशों में क्यों उद्योग जा रहे हैं मेरे यहां क्यों नहीं आ रहे हैं, क्या कमी है और उद्योग कभी भी खुशामत करने से नहीं आये हैं उद्योगपति को सबसे पहले चाहिए सुरक्षा, उसके मन में सुरक्षा का भाव आना चाहिए कि मैं जा रहा हूं मेरा अपहरण नहीं होने का, मैं जा रहा हूं गुण्डे लोग मुझसे वसूली नहीं करने को, एक वर्ग ऐसा खड़ा हो गया मान्यवर, कि राजनीतिक नेताओं का संरक्षण देकर हर वर्ग पर हावी होता, चाहे व्यवसायी हो, व्यापारी हो, अध्यापक हो, वकील हो सब पर हावी होता है और उसी को देखकर उद्योगपति भागता है कि मेरा लाखों का काम है चन्द गुण्डे मुझको आकर यहां पर फ्लड कर रहे हैं, मैं कैसे यहां पर रह पाऊंगा, इस वातावरण को ठीक करिये आप। इस प्रदेश में बहुत बड़ी गुंजाइश है, मैं प्रशंसा नहीं करना चाहता अपनी, किसी और की नहीं करना चाहता लेकिन मैंने खुद भी देखा है सरकार में रह करके कि नोएडा में किस प्रकार से उद्योगपति भागकर आ रहा था, लाइन लगा रहा था खड़े हो करके कि मुझकों प्लाट लोनिंग में दे दीजिए, मुझकों प्लाट यहां पर दे दीजिए। 3-3 टेबिल्स हमने वहां पर रखवाई अधिकारियों की कि फौरन उनका रजिस्ट्रेशन हो, बीच में क्या हो गया, क्यों चला गया बुलाइये, रोजगार तब होगा। नवयुवकों का उद्धार तब होगा जब उसको रोजगार मिलेगा उसके मन में सम्मान पैदा होगा कि जो कुछ कमा रहा हूं अपने खून पसीने की कमाई से कमा रहा हूं यह खैरात बांटने से उसके मन में सम्मान नहीं पैदा होगा, एक उसके मन में हिकारत की भावना पैदा होगी कि क्या यार एक हजार रुपये लेकर दो रोटी खा लेता हूं, मेरा वजूद क्या है, यह नहीं उसकी सृजन शक्ति बढ़े, रचनात्मक काम बढ़े, सोच बढ़े उसके लिए जरूरी है कि इस प्रदेश में ज्यादा उद्योग आयें।

खेती की हालत क्या हो गयी, आपने कृषि पर बहुत जोर दिया, क्या हालत है खेती की आज, मैं एक कृषक हूं और कृषक परिवार से आता हूं, राजनीति में हूं खेती भी अच्छी-खासी है, मेरे परिवार में, मैं अनुभव बता रहा हूं मेरे अलावा कोई खेती कर नहीं रहा है पर मैं राजनीति कर रहा हूं वह खाली बैठे हैं सब। कहना यह है कि आज खेती अपने हाथ से करेंगे यह लाभप्रद हमारे लिए नहीं रही, ठेके पर देते हैं 6 हजार रुपये बीघा पर घर बैठकर खाते हैं इससे ज्यादा गलत बात क्या होगी, रही क्यों नहीं लाभप्रद, अभी गेहूं क्रय केन्द्र की बात आई आपने बहुत छापे भी मारे सब कुछ मारे लेकिन कब मारे जब 90 प्रतिशत गेहूं जा चुका, 15 मार्च को आपने शपथ ली थी, सबको पता है कि पहली अप्रैल से गेहूं की आवक शुरू हो जायेगी, हमें क्या इस बात की प्रतीक्षा करनी थी कि जब तक आवक शुरू हो जायेगी, यहां बोरियों की कमी की शिकायत नहीं होगी, तब भी क्या इंतजार करने की बात थी, बहुत बड़ा शोषण हुआ और इस बार सौभाग्य से रिकार्ड उत्पादन हुआ केवल उत्तर प्रदेश में नहीं पूरे प्रदेश में रिकार्ड उत्पादन हुआ।

यह तो ईश्वर की मेहरबानी है, प्रकृति कभी-कभी कृपा करती है इस बार कृपा की हुई थी और किसान को यह उम्मीद लगी थी कि खेत में जितना गेहूं पैदा हुआ है उसके अच्छे दाम 1250 रुपये मिल जायेंगे प्रति कुन्तल तो मेरी बहुत समस्या हल हो जायेगी लेकिन दुख की बात है कि साढ़े 900 रुपये 900 रुपये में उसे बेचने के लिए मजबूर होना पड़ा और जो लोग खरीदते थे बाद में वही ले जाकर 1250 में बेचते थे क्योंकि व्यवस्था खराब थी। जितनी आपने कार्पोरेशन लगायी हुई थी यहां की मैं नाम तो क्या लूं उनका, एक-एक कर्मचारी की नियुक्ति पैसे लेकर हो रही थी कि वहां जा रहे

हो वहां गेहूं का खरीद 1000 कुन्तल होगा, एक हजार टन होगा, उसके हिसाब से पहले पैसे जमा कर दो यहां पर। यह स्थिति यहां की थी, आप पूछेंगे तो मैं बाद में आकर बता भी दूंगा। जो लोग यहां पर एडवांस में पैसे जमा करके जा रहे हैं उनसे क्या उम्मीद करेंगे कि वह किसान का गेहूं खरीद लेंगे, नहीं खरीद पायेंगे, यह ठीक करने की आवश्यकता है, इसको ठीक करना चाहिए तभी कुछ खेती की बात होगी।

खाद के बारे में आपने लिखा है कि पहले भण्डारण हम कर लेंगे, अच्छा है भंडारण आप कर लेंगे लेकिन कई वर्षों से स्थिति यह थी, गेहूं की बुआई हुई डी0ए0पी0 नहीं, पहला पानी आया यूरिया नहीं और एक-एक बोरी के लिए वहां संघर्ष चल रहे हैं, डी0ए0पी के लिए संघर्ष चल रहे हैं, अगर आप भंडारण कर लेंगे, पहले योजना बना लेंगे, स्वागत योग्य बात है लेकिन यह भंडारण कर पायेंगे नहीं कर पायेंगे क्योंकि राज्य सरकार के सामने दुनिया भर की कठिनाइयां हैं क्या-क्या नीति बनती हैं, क्या-क्या नीति नहीं बनती है तो इस बारे में सोचना चाहिए, विचार करना चाहिए।

गन्ना के बारे में आपने जिक्र किया, अबकी बार मान्यवर, गन्ने की स्थिति यह रही कि खेत में गन्ना खड़ा सूखता रहा, एक ऐसी बीमारी आई कि उसकी रिकवरी कम होती चली गयी, उत्तर प्रदेश का आज शुगर उद्योग बीमारी की हालत में है जहां पर रिकवरी कभी-कभी 12 प्रतिशत तक जाती थी, साढ़े आठ से ऊपर नहीं पहुंच पाई। यह बातें हमारे विचार करने की हैं। आगरा हमारा उद्योग चौपट हो गया तो चाहे वह पश्चिमी उत्तर प्रदेश का हो, चाहे पूर्वी उत्तर प्रदेश का हो तो सारा गन्ना किसान चौपट हो जायेगा। तो यह चिन्ता की बात है और आपको वैज्ञानिकों की टीम बनानी चाहिये ताकि वह निष्कर्ष निकालें कि आखिर वह कौन सी बीमारी थी, जिसके ऊपर कंट्रोल नहीं हो पाया और अंत में आकर वह गन्ना सूखना शुरू हो गया और रिकवरी इतनी डाउन हो गयी और अब बैंक वाला किसान को लोन देने को तैयार नहीं है। यह हालत उनकी है, किसानों को पैसे कहां से मिलेगें। तो मैंने सुझाव के रूप में आपके सामने रखा है, इस पर आपको विचार करना चाहिये।

मान्यवर, आपने बहुत अच्छी बात कहने का प्रयास किया कि 10 से 12 बजे तक अधिकारी मुख्यालय पर बैठेंगे, कुछ दिन को छोड़कर और वह जनता को उपलब्ध रहेंगे। बस मैं एक सुझाव दे रहा हूं , कल 10 बजे, माननीय विधायक सत्ता पक्ष के, इनसे जिले में किसी को टेलीफोन कराकर आप देख लेना कि वह मुख्यालय पर हैं कि नहीं। यह आदेश हो गये आपकी तरफ से और माननीय मुख्य मंत्री और माननीय मंत्रीगण आश्वस्त हो गये कि हमने आदेश कर दिया और वह बैठे हैं। लेकिन कोई चिन्ता नहीं कर रहा, बहुत बड़े-बड़े आदमी हो गये हैं वो। डी0एम0 और एस0पी0 को तो छोड़ दीजिये, तहसीलदार तक नहीं बैठता। हैसियत प्रमाण-पत्र की बात कही है आपने। यह हैसियत प्रमाण-पत्र हो खतौनी का दाखिल खारिज हो, आज हमारे सम्मानित लेखपाल भाइयों ने अपने असिस्टेंट रख दिये हैं, वही तस्दीक करके लाते हैं और रेट बंधे हुये हैं, डरने की बात नहीं है कि वह मेरे उप चुनाव पर प्रभाव डाल देंगे, इस बात की चिन्ता मुझे नहीं है। मैं लेखपालों के आधार पर चुनाव नहीं लड़ता हूं और आप भी नहीं लड़ते होगें। लेकिन पीड़ित कौन है, वह छोटा किसान, वह गांव का आदमी, वह छोटा ठेकेदार, वह छोटा व्यापारी जो आकर अपना हैसियत प्रमाण-पत्र लेना चाहता है। दाखिल खारिज के लिये आपने कानून भी बना दिया, यह व्यवस्था भी कर दी कि इतने दिनों के अंदर बैनामे के आधार पर दाखिल खारिज हो जायेगा। एप्लीकेशन भी देनी पड़ेगी। मैं अपने निजी अनुभव के आधार पर कह रहा हूं कि इसके बावजूद भी तीन-तीन महीने और 6-6 महीने के दाखिल खारिज अभी पड़े हैं, यदि पैसा नहीं दिया है। आप चलकर देख लें और आज आप तहसीलों का औचक

निरीक्षण यहां से आप टीमों के द्वारा कराइये कि कितने किसानों के दाखिल खारिज के मामले, कब से पेंडिंग हैं और जिसके यहां पेंडिंग मिले उसको एक बार दिखा दीजिये कि नौजवान मुख्य मंत्री में क्या ऊर्जा है, क्या शक्ति है, ताकि संदेश जाये उन बेईमानों के ऊपर, कि यह बदमाशी अब हम सहन करने वाले नहीं हैं। खाली हम लोगों का काम टेलीफोन तक सीमित रह गया है।

हम जनप्रतिनिधि हैं, लोग सुबह से इकट्ठा होना शुरू हो जाते हैं और कहते हैं कि हमारा दाखिल खारिज नहीं हुआ, हमारा हैसियत प्रमाण-पत्र नहीं मिला, मेरा फलां काम नहीं हुआ। शस्त्र लाइसेंस के बारे में नवीनीकरण के लिये आपने कहा कि जिम्मेदार वह होंगे, आज यहां सारा सदन बैठा है, आप हाथ खड़े करा लो, अगरा किसी के कहने से एक लाइसेंस बन जाये। केवल आपके कहने से बन जायेंगे, मंत्रियों के कहने से बन जायेंगे। लेकिन आप माननीय सदस्यों से पूछ लीजिये, चाहे सत्ता पक्ष के हों या विपक्ष के हों, गिरावट बहुत आ चुकी और यहां तक आ चुकी जिनके आधार पर हम सारी व्यवस्थाओं को लेकर बैठे हैं, अपने आपको आई0ए0एस0 तमगा लगाने वाले अधिकारियों के यहां तक गिरावट आ चुकी है कि अब लाइसेंस भी बिना पैसे के नहीं बन रहा है। यह हमने कभी सुना नहीं था। मैं एक उदाहरण आपके सामने देना चाहता हूं। मेरे अपने जिले में छोटा जिला बना है, जो कुछ समस्या हम भुगत रहे हैं, हमारे कांग्रेस के सदस्य भी हैं, बालियान साहब बैठे हैं। यहां पर, पंकज मलिक जी और हम भी हैं, सुरेश राम भी हैं। हम तीनों उसी जनपद से आये हुये हैं। जिला तो बना दिया, घोषणा कर दी लेकिन इसमें क्या दिक्कत है, जिला बन गया, घोषणा कर दी अब जाओ, न कोई दफ्तर, न कोई अधिकारी, जिलाधिकारी गये और मिल वालों के मकान पर कब्जा कर लिया, गेस्ट हाउस पर कब्जा है। कभी-कभी हम लोग जाकर मीटिंग कर लेते थे, हम लोग वंचित हो गये और कुछ होने वाला नहीं वहां जिले-विले का, नाम भी ऐसा रख दिया कि मुझे तो याद नहीं रहता। मान्यवर, मैं यह कहना चाह रहा था।

श्री अम्बिका चौधरी-

आप कह दीजिए कि इसे समाप्त कर दिया जाय।

श्री हुकुम सिंह-

अगर आप दो करोड़ रुपये जिले के निर्माण में नहीं दे सकते तो मैं कहूंगा कि इसे समाप्त कर दें। लाइसेंस की बात मैंने कही और लाइसेंस की बात मैंने इसलिए कही क्योंकि कुछ लोगों को अपनी सुरक्षा के लिए लाइसेंस की आवश्यकता होती है। मैं चाहता हूं कि उन जिलों में जहां लाइसेंस की रिकमेंडेशन आ चुकी हो, संस्तुति आ चुकी हो और तीन-तीन बार वह रोक रहे हों क्योंकि उसमें कहा गया है कि यदि 6 महीने में लाइसेंस नहीं बनेगा तो वह दोबारा जाएगा और मान्यवर, एक लाइसेंस की एप्लीकेशन को दोबारा लाने में 3 हजार से 5 हजार रुपये का खर्च आता है। विपक्ष की ओर से 10 हजार रुपये लगते हैं।

श्री हुकुम सिंह-

सही कह रहे हैं 10 हजार रुपए तक लग जाते हैं। क्या करें हम लोग, आप लाइसेंस दे रहे हैं या लूट करा रहे हैं उसकी। आप देखिये कि उनकी एप्लीकेशन 6 महीने से या दो साल से क्यों पड़ी है। उसके बाद पूछिये कि संस्तुति पहले भी थी और संस्तुति बाद में भी की गई तो पहले उसे क्यों नहीं माना गया। एक-आध को पकड़िये, आपको पता लग जायेगा और उनको भी पता चल जायेगा कि कोई पूछने वाला है, कोई सुनने वाला है। मान्यवर, विद्युत आपूर्ति के बारे में आपने कहा कि कृषि क्षेत्र

के फीडर को अलग कर देंगे, आवासीय क्षेत्र के फीडर को अलग कर देंगे लेकिन क्या इससे समस्या हल हो जाएगी। अभी जेनरेशन तो होने वाला है नहीं, जहां से उपलब्ध हो सकती हो वहां से उपलब्ध करा दीजिए, खरीदारी कर लीजिए, बस इतना कर दीजिए कि उसमें कमीशन न खाया जाय। अगर आप बिना कमीशन के जिस कीमत में बिजली खरीदें उसी कीमत पर दिलवा दें तो इस प्रदेश के ऊपर बहुत बड़ा एहसान आपका हो जाएगा। मैं आपसे आग्रह करता हूं, मैंने पहले भी कहा और आपके माध्यम से फिर कह रहा हूं। सारे सदस्य चाहे वह इधर के हों या उधर के हों, उधर के तो खैर सौभाग्यशाली हैं लेकिन हम इधर वाले ज्यादा अभागे हैं लेकिन आपने हमें और अभागा कर दिया। इतना पहले कभी नहीं हुआ था जिस तरह से भेदभाव हुआ है अब ज्यादा बढ़ गया भेदभाव, आजम साहब ने कहा कि हम देख लेंगे, वह बात अलग है। लेकिन मान्यवर, एक क्षेत्र में 24 घण्टे बिजली आये और एक क्षेत्र में दो घण्टे भी नहीं आये यह धोखा मेरे साथ क्यों। साढ़े तीन लाख, चार लाख की जनसंख्या का हम लोग प्रतिनिधित्व कर रहे हैं आखिर उनको हम क्या जवाब दें। क्या उनके लिए हमारी कुछ जिम्मेदारी नहीं है। मान्यवर, अगर यह नहीं हो पाता है तो हम समझते हैं कि हम उनका प्रतिनिधित्व करने के लायक नहीं हैं। हमें मजबूर होकर कोई न कोई कदम उठाना पड़ेगा चाहे हमें आमरण अनशन पर बैठना पड़े या कुछ और करना पड़े। अगर आप छः घण्टे दे सकते हैं तो छः घण्टे दे दें, हम खुश हैं लेकिन ऐसा न कीजिए कि कही 24 घण्टे दें और कहीं पर 2 घण्टे भी न दें।

श्री अध्यक्ष-

अभी और कितना समय है ?

श्री हुकुम सिंह-

मान्यवर, समय तो ऊपर वाले के हाथ में है, न मेरे हाथ में है और न आपके हाथ में है। मान्यवर, जल्दी खत्म कर रहा हूं। मान्यवर, महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण का पेज 20 देखें इसमें लिखा है कुछ जाति विशेष के लिए कि उनको हम अनुसूचित जाति की सुविधा दे देंगे, क्या सुविधा दे देंगे आप, क्या यह सम्भव है आपके लिए, आपके कहने मात्र से क्या यह अनुसूचित जाति में चले जायेंगे। पहले भी घोषणा की थी अब फिर घोषणा कर रहे हैं। उसके बाद लोग हम लोगों के पीछे भागते हैं कि माननीय मुख्य मंत्री जी ने घोषणा कर दी है आप हमारा प्रमाण-पत्र निकलवाइये। जिन जातियों का आपने जिक्र किया है वह अखबारों में छप जायेगा उसके बाद लोग प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए आ जायेंगे, मैं तो सीधे उनकी एप्लीकेशन ले करके आपके पास आ जाऊंगा कि आप ही बनवाइये अनुसूचित जाति का प्रमाण-पत्र। मान्यवर, जब कुछ होना नहीं तो फिर इसे बार-बार कहने का फायदा क्या है। हां अगर आपके हाथ में है तो कर दीजिए। पार्लियामेन्ट करेगी यह सबको पता है। यहां से होने वाला भी नहीं है, जितने भी समाज कल्याण से संबंधित काम हैं, वृद्धावस्था, विकलांग पेंन्शन हो, जितनी भी व्यवस्था है, पूरी तरह से चौपट है। गांवों में चले जाईये, दांत नहीं है, बुढ़िया है, न जाने कब से खाना नहीं मिला है, लाइन लगाकर विधायकों के सामने खड़ी हो जाती है कि भैया हमारी पेन्शन नहीं आयी। मान्यवर, आपके सामने भी खड़ी होती होगी और आप लोगों के सामने भी खड़ी होती होंगी। हम सब लोगों ने एक-दूसरे से बढ़-चढ़ करके वायदे कर लिये कि फलां पेंशन दे देंगे, फलां पेंशन दे देंगे। गिनती नही है, न जाने दर्जनों प्रकार के पेंशन दे रखे हैं और कोष कोई है नहीं। बजट आप रिलीज नहीं करते हैं और थोड़ा बहुत किया भी तो जिले स्तर के जो समाज कल्यण विभाग के संबंधित अधिकारी बैठे हैं, हमारे यहां तो उसके ऊपर गोली भी चली, वह भी अनशन पर बैठा

हुआ है। पैसा कहां जा रहा है, कहां नहीं जा रहा है उसके बारे में कुछ भी पता नहीं है ? थोड़ी सी कार्यवाही हो जाए ताकि पात्र व्यक्तियों तक यह पहुंच जाए।

श्री अध्यक्ष-

मा0 हुकुम सिंह जी, अब समाप्त करिये।

श्री हुकुम सिंह-

लैपटाप की बात न कहें।

श्री अध्यक्ष-

वह तो बहुत से लोग कह चुके हैं अगर नहीं कहेंगे तो कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

श्री हुकुम सिंह-

लैपटॉप दे दीजिए, खूब दीजिए लेकिन लैपटॉप से पेट भरेगा क्या ? उनको तो रोजगार चाहिए। अब विश्वविद्यालयों पर आना चाहता हूं।

श्री अध्यक्ष-

अब समाप्त करिये, कुछ आप अपने पार्टी के लोगों के लिए भी छोड़ दीजिए।

श्री हुकुम सिंह-

मान्यवर, मैं खाली आपका ध्यान चाह रहा हूं क्योंकि आपका शिक्षा से विशेष लगाव है। महाविद्यालयों में जा करके देखिये, मैं गारण्टी के साथ कहता हूं, कभी जाईये अगर किसी महाविद्यालय में आपको कक्षा में बैठे हुए छात्र मिल जायं या पढ़ाते हुए हमारे लेक्चरर्स मिल जांए, आप जा करके देख लीजिए। मेरा शौक है, मैंने पोस्ट ग्रेजुएट राजकीय महाविद्यालय बनवाया, देखने गया, शौक था कि देखें पढ़ाई हो रही है या नहीं ? मैंने देखा कि सर्दी के दिन थे हमारे प्राचार्य महोदय, लॉन के बीच में बैठे हुए मूंगफली खा रहे थे। डेढ़ बजा था, मैंने कहा कि लंच हो रहा है क्या ? क्लास में देखा क्लास खाली, तो मैंने उनसे पूछा कि क्यों नहीं पढ़ाई हो रही है तो कहा कि बच्चे नहीं आते हैं। एक दो बच्चे मिले तो पूछा कि पढ़ते क्यों नहीं हो, तो बताया कि पढ़ाने नहीं आते। चौपट है मामला। वेतन देते रहो, घोषणा करते रहो। हमें यह वातावरण बनाना है कि वहां पर पढ़ाई की व्यवस्था बन जाए, बच्चों को विश्वास हो जाए कि पढ़ाई होगी, टीचर्स को विश्वास हो जाए कि मुझको क्लास लेनी होगी। इस वातावरण का पुनः निर्माण करना है। इस पर आपका ध्यान जाना चाहिए। मैं कृषि विश्वविद्यालय की बात कह कर खत्म करुंगा क्योंकि अगर वह नहीं करुंगा तो आपको दिक्कत आयेगी। कृषि विश्वविद्यालय चाहे कानपुर, फैजाबाद व मोदीपुरम का हो, ये महान व्यक्तियों के नाम से बने हैं। एक चन्द्रशेखर आजाद के नाम से, दूसरा सरदार बल्लभ भाई पटेल के नाम से, तीसरा आचार्य नरेन्द्र देव जी के नाम से बना हुआ है। उनकी हालत क्या है ? इन विश्वविद्यालयों से जितने भी अच्छे-अच्छे वैज्ञानिक थे वे नौकरी छोड़ करके जा रहे हैं, बहुत अव्यवस्था हो चुकी है। खाली एडमिशन होता है। बच्चों की मजबूरी है वहां पर एडमिशन लेना। कोई पढ़ाई नहीं होती, आप उनसे पूछिये कि पिछले 8-10 सालों में कितनी सीड विकसित की है, कितने किसानों को प्रशिक्षित किया है। सारी व्यवस्था चौपट हो रही है और उत्तर प्रदेश का नाम दिन प्रतिदिन डूबता जा रहा है। इस अभिभाषण पर आपने बहुत कृपा की, 4-5 बार टोका-टाकी की इसके बावजूद भी केवल जनवितरण प्रणाली पर दो वाक्य कर अपनी बात खत्म करुंगा। यह बहुत अच्छी व्यवस्था थी, एक समानान्तर व्यवस्था कभी भारत सरकार ने

खड़ी की थी कि बाजार में किसी चीज की कमी हो जाए तो एक समानान्तर व्यवस्था हमारे पास भी रहे। यह मैं अपना पाप भी स्वीकार करता हूं कि यह मैंने खाद्य मंत्री के रूप में निर्णय लिया था कि सरकारीकरण से हटा करके उसको पंचायतों को दिया जाए। लेकिन आज सरकारी अधिकारियों ने उसको इस प्रकार जकड़ लिया सारी व्यवस्था को, कि पात्र व्यक्ति के पास तक पहुंचना असम्भव हो गया। बहुत ज्यादा उस पर काम करने की आवश्यकता है और इसे दोबारा सुचारुरूप से ठीक करने की आवश्यकता है क्योंकि गांवों के आदमियों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है।

मान्यवर, मिट्टी का तेल अगर 14 ड्रम जाने हैं तो 10 ड्रम वह वहीं बेचकर जाता है जहां से वह उठाता है और पैसे लेकर खाली जाता है और पैसे एस0डी0एम0 से ले करके जो दूसरे अधिकारीगण है उनको बांट करके अपनी तरक्की करता है।

इसलिए आपने जो कुछ इसमें लिखा था उसी पर अपने विचार रखे हैं। इस विश्वास के साथ रखे हैं जैसा कि मैंने कहा था कि ढाई महीने की सरकार है आलोचना की बात नहीं है सुझाव की बात है। सुझाव के रूप में मैंने अपने विचार रखे हैं। मैं विश्वास लेकर जा रहा हूं, आप इस पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए विचार करिए ताकि प्रदेश का भला हो सके। बहुत-बहुत धन्यवाद।

* श्री प्रमोद तिवारी-

आदरणीय अध्यक्ष महोदय मैं आभारी हूं कि आपने मुझे बोलने का अवसर दिया। महामहिम राज्यपाल जी के अभिभाषण पर जो संशोधन प्रस्ताव आदरणीय नेता विरोधी दल ने आदरणीय भारतीय जनता पार्टी के नेता ने रखे हैं मैं भी उन्हीं संशोधनों में कांग्रेस पार्टी के रखे गये सारे संशोधनों को जोड़ते हुए उन पर बल देता हूं। मान्यवर, एक अजीब सी स्थिति होती है जब भी कोई नई सरकार का गठन होता है और जब पहला सत्र होता है तो कहना जरा कुछ मुश्किल होता है। हुकुम सिंह जी ने राह दिखाई मैं उनका आभारी हूं उन्होंने कहा आलोचना नहीं करेंगे बल्कि सुझाव देंगे। ठीक है दो ढाई महीने की सरकार की बहुत आलोचना नहीं कर सकते मैं तो दो-ढाई महीने की सरकार को शुभ कामनाएं देता हूं। मैं कहना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश की विधान सभा अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा करे। इस संभावना के साथ जैसा कि महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण में इस बात का जिक्र है कि काली रात खत्म हो गई सुबह आ रही है तो यह सुबह साबित हो उससे काली रात साबित न हो। इसकी कामना मैं करता हूं। यह आपसे कहते हुए जितनी बातें मैं कहूंगा उसे एक सुझाव के रूप में जैसा कि श्री हुकुम सिंह जी ने कहा उसी के रूप में लिया जाय। मान्यवर, सबसे बड़ी बात अगर सरकार कर दे तो उसे मैं सुझाव के रूप में कहना चाहता हूं। विधायिका को, विधायिका की गरिमा को, संसदीय प्रणाली को, संविधान की मूल आत्मा को, अगर आप वापस कर दें तो मैं समझता हूं कि यही सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि है। ह्रास तो सब जगह हुआ कमी तो सब जगह आई लेकिन इसे अन्यथा न लिया जाय अपनी आंखों से मैंने और जो वरिष्ठ सदस्य हैं उन्होंने यहां जिस तरह से ह्रास होते हुए देखा है पिछले कुछ सालों में उतना कभी नहीं हुआ। सबसे बड़ी कष्टदायक चीज जो मैंने देखी मान्यवर, भारत संविधान के अनुच्छेद 164(2) के अन्तर्गत लिखा हुआ है कि मंत्रिमण्डल इस सदन के प्रति सामूहिक रूप से उत्तरदायी होगा। मंत्रिमण्डल का काम है जनाकांक्षाओं को पूरा करें और उसमें अगर कोई कमी रह गयी है तो यहां पर बैठे हुए हर विधायक को अधिकार है कि वह मंत्रिमण्डल की उस कमी को उजागर करें हम उनको जिम्मेदार ठहरायें यह कोई परम्परा नहीं भारत का

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

संविधान है। लेकिन बहुत दुखद कार्यकाल बीता, इसे अन्यथा न लिया जाय, जब मंत्रियों की पिछले दो तीन सालों में जितनी निरीह अवस्था देखी उतनी इसके पहले नहीं देखी। उस सरकार में भी मैंने उठाया था इसलिए मैं किसी पर इल्जाम नहीं लगाना चाहता। उस सरकार में भी मैंने तीन बार औचित्य के माध्यम से इस प्रश्न को उठाया था हुकुम सिंह जी महाना जी गवाह हैं। हो क्या रहा था तीन साल में सारी ताकत मंत्रिपरिषद् से लेकर मुट्ठीभर अधिकारियों के यहां कैद कर दी गई थी। जवाबदेह बेचारे मंत्री, काम करें अधिकारी। मुझे तो उस दिन लगा कि आज लोकतंत्र के लिए शर्मनाक दिन है जब मैं देखता था कि माननीय मंत्रीगण दो एक अधिकारियों के यहां बाहर लाइन लगाकर खड़े रहते थे कि कब उनको मिलने का मौका मिलेगा। गलत नहीं कह रहा हूं मौर्य जी अगर मेरी बात सच न हो तो मना कर दीजिए। वह संसदीय प्रणाली के पतन का दिन था जिस दिन अधिकारी मंत्री के कमरे में नहीं जाता था बल्कि मंत्री अधिकारी के कमरे में जाता था और जवाब देना पड़ता था मंत्रियों को। इनकी हैसियत तो मैं आपकी बात नहीं कर रहा हूं इसके पहले की सरकार की बात कर रहा हूं। मंत्रियों की हैसियत तो यह भी नहीं रह गई थी कि अपने विभाग में ट्रांसफर कर सकें। उन्हें अपने विभाग के ट्रांसफर की जानकारी समाचार-पत्रों से होती थी और बहुत सी जगहों पर अधिकारी को तो छोड़ दीजिए अधिकारी के पी0ए0 को छोड़ दीजिए उसके पी0ए0 का चपरासी ज्यादा ताकतवर था मंत्री कमजोर थे। यह व्यवस्था खत्म करिये दृढ़ता करिये।

मैं आपके माध्यम से माननीय मुख्य मंत्री जी से कहना चाहता हूं विधायिका में अगर ताकत होगी, विधायक में अगर ताकत होगी तो आपकी सरकार में ताकत होगी और जब सरकार में ताकत होगी तो प्रदेश में ताकत होगी।

श्री प्रमोद तिवारी-

लोकतंत्र में ताकत होगी तब ही विकास और तरक्की होगी। वह पहले वाली व्यवस्था वापस आनी चाहिए दूसरा काम जो मैं एक सुझाव के रूप में देना चाहता हूं। सबको माफ करने को मैं तैयार हूं मान्यवर, उस व्यवस्था को माफ करने को मैं तैयार नहीं हूं। मान्यवर, हम तो आपको सबसे अधिक शक्तिशाली मानते हैं और कहा जाय कि आप अच्छे हैं तो मैं तो उन लोगों में हूं जो कहें कि आप बहुत अच्छे हैं। कोई तराजू आपको तौले तो आप उससे भी ज्यादा वजनी हों लेकिन गेहूं खरीद घोटाले की सच्चाई तो माननीय मुख्यमंत्री जी आपको ही 20 किलो का तौल दिया। मान्यवर, जब प्रदेश के मुख्यमंत्री को 20 किलो का तौल दिया तो गेहूं का किसान कितने किलो का तौला जाता होगा इसका अंदाजा जरा आप लगा लें।

मान्यवर, मैं बधाई दूंगा आपको आपने साहस दिखलाया लखनऊ से निकलकर गये और आप न जाते तो जो मैं आज यहां पर कह रहा हूं आप यकीं न करते। आपको लगता कि मैं आलोचना के लिए कह रहा हूं। लेकिन जब आपने अपनी आंखों से नंगा सच देखा कि किसान का गेहूं नहीं खरीदा जा रहा है बिचौलिये का गेहूं खरीदा जा रहा है और तो छोड़ दीजिए मान्यवर, मैं तो कहता हूं आपसे कि जब आपने अपने आप को खड़ा कर दिया और आपको लगा कि आप सिर्फ 20 किलो के रह गये हैं तो मैं चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश के किसान का गेहूं उतने का उतना रहे ऐसी मशीन बना दीजिए। यही प्रार्थना मैं आपसे करना चाहता हूं और चाहता हूं कि जब किसान का गेहूं खरीदा जाय तो बिचौलिये की जगह अगर कहीं हो तो वह उत्तर प्रदेश की जेलों में बंद कर दीजिए और किसान के हाथ में राज दे दीजिए। मान्यवर, यह नीचे से नहीं होगा, दो कर्मचारी सस्पेंड करने से नहीं होगा। एक

अधिकारी हटाने से नहीं होगा। ऊपर से जहां से भ्रष्टाचार चले गंगोत्री को आप जब तक समाप्त नहीं करेंगे गंगा तब तक निर्मल नहीं होगी। ऊपर से नीचे तक साफ करना पड़ेगा। मान्यवर, मैं बहुत जल्दी-जल्दी में बहुत सी बातें कह देना चाहता हूं। कानून व्यवस्था के बारे में कहना चाहता हूं कि ब0स0पा0 के शासनकाल में कानून व्यवस्था खराब थी लेकिन मैं दुःख के साथ कहता हूं कि उससे भी ज्यादा खराब आपके समय में है। मुझे कहने में संकोच नहीं कि एक-एक जिले में 27-27 कत्ल हुए 27-27 मर्डर हो रहे हैं। आज बदायूं में एक मासूम लड़की जियारत करने गई थी थाने के अंदर उसका बलात्कार होता है। मान्यवर, इकदिल जो इटावा में है वहां 6-6 लोग मारे गये। 27 एक जगह 70 एक जिले में। मैं जिलों का नाम नहीं लूंगा पूरी सूची अखबारों में छपी है। मैं उठाकर उसको पढ़ सकता हूं। मान्यवर, दृढ़तापूर्वक रोक दीजिये। मान्यवर, इसका भी मैं एक सुझाव आपको दिये देता हूं। अपराध कब होता है ? अपराध तब होता है जब उसको राजनैतिक संरक्षण मिलता है, सत्ता का संरक्षण मिलता है। आप बेरहमी के साथ क्योंकि ईश्वर ने आपको पूर्ण बहुमत दिया है। 224 आपके और मिलाकर बहुत से लोग होंगे। आप कोई बहुमत के मोहताज नहीं कि अपराधियों और माफियाओं के सामने यह सरकार घुटने टेके। अगर किसी माफिया के अन्तर्गत कहीं अपराध हो रहा हो तो उसको निकालकर बाहर फेंकिये, उसको सजा दीजिये यह मैं आपसे कहना चाहता हूं। जिस दिन आप लोगों को कानून व्यवस्था दे देंगे मैं समझता हूं कि वही आपकी सबसे बड़ी उपलब्धि होगी और मैं इस बात को दोहराता हूं कि कानून व्यवस्था आज कमजोर है ओर उसको सुधारने की आवश्यकता है। आप उसको सुधार सकते हैं, आपमें शक्ति है, हालात हैं और उस शक्ति को आवाज देते हुए कहना चाहता हूं कि कानून व्यवस्था प्राथमिकता पर होनी चाहिए। तीसरी बात बिजली की।

मान्यवर, इससे आज कौन इंकार कर सकता है कि आज प्रदेश में बिजली की हालत जितनी खराब है उसमें सुधार की गुंजाइश है। लेकिन मैं इस ढाई महीने की सरकार को इसके लिए जिम्मेदार नहीं ठहराता क्योंकि मैं इस विभाग को देख चुका हूं इसलिए इस विभाग के लिए मैं आपको अकेले जिम्मेदार नहीं ठहराता। सच्चाई तो यह है कि 1989 के बाद से पावर प्रोडक्शन के लिए, जेनरेशन के लिए प्लान्ट कम लगे। इस सच्चाई को मैं विधान सभा में कह रहा हूं कोई चुनौती दे तो मैं साबित कर सकता हूं कि 1989 के बाद प्रोडक्शन कम हुआ। जो प्रोडक्शन ऊंचाहार में होता था, टांडा में होता था उसको बेच दिया गया है। उसके बाद अगर कोई जिम्मेदार है तो 1989 के बाद जितनी सरकारें आई कहीं न कहीं से वे इसके लिए जिम्मेदार हैं। जेनरेशन होगा नहीं, डिमांड बढ़ेगी गैप बढ़ता जा रहा है। बिजली की दिक्कत आयेगी। आपने बहुत योग्य अधिकारी लगा रखे हैं बहुत मेहनत कर रहे हैं। आपकी प्रायोरिटी है। मैं तो केवल एक बात सुझाव के रूप में कहना चाहूंगा कि सिर्फ सबको छोड़कर एक पावर प्लान्ट प्रोडक्शन के लिए लगाइये। बाहर से लोगों को बुलाइये जो पैसा देकर लगाना चाहें पी0पी0पी0 में उसको बुलाइये और किसी तरीके से आगे 3 साल 4 साल जितना जेनरेशन होगा तो आगे होने वाले समय में उत्तर प्रदेश में बिजली की व्यवस्था ठीक ही नहीं होगी बल्कि बेहतर हालत में आ जायेगी।

बहुत बड़ी गल्ती हुई है। मैं कहता हूं गल्ती हुई है मैं किसी को दोषी नहीं ठहराता हूं। उत्तराखंड बन रहा था, उस समय हाईडिल पावर का अधिकार छोड़ दिया। आज हाईडिल पावर के नाम पर केवल रिहन्द है और कुछ है ही नहीं। सारा चला गया जब बंटवारा हुआ तो उस समय क्यों ख्याल नहीं रखा गया कि हमें बिजली बनाने का अधिकार वहां रखना चाहिए। हाईडिल की बिजली दिन पर दिन सस्ती होगी और थर्मल की बिजली दिन पर दिन मंहगी होगी। उस समय आपकी सरकार नहीं

थी, जिसकी सरकार थी, वह जिम्मेदार है। लेकिन फिर भी मैं कहना चाहता हूं कि आज जरूरत इस बात की नहीं है कि गल्तियां कहां हुई हैं, बल्कि मैं तो कहूंगा एक बात मैं बहुत ही विनम्रतापूर्वक कहना चाहता हूं कि राज्य के बजट हमने देखें हैं कैसे होते हैं, नौ-दस साल हमने भी देखा है। मंत्री के रूप में भी देखा है मैं जानता हूं कि बहुत सीमित साधन होते हैं बहुत साधन आपके पास नहीं हैं। मैं आपके उस कथन का स्वागत करता हूं, अभिनंदन करता हूं बधाई देता हूं, आपने कहा हम कन्सलटेशन की राजनीति नहीं करेंगे हम टकराव की राजनीति नहीं करेंगे, हम केन्द्र के साथ बेहतर सम्बन्ध बनायेंगे इसके लिए मैं आपको बधाई देता हूं। किसी भी प्रदेश की अर्थव्यवस्था तभी मजबूत हो सकती है, जब केन्द्र से सहायता मिले, हम आपको आश्वस्त करते हैं, अपने साथियों की ओर से आश्वस्त करते हैं कि जहां उत्तर प्रदेश के हित में केन्द्र से सहयोग की आवश्यकता होगी वहां समाजवादी पार्टी की सरकार नहीं जायेगी, कांग्रेस पार्टी खुद जायेगी और उत्तर प्रदेश की पैरवी करेंगे। यह हम आपको विश्वास दिलाते हैं। आपने बड़ी दृढ़तापूर्वक कदम उठाया रायबरेली में एम्स का झगड़ा पिछले तीन साल से फंसा था, वरना अब तक बन गया होता। आपने कहा हम वहीं नहीं जमीन देंगे बल्कि जरूरत पड़ेगी तो बुन्देलखंड में जमीन देंगे और जगह भी जमीन देंगे। जब तक केन्द्र सरकार से परियोजनाओं में पैसा नहीं आयेगा, उत्तर प्रदेश सरकार का बजट इतना नहीं होता है कि आप विकास कर लें, तरक्की कर लें, तो आप इनसे संबंध रखिये। कांग्रेस की ओर से मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि हम लोग प्रदेश की तरक्की के लिए, आपके साथ जरूर खड़े होंगे। एक बात मैं आपसे कहना चाहता हूं कि हजारों मेगावाट आपने खो दिया उत्तर प्रदेश में बरगढ़ में एन0टी0पी0सी दो साल इन्तजार करती रही कि बुन्देलखंड में, बांदा में, हम लगायेंगे, एक पैसा आपका नहीं लग रहा था जमीन भी आपको लेकर नहीं देनी पड़ रही थी। जो फ्लोट ग्लास की जमीन थी, जो खत्म हो गई थी, फ्लोट ग्लास का कारखाना है बरगढ़ में, यहां पर चित्रकूट के लोग बैठे होंगे, बांदा के लोग होंगे, बुन्देलखंड के लोग बतायेंगे, वह जमीन तीस साल से बेकार पड़ी थी उसको एन0टी0पी0सी0 के लोग मांग रहे थे, उनको नहीं दिया गया और वही पावर प्लान्ट मध्यप्रदेश में लग गया। अगर उत्तर प्रदेश में लगता तो उत्तर प्रदेश को बिजली मिलती।

मान्यवर, मैं चाहता हूं कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को आप बिजली लगाने के लिए बुलाइये। मान्यवर, इन सुझावों के साथ-साथ दो-तीन बातें और कहना चाहता हूं कि 16 हजार करोड़ से ज्यादा का उपयोग नोयडा में, ग्रेटर नोयडा और उत्तर प्रदेश से चला गया। उत्तराखंड में लग गया, हरियाणा में लग गया, अगर यह 16 हजार करोड़ उत्तर प्रदेश में लगता तो उत्तर प्रदेश की हैसियत बढ़ती और बेरोजगारी की समस्या भी घटती। अब ऐसा वातावरण पैदा करिये कि जो गये से गये, लेकिन अब उत्तर प्रदेश से जायेंगे नहीं बल्कि अब उत्तर प्रदेश में लोग लगाने आयेंगे इसका अगर आप प्रयास करेंगे तो उत्तर प्रदेश की बेरोजगारी दूर होगी। बुन्देलखंड का पैकेज आया लेकिन हमारे बुन्देलखंड के साथी बता रहे थे कि ठीक से उसका इस्तेमाल नहीं हो पा रहा है। मान्यवर, कहा गया वह पैसा, बुन्देलखंड में गरीबी थी अगर किसी ने उस पैसे का दुरुपयोग किया है तो उसने इंसान की लाश से कफन नोंचने का काम किया है। इसकी उनको कड़ी सजा मिलनी चाहिए। बुन्देलखंड की प्यासी धरती को पानी मिलना चाहिए। मान्यवर, एक बात मैं यह भी कहना चाहता हूं कि पिछड़ा विभाग के मंत्री जी होंगे तो उन्हें मालूम होगा। आपको पता है मुख्यमंत्री जी, पिछले तीन-चार साल से पिछड़ा वर्ग के छात्रों को वजीफा नहीं दिया जा रहा है। कोई वजह हो सकती है, आप प्राथमिकता के आधार पर जो पिछड़ा

वर्ग के छात्रों का रुका हुआ धन है जो विद्यालयों में प्रवेश ले चुके हैं और उनको एडमिट कार्ड इसलिए नहीं दिया जा रहा है कि वह फीस नहीं भर सकते हैं उनके भविष्य को संभालिए।

उनके भविष्य को संभालिए, पिछड़ी जाति, अनुसूचित जाति/जनजाति के जिन बच्चों को वजीफे नहीं मिले हैं, वह मिल जाने चाहिए। फीस के लिए प्राविजन था कि उनके प्रवेश ले लिए जायेंगे और फीस सरकार देगी लेकिन 3-4 सालों से उनकी फीस नहीं गयी। अध्यक्ष जी, मैं दो-तीन बातें और कहना चाहता हूं, पेट्रोल के दाम जो बढ़े हैं, यह कष्टकारक है, उसे कम होना चाहिए, लेकिन कम करने के लिए तेल कम्पनियां जब तक करें, लेकिन जब दिल्ली कर सकती है, केरल कर सकता है तो उत्तर प्रदेश में भी वैट कम किया जाना चाहिए, इससे आम जनता को राहत मिलेगी।

मान्यवर, खाद की बात करूं, अभी हमारे एक साथी बता रहे थे, खाद हिन्दुस्तान के हिन्दुस्तानियों को नहीं मिलती थी, नेपाल के लोगों को मिलती थी। आप भी सिद्धार्थ नगर के हैं, खाद आती है, नेपाल में बिक जाती है। खाद पहले हिन्दुस्तान के लोगों को मिलनी चाहिए। 500-700 रुपये बोरी जो ब्लैक है, उस पर रोक लगे। मेरा एक फार्मूला है, बहुत से लोग मानते हैं, बहुत से लोग नहीं मानते हैं, प्रदेश के विकास के लिए, मान्यवर, हाईकोर्ट ने भी कहा है कि जबकि आपके पास आर्थिक संसाधन न हों, तब तक नये जिले न बनाये जायें। लेकिन हाई कोर्ट सुप्रीम कोर्ट के कहने से क्या, जब चुनाव हो तो नये जिले बना दीजिए। जिला बनाने का इन्फ्रास्ट्रक्चर नहीं, लेकिन नया जिला बना दिया। अभी माननीय पंकज मलिक और हुकुम सिंह जी बता रहे थे, भाषा ऐसी बोलनी चाहिए जो समझ में आये, किसी ने पूछा की प्रबुद्ध नगर जाना है, मेरी समझ में नहीं आया कि प्रद्युम्न नगर जाना है या प्रबुद्ध नगर जाना है, मैंने सोचा कि मैं उत्तर प्रदेश का इतना वरिष्ठ विधायक हूं, मुझे उत्तर प्रदेश के जिलों तक का ज्ञान नहीं है। मान्यवर, यदि नये जिले बनें तो नाम वही होने चाहिए, अमेठी को पुराना नाम वापस दे दीजिए, हापुड़ को उसका नाम वापस दे दीजिए, हाथरस का नाम वापस दे दीजिए और भी कई नाम हैं। हम फार्मूला बता रहे हैं, आप जैसे पढ़े-लिखे व्यक्ति से मैं कहना चाहता हूं, आप इसे अपने सर पर मत लीजिए, आप वहां के जनप्रतिनिधियों को, एम0एल0ए0 और एम0पी0 को बुला लीजिए और पूछ लीजिए, अगर वह चाहते हैं तो यहीं घोषणा कर दें कि इन जिलों का नाम वही होगा जिन नामों से यह जाने जाते थे, जिनकी अपनी ऐतिहासिक पहचान है, काका हाथरसी को कौन नहीं जानता, काका हाथरसी या महामाया ? मान्यवर, बिजली के बारे में बात आई, मैं दोहराना नहीं चाहता, एक मेरा फार्मूला है, यदि मान लेंगे। आपको प्रदेश की चिन्ता है, आपने तकनीकी शिक्षा प्राप्त की है, तकनीकी शिक्षा के बाद उच्च शिक्षा प्राप्त की है, प्रदेश के इंजीनियरिंग कालेजों की हालत क्या है, किसी से छिपा नहीं है, कुछ प्राइवेट यूनीवर्सिटीज कैसे बनीं, उसके इतिहास में नहीं जाना चाहता हूं, नेता विरोधी दल के रूप में आजम खां साहब जानते हैं, वहां पर कानून नहीं लागू होता, आपकी जो टेक्निकल यूनीवर्सिटी है, पता नहीं इन प्राइवेट यूनीवर्सिटीज का उस पर क्या प्रभाव है कि टेक्निकल यूनीवर्सिटी 50 और 60 परसेण्ट पर प्रवेश परीक्षा कराती हैं उससे नीचे वाले बच्चे उसमे आवेदन नहीं कर पाते हैं। लेकिन इन प्राइवेट यूनीवर्सिटीज में 33 परसेण्ट और 35 परसेण्ट वाले बच्चों के प्रवेश लिए जा रहे हैं। मेरा कहना है कि अगर एआईसीटी 45 प्रतिशत मांगती है, आपकी जीबीटीयू 45 प्रतिशत पर प्रवेश परीक्षा लेती है तो फिर प्रवेश परीक्षा 45 प्रतिशत की होनी चाहिए। उससे ज्यादा अगर किया जाता है तो इन प्राइवेट युनिवर्सिटीज को फायदा पहुंचाने के लिए किया जाता है। मान्यवर, इस पर विचार कर लें। मान्यवर, मेरा एक फार्मूला है केवल तीन या चार मिनट लूंगा। माननीय मुख्यमंत्री जी आप कहते हैं कि हम सर्वांगीण विकास चाहते हैं।

मान्यवर, कोई फार्मूला बताइये कि सर्वांगीण विकास कैसे होगा। एक सड़क जायेगी एक इलाके का विकास करेगी, दो सड़क जायेगी दो इलाके का विकास करेगी। किसी जगह पर ज्यादा बिजली हो तो उस इलाके का ज्यादा विकास होगा। कुछ जगह पर पानी के लिए सुविधायें होंगी तो उस जगह का विकास होगा। मैं कहना चाहता हूं कि मानक बनाइये। मानक बनाने के लिए 403 यूनिट में इस उत्तर प्रदेश को बांटिये। 403 विधान सभा क्षेत्र में 403 यूनिट बनाइये और यह 403 यूनिट तो निर्वाचन आयोग ने बना ही दिया है। अब इन यूनिट्स को अगर आप संतृप्त करेंगे तो उत्तर प्रदेश का विकास अपने आप हो जायेगा। मैं सुझाव देना चाहता हूं कि हर विधान सभा में आप विधायक की राय से 5-6 सौ हैण्डपम्प लगाइये। क्षेत्रीय विधायक से कहिये तुम 600 हैण्डपम्पों को सुझाव हमें दो। मैं समझता हूं कि कोई विधायक इसमें बेईमानी नहीं करेगा क्योंकि जिसको दोबारा चुनाव लड़ना है वह बेईमानी नहीं करेगा। अगर वह बेईमानी करेगा तो चुनाव में जनता उससे जवाब मांगेगी। वह वहीं का सुझाव देगा जहां की जनता उससे चिल्ला कर हैण्डपम्प मांगेगी।

(कई माननीय सदस्यों के एक साथ बोलने पर)

श्री अध्यक्ष-

शांत रहें।

श्री प्रमोद तिवारी-

मान्यवर, मेरा एक फार्मूला है कृपया उसे सुन लें। मान्यवर, 6 सौ हैण्डपम्प आप उसे दे दें। सामान्यतः दो या तीन ब्लाक होते हैं। अगर 5 साल तक आप यह 600 हैण्डपम्प देते रहे तो तीन हजार हैण्डपम्प हर विधान सभा क्षेत्र में लग जायेंगे तो मैं समझता हूं कि जब आप 5 साल बाद जनता के बीच जायेंगे तो आप जनता से कह सकेंगे कि हमने तुम्हारी पानी की समस्या का निदान कर दिया है। दूसरा मान्यवर, बिजली के बारे में कहना है। अभी हुकुम सिंह जी कह रहे थे कि कहीं 24 घण्टे आती है कहीं 2 घण्टे आती है। जरा उनकी भी तो सोच लीजिये। एक गांव में आधे गांव में बिजली जलती है, तो अगर पड़ोसी के यहां बिजली नहीं जलती होगी तो पड़ोसी को क्या लगता होगा। तो मान्यवर, हुकुम सिंह जी से भी ज्यादा मेरी डिमान्ड है ओर इसका भी एक इलाज है। आप हर विधान सभा क्षेत्र से 8-10 गांव फिक्स कर दीजिए। अगर आप कर देंगे तो हर विधान सभा क्षेत्र से 50 गांव हो जायेंगे। तो मैं समझता हूं कि पूरा का पूरा उत्तर प्रदेश आपका संतृप्त हो जायेगा। तीसरी बात मान्यवर, वह तो माननीय श्री शिवपाल जी करने ही जा रहे हैं। 10 किमी0 की सड़क मान्यवर। मान्यवर, बहुत सी योजनाओं में तमाम सड़कें हैं। मैं 4-5 साल से देख रहा हूं। जिला योजना में हम देते थे जिला योजना यहां तक आती थी फिर लौटकर नहीं जाती थी। नहीं हुआ। तो मैं समझता हूं कि 3-3 किमी0, 2-2 किमी0, 1-1 किमी0 के जो क्षेत्र बचे हुए हैं। अगर आप 10 किमी0 का कर दें तो बहुत काम हो जायेगा। इसी तरह से पी0एच0सी0 के लिए कहना चाहता हूं कि अब मानक शिथिल हो गये हैं। इसलिए अब पी0एच0सी0 लग सकती है। अगर एक-एक जिले में 5-6 पी0एच0सी0 चली जाये, हर विधान सभा क्षेत्र में लग जाये और अगले पांच सालों में पांच पी0एच0सी0 हो जाये। तो आपको दुआ देगा वह जो एनआरएचएम का मारा हुआ है, एनआरएचएम में जितना बड़ा घोटाला हुआ है, एनआरएचएम में जितना बड़ा पाप हुआ है, एनआरएचएम में जितनी बड़ी ज्यादती हुई है, अरे उसको मारो, उस पर डकैती डालो जो स्वस्थ्य है, तो बात समझ में आती है, जिसकी सांस रुक रही थी अगर उसके पैसे को लूटा है, तो ऊपर वाला भी कभी माफ नहीं करेगा। ऐसा करने वालों को कड़ी

से कड़ी सजा मिलनी चाहिए, दवायें आजकल कहां मिल रही हैं, गटर और नाले में। मान्यवर, मैं तो कहता हूं कि इसको किसी भी हालत में नहीं करना चाहिए और अन्त में मैं कहूंगा कि दाम बढ़े हैं, इसमें कोई दो राय नहीं, मंहगाई बढ़ी है, मान्यवर, कोई यहां बैठा हो कह दे कि सरिया का दाम नहीं बढ़ा है, ईंटे का दाम नहीं बढ़ा है, मजदूरी का दाम नहीं बढ़ा या बालू, मौरंग का दाम नहीं बढ़ा, मौरंग तो मिल भी नहीं रही है। मैं कहना चाहता हूं कि अभी तक क्षेत्र विकास निधि 01 करोड़ 25 लाख रुपये है मान्यवर, आप किसी अर्थशास्त्री को बुलाइये, जितनी मंहगाई दर बढ़ी हो उसके हिसाब से अगर आप बढ़ा देंगे तो यह 01 करोड़ 25 लाख की विधान सभा क्षेत्र विकास निधि हर हालत में 03 करोड़ तक पहुंच ही जायेगी। मैं आपसे आग्रह करूंगा, आप इतना कर दीजिये। मेरा यह जो फार्मूला है उत्तर प्रदेश के विकास का, उत्तर प्रदेश को 403 टुकड़ों में मैंने न इधर की कही न उधर की कही और जिनकी नहीं करनी चाहिए थी उनकी भी कर दी, मैं तो 403 टुकड़ों में बांट रहा हूं जिन्होंने गलत प्रथा की, इनको भी लाभ मिलना चाहिए, दीजिए इनको भी लाभ दीजिए, क्योंकि उत्तर प्रदेश किसी एक का नहीं है, मुख्य मंत्री आप सिर्फ समाजवादी पार्टी के नहीं हैं, मुख्य मंत्री उत्तर प्रदेश के हैं, सारी जनता के हैं, इसलिए आप कुछ ऐसे कदम उठायें और आप उठा सकते हैं क्योंकि आप मुलायम सिंह यादव जी के बेटे हैं।

श्री अध्यक्ष-

तिवारी जी अब आप समाप्त कीजिए।

श्री प्रमोद तिवारी-

मान्यवर, मैं और ज्यादा बातें आपसे न कह करके इस बात को यहीं समाप्त करता हूं, जो मैंने संशोधन रखें हैं उस पर बल देता हूं और नई सरकार को शुभकामनाएं देना चाहता हूं, पांच साल काम करें, लेकिन फिर मैं कह रहा हूं कि ऐसे लोगों को कतई माफ न करें जो हमारे मुख्य मंत्री को 20 किलो में तौल दें, धन्यवाद।

श्री दलवीर सिंह-

मान्यवर, मैं आपका बहुत आभारी हूं, आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया। वैसे तो मेरे से पूर्व वक्ता विस्तार से सभी विषयों पर काफी चर्चा कर चुके हैं।

श्री अध्यक्ष-

आप संक्षेप में अपनी बात कह दें।

श्री दलवीर सिंह-

मैं समझ रहा हूं, नई सरकार को केवल अभी ढाई महीना हुआ है और काफी बुरी और बदतर स्थिति माननीय मुख्य मंत्री जी को मिली है, लेकिन फिर भी ढाई महीने में यदि इच्छा शक्ति हो माननीय मुख्य मंत्री जी चाहें तो कानून व्यवस्था की स्थिति सही हो सकती थी, कानून व्यवस्था की स्थिति इतनी खराब हो गई है, पूरे प्रदेश की नहीं मैं अपने जनपद और जिले की बात बता रहा हूं, दिन में बैंक लूट रहे हैं, हत्याओं का ग्राफ बढ़ गया है। जो पूर्व वक्ताओं ने कहा उनसे मैं हट कर अपनी बात कहूंगा, अभी माननीय तिवारी जी ने भी कहा, इतने बड़े प्रदेश में कानून व्यवस्था ठीक नहीं हो सकती। राष्ट्रीय लोकदल हमेशा मांग करता रहा है, चौधरी अजीत सिंह, चौधरी चरण सिंह ने अनेक बार मांग की है कि जब तक इस प्रदेश के चार भाग नहीं होंगे तब तक कानून व्यवस्था की

स्थिति सही नहीं हो सकती है। राष्ट्रीय लोकदल की तरफ से मैं यह मांग करता हूं कि कानून व्यवस्था को सही करने के लिए प्रदेश को चार भागों में बांटा जाय। बिजली की भारी कमी है। अभी माननीय हुकुम सिंह जी, तिवारी जी बहुत विस्तार से बता चुके हैं। मेरे जिले के बराबर जिले में बाई इलेक्शन हो रहा है मांट में, वहां बिजली 24 घण्टे से भी ज्यादा दी जा रही है, सवा चौबीस घण्टे आ रही है और कहीं पर इतनी बिजली नहीं दी जा रही है और वहां पर इसलिए दी जा रही है क्योंकि वहां पर चुनाव जीतना है तो ऐसी विसंगतियों का हम विरोध करते हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में नार्दन इण्डिया में मात्र एक बिजली घर है हरदुआगंज पावर हाऊस, पिछली सरकार में हरदुआगंज, कासिमपुर में पांच सौ मेगावाट की दो यूनिट लगाई गई, दोनों यूनिट लगाने की उस वक्त कीमत थी 22 सौ करोड़, बेईमानी और भ्रष्टाचार के कारण पिछले समय में इसकी कीमत पहुंच गई 29 सौ करोड़। दोनों यूनिटों पर इतना पैसा खर्च हुआ है मा0 मुख्य मंत्री जी, मैं आपको बताना चाहता हूं।

श्री अध्यक्ष-

मा0 नेता जी, आप अपनी चर्चा जारी रखें।

श्री दलवीर सिंह-

आप देखिये दोनों यूनिटों पर 29 सौ करोड़ रुपया खर्च होने के बाद कोई यूनिट काम नहीं कर रही है, इतनी बड़ी रिश्वत ली गई है उसमें, पूरे के पूरे प्रोग्राम को उन्होंने फेल कर दिया। तत्कालीन सब अधिकारियों ने उसे खा-पीकर बराबर कर दिया। मैं चाहूंगा और मैंने मांग की है मुख्य मंत्री जी से कि उसमें उच्च स्तरीय जांच कराई जाये। जैसे अन्य बेईमानी के घोटाले खुल रहे हैं, उनसे कम बड़ा घोटाला हरदुआगंज, कासिमपुर पावर हाउस के इन दोनों यूनिटों में कम घोटाला नहीं है तो मैं मांग करता हूं कि इनमें जांच होनी चाहिए। गेहूं खरीद के सम्बन्ध में मैंने खुद अधिकारी के साथ मीटिंग की। एक अधिकारी मुझे मिले जो मा0 मुख्य मंत्री जी के द्वारा नोडल अफसर बना करके भेजे गये हैं। मैंने पूछा कि भाई आप क्यों आये हो तो बोले कि हम व्यवस्था देखने आये हैं। बोरी है नहीं, पैसा है नहीं। मैंने अपने जिले के कलेक्टर से कहा कि एक काम यदि यह सरकार कर दे कि जो एफ0सी0आई0 के गोदाम हैं जहां ट्रक अनलोड होता है, 1500 से 2000 रुपये तक का डाला दिया जाता है। आज तक किसी पर भी कोई कार्यवाही नहीं हुई, न रुका। जब वहां 2000 रुपया एक ट्रक में देना पड़ रहा है। तो यहां क्रय केन्द्र हैं वहां वो 3 किलो प्रति कुण्टल के हिसाब से हर किसान से वसूल कर रहा है। हम कुछ भी नहीं कर पा रहे हैं, न जिला प्रशासन कर पा रहा है, न ही सरकार कर पा रही है। मेरा आपसे निवेदन है कि जरा ध्यान दें और खरीद केन्द्र खुले हैं उनमें बेईमानी को रोका जाये। अभी जब चुनाव हो रहा था तो मा0 मुख्य मंत्री जी ने घोषणा की थी कि किसानों को बिजली फ्री, नहरों में टेल तक पानी, सिंचाई फ्री लेकिन इस अभिभाषण में मैंने देखा कि इस प्रकार का कोई प्राविजन नहीं किया गया। न बिजली फ्री, न किसानों का सिंचाई का पैसा फ्री, ऐसा कुछ नहीं हुआ है, मैं चाहता हूं इसलिए संशोधन किया जाये। पेट्रोल की कीमत बढ़ गई है, हमारे पूर्व साथी कह रहे हैं कि उस पर वैट घटा दिया जाये तो अच्छा रहेगा। यह जनहित का काम है। जो जातियां रह गई हैं, अभी आपने कुछ जातियों को एस0सी0 कास्ट में शामिल करने के लिए घोषणा की है, मैं उसमें चाहूंगा अहेरिया, ठठेरे और धनगर आपके सभी के क्षेत्रों में हैं। अहेरिया भी बदतर जीवन काट रहे हैं, ठठेरे जाति के कहीं-कहीं, किसी-किसी गांव में 2-2, 4-4 मिलते हैं और धनगर इनको भी आप एस0सी0 कास्ट में अगर शामिल करेंगे तो एक अच्छा काम होगा। मैं मा0 अध्यक्ष जी के माध्यम से राजस्व मंत्री

जी को एक सुझाव देना चाहता हूं कि अनुसूचित जाति के लोगों को खेत बेचने में, अपना मकान बेचने में परीमीशन के बिना वे बेचारे बेच नहीं सकते, फिर वो काहे के मालिक हैं। जब उनको अपनी जमीन सम्पत्ति बेचने का अधिकार नहीं है तो फिर वे खाम-ओ-ख्वाह मालिक कहे जाने के वो अधिकारी ही नहीं हैं। उसका लाभ लिया है पिछली सरकार में, मैं नाम लेना नहीं चाहूंगा, इस सदन में मेम्बर भी रहे हैं जितने भी एस0सी0 कास्ट के प्रभावशाली नेता थे, उन्होंने पूरे प्रदेश भर में, जैसा मैं अलीगढ़ का समझ रहा हूं हरिजन जाति के, शेड्यूल्ड कास्ट की जमीन कौड़ियों में केवल इसलिए कि वह जमीन केवल उन्हीं को दी जा सकती थी, एक-एक नेता ने 400-400, 500-500 बीघा जमीन खरीदी है, जो बड़ी शर्म की बात है। मैं इसमें चाहूंगा आपके माध्यम से, राजस्व मंत्री बड़े विद्वान हैं, होशियार हैं, अनुभवी हैं कि वे इसमें परिवर्तन करें और जितने भी इस तरह के केस हैं, सरकार उनको वापस ले और अनुसूचित जाति के लोगों को अपनी जमीन बेचने का अधिकार दिलवाया जाये। ऐसा मेरा सुझाव है, साहब क्या आप इस पर सहमत हैं।

श्री अध्यक्ष-

आप प्रस्ताव लाइए, अब आप समाप्त करिये।

श्री दलवीर सिंह-

शिक्षा के क्षेत्र में समान शिक्षा होनी चाहिए। चौधरी साहब का कहना था, राष्ट्रीय लोकदल का कहना था कि यदि हम प्रदेश में समान शिक्षा नहीं कर सकते तो देहात क्षेत्र में शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्र बेसिक प्राइमरी पाठशाला फलां गांव की उसके छात्र को 5 अंक अतिरिक्त मिलें। हर इण्टरव्यू में, हर परीक्षा में बोनस मार्क्स देने का प्राविधान किया जाये, यह सरकार से मेरा निवेदन है।

श्री अध्यक्ष-

क्या अभी और बाकी है ?

श्री दलवीर सिंह-

हां, अभी है।

श्री अध्यक्ष-

तो बंद करिये।

(सदन में हंसी)

श्री दलवीर सिंह-

मान्यवर, एक सुझाव है, अभी सरकार ने एक बहुत अच्छा निर्णय लिया है, किसानों को पांच लाख रुपया देने के लिए कहा है। इसमें मैं एक सुझाव देना चाहता हूं कि किसानों के साथ-साथ, जो किसान मजदूर होता है, जो किसान के साथ कंधे-से कंधा मिलाकर मजदूरी का काम करता है। जो किसान से किसी भी तरह से कम काम नहीं करता है खेती में, उसके लिए भी यह बीमा की योजना होनी चाहिए। उसे भी यह बीमा का लाभ मिलना चाहिए। समान शिक्षा और यह लाभ मजदूरों को भी मिलना चाहिए।

श्री अध्यक्ष-

अब समाप्त कीजिए।

श्री दलवीर सिंह-

मान्यवर, इसके साथ-साथ मेरा आपसे निवेदन है कि पूरे प्रदेश में किसानों की स्थिति बहुत खराब है। गन्ना का मूल्य बढ़ाया जाये। गेहूं का बोनस दो सौ, सवा दो सौ बढ़ाया जाये। चीनी मिलों की स्थिति पूरे प्रदेश में यह है कि पूरी चीनी मिलें चौपट हुई पड़ी हैं, कोई भी काम करने की स्थिति में नहीं हैं और पिछले समय में कभी भी किसान पूरी तरह से अपना गन्ना पेराई के लिए नहीं दे पाया है। मेरा आपसे निवेदन है कि चीनी मिलों की क्षमता बढ़ाई जाये। हमारे जनपद में एक मात्र साधा चीनी मिल है, जिसकी क्षमता बहुत कम है, लगभग एक अरब से भी ज्यादा घाटे में चल रही है। मैं चाहूंगा कि उसकी क्षमता बढ़ाई जाये, इन्हीं शब्दों के साथ अपनी बात समाप्त करना चाहूंगा, बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री अध्यक्ष-

मा0 रविदास मेहरोत्रा जी आप बोलना चाहते थे बोलिए। श्री राज्यपाल के अभिभाषण पर आपने बोलने को लिखा है तो आप बोलिए। समर्थन में बोलेंगे कि संशोधन में।

श्री रविदास मेहरोत्रा-

मान्यवर, समर्थन में बोलूंगा। आदरणीय अध्यक्ष जी, मा0 मुख्य मंत्री जी,.....

श्री अध्यक्ष-

अध्यक्ष को सम्बोधित किया जाता है।

* श्री रविदास मेहरोत्रा-

आदरणीय अध्यक्ष जी, श्री राज्यपाल के अभिभाषण के समर्थन में मुझे आपने बोलने का मौका दिया इसके लिए मै आपका आभारी हूं। मान्यवर, पिछले पांच साल से भ्रष्ट और जालिम सरकार थी, उसने जुल्म और अत्याचार करने की सारी सीमाएं तोड़ दी थी। जब कहीं, जहां कहीं जनता ने विरोध का प्रयास किया उसको जुल्म से, दमन से और तानाशाही के माध्यम से उस आवाज को दबाने का काम हुआ। पूरे प्रदेश में विकास का सारा काम बंद हो गया था, जनता समस्याओं से परेशान थी और पूरे प्रदेश में आपात का जैसा माहौल बन गया था। जब कभी हम लोगों ने संघर्ष करने का काम किया लाठी के माध्यम से उस संघर्ष को दबाने का काम हुआ। लखनऊ की सड़कें इस बात की गवाह हैं कि हर चौराहे के ऊपर लाठीचार्ज हुआ, दमन हुआ। अभी मुझसे पहले यहां बात हो रही थी, कानून व्यवस्था की। उत्तर प्रदेश के अन्दर और लखनऊ शहर के अन्दर गुण्डा और माफियाराज पिछले पांच साल में कायम था सड़कों के ऊपर लोगों की हत्या हो रही थी। लखनऊ के जिला कारागार के अन्दर डिप्टी सी0एम0ओ0 बन्द थे, उन्होंने लिख करके दिया कि मेरी हत्या कराने का प्रयास हो रहा है। इसके बावजूद भी सुरक्षा नहीं हुई और जेल के अन्दर बन्द डिप्टी सी0एम0ओ0 की हत्या कर दी गई। हत्या करने के बाद उनकी लाश रखी गई, चार दिन तक यह मांग हुई की सी0बी0आई0 की जांच करायी जाये। हाईकोर्ट के आदेश पर सी0बी0आई0 की जांच होने का काम हुआ। यहां मौजूद नहीं हैं, पर मुझे उम्मीद थी कि प्रमोद तिवारी जी यह बात कहेंगे कि कांग्रेस पार्टी की जो प्रदेश की अध्यक्षा थीं, लखनऊ की विधायिका हैं, उनके घर के ऊपर बी0एस0पी0 के लोगों ने आग लगा दी और पूरा घर जला दिया गया और उन लोगों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई। सड़कों के ऊपर

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

लोगों पर लगातार जुर्म हो रहा था। यहां पर बात हुई स्मारक के सम्बन्ध में, जो हमारे महापुरुष थे, उनके नाम पर जो स्मारक बनाये गये थे, उन स्मारकों के ऊपर गर्व हो रहा था, लूट हो रही थी। हम बधाई देते हैं, मा0 मुख्यमंत्री जी को कि जिनके मन में यह बात आ गई है कि जिन महापुरुषों के नाम से पार्क बनाये गये, जिन महापुरुषों के नाम से स्मारक बनाये गये, उसमें प्रदेश की पूर्व की सरकार ने मलाई खाने का काम किया, लूट करने का काम किया। उस स्मारक का माननीय मुख्यमंत्री जी ने जो नाम बदलने का काम किया है उसके लिए वह बधाई के पात्र हैं। माननीय अध्यक्ष जी, मेरा आपसे अनुरोध है कि लोकतंत्र की सरेआम धज्जियां उड़ाने का काम हुआ, हम लोग आपातकाल में 20 महीने जेल में बन्द रहे थे। माननीय मुलायम सिंह जी प्रदेश के मुख्यमंत्री थे उन्होंने आपातकाल के सेनानियों को सम्मान देने का काम किया था और पूरे प्रदेश के अन्दर मुश्किल से 5000 आपातकाल सेनानी थे। प्रदेश की सरकार बदली और पूर्व की सरकार ने उन आपातकाल सेनानियों की पेंशन बन्द करके एक दुर्भाग्यपूर्ण कार्य करने का काम किया। इससे पूरे प्रदेश में यह साफ हो गया कि पूर्व की प्रदेश की सरकार तानाशाही में विश्वास रखती है। हम लोग हाईकोर्ट गये और हाईकोर्ट से स्टे हो गया उसके बावजूद भी पूर्व प्रदेश की सरकार ने बन्द करने काम किया। विधान सभा के सामने धरना हुआ करता था पूर्व की सरकार ने धरना स्थल को समाप्त करने का काम किया जनता को विधान सभा के सामने अपनी बात कहने का अधिकार था पूर्व की सरकार ने धरना स्थल समाप्त करने का काम किया। मैं माननीय मुख्यमंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं कि माननीय मुख्यमंत्री जी ने सरकार बनने के बाद विधान सभा के सामने धरना स्थल को बहाल करके विश्वास जताया है कि इस सरकार की लोकतंत्र में आस्था है।

श्री अध्यक्ष-

अब आपका समय समाप्त हुआ।

श्री रविदास महरोत्रा-

मान्यवर, मैं एक बात कह करके अपनी बात को समाप्त करूंगा। पूरे प्रदेश में लखनऊ शहर में जनता पीने के पानी की समस्या से परेशान है। यहां पर लखनऊ शहर में जो नाले खुले हुए हैं हर साल 12-13 बच्चे नाले में डूबकर मरते हैं। यह दुर्भाग्य था कि लखनऊ शहर में पिछले 5 साल में 70 बच्चे डूबकर नाले में गिरकर मर गये। दूसरी ओर प्रदेश की मुख्यमंत्री ने अपने बंगले में 88 करोड़ लगाने का काम किया। प्रदेश की जनता समस्याओं से परेशान थी और स्मारक में पत्थर लगाने के नाम पर क्या-क्या हो रहा था। दुनिया के इतिहास में ऐसा कहीं नहीं हुआ कि कोई जिन्दा व्यक्ति अपनी मूर्ति को लगाने का काम करे।

श्री अध्यक्ष-

अब आप समाप्त करें। ये सदस्य नये हैं लेकिन नेता पुराने हैं।

श्री रविदास महरोत्रा-

मान्यवर, हमारी सरकार ने चुनाव के समय जो वायदे किये थे हमारे माननीय मुख्यमंत्री जी उनको पूरा करने का काम कर रहे हैं। आपने मुझे समय दिया आपको बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री अध्यक्ष-

अभी इधर सब नेता बोल चुके हैं दो लोगों को और बुलवा दें फिर आपकी तरफ से शुरू करते हैं।

श्री मनोज कुमार पाण्डेय-

मान्यवर, महामहिम राज्यपाल जी के भाषण का संदर्भ लेते हुए हम बधाई देना चाहते हैं कि जितनी लाभकारी योजनाएं, लोक कल्याणकारी योजनाओं का उसमें समावेश किया गया है और पूरे प्रदेश की उन सारी बातों को छुआ गया है जो 5 साल तक अछूती रहीं, उनकी तरफ देखा नहीं गया उनको छुआ नहीं गया चाहे शिक्षा का क्षेत्र, चाहे किसान का क्षेत्र रहा हो और चाहे मजदूर किसान का क्षेत्र रहा हो इन सारी योजनाओं को कहीं न कहीं महामहिम राज्यपाल जी के अभिभाषण में लिया गया है। अभी मैं देख रहा था हमारे बहुत ही वरिष्ठ आदरणीय नेता प्रतिपक्ष श्री स्वामी प्रसाद मौर्य जी बोल रहे थे, बहुत अच्छा लगा। अभी हम लोगों का प्रबोधन कार्यक्रम था, शायद इन्हें नहीं बुलाया गया था या आप नहीं थे।

श्री अध्यक्ष-

कहा गया था आप नहीं थे।

श्री मनोज कुमार पाण्डेय-

मान्यवर, कल जब हम लोग आये और महामहिम जी का अभिभाषण शुरू हुआ, हम लोग देखने आये थे, कुछ सीखने आये थे महामहिम के अभिभाषण के रूप में ऐतिहासिक से एक नई परम्परा को देखने का अवसर हम नये विधायकों को मिला था लेकिन जो देखा उससे और बहुत तकलीफ हुई। अभी नेता प्रतिपक्ष बोल रहे थे मैंने उनके वक्तव्य को सुनाकर भूल रहा था कि पता नहीं नेता प्रतिपक्ष भूल रहे हैं या मैं भूल रहा हूं यह 2007 से लेकर 2012 तक की आपकी सरकार में हासिल घटनाओं का जिक्र कर रहे हैं या इस 2 माह की नई सरकार का जिक्र कर रहे हैं। कि इस नई सरकार का जिक्र कर रहे हैं। बात हो रही थी कि महापुरुषों के नाम पर बने हुए पार्क, उनके नाम के विश्वविद्यालय पर आई हुई सरकार ने रोक लगाई है या परिवर्तन करना चाहते हैं यह गलत परम्परा है, ऐसा नेता प्रतिपक्ष कह रहे थे। हम याद दिलाना चाहते हैं, इसी उत्तर प्रदेश में डा0 लोहिया ग्राम योजना लागू थी, हम बड़ी नम्रता से कहना चाहते हैं कि उस योजना को किस सरकार ने बंद किया था, यह परम्परा किसने डाली थी, यह भी याद करने की आवश्यकता है। हम इस बात को कहना चाहते हैं कि इसी लखनऊ लोहिया पथ का निर्माण हुआ था और हमें याद है कि देश के एक बड़े नेता ने, जो हमारे उत्तर प्रदेश से संबंधित नहीं हैं, उन्होंने प्रशंसा किया था कि देश के उत्तर प्रदेश राज्य में लखनऊ में इस पैदल यात्री पथ की जो नई परम्परा डाली गयी है, ऐसा देश के किसी राज्य मे देखने को नहीं मिला है। उन्होंने इसकी प्रशंसा की थी और विपक्ष के लोगों ने भी इसकी प्रशंसा की थी, लेकिन इस योजना को रोक दिया गया, बिना कारण बताये रोक दिया गया और यह भी स्पष्ट नहीं किया गया कि यह जनहित के कारण रोका गया है या पार्टी हित में इसे रोका गया है और एक नई परम्परा वहां भी डाली गयी थी। वैसे इसे राजनैतिक द्वेष में रोका गया, यह इस प्रदेश की सारी जनता जानती है। जहां तक पार्कों का सवाल है, पार्क बनने चाहिए थे, मूर्तियां लगनी चाहिए थी। लेकिन हमें लगता है कि ज्ञात और अज्ञात इस देश के ऐसे तमाम महापुरुष रहे हैं जिन्होंने देश की स्वतंत्रता से लेकर, इस राज्य की राजनीति में उन्होंने बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया है। सवाल यह भी खड़ा होता है कि उनके नाम पर मूर्तियां और पार्क क्यों नहीं बने। यह सही है कि इन मूर्तियों और पार्क बनाने के नाम पर जिस तरह से उत्तर प्रदेश में घोटाले हुए हैं, हम उन पर बहुत

लम्बी चर्चा नहीं करना चाहते हैं लेकिन आज यह सही है कि पिछले पांच सालों की जो सरकार रही है जब हम लोग दूसरे राज्यों में जाते थे तो हम लोगों की पहचान हो गयी थी कि घोटालों के प्रदेश की सरकार से यह आये हुए हैं यही हम लोगों की लगभग पहचान हो गयी थी और वह घोटाले उन्हीं महापुरुषों की मूर्तियों को लगाने के नाम पर हुए हैं, उन्हीं पार्कों को विकसित करने के नाम पर हुए हैं। उस समय प्रदेश में विकास शून्य की ओर चला गया था। चाहे अम्बेदकर विकास योजना रही हो और चाहे अम्बेदकर ग्राम योजना रही हो भारी पैमाने पर उसमें घोटाले और लूट की गयी है, जिनकी शिकायतें आज भी वर्तमान सरकार को मिल रही है। हम आपसे मांग करेंगे कि ऐसे जो भी घोटाले पूर्ववर्ती सरकारों में किये गये हैं, उनकी जांच होनी चाहिए और कार्यवाही होनी चाहिए। महामहिम राज्यपाल जी के अभिभाषण का समर्थन करते हुए हम उसमें जोड़ना चाहते हैं कि मैं ऊंचाहार विधान सभा क्षेत्र से आता हूं वहां पर एक बड़ी समस्या है कि हमारे यहां लगभग 500 हेक्टेयर जमीन ऐसी है जो जलमग्न रहती है एक बकुलाही नदी वहां से गयी हुई है, सीपेज की समस्या है। हम चाहते हैं कि कृपापूर्वक इस समस्या को भी उसमें जोड़ा जाये। आपने समय दिया, हम इसके लिए आपका बहुत आभार प्रकट करते हैं। धन्यवाद।

श्री अध्यक्ष-

मैं नये माननीय सदस्यों से आग्रह करूंगा कि आप लोग ज्यादा से ज्यादा इसमें हिस्सा लें और इधर-उधर की बात करने के बजाय अपने क्षेत्र की समस्याओं को यहां रखें। ताकि यह बातें सदन के संज्ञान में आ सकें, जहां से आप आये हैं, आप अपने क्षेत्र की समस्या रखेंगे तो ठीक होगा।

श्री ओम कुमार-

माननीय अध्यक्ष जी, सबसे पहले मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं कि आपने मुझे पहली बार इस सदन में बोलने का मौका दिया। मान्यवर, मैं बिजनौर जिले की नहटौर विधान सभा क्षेत्र से चुनकर आया हूं। मैंने आपका दो दिन का प्रबोधन कार्यक्रम भी अटैन्ड किया है, उसमें बहुत सारी चीजें मैंने देखी है, लेकिन मैं आपके माध्यम से इस सदन में कहना चाहता हूं कि मेरे विधान सभा क्षेत्र की कुछ समस्यायें हैं, मैं उनकी ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं जो महामहिम राज्यपाल जी के अभिभाषण में रह गयी थी। मैं उसके लिए आपका ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूं। मान्यवर, हमारे नहटौर विधान सभा क्षेत्र में हजारों परिवार बुनकर उद्योग में लगे हुए हैं, जिससे उनकी रोजी-रोटी चलती है लेकिन हमारी विधान सभा में बिजली की इतनी ज्यादा समस्या है कि जो उद्योग धन्धे अच्छे खासे चल रहे थे वह पीछे धकेलने शुरू हो गये हैं और जो मजदूर उनमें काम करते थे उनकी रोजी-रोटी के लाले पड़ गये हैं। मैं यह कहना चाहता हूं कि हमारी विधान सभा के अन्दर एक भी राजकीय डिग्री कालेज नहीं है। मैं आपसे अनुरोध करतात हूं कि एक राजकीय डिग्री कालेज और एक राजकीय बालिका इण्टर कालेज नहटौर में या हल्दौर में बनना चाहिए। हमारे इस देश को आजाद हुए 60 से 65 साल हो चुके हैं लेकिन आज भी बेसिक चीजें जैसे हैण्डपम्प की समस्या, स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या, शिक्षा सम्बन्धी समस्या, आज भी हम इन चीजों से वंचित हैं। जब हम अपने कार्यालय में बैठते हैं तो वहां पर सबसे ज्यादा जो लोग हमारे पास आते हैं वह पीने के पानी से त्रस्त होते हैं और वह कहते हैं कि हमें कम से एक गांव को दो हैण्डपम्प दीजिए तो मान्यवर, कम से कम 1 हजार हैण्डपम्प दिलवाने की कृपा करें। मैं आपसे यह कहना चाहता हूं कि हमारे.....

श्री स्वामी प्रसाद मौर्य-

मा0 अध्यक्ष जी, नये सदस्य जो भी बोलें चाहे वह सत्तापक्ष के हों या विपक्ष के उनको पूरा समर्थन मिलना चाहिए और जो हमारे वरिष्ठ सदस्य बैठे हैं जो शोरगुल करते हैं उन्हें समझना चाहिए, नये सदस्यों की हूटिंग अगर होती है तो हम समझते हैं कि यह अच्छी बात नहीं है।

श्री ओम कुमार-

मान्यवर, हमारे विधान सभा क्षेत्र में स्थित सरकारी हास्पिटल में एम्बुलेंस तक की सुविधा नहीं है, आई0सी0यू0 नहीं है, अगर किसी का एक्सीडेंट हो जाये, आप मेरे क्षेत्र की समस्या को मंगा करके देख लीजिए कि कितने एक्सीडेंट केसेज में लोगों को प्राथमिक चिकित्सा नहीं मिल पायी। मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि हमारे यहां कम से कम 100 बेड का एक अस्पताल बनाया जाना चाहिए। इसके अलावा मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि जो लिंक रोड हैं उनकी हालत बहुत खराब है। मैं यह नहीं कहना चाहता कि यह हमारी सरकार का मामला है या आपकी सरकार का मामला है यह जन समस्या है इसे मैं आपके सामने लाना चाहता हूं। जो भी लिंक रोडे हमने आपके पास लिख करके भेजी हैं उनका निर्माण कराया जाये बस यही में आपसे कहना चाहता हूं और महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण में जो चीजें छूट गई हैं उन्हें उसमें जोड़ा जाये नहीं तो मैं महामहिम के अभिभाषण की निन्दा करता हूं, धन्यवाद।

श्री अध्यक्ष-

अभिभाषण पर चर्चा कई दिनों तक चलेगी और सभी को बोलने का मौका मिलेगा। माननीय बंशी पहाड़िया जी हैं।

श्री बंशी सिंह पहाड़िया-

मा0 अध्यक्ष जी, आपने मुझे महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर रखे गये संशोधन प्रस्ताव पर बोलने का मौका दिया इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। मान्यवर, मैं श्री राज्यपाल जी का बहुत सम्मान करता हूं लेकिन महामहिम राज्यपाल जी का अभिभाषण सत्य से परे एक पुलिन्दा है। मैं यह बात कहना चाहता हूं कि सत्तापक्ष के लोगों ने जो भारत सरकार पर उंगली उठायी, क्रय केन्द्रों की बात की।

श्री अध्यक्ष-

माननीय सदस्य, अपने क्षेत्र की बात भी कह लें।

श्री बंशी सिंह पहाड़िया-

मैं खुर्जा की बात नहीं कह रहा हूं मैं कांग्रेस से आता हूं अभी जो क्रय केन्द्रों की बात की गई। जिसका माननीय मुख्यमंत्री जी ने निरीक्षण किया। 140 रुपये एडमिनिस्ट्रेटिव खर्चे के लिए, 30 रुपया बोरे के लिए, 1285 रुपये खरीद के लिए, 15 रुपये पल्लेदार के लिए, 20 रुपये कैरिज चार्ज के लिए, 20 रुपये टैक्स के लिए और तीन महीने के ब्याज के लिए व्यवस्था की है जिसका खर्च 1550 रुपये बैठता है। राज्य सरकार को 250 रुपये मुनाफे के तौर पर भारत सरकार दे रही है, उसके बाद भी बोरियों के बारे में जो भारत सरकार पर लांछन लगाया जाता है वह सत्य से परे है। राज्य सरकार की जिम्मेदारी है कि वह भण्डारण की व बोरियों की व्यवस्था करे। इसलिए कोई भी लांछन लगाने से पहले अपनी तरफ भी देखना चाहिए। आदरणीय अध्यक्ष जी, मैं सुझाव के तौर पर

कह रहा हूं चूंकि हमारे नेता का बयान आ चुका है। आदरणीय प्रमोद तिवारी जी ने कानून व्यवस्था के बारे में तत्कालीन सरकार का जो रवैया रहा उसमें थोड़ा परिवर्तन जरूर आया है, लेकिन उसे सुधारने के लिए हम इस प्रस्ताव में संशोधन चाहते हैं। साथ में मैं अध्यक्ष जी, आपके माध्यम से सरकार से यह बात कहना चाहते हैं कि खनन के नाम पर बहुत बड़े माफिया यदि कोई सरकार ने पालने का काम किया तो तत्कालीन सरकार ने किया। लेकिन वर्तमान सरकार में भी किसान अपने खेत से अपने घर के लिए मिट्टी उठाता है तो राजस्व के अधिकारी और पुलिस के दरोगा उसका उत्पीड़न नहीं, अपमान करते हैं। मुझे आपके माध्यम से यह कहने में संकोच नहीं की रजिस्ट्री आफिस में रजिस्ट्रार के यहां 2 प्रतिशत देने पर बैनामा आपका वैलिड होता है, नहीं तो आपके बैनामे को रोक दिया जाता है।

श्री अध्यक्ष-

अब आपका समय समाप्त हुआ।

श्री बंशी सिंह पहाड़िया-

अध्यक्ष जी, मैं ग्राम पंचायत का सदस्य रहा हूं, ग्राम प्रधान रहा हूं, जिला परिषद् का मेम्बर रहा हूं और ब्लाक प्रमुख मेरा भाई रहा है। आज 80 प्रतिशत ब्लाकों में सेक्रेटरी नहीं हैं, ग्राम पंचायतों का कार्य ठप्प पड़ा हुआ है। सरकार का ध्यान इस तरफ जाना चाहिए।

श्री अध्यक्ष-

अब आपका समय समाप्त हुआ।

श्री बंशी सिंह पहाड़िया-

अध्यक्ष जी, आज बिजली के बारे में जो भेदभाव का काम तत्कालीन सरकार ने किया, सारी दुनिया में खुर्जा का चीनी उद्योग, आज खुर्जा की थाती दम तोड़ रही है।

श्री अध्यक्ष-

पहाड़िया जी अब समाप्त करिये। अब इधर से भी एक सदस्य को मौका मिलना चाहिये।

श्री बंशी सिंह पहाड़िया-

मैं नया विधायक हूँ, मेरा बैकवर्ड क्षेत्र है, खुर्जा का पॉटरी उद्योग दम तोड़ रहा है।

श्री अध्यक्ष-

मैं आपको बहुत पहले से जानता हूँ, जब आप जेवर से लड़ते थे। अब बैठिये।

श्री बंशी सिंह पहाड़िया-

अध्यक्ष जी, मेरी एक बात सुन लीजिये, आदरणीय हुकुम सिंह जी ने कहा और दूसरे लोगों ने भी कहा, थोड़ा नौकरशाही पर सरकार कण्ट्रोल करे, बहुत बुरा हाल है नौकरशाही का। आपका पुलिस का कप्तान, जिले का जिलाधिकारी आपके द्वारा निर्धारित मानकों का भी पालन नहीं कर रहे हैं। वह विधायक को देखकर ऐसे दुःखी होते हैं जैसे हमने कोई उनका अपमान कर दिया हो।

श्री अध्यक्ष-

अब आप बैठिये।

श्री बंशी सिंह पहाड़िया-

आपके माध्यम से एक बात कहना चाहता हूँ कि आज उत्तर प्रदेश के 90 फीसदी थानों में इंस्पेक्टर नहीं हैं और जो कोतवाली चलाने के लिए सक्षम नहीं हैं वह सब-इंस्पेक्टर थाने व कोतवाली चला रहे हैं। इंस्पेक्टरों की इतनी कमी है उस पर सरकार ध्यान दे। बहुत-बहुत धन्यवाद।

(कई सदस्यों के अपने-अपने आसन पर खड़े होने पर)

श्री अध्यक्ष-

आप लोग परेशान न होइये, इस पर अभी दो दिन चर्चा और होगी, सबको बोलने का मौका मिल जायेगा, फिक्र न कीजिये।

श्री मौ0 इरफान-

मैं बिलारी, मुरादाबाद जिले में विधायक हूँ मुझे पहली बार मौका मा0 अध्यक्ष जी ने दिया है, उसका मैं बहुत शुक्रगुजार हूँ। मेरी विधान सभा, ऐसी विधान सभा है जो दो जिलों में पड़ती है। एक जिले का नाम भीमनगर, एक का मुरादाबाद हैं जिस जिले का नाम भीमनगर रखा गया है, वह सम्भल जिला है। सम्भल एक तारीखी जगह है, उसका नाम बदलकर भीमनगर गलत किया गया है। उसको अगर बदलना ही था तो उसकी पहचान 'सालार नगर' या 'मसूद नगर' होना चाहिये। दूसरी बात जनपद मुरादाबाद में जो हवाई पट्टी है, उस हवाई पट्टी को हवााई अड्डे में तब्दील किया जाना चाहिये। तीसरी बात, जनपद मुरादाबाद का नाम, मैं बहुत अदब से राज्यपाल जी के अभिभाषण के बारे में कहना चाहूँगा कि जो अभिभाषण प्रस्ताव है उससे पूरी तरह सहमत हूँ, उसकी तारीफ करता हूँ लेकिन मुरादाबाद नगर जो आस-पास के जिलों में सबसे ज्यादा विदेशी मुद्रा अर्जित करता है उसका जिक्र अभिभाषण में किया जाना चाहिये। 30 विधान सभा क्षेत्र बिलारी जो अत्यधिक पिछड़ा क्षेत्र है उसको प्राथमिकता के आधार पर नगर बिलारी के लिए जिसमें बुनकर सबसे ज्यादा निवास करते हैं वहाँ बुनकरों के लिए अलग से सूत व्यवस्था होनी चाहिये और बिलारी में कोई मंडी समिति नहीं है वहाँ मण्डी समिति का भी गठन होना चाहिये। जनपद मुरादाबाद में जो ग्रोथ सेन्टर है वह अधूरा पड़ा है उस ग्रोथ सेन्टर को पूरी तरह से विकसित कर दें ताकि वहाँ का रोजगार बढ़े और जो बहुत ज्यादा विदेशी मुद्रा अर्जित करता है उसको बिजली के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है कि वहाँ 24 घण्टे बिजली दी जानी चाहिये। नगर बिलारी में जहाँ सब गरीब लोग रहते हैं। आस-पास के सारे लोग वहाँ रात में लगने वाली बाजार लगती है वह ऐसी पहली जगह है जहाँ रात में बाजार लगती है। वहाँ लोगों के ठहरने के लिए रैन बसरे की व्यापक व्यवस्था होनी चाहिये। आखिर में कहना चाहता हूँ सिंचाई संघ उत्तर प्रदेश से जुड़े क्रय चालकों की सेवाओं को ध्यान में रखते हुये उनको पेंशन, जी0पी0एफ0 आदि योजनाओं से लाभान्वित किया जाना चाहिये। अन्त मे मैं माननीय अध्यक्ष जी का बहुत ज्यादा आभारी हूँ कि उन्होंने मुझे बोलने का मौका दिया। धन्यवाद।

* श्री रवीन्द्र जायसवाल-

मान्यवर, अध्यक्ष जी मेरा निवेदन है कि पिछली सरकार में कार्यपालिका के द्वारा विधायिका का बड़ा अपमान किया गया अधिकांश लोग लाठी खाये थे। मैं विधायक बनने के बाद बिजली की समस्या पर, पानी की समस्या पर तीन बार धरने पर बैठा हूँ। लेकिन बनारस के अधिकारियों ने हमारा ज्ञापन तक नहीं लिया न बिजली पर न सड़क पर न सीवर पर। पिछली सरकार में अधिकारी

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

निरंकुश थे उन पर कोई अंकुश नहीं है यह लगातार लाठियों से पिटे थे अभी भी इन पर अंकुश नहीं है। मेरा निवेदन है कि थोड़ा अधिकारियों पर कार्यपालिका पर अंकुश लगाया जाय और हम सबका सम्मान किया जाय। दूसरा मेरा निवेदन है कि बनारस में वरुणा नदी में कचहरी से लेकर पुराने पुल तक एक पथवे बनाया जाय। साथ ही साथ कजाकपुरम् में लाटभैरों पर एक फ्लाई ओवर बना दिया जाय। माननीय सुरेन्द्र सिंह जी हैं उन्होंने कहा भी था एक फ्लाईओवर वहाँ बना दिया जाय जिससे जहाँ जाम रहती है उससे उसका निजात मिलेगा। बनारस में विद्यापीठ में आयुर्वेद मेडिकल कालेज खोलने की बात कही गई थी वहाँ फण्ड नहीं है मेरा निवेदन है कि बनारस में गंगापुर में एक आयुर्वेद का मेडिकल कालेज बनाया जाय। धन्यवाद।

(श्री पवन पाण्डेय का नाम पुकारे जाने एवं उनके अनुपस्थित होने पर)

श्री सुरेश बंशल-

मान्यवर, मैं पहली बार विधायक बना हूँ मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूँ कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया। महोदय मेरे क्षेत्र की बहुत सारी समस्यायें हैं सबसे बड़ी समस्या मेरे क्षेत्र में यह है कि जो विजय नगर क्षेत्र है जिसकी आबादी पाँच लाख के करीब है वहाँ पर कोई इण्टर या डिग्री कालेज नहीं है। गाजियाबाद में केला भट्ठा जो सबसे बड़ा मुस्लिम समुदाय का क्षेत्र है जिसमें शिक्षा के लिए कोई भी स्कूल या कालेज नहीं हैं गाजियाबाद के विजय नगर क्षेत्र में जहाँ गरीब लोग रहते हैं वहाँ कोई अस्पताल नहीं है। गाजियाबाद की जो सबसे बड़ी समस्या है वह यह है कि गाजियाबाद शहर के बीच में जो लाइन जाती है आधा शहर इधर है आधा शहर उधर है उसकी कनेक्टिविटी के लिए सिर्फ एक अण्डर पास है उसमें भी जाम रहता है। हमारे प्रयासों से वहाँ के नागरिकों के प्रयासों से रेलवे ने एक प्रपोजल दे दिया है ओवर ब्रिज बनाने के लिए जिसके लिए 100 करोड़ रुपये की आवश्यकता है। मैं आपसे निवेदन करूँगा कि गाजियाबाद के इस ओवर ब्रिज को बनवाया जाय। रेलवे से पत्राचार कराया जाय उसमें आधा पैसा रेलवे दे देगा, यदि यह कनेक्टिविटी मिल जाती है तो गाजियाबाद की एक बहुत बड़ी समस्या हल हो जायेगी।

इसके बाद जो हमारा प्रतापनगर क्षेत्र है उसमें खारा पानी है वहीं से गंगा जल ट्रीटमेंट प्लान शुरू हुआ है। मेरा आपसे निवेदन है कि प्रतापनगर के निवासियों को भी गंगा जल दिलवाया जाय। इसके साथ-साथ जो केला भट्टा का क्षेत्र है उसमें कब्रिस्तान के लिये जमीन नहीं है। वहाँ पर कब्रों पे कबरे बनी हुई हैं। अब तक बनाने हेतु जगह नहीं बची। मैं माननीय अध्यक्ष जी के माध्यम से निवेदन करूँगा कि वहाँ पर कब्रिस्तान के लिये जगह दी जाय। मेरा आपसे यह कहना है कि गाजियाबाद जिला उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा राजस्व देता है। वहाँ पर बहुत सी निजी इण्डस्ट्रियाँ हैं, परन्तु वहाँ पर बिजली मात्र 8 घण्टे आती है। आपसे निवेदन है कि वहाँ पर बिजली की व्यवस्था सही करायी जाय। गाजियाबाद में जिला अस्पताल में कोई बर्न यूनिट नहीं है, कोई हार्ट यूनिट नहीं है। कृपया इसकी व्यवस्था करायी जाय। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

(कई सदस्यों के बोलने के लिये खड़े होने पर)

श्री अध्यक्ष-

अभी यह चर्चा कई दिन चलेगी। आप सबको बोलने का मौका मिलेगा। नये सदस्यों को बोल लेने दें। कल नेता लोग और वरिष्ठ सदस्य बोलेंगे। पवन कुमार पाण्डेय जी, आप महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर बोलिये।

* श्री तेज नारायण पाण्डेय उर्फ पवन पाण्डेय-

आदरणीय अध्यक्ष जी, सबसे पहले तो मैं आपको इस बात के लिये बधाई देना चाहता हूँ कि आपने मुझको महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण के समर्थन पर बोलने का मौका दिया। आज उत्तर प्रदेश में आदरणीय अखिलेश यादव जी के समर्थन में सरकार बनी है और जो महामहिम राज्यपाल जी ने अपना अभिभाषण प्रस्तुत किया है मैं उसका समर्थन करता हूँ। आज उत्तर प्रदेश मे सरकार बनने के बाद सदन में अभी नेता प्रतिपक्ष अपनी बातों को रख रहे थे। मैं क्यों उनकी बातों को सुनकर यह समझ नहीं पा रहा था कि जब 5 साल पहले उत्तर प्रदेश में इनकी सरकार थी और जिस तरह से जुल्म, अत्याचार, भ्रष्टाचार और लूट पूरे प्रदेश में मची थी यह उसका बयान कर रहे थे। मुझे लगता था कि नेता प्रतिपक्ष को अपना पुराना दिन, उनकी सरकार की गुण्डाई, उनकी सरकार का भ्रष्टाचार, अत्याचार याद आ रहा था। उस पर बयान कर रहे थे। लेकिन आज मैं यहाँ पर इस बात को कहना चाहता हूँ, माननीय अध्यक्ष जी, आपके माध्यम से बताना चाहता हूँ कि आज इस सरकार को बने दो माह हो गये हैं और इन दो महीनों के अन्दर जिस तरह से पूरे प्रदेश के हर अन्तिम व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने का जो सपना डॉ0 राम मनोहर लोहिया का था और जैसा कि हमारे पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय मुलायम सिंह जी ने कहा था कि हमें उत्तर प्रदेश के हर व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लानी है और उस मुस्कान को लाने का प्रयास हमारे उत्तर प्रदेश के नौजवान मुख्यमंत्री आदरणीय अखिलेश यादव जी ने इसकी शुरुआत की है। (मेजें थपथपाई गईं) आज पिछले 5 वर्षों में इनकी सरकार थी, हम आपके माध्यम से कहना चाहते हैं कि शिक्षा का पूरा बाजारीकरण हो गया था। गरीब परिवार के बच्चे और बच्चियों को शिक्षा नहीं मिल पा रही थी। शिक्षा इतनी महंगी हो गई थी कि एक गरीब परिवार का आदमी अपने बच्चों को पढ़ा नहीं सकता था। आज उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी ने शिक्षा को सस्ता करने का काम किया है। गरीब परिवार के बच्चों को प्राइमरी से लेकर एम0ए0 तक की शिक्षा को निःशुल्क करने का काम किया है। आज किसानों को खाद, पानी, बिजली देने की योजना चालू की है। आज क्षेत्रों में लाइट देने की व्यवस्था चालू की है, आज किसानों की नहरों मे पानी देने की योजना चालू की है। आज उत्तर प्रदेश को खुशहाल बनाने की योजना हमारे उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी ने चालू की है। हम इसके लिये उन्हें बधाई देना चाहते हैं। अध्यक्ष जी, हम आपके माध्यम से यह भी कहना चाहते हैं कि 5 वर्षों में जिस तरह से उत्तर प्रदेश में लोगों के ऊपर समाजवादी पार्टी के जो कार्यकर्ता थे, नेता थे उनके ऊपर फर्जी मुकदमें लगाये गये। गैंगस्टर, गुण्डा ऐक्ट लगाया गया। जो लोग ब0स0पा0 सरकार के खिलाफ आवाज उठाते थे उनके ऊपर फर्जी मुकदमें लगाये गये। लेकिन आज उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बदले की भावना से कोई काम नहीं कर रहे हैं।

श्री अध्यक्ष-

आपके ऊपर भी कोई मुकदमा लिखाया गया?

श्री तेज नारायण पाण्डेय उर्फ पवन पाण्डेय-

हमारे ऊपर 7-8 मुकदमें लिखाये गये थे। माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से बताना चाहता हूँ कि छात्र संघ का चुनाव होता है उसमें नौजवान निकलते हैं। गरीब परिवार के

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

लड़के निकलते हैं जो छात्र संघ का चुनाव लड़कर विधान सभा और लोक सभा में पहुँचते हैं। लेकिन जब मायावती जी की सरकार उत्तर प्रदेश में बनी थी तो इन्होंने छात्र संघ के चुनावों को बन्द करने का काम किया था। छात्रों की नर्सरी को बन्द करने का काम किया था। आज हमारे आदरणीय मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जी ने छात्र संघ को बहाल करके गरीब परिवार के लड़कों को भी राजनीति करने का मौका दिया है। हम इस मौके पर अपने आदरणीय मुख्यमंत्री जी के लिये आपके माध्यम से कहना चाहते है। कि

समर में घाव खाता है जो उसी का नाम होता है,
छिपा उस वेदना में भी मधुर वरदान होता है
सृजन में चोट खाता है जो छेनी और हथौड़े की
वही पाषाण मन्दिर में कहीं भगवान होता है।

माननीय अध्यक्ष जी, आपने समय दिया इसके लिये बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री काली चरन सुमन-

माननीय अध्यक्ष जी, सबसे पहले मैं आपका आभार प्रकट करता हूँ कि आपने नये सदस्य के रूप में मुझे बोलने का मौका दिया। मैं आज राज्यपाल महोदय का जो अभिभाषण है उस पर सदन में घोर विरोध जताता हूँ। जैसा कि इस अभिभाषण में भेदभाव की नीति को अपनाया गया था, वह न अपनाई जाय। पिछली सरकार में आगरा, 90 ग्रामीण क्षेत्र से मैं कालीचरण सुमन विधायक था, अब बहुजन समाज पार्टी से बहनजी के आर्शीवाद से जीतकर आया हूँ। मैंने छोटी ग्राम पंचायत भी देखी है मैं वहां प्रधान रहा हूँ। ब्लाक स्तर की पंचायत भी देखी है क्योंकि मैं क्षेत्र पंचायत सदस्य रहा हूँ और जिले की पंचायत भी देखी है। जिला पंचायत सदस्य रहा हूँ।

श्री अध्यक्ष-

अब तो आप विधायक हो गये हैं बड़ी पंचायत में आ गये हैं।

श्री कालीचरन सुमन-

आज सौभाग्य से मुझे बड़ी पंचायत में बैठने का मौका मिला है। पिछली सरकार में मेरी विधान सभा क्षेत्र में पेय जल की समस्या के निदान हेतु टी0टी0एस0पी0 की टंकियां स्वीकृत हुई थीं। उनका पैसा जिले में पहुँच चुका था, परन्तु आज तक पूरी नहीं की गई है। भेदभाव की नीति के तहत यह किया गया है, इसके अलावा और बड़ी 13 टंकियां भी स्वीकृत हुई थीं पिछली सरकार के अन्तर्गत स्वीकृत उनको भी रोक दिया गया है। मान्यवर, अम्बेडकर विकास योजना के अन्तर्गत मेरे क्षेत्र के अन्तर्गत, चार ग्राम अम्बेडकर ग्राम स्वीकृत हुये थे। सरकार बदलने के कारण उनका तत्काल पैसा रोक दिया गया है। मान्यवर, आपके माध्यम से निवेदन करना चाहता हूँ कि उनका पैसा पहुँच गया है तो उसको पूरा कराने की कृपा करें। इसी तरह से भेदभाव की नीति के तहत मेरी सदर तहसील के अन्तर्गत जाति विशेष के आधार पर लेखपालों के ट्रांसफर किये गये हैं तो यह भेदभाव की नीति नहीं होनी चाहिये। मेरी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत नवीन सड़कें एक ग्राम से दूसरे ग्राम को जोड़ने की योजना है। इसके तहत जैसे ग्राम मिलक से ठार पीपरा विसारना तक, जगनेर रोड मलपुर से नगला प्रताप तक ग्राम हौद से घड़ी पीरिया नदोता वरौली गूजर रोड तक, पचनाई रेहता की नहर की पुलिया से ठाकुर दास की गढ़ी तक। इसके अलावा जिला आगरा, आगरा ग्रामीण क्षेत्र विकास खण्ड अकोला

परिसर में मीटिंग हाल बनवाने की कृपा करें। खारी नदी रामनगर अकोला में चैक डेम पानी के रोकने हेतु पुल बाँध निर्माण कराने की कृपा करें। इसके अलावा मान्यवर, मेहरा नाहर गंज तनौरा नूरपुर महल, बत्तीसा, यमुना नदी कटान रोकने हेतु चेक डैम निर्माण कार्य करवाने का कष्ट करे।...

श्री मोहम्मद आजम खाँ-

ऐसा है पानी की टंकी के बारे में जो आपने फरमाया है, उसमें आपकी जानकारी के लिए, पानी की टंकी कहीं नहीं रोकी है, अगर कहीं रुकी है, आपको सूचना है, तो बता दें, फौरन इश्यू कर दी जायेगी, किसी गलतफहमी की वजह से कहीं रुकी है, पूरे प्रदेश में पानी की टंकी कहीं नहीं रोकी गयी है। लेकिन एक जानकारी आपको यह दे दें कि स्वजल योजना के तहत जो आपकी सरकार में पानी की टंकियां बनी थीं उसकी एक टंकी में भी पानी नहीं भरा जा सकता है क्योंकि उसमें पानी भरा जाता है तो वह हिलने लगती है। उन सारी टंकियों को गिरवाना मजबूरी है सरकार की।

(सत्तापक्ष के सदस्यों ने मेजें थपथपाई)

अगर कोई टंकी स्वजल योजना के अलावा बन रही हो और रुक गई हो तो आप सूचना दीजिये, वह शुरू हो जायेगी। यह भी आपको जानकारी दे दें कि माननीय कांशीराम योजना के तहत जो मकानात बन रहे हैं उनको नहीं रोका गया है। हम वह नहीं करेंगे जो आपने किया।

श्री अध्यक्ष-

यह चर्चा कल भी जारी रहेगी।

नियम 51 के अन्तर्गत सूचनायें

श्री अध्यक्ष-

आज दिनांक 29 मई, 2012 को नियम-51 के अन्तर्गत कुल 36 सूचनायें प्राप्त हुई-

पहली-श्री प्रमोद तिवारी की जनपद प्रतापगढ़ की तहसील लालगंज के अन्तर्गत ग्रामों की सिंचाई हेतु लिफ्ट कैनाल बनाये जाने के सम्बन्ध में, दूसरी-कुंवर भारतेन्द्र सिंह की तहसील बिजनौर में गंगा तट के किनारे बसे गांवों की कृषि योग्य भूमि एवं मकानों को कटान से बचाये जाने के सम्बन्ध में, तीसरी-श्री राजेश त्रिपाठी की जनपद गोरखपुर में विद्युत सप्लाई 6 घण्टे से अधिक बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में, चौथी-श्री रविन्द्र भड़ाना की जनपद मेरठ शहर में जे0एन0एन0यू0आर0एम0 योजना अन्तर्गत शुद्ध पेयजल आपूर्ति हेतु ट्यूबेल लगाये जाने के सम्बन्ध में तथा पाँचवी-श्री रवीन्द्र जायसवाल की प्रदेश में फूड एण्ड सेफ्टी ऐक्ट 2006 के अन्तर्गत नये लाईसेन्स एवं नवीनीकरण प्रक्रिया की ऑन लाईन व्यवस्था के साथ मैनुअल का भी विकल्प लागू किये जाने के सम्बन्ध में प्राप्त सूचनायें वक्तव्य हेतु स्वीकृत की जाती है। छठवीं-श्री श्यामदेव राय चौधरी (दादा) की वाराणसी नगर में विद्युत कटौती से उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में, सातवीं-श्री सूरजपाल सिंह की जनपद आगरा में मासूमों के साथ आये दिन हो रही यौन दुराचार एवं हत्याओं के सम्बन्ध में, आठवीं-श्री प्रदीप माथुर की जनपद मथुरा में यमुना नदी पर स्थित वृन्दावन-मांट पुल के सम्पर्क मार्ग को कटान से बचाये जाने के सम्बन्ध में, नववीं-श्री सन्त प्रसाद की जनपद गोरखपुर विधान सभा खजनी के विकास खण्ड बेलघाट में कम्हरिया घाट पर पुल बनाये जाने के सम्बन्ध में, दसवीं-श्री लक्ष्मीकांत बाजपेयी की प्रदेश में मांस निर्यात मूलक इकाई द्वारा विदेशों में अधिकतम मांस निर्यात के कारण दूध उत्पादन पर पड़ रहे कुप्रभाव से उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में, ग्यारहवीं-श्री मदन चौहान की जनपद पंचशील नगर के गढ़मुक्तेश्वर नगर में

उत्तर प्रदेश जल निगम द्वारा सीवर से सम्बन्धित कार्यों की जाँच कराये जाने के सम्बन्ध में, बारहवीं-श्री राधेश्याम सिंह की जनपद कुशीनगर में श्री सत्येन्द्र दुबे, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पर हुये हमले के सम्बन्ध में, तेरहवीं-डॉ0 धर्मपाल सिंह की आगरा महानगर की पेयजल समस्या के सम्बन्ध में तथा चौदहवीं-श्री सुनील कुमार सिंह यादव की जनपद सोनभद्र में पेयजल हेतु इण्डिया मार्का हैण्डपम्प लगाये जाने के सम्बन्ध में प्राप्त सूचनायें केवल वक्तव्य हेतु स्वीकृत की जाती है।

निम्नलिखित माननीय सदस्यों की सूचनायें अस्वीकृत हुई :-

1-श्री संजय कुमार,
2-श्री ठाकुर दलबीर सिंह,
3-श्री काली चरन सुमन,
4-श्री तसलीम अहमद,
5-श्री अली यूसुफ अली,
6-श्री अवस्थी बाला प्रसाद,
7-डॉ0 रमेश चन्द्र बिन्द,
8-श्री रोशन लाल वर्मा,
9-श्रीमती विमला सिंह सोलंकी,
10-श्री विजय कुमार दुबे,
11-श्री जगन प्रसाद गर्ग,
12-श्री सुरेश कुमार खन्ना,
13-श्री जय प्रकाश अंचल,
14-डॉ0 राधामोहन दास अग्रवाल,
15-श्री अगयश रामसरन वर्मा,
16-श्री पंकज मलिक,
17-श्री पूरन प्रकाश,
18-साध्वी निरंजन ज्योति,
19-श्री मनीष असीजा,
20-श्री मुकेश श्रीवास्तव,
21-डॉ0 पूर्णमासी देहाती तथा
22-श्री भीम प्रसाद सोनकर,

अब हम उठते हैं। कल 11.00 बजे फिर मिलेंगे।

(इसके बाद सदन का उपवेशन अपराह्न 5 बजे बुधवार दिनांक 30 मई, 2012 को दिन के 11 बजे तक के लिये स्थगित हो गया।)

लखनऊ :

दिनांक : 29 मई, 2012

प्रदीप कुमार दुबे,
प्रमुख सचिव, विधान सभा,
उत्तर प्रदेश।

नत्थी 'क'

(अतारांकित प्रश्न सं0 27 का उत्तर देखिये पीछे पृष्ठ 34 पर)

विधान सभा के प्रथम सत्र 2012 के 1ले मंगलवार के लिये निर्धारित श्री श्यामदेव राय चौधरी (दादा) मा0 सदस्य विधान सभा द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या 27 के उत्तर का संलग्नक

खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने हेतु शासनादेश में निहित व्यवस्था में प्रदेश के खिलाड़ियों द्वारा विभिन्न आयु वर्ग में स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक प्राप्त करने पर निम्नानुसार पुरस्कार राशि दी जाती है-

राष्ट्रीय खेल	धनराशि लाख रु0 में		
	स्वर्ण	रजत	कांस्य
एकल गेम्स	3.00	2.00	1.00
टीम गेम्स	1.00	0.50	0.25

राष्ट्रीय प्रतियोगिता	(धनराशि लाख रु0 में)						
राष्ट्रीय टीम गेम्स	स्वर्ण	रजत	कांस्य	एकल गेम्स	स्वर्ण	रजत	कांस्य
सीनियर	0.40	0.30	0.20	सीनियर	1.00	0.75	0.50
जूनियर	0.30	0.25	0.15	जूनियर	0.50	0.35	0.25
सब जूनियर	0.15	0.10	0.05	सब जूनियर	0.25	0.15	0.10

कीर्तिमान बनाने का रु0 50.000 की अतिरिक्त पुरस्कार देय होता है।

अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगितायें	(धनराशि लाख रु0 में)		
एकल गेम्स	स्वर्ण	रजत	कांस्य
ओलम्पिक	30.00	20.00	15.00
कामनवेल्थ, एशियन, एफोएशियन, विश्वकप	15.00	10.00	08.00
टीम गेम्स	स्वर्ण	रजत	कांस्य
ओलम्पिक	15.00	12.00	10.00
कामनवेल्थ, एशियन, एफोएशियन, विश्वकप	10.00	08.00	06.00
सैफ गेम्स	स्वर्ण	रजत	कांस्य
एकल	3.00	2.00	1.00
टीम	1.00	0.50	0.25

विशिष्ट खिलाड़ियों को लक्ष्मण पुरस्कार (पुरुषों हेतु) एवं रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार (महिलाओं हेतु) से सम्मानित किया जाता है। ऐसे पुरस्कृत खिलाड़ियों को शासन द्वारा एक प्रशस्ति पत्र, लक्ष्मण जी/रानी लक्ष्मीबाई की एक कांस्य प्रतिमा तथा रु0 50,000 की नकद धनराशि से सम्मानित किया जाता है।

उक्त के अतिरिक्त खेल/खिलाड़ियों के प्रोत्साहन हेतु प्रशिक्षण शिविर, विशेष प्रशिक्षण शिविर, खेलकूद उपकरण/सामग्री, भूतपूर्व प्रसिद्ध खिलाड़ियों को आर्थिक सहायता, खेल संघों को अनुदान तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु खिलाड़ियों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। आवासीय छात्रावासों में खिलाड़ियों को आवासीय, शिक्षा एवं भोजन की निःशुल्क व्यवस्था है।

नत्थी 'ख'

क्रम संख्या	प्रस्तावक का नाम	संशोधन का रूप
1	2	3
1	श्री हुकुम सिंह श्री कलराज मिश्र, श्री सतीश महाना, श्री रवीन्द्र भड़ाना, साध्वी निरंजन ज्योति, श्री रवि शर्मा, श्री जनमेजय सिंह, डा0 राधामोहन दास अग्रवाल, श्री बावल सिंह, श्री केशव प्रसाद, श्री रघुनन्दन सिंह भदौरिया, श्री बजरंग बहादुर सिंह, श्री श्याम देव राय चौधरी 'दादा', श्री सुरेश कुमार खन्ना, कुंवर भारतेन्द्र सिंह, श्री मनीष असीजा, सुश्री सावित्री बाई फुले, श्री संगीत सिंह सोम, श्री सत्यप्रकाश अग्रवाल, (कैलाश डेरी वाले), श्री सत्यदेव पचौरी, श्री राघव लखनपाल, श्री सुरेश कुमार, श्री महेश कुमार शर्मा, श्री मुकुट बिहारी, श्री विजय बहादुर यादव,	प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ दिया जाय- ''किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का कोई उल्लेख नहीं किया- 1-समर्थन मूल्य के अन्तर्गत गेहूं क्रय में भारी धांधली तथा किसानों के शोषण के सम्बन्ध में, 2-प्रदेश के कुछ जनपदों में 30-40 साल पुराने लम्बित चकबन्दी के वाद निस्तारित न होने के सम्बन्ध में, 3-प्रदेश में दुधारू पशुओं के अवैध कटान तथा अवैध रूप से मांस के निर्यात के कारण घटते पशुधन के सम्बन्ध में, 4-उत्तर प्रदेश राज्य चीनी निगम इकाई मोइउद्दीनपुर शुगर मिल, मेरठ की बन्द इकाई को पुनः चालू कराये जाने के सम्बन्ध में, 5-किसानों को आवश्यकतानुसार यूरिया व अन्य खाद, पानी व बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं खादों का अभाव व कालाबाजारी समाप्त करने के सम्बन्ध में, 6-पर्याप्त संख्या में धान खरीद केन्द्र प्रदेश में खोले जाने एवं किसानों को धान खरीद माफिया व बिचौलियों से बचाने के सम्बन्ध में, 7-प्रदेश में कानून का शासन लागू करने तथा ध्वस्त कानून-व्यवस्था को सुधारने के लिये कोई सार्थक कार्य योजना के सम्बन्ध में, 8-प्रशासन में हर स्तर पर व्याप्त भ्रष्टाचार रोकने के सम्बन्ध में, 9-प्रदेश में बढ़ रही महंगाई को नियंत्रित करने, बिचौलियों, जमाखोरों व कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ कठोर कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में,

1	2	3
	श्रीमती कृष्णा पासवान, श्रीमती विमला सिंह सोलंकी, श्री लोकेन्द्र सिंह, श्री रविन्द्र जायसवाल, श्री राम चन्द्र यादव, श्री अजय, श्री सलिल बिश्नोई, श्री अगयस रामसरन वर्मा, श्री गंगा सिंह कुशवाहा, श्री उपेन्द्र तिवारी तथा डा0 अरूण कुमार	10-पूर्व वर्षों का गन्ना भुगतान कराये जाने तथा मिलों द्वारा किसानों का शोषण रोकने के सम्बन्ध में, 11-प्रदेश में सिंचाई हेतु नहरों व नलकूपों की स्थिति को सुधारने तथा पूरी क्षमता से पानी व बिजली दिये जाने के सम्बन्ध में, 12-किसानों को धान का मूल्य न दिला पाने एवं बिचौलियों की लूट खसोट से किसानों को मुक्त कराने के सम्बन्ध में, 13-सार्वजनिक वितरण प्रणाली का लाभ आम गरीब जनता को दिलाने एवं बी0पी0एल0, अन्त्योदय कार्ड धारकों के अनाज, मिट्टी के तेल की कालाबाजारी रोकने के सम्बन्ध में, 14-कुकिंग गैस को उपभोक्ताओं को घोषित मूल्य पर उपलब्ध कराने तथा कुकिंग गैस की कालाबाजारी रोकने के सम्बन्ध में, 15-प्रदेश में वृद्धावस्था पेंशन/विकलांग पेंशन व विधवा पेंशन वितरण में व्याप्त घूसखोरी व भ्रष्टाचार रोकने तथा पात्रों की संख्या बढ़ाने के सम्बन्ध में, 16-औद्योगिक विकास की गति ठप पड़ गयी है। उद्योग धंधों को कोई प्रोत्साहन नहीं मिल रहा है। उद्योग धंधों को प्रोत्साहित किये जाने के सम्बन्ध में, 17-नहरों की सफाई तथा सिंचाई व्यवस्था दुरुस्त करने के सम्बन्ध में, 18-प्रदेश में विद्युत् उत्पादन को बढ़ाने तथा आम उपभोक्ताओं को पर्याप्त समय बिजली दिलाये जाने, किसानों को नये संयोजन देने तथा क्षतिग्रस्त पोषकों की मरम्मत कराये जाने के सम्बन्ध में, 19-सरकारी कर्मचारियों, अधिकारियों की स्थानान्तरण में स्थिरता लाने की नीति को दुरुस्त करने तथा उनका उत्पीड़न रोकने के सम्बन्ध में, 20-चिकित्सालयों में चिकित्सकों की नियुक्ति न किये जाने, गरीबों को मुफ्त दवा सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा ग्रामीण अंचलों में डाक्टरों की तैनाती एवं रिक्त पदों पर नियुक्त करने एवं उपस्थिति सुनिश्चित करने के सम्बन्ध में,

1	2	3
		21-सरकारी प्राइमरी तथा जूनियर स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने एवं सभी को साक्षर बनाना सुनिश्चित करने के सम्बन्ध में, 22-विद्यालयों में मिलने वाले मिड-डे मील की पूरी मात्रा मिलने एवं गुणवत्ता सुधारने के सम्बन्ध/योजना में व्याप्त भ्रष्टाचार व कालाबाजारी के सम्बन्ध में, 23-प्रदेश में स्थिर कृषि उत्पादन बढ़ाने हेतु सुनिश्चित योजना एवं कृषि निवेश की धनराशि पर्याप्त बढ़ाने के सम्बन्ध में, 24-आतंकवादी गतिविधियों से निपटने के लिये किसी सार्थक कार्ययोजना के सम्बन्ध में, 25-गम्भीर बीमारियों जैसे कैंसर, गुर्दा, लीवर व हृदय रोगों के मरीजों की चिकित्सा पूरी तरह से सरकारी खर्चे पर कराये जाने के सम्बन्ध में, 26-किसानों को पूरी तरीके से फसल बीमा का लाभ दिये जाने के सम्बन्ध में, 27-क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप विधायकों की निशानदेही पर गरीब व असेवित बस्तियों में पेयजल के लिये इण्डिया मार्का-2 नल स्थापित किये जाने के सम्बन्ध में, 28-प्रदेश के इण्टर व महाविद्यालयों में स्थायी प्राचार्य एवं रिक्त पदों पर शिक्षक नियुक्त किये जाने के सम्बन्ध में, 29-प्रदेशवासियों को ध्वनि प्रदूषण, वायु प्रदूषण एवं जल प्रदूषण से बचाने के लिये किसी सार्थक कार्य योजना के सम्बन्ध में, 30-नदियों के बढ़ते हुये प्रदूषण को रोकने तथा प्रदूषित पेयजल आपूर्ति समाप्त किये जाने के सम्बन्ध में, 31-स्वतंत्रता संग्राम में हुये शहीदों एवं देश की सीमा की रक्षा करने वाले शहीदों की जन्म स्थली व कर्म स्थली क्षेत्रों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करके पर्यटन को बढ़ावा देने के सम्बन्ध में, 32-महिलाओं के सशक्तीकरण, स्वावलम्बी एवं आत्मनिर्भर बनाने के सम्बन्ध में, 33-प्रदेश में मिलावटी खाद्य पदार्थों की सघन जांच के लिये जिला स्तरीय प्रयोगशालायें स्थापित करने के सम्बन्ध में, 34-थानों में पुलिसकर्मियों की अत्यधिक कमी होने के सम्बन्ध में,

1	2	3
2	श्री प्रमोद तिवारी, डा0 रीता बहुगुणा जोशी, श्री विवेक कुमार सिंह, श्री प्रदीप कुमार, श्री संजय कपूर, श्री अनुग्रह नारायण सिंह, श्री गजराज सिंह, श्री मुकेश श्रीवास्तव, डा0 मो0 मुस्लिम, कुंवर कौशल किशोर, श्री दलजीत सिंह, श्री अजय कुमार लल्लू, श्री विजय कुमार दूबे, श्री अजय कपूर, श्री गयादीन अनुरागी, श्री राधेश्याम, श्रीमती रूबी प्रसाद, श्री ललितेश पति त्रिपाठी, श्रीमती उमाकान्ती सिंह, श्रीमती माधुरी वर्मा, श्री प्रदीप माथुर, श्री अखिलेश प्रताप सिंह, श्री संजय प्रताप जायसवाल, श्री वंशीधर पहाड़िया, श्री पंकज मलिक तथा श्री दिलनवाज खान।	प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ दिया जाय- ''किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का उल्लेख नहीं किया है- 1-कि अफसरशाही बेलगाम हो गयी है। सामान्य शिष्टाचार एवं परम्पराओं का अनुपालन कराये जाने के सम्बन्ध में, 2-कि जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा किये जाने के सम्बन्ध में, 3-कि प्रदेश में विकास कार्य पूरी तरह बन्द होने के सम्बन्ध में, 4-कि अधूरे कार्यों को प्राथमिकता पर पूरा किये जाने के सम्बन्ध में, 5-कि उत्तर प्रदेश का पुनर्गठन करके बुन्देलखण्ड और पूर्वांचल तथा पश्चिमांचल के नाम से अलग-अलग राज्यों का गठन किये जाने के सम्बन्ध में, 6-कि विगत 5 वर्षों से बुन्देलखण्ड में भयंकर सूखे को देखते हुये पुनर्वास के लिये केन्द्र सरकार की तरह प्रदेश सरकार द्वारा भी बुन्देलखण्ड को स्पेशल पैकेज दिये जाने के सम्बन्ध में, 7-कि पूर्वांचल के पिछड़ेपन को देखते हुये बन्द पड़े उद्योगों को चलाने के लिये स्पेशल पैकेज दिये जाने के सम्बन्ध में, 8-कि बुन्देलखण्ड, पूर्वांचल एवं पश्चिमांचल के चतुर्मुखी विकास हेतु स्पेशल पैकेज दिये जाने के सम्बन्ध में, 9-कि गन्ना किसानों के बकाये का शीघ्र भुगतान किया जाना चाहिये तथा उन्हें रु0 360 प्रति क्विंटल की दर से मूल्य प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में, 10-कि बन्द पड़ी गन्ना मिलों को चालू किया जाय तथा गन्ने की आखिरी पेराई की व्यवस्था किये जाने के सम्बन्ध में, 11-कि प्रदेश में अराजकता का वातावरण है, कानून-व्यवस्था की स्थिति 'जंगलराज' जैसी हो गयी है। अतः कानून-व्यवस्था में सुधार किये जाने के सम्बन्ध में, 12-कि प्रदेश में बिजली का उत्पादन न होने से, उत्पादन एवं उपलब्धता के बीच काफी अन्तर आ गया है जिसके कारण प्रदेश अभूतपूर्व बिजली संकट से गुजर रहा है। ग्रामीण अंचलों में 20 घण्टे विद्युत आपूर्ति किये जाने के सम्बन्ध में,

1	2	3
		13-कि छत्रपति शाहूजी महराज नगर, रायबरेली, प्रतापगढ़, सहारनपुर, गाजियाबाद, बुलन्दशहर, हमीरपुर, बहराइच, बस्ती, महराजगंज, देवरिया, जौनपुर, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, कानपुर महानगर, रामपुर, बांदा, इलाहाबाद, जालौन, मुजफ्फरनगर, गोण्डा, कुशीनगर, प्रबुद्धनगर, पंचशील नगर, बिजनौर, अलीगढ़ एवं मथुरा आदि जनपदों में 24 घण्टे विद्युत आपूर्ति किये जाने के सम्बन्ध में, 14-कि प्रदेश की सार्वजनिक वितरण प्रणाली पूरी तरह से दलालों एवं बिचौलियों के नियंत्रण में आ गयी है। केरोसिन/मिट्टी का तेल रु0 35-40 प्रति लीटर बिक रहा है और उर्वरक रु0 500 प्रति बोरी बिक रही है। कन्ट्रोल रेट पर ये चीजें उपलब्ध नहीं हैं और ब्लैक/कालाबाजारी में धड़ल्ले से ये सामान बिक रहे हैं। 15-कि किसानों को उत्पादन की उचित कीमत नहीं मिल रही है। किसानों को बिजली, सिंचाई, उर्वरक तथा श्रम की कीमत के मद्देनजर इसके लाभ को निर्धारित करते हुये समर्थन मूल्य दिये जाने के सम्बन्ध में, 16-कि गेहूं खरीद केन्द्रों पर गेहूं की खरीद किये जाने के सम्बन्ध में, 17-कि प्रदेश में सरकारी विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार पर रोक लगाये जाने के सम्बन्ध में, 18-कि सरकारी नियुक्तियों एवं नौकरियों में धांधली और भ्रष्टाचार को देखते हुये पारदर्शिता लायी जाने के सम्बन्ध में, 19-कि बुनकरों को सस्ते दर पर सूत उपलब्ध कराया जाना चाहिये। बकाया कर्ज माफ किये जाने के सम्बन्ध में, 20-कि शुगर मिल पडरौना, शुगर मिल रामकोला खेतान तथा छितौनी शुगर मिल एवं कटकुइयां शुगर मिल को शीघ्र चलाया जाय और गन्ना किसानों के बकाये का भुगतान किये जाने के सम्बन्ध में, 21-कि गीडा में केन्द्र सरकार द्वारा टैक्सटाइल जोन स्थापित करने हेतु प्रदेश सरकार द्वारा जमीन उपलब्ध करायी जाने के सम्बन्ध में, 22-कि 25 वर्ष के ऊपर प्रत्येक बेरोजगार नवजवान को बेरोजगारी भत्ता दिये जाने के सम्बन्ध में, 23-कि किसानों के रु0 50,000 (पचास हजार रुपये) तक के कर्जे प्रदेश सरकार अथवा उसके अधीनस्थ चलने वाले विभागों द्वारा माफ किये जाने के सम्बन्ध में,

1	2	3
		24-कि पिछली बहुजन समाज पार्टी की सरकार के कार्यकाल में कायम किये गये झूठे राजनैतिक मुकदमें वापस लिये जायं। जनपद महराजगंज के नौतनवां क्षेत्र के कांग्रेस पार्टी के विधायक श्री कौशल किशोर सिंह 'मुन्ना' तथा जनपद हमीरपुर के राठ विधान सभा क्षेत्र के विधायक श्री गयादीन अनुरागी पर राजनैतिक द्वेषवश कायम किये गये झूठे मुकदमें वापस लिये जाने के सम्बन्ध में, 25-कि अल्पसंख्यकों को चुनावी वायदे के अनुसार 18% आरक्षण देने के वायदे को अमलीजामा पहनाये जाने के सम्बन्ध में, 26-कि जनपद रायबरेली एवं जनपद छत्रपति शाहूजी महराज नगर (अमेठी) में केन्द्र सरकार की प्रस्तावित योजनाओं के लिये एम्स सहित केन्द्रीय प्रस्तावों के लिये आवश्यकतानुसार भूमि उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में, 27-कि उत्तर प्रदेश में गुण्डागर्दी करने वाले गुण्डा टैक्स वसूलने वाले, मकान, दुकान एवं जमीन पर कब्जा करने वाले अराजक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में, 28-कि विधान सभा क्षेत्र विकास निधि की राशि बढ़ाकर रु0 5.00 करोड़ (पांच करोड़ रुपये) किये जाने के सम्बन्ध में, 29-कि पेयजल की समस्या के समाधान हेतु विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में लगाये जाने हेतु प्रत्येक मा0 विधायक को पांच-पांच सौ इण्डिया मार्क-2 हैण्ड पाइप प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में, 30-कि प्रत्येक मा0 विधायक के निर्वाचन क्षेत्र में 10-10 ग्रामों का विद्युतीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में, 31-कि मानसून प्रारम्भ होने के पूर्व बाड़ प्रभावित क्षेत्रों को बाढ़ से बचाने के लिये उचित प्रबन्ध किये जाने के सम्बन्ध में, 32-कि मथुरा शहर के भीतर स्थित बस स्टैण्ड का हाई-वे व ट्रांस यमुना एरिया में स्थानान्तरित कराये जाने के सम्बन्ध में, 33-कि केन्द्र सरकार के पर्यटन विभाग की मेगा डेस्टीनेशन स्कीम के तहत मथुरा जनपद की योजनाओं का शीघ्र क्रियान्वयन कराये जाने के सम्बन्ध में, 34-कि मथुरा जनपद में आई0 टी0 हब का यथाशीघ्र निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में, 35-कि मथुरा-वृन्दावन, गोवर्धन में रिंग रोड का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में,

1	2	3
		36-कि उत्तर प्रदेश विकास प्राधिकरण द्वारा सभी जिलों में वृद्धावस्था आश्रम बनाया जाना अथवा स्वयं सेवी संस्थाओं को इस उद्देश्य हेतु नि:शुल्क भूमि आवंटित कराये जाने के सम्बन्ध में, 37-कि मथुरा-वृन्दावन क्षेत्र के सभी मुख्य दर्शनीय स्थलों के निकट पार्किंग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में, 38-कि उ0 प्र0 सेतु निगम द्वारा मथुरा शहर एवं अलीगढ़ के बीच यमुना पर पड़ने वाले पुल का तत्काल सुदृढ़ीकरण कराया जाना तथा यमुना एक्सप्रेस हाई-वे से आने वाले वाहनों के कारण होने वाली यातायात की समस्याओं से निजात दिलाने हेतु उपरोक्त पुल के समानान्तर एक नये पुल का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में, 39-कि मथुरा-वृन्दावन क्षेत्र को चौबीस घण्टे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराये जाने के सम्बन्ध में, 40-कि उ0 प्र0 में अनधिकृत कालोनियों की बाढ़ को देखते हुये इन पर रोक लगाने हेतु सख्त कानून तत्काल बनाये जाने के सम्बन्ध में, 41-कि मथुरा-वृन्दावन नगरपालिका को मिलाकर शीघ्र नगर निगम बनाये जाने के सम्बन्ध में, 42-कि गोवर्धन श्राइन बोर्ड के स्थान पर बृज श्राइन बोर्ड की स्थापना कराकर उसमें मथुरा, वृन्दावन, गोकुल, नन्द गांव तथा बरसाना को भी सम्मिलित कराये जाने के सम्बन्ध में, 43-कि वृन्दावन में तत्काल सब्जी मण्डी का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में, 44-कि वृन्दावन में पूर्व सरकार द्वारा समग्र विकास के अन्तर्गत कराये गये कार्यों की जांच कराये जाने के सम्बन्ध में, 45-कि मथुरा जनपद की सभी प्रमुख सड़कों की आवश्यकतानुसार नवनिर्माण या मरम्मत कराये जाने के सम्बन्ध में, 46-कि बृज चौरासी कोस के परिक्रमा मार्ग का जीर्णोद्धार कराये जाने के सम्बन्ध में, 47-कि मथुरा, वृन्दावन व गोवर्धन की नगर पालिकाओं के द्वारा इन क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त कराये जाने के सम्बन्ध में, 48-कि विधान सभा क्षेत्र रुधौली जनपद बस्ती के अन्तर्गत ग्राम भानपुर बाबू, थाना सोनहा, तहसील स्तरीय गांव है समस्त सुविधाओं के होते हुये भी अग्निशमन केन्द्र का अभाव है, अग्निशमन केन्द्र के लिये भूमि भी आरक्षित है लेकिन निर्माण कार्य धनाभाव के कारण प्रारम्भ नहीं हो पा रहा है जबकि आये दिन आग से बचाव के साधन न होने के कारण क्षेत्र के लोगों को जान-माल का नुकसान उठाये जाने के सम्बन्ध में,

1	2	3
		49-कि विधान सभा क्षेत्र रुधौली जनपद बस्ती के अन्तर्गत ग्राम भानपुर, तहसील स्तर का गांव होने के बावजूद किसानों की सुविधा को देखते हुये अनाज क्रय केन्द्र, खाद, बीज वितरण की व्यवस्था का अभाव है, पूर्व में भानपुर में एग्रो द्वारा संचालित खाद एवं बीज वितरण केन्द्र को कर्मचारी का अभाव दिखाकर अन्य दूसरे केन्द्र से अटैच कर दिये जाने के सम्बन्ध में, 50-कि विधान सभा क्षेत्र रुधौली जनपद बस्ती के अन्तर्गत ग्राम रुधौली, तहसील स्तरीय ग्राम टाउन एरिया के समस्त मानकों को पूर्ण करता है, पानी, बिजली, सड़क आदि जन समस्याओं को ध्यान में रखते हुये रुधौली को टाउन एरिया बनाये जाने के सम्बन्ध में, 51- कि विधान सभा क्षेत्र रुधौली जनपद बस्ती के अन्तर्गत अठदमा स्थित चीनी मिल द्वारा रासायनिक एवं अन्य प्रदूषित पदार्थ आमी नदी में डाला जा रहा है, नदी का जल काला पड़ गया है, जलीय जीव जन्तु प्रदूषित जल की वजह से मर रहे हैं, नदी के किनारे बसे हुये 10 किमी0 क्षेत्र के किसानों की खेजी एवं स्वास्थ्य दोनों प्रदूषण के कारण प्रभावित हो रहे हैं, मिल प्रबन्धन के मनमानी कृत्य से क्षेत्र के लोगों को असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है, पर्यावरण के दृष्टिकोण से मिल प्रबन्धन को अवैधानिक कृत्य को रोके जाने के सम्बन्ध में, 52-कि जनपद प्रबुद्धनगर का नाम शामली कर दिये जाने के सम्बन्ध में, 53-कि दिल्ली-यमुनोत्री मार्ग का तत्काल निर्माण किये जाने के सम्बन्ध में, 54-कि मेरठ, मुजफ्फरनगर, बुढ़ाना, शामली, करनाला मार्ग व मुजफ्फरनगर-शामली मार्ग का निर्माण तत्काल किये जाने के सम्बन्ध में, 55-कि शामली स्टेडियम तथा छात्रावास का निर्माण तत्काल कराये जाने के सम्बन्ध में, 56-कि पीने के पानी हेतु हैण्ड पम्प व रि-बोर की व्यवस्था किये जाने के सम्बन्ध में, 57-कि प्रबुद्धनगर जिला मुख्यालय का निर्माण तत्काल किये जाने के सम्बन्ध में, 58-कि शामली क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बढ़ायी जाय, एलम, भभीसा, गंगेरू, बहावटी बिजली घर की क्षमता वृद्धि किये जाने के सम्बन्ध में,

1	2	3
		59-कि कृष्ण नदी को प्रदूषण मुक्त किये जाने के सम्बन्ध में, 60-कि शामली में भूजल दूषित हो रहा है, जिससे गम्भीर बीमारियां फैल रही हैं प्रदूषण रोकने हेतु सख्त कदम उठाये जाने के सम्बन्ध में, 61-कि राजकीय परिवहन बस शामली, बुढ़ाना, मेरठ व कैराना, कांधला, मेरठ आदि रूट पर बसें बढ़ायी जाने के सम्बन्ध में, 62-कि शामली क्षेत्र में गिरते भूजल स्तर को रोकने हेतु रीचार्ज कुएं बनाये जाने के सम्बन्ध में, 63-कि सहकारी बैंकों के किसानों का कर्ज माफ किये जाने के सम्बन्ध में, 64-कि प्रबुद्धनगर जनपद बागवानी का क्षेत्र है, प्रदेश सरकार कृषि एवं बागवानी आधारित उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिये नयी योजनाओं का संचालन किये जाने के सम्बन्ध में, 65-कि यमुना नहर की साइड पटरी को पक्की कराया जाय जिससे शामली विधान सभा को दिल्ली से जोड़े जाने के सम्बन्ध में, 66-कि यमुना नहर की साखलोई सहित सभी राजबहों की सफाई करायी जाने के सम्बन्ध में, 67-कि सघन कृषि विधान सभा शामली की साखलोई रजबहा लगातार चलाये जाने के सम्बन्ध में, 68-कि सघन कृषि क्षेत्र शामली में 22 घण्टे विद्युत आपूर्ति किये जाने के सम्बन्ध में, 69-कि शामली में ब्लड बैंक स्थापित कर अस्पताल का उच्चीकरण किया जाय एवं 300 बेड का अस्पताल आबादी के हिसाब से बनाये जाने के सम्बन्ध में, 70-कि शामली विधान सभा क्षेत्र में राजकीय इंजीनियरिंग व मेडिकल कालेज खोले जाने के सम्बन्ध में, 71-कि कांधला में कन्या महाविद्यालय खुलवाये जाने के सम्बन्ध में, 72-के मुख्य पश्चिमी गण्डक नहर की 81.00 किमी0 से 131.00 किमी0 तक सफाई करायी जाय तथा सभी फाटकों की मरम्मत करायी जाय और पुलों का निर्माण कराकर समस्त रजबहों के हेड से टेल तक पानी पहुंचाया जाने के सम्बन्ध में, 73-कि खड्डा एवं कप्तानगंज (जनपद कुशीनगर) के तहसील का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में,

1	2	3
8	श्री संजय कपूर	प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ दिया जाय- "किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का उल्लेख नहीं किया है- 1-जनपद रामपुर की तहसील विलासपुर में चकफेर मार्ग के निर्माण के सम्बन्ध में, 2-जनपद रामपुर की तहसील विलासपुर में ग्राम खंडिया पर भाखड़ा नदी पुल के निर्माण के सम्बन्ध में, 3-जनपद रामपुर की तहसील विलासपुर में विलासपुर-शीशगढ़ मार्ग के निर्माण के सम्बन्ध में, 4-जनपद रामपुर की तहसील मिलक ग्राम तिराह पर 132 के0वी0 के उपकेन्द्र के निर्माण के सम्बन्ध में, 5-जनपद रामपुर की तहासील मिलक के ग्राम खास में 33 के0वी0 के उपकेन्द्र के निर्माण के सम्बन्ध में, 6-जनपद रामपुर की टाउन एरिया केमरी के उपमंडी के निर्माण के सम्बन्ध में, 7-जनपद रामपुर की तहसील विलासपुर में फायर स्टेशन के निर्माण के सम्बन्ध में, 8-जनपद रामपुर की तहसील विलासपुर की विद्युत् ओवर लोडिंग के लिए बड़े ट्रांसफार्मर लगवाये जाने के सम्बन्ध में, 9-जनपद रामपुर की तहसील विलासपुर में सी0एच0सी0 में उपचार के लिए उपकरण की व्यवस्था के सम्बन्ध में, 10-जनपद रामपुर की टाउन एरिया केमरी में ट्रांसपोर्ट नगर के निर्माण के सम्बन्ध में,

1	2	3
		11-जनपद रामपुर की टाउन एरिया केमरी में पी0एच0सी0 पर स्टाफ व उपचार के उपकरण की व्यवस्था के सम्बन्ध में, 12-जनपद रामपुर की तहसील, मिलक में ग्राम भवरकी, चैनपुर व गदैया निकट हरसूनगला पर पुल निर्माण के सम्बन्ध में, 13-जनपद रामपुर की टाउन एरिया केमरी में महिला महाविद्यालय को निर्माण के सम्बन्ध में, 14-जनपद रामपुर की तहसील विलासपुर के ग्राम एहरो में पी0एच0सी0 के निर्माण के सम्बन्ध में, 15-जनपद रामपुर की तहसील विलासपुर के ग्राम दिवदिवा को टाउन एरिया का दर्जा दिलाये जाने के सम्बन्ध में तथा 16-जनपद रामपुर की तहसील विलासपुर उ0 प्र0 राज्य सड़क परिवहन के डिपो के निर्माण के सम्बन्ध में।"
9	श्री सतीश महाना	प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ दिया जाय- "किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का उल्लेख नहीं किया है- 1-प्रदेश में बढ़ रही भीषण महंगाई के नियंत्रण के सम्बन्ध में, 2-कानपुर स्थित लवकुश गंगा बैराज से 200 एमएलडी वाटरवर्क्स द्वारा आवश्यकतानुसार पानी सप्लाई न करने के सम्बन्ध में, 3-कानपुर गंगा एक्शन प्लान अन्तर्गत सीवेज ट्रीटमेंट प्लान्ट से सुचारु रूप से जल संशोधन न होने के कारण दूषित जल सीधे गंगा नदी में प्रवाहित करने से उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में, 4-कानपुर के महराजपुर विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत भू-गर्भ जल दूषित होने की समस्या के सुधार के सम्बन्ध में, 5-घरेलू गैस की भीषण कमी के सम्बन्ध में, 6-कानून व्यवस्था की खराब स्थिति के सम्बन्ध में, 7-मिड-डे-मील योजना में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं उसकी गुणवत्ता सुधारने के सम्बन्ध में, 8-कानपुर नगर निगम को रिवाल्विंग फण्ड से कानपुर के इंफ्रास्ट्रक्चर को सुधारने के सम्बन्ध में, 9-कानपुर नगर में हो रही भीषण विद्युत् कटौती के सम्बन्ध में, 10-शहरी क्षेत्र में भीषण जल संकट के कारण विधायकों को 225 हैण्डपम्प की घोषणा होने के पश्चात् भी न देने के सम्बन्ध में,

1	2	3
		11-कानपुर के महाराजपुर विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत खराब पड़े ट्यूबवेलों के सुधार के सम्बन्ध में, 12-पुरानी पड़ी ध्वस्त सीवर लाइनों के सुधार के सम्बन्ध में, 13-कानपुर के बाहरी सोसाइटी क्षेत्र में रहने वाले निवासियों को अवस्थापना सुविधायें उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में, 14-कानपुर स्थित हंसपुरम् कालोनी में आवास विकास परिषद् द्वारा बड़ी संख्या में मकान बनाने के पश्चात् भी अवस्थापना सुविधायें उपलब्ध न कराये जाने के सम्बन्ध में, तथा 15-कानपुर विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित कालोनियों- अर्रा, बिनगवां, गंगापुर में अवस्थापना सुविधायें उपलब्ध न कराने के सम्बन्ध में।"
10	श्री सुरेश राणा	प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ दिया जाय- "किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का उल्लेख नहीं किया है- 1-थानाभवन विधान सभा क्षेत्र में राजकीय डिग्री कालेज की स्थापना के सम्बन्ध में, 2-थानाभवन विधान सभा क्षेत्र में महिला डिग्री कालेज की स्थापना के सम्बन्ध में, 3-थानाभवन विधान सभा क्षेत्र में महिला पालीटेक्निक की स्थापना के सम्बन्ध में, 4-थानाभवन क्षेत्र की जलालाबाद नगर पंचायत में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोले जाने के सम्बन्ध में, 5-थानाभवन क्षेत्र में कच्ची गढ़ी ग्राम में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोले जाने के सम्बन्ध में, 6-शामली से लेकर गढ़ीपुख्ता होते हुए हथछोया तक सड़क का चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में, 7-थानाभवन बिजली घर की क्षमता वृद्धि के सम्बन्ध में, 8-हरड फतेहपुर बिजली घर की क्षमता वृद्धि के सम्बन्ध में, 9-थानाभवन विधान सभा के ग्राम दसोडी, उमरपुर, जाफरपुर, गोसगड़, गदेवड़ा, मालेण्डी, कुतुबगढ़, वितारसी, भदोड़ा आदि ग्रामों में पानी की टंकी के सम्बन्ध में, 10-हिण्ड से लेकर गढ़ीपुख्ता तक सड़क के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के सम्बन्ध में,

1	2	3
		11-हिरनवाडा बाईपास के सी0सी0 के सम्बन्ध में, 12-उमरपुर ग्राम में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के सम्बन्ध में, 13-भन्दौडा ग्राम में हाईस्कूल के सम्बन्ध में, 14-लपराना गांव के मजरे नया गांव में जू0 हाई स्कूल खोले जाने के सम्बन्ध में, 15-ग्राम लुहरी में इंटर कालेज एवं टंकी निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में, 16-ग्राम हरड फतेहपुर में राजकीय इंटर कालेज खोले जाने के सम्बन्ध में, 17-ग्राम भनेडा व ग्राम खेड़ा गदाई में हाई स्कूल खोले जाने के सम्बन्ध में, 18-ग्राम पंचायत जलालपुर के मजरे समसपुर में विद्युतीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में, 19-ग्राम भनेडा में 3 मजरों में विद्युतीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में, 20-थाना भवन नगर पंचायत को नगर पालिका बनाने के सम्बन्ध में, 21-थानाभवन शामली मार्ग पर परिवहन निगम की बसें चलाने के सम्बन्ध में, 22-थानाभवन विधान सभा क्षेत्र के जर्जर तारों को बदलने के सम्बन्ध में, 23-ग्राम दुल्लाखेड़ी में बिजलीघर को शीघ्र चलाने के सम्बन्ध में, तथा 24-ग्राम नौनागली में 5 एम0बी0ए0 का नया बिजलीघर बनाये जाने के सम्बन्ध में।”
11	श्री बब्बन सिंह	प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ दिया जाय- “किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का उल्लेख नहीं किया है- 1-गोण्डा-लखनऊ मुख्य मार्ग पर बालपुर बाजार के पास टेढ़ी नदी पर ध्वस्त पुल जो विगत दो वर्षों से बन्द है, के निर्माण के सम्बन्ध में, 2-करनैलगंज से आर्यनगर वाया कटरा बाजार-रामापुर- रौड़िया मार्ग एवं आर्यनगर से गोकरन शिवाला मार्ग जो पूर्णतः ध्वस्त एवं गड्ढे में बदल गयी है लम्बाई 35 किमी0 का निर्माण उच्चीकरण में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत निर्मित कराये जाने के सम्बन्ध में,

1	2	3
		3-दुबहा बाजार से कटुआनाला सम्पर्क मार्ग 10 किमी0 जो लो0नि0वि0 से 10 वर्ष पूर्व बनी थी, का निर्माण हॉट मिक्स से कराये जाने के सम्बन्ध में, 4-करनैलगंज-हुजूरपुर मार्ग से नहवापरसौरा से देव्वापसिया, धर्मपुर, चैनापुर, झोनहा बार्डर सम्पर्क मार्ग लम्बाई 17 किमी0 ध्वस्त डामर रोड को निर्मित किये जाने के सम्बन्ध में, 5-कौड़िया से अशोकपुर मार्ग लम्बाई 10 किमी0 का डामरीकरण हॉट मिक्स से निर्मित कराये जाने के सम्बन्ध में, 6-दुबहा बाजार से कटुआनाला के बीच एक विद्युत् सब-स्टेशन के निर्माण के सम्बन्ध में, 7-दुबहा बाजार से नरायनपुरकला-रायपुर सरहद तक सम्पर्क मार्ग, जो पी0डब्ल्यू0डी0 से निर्मित है लम्बाई 10 किमी0 गड्ढे में परिवर्तित हो गयी का निर्माण हॉट मिक्स से कराने के सम्बन्ध में, 8-लगभग लाख हेक्टेयर जल प्लावित क्षेत्र वि0 खण्ड कटरा बाजार वि0 खण्ड हलधरमऊ, वि0 खण्ड रूपईडीह जनपद गोण्डा के अन्तर्गत किसानों को उबारने के लिए 1-टेढ़ी नदी/नाला की सफाई/खुदाई, 2-चंदहा नाला की सफाई/खुदाई, 3-विसुही नाला की सफाई/खुदाई के सम्बन्ध में, 9-गोण्डा-लखनऊ मार्ग पर कोचाकसिमपुर से वाया कमालपुर पहाड़पुर सम्पर्क मार्ग का लेपन स्तर तक लम्बाई 6.0 किमी0 निर्माण कराया जाय, 10-वित्त विहीन जूनियर हाई स्कूलों, हाई स्कूलों और इण्टरमीडिएट कालेजों को अनुदान सूची पर लिये जाने के सम्बन्ध में, 11-गिरते भूजल स्तर एवं भीषण पेयजल की समस्या को देखते हुए पहले की भांति विधायकों को क्षेत्र हेतु प्रतिवर्ष कम से कम 500 इंडिया मार्का-2 हैण्डपम्प का कोटा दिये जाने के सम्बन्ध में, 12-297, कटरा बाजार विधान सभा में किसानों का गेहूं नहीं तौला जा रहा है, विचौलिये हावी हैं, बोरों का अभाव हैं, किसानों का गेहूं तुलवाये जाने के सम्बन्ध में, 13-परसागौडरी-पीतसा मार्ग के किमी0 से वाया बुधाई पुरवा सोनहरा ध्वस्त मार्ग का लेपन हॉट मिक्स से कराये के सम्बन्ध में, 14-टेढ़ी नदी पर ग्राम मथुरा एवं जयरामजोत के मध्य पक्का पुल निर्मित कराया जाय।”

1	2	3
12	श्री सत्य प्रकाश अग्रवाल (कैलाश डेरी वाले)	प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ दिया जाय- "किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का उल्लेख नहीं किया है- 1-किसानों की आवश्यकतानुसार यूरिया व अन्य खाद, पानी व बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं खादों का अभाव व कालाबाजारी समाप्त करने के सम्बन्ध में, 2-पर्याप्त संख्या में धान खरीद केन्द्र प्रदेश में खोले जाने एवं किसानों को धान खरीद माफिया व बिचौलियों से बचाने के सम्बन्ध में, 3-प्रदेश में नई सरकार आने के बाद प्रदेश में कानून का शासन लागू करने तथा ध्वस्त कानून व्यवस्था को सुधारने के लिए कोई सार्थक कार्य योजना के सम्बन्ध में, 4-प्रदेश में बढ़ रही महंगाई को नियंत्रित करने, बिचौलियों, जमाखोरों व कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ कठोर कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में, 5-प्रदेश में भीषण गर्मी के मौसम में हो रही विद्युत् कटौती के सम्बन्ध में, 6-विद्युत् विभाग में परिवर्तकों की कमी को पूरा कराये जाने के सम्बन्ध में, 7-पूर्व वर्षों का गन्ना भुगतान कराये जाने तथा मिलों द्वारा किसानों का शोषण रोकने के सम्बन्ध में, 8-प्रदेश मे सिंचाई हेतु नहरों व नलकूपों की स्थिति को सुधारने तथा पूरी क्षमता से पानी व बिजली दिये जाने के सम्बन्ध में, 9-किसानों को धान का मूल्य न दिला पाने एवं बिचौलियों की लूट खसोट से किसानों को मुक्त कराने के सम्बन्ध में, 10-प्रदेश में व्यापार को बढ़ावा देने हेतु व्यापार कर की दरें अन्य पड़ोसी राज्यों के बराबर करने के सम्बन्ध में, 11-प्रदेश में कुकिंग गैस की कालाबाजारी रोके जाने के सम्बन्ध में, 12-प्रदेश में डीजल/पेट्रोल की दरें पड़ोसी राज्य दिल्ली व हरियाणा के बराबर करने के सम्बन्ध में, 13-प्रदेश में फिल्मों के अश्लील पोस्टर न लगाये जाने हेतु नीति बनाने के सम्बन्ध में, 14-प्रदेश में मूक एवं बधिर बच्चों को सरकारी नौकरी में कम्प्यूटर सीट पर आरक्षण दिये जाने के सम्बन्ध में,

1	2	3
		15-प्रदेश की मंडियों में व्यापारियों का आढ़तिया कमीशन बढ़ाने के सम्बन्ध में, 16-प्रदेश में मिड-डे-मील योजना में भोजन की गुणवत्ता तय करने के सम्बन्ध में, 17-प्रदेश में निवास करने वाले सैनिकों एवं भूतपूर्व सैनिकों को अन्य राज्यों की तरह गृह कर माफ करने के सम्बन्ध में, 18-प्रदेश में निवास करने वाले सैनिकों को वीरता पुरस्कार प्राप्त करने पर पुरस्कार राशि बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में, 19-प्रदेश में निवास करने वाले पूर्व सैनिकों को राज्य सरकार की ओर से भी पेंशन दिये जाने के सम्बन्ध में, 20-प्रदेश की बढ़ती जनसंख्या पर रोक लगाने के सम्बन्ध में, 21-प्रदेश में अवैध रूप से रह रहे बंगलादेशी नागरिकों के सम्बन्ध में, 22-प्रदेश में दुधारू पशु के कटान पर रोक लगाने के सम्बन्ध में, 23-पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बढ़ती गोकशी की घटनाओं को रोकने के सम्बन्ध में, 24-पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लगातार नये मांस प्लांटों को लाइसेंस न दिये जाने के सम्बन्ध में, 25-मेरठ मेडिकल कालेज में 10 शैय्या की बर्न यूनिट खोलने के सम्बन्ध में, 26-मेरठ में नई कालोनी गंगा नगर, लोहिया नगर, पल्लव पुरम् में थाना खोलने के सम्बन्ध में, 27-मेरठ मोहल्ला पटेल नगर में पुलिस चौकी खोले जाने के सम्बन्ध में, 28-मेरठ की मलिन बस्तियों में प्राथमिक एवं जूनियर स्कूल खोले जाने के सम्बन्ध में, 29-मेरठ स्थित हस्तिनापुर एवं परतापुर कताई मिल को चालू किये जाने के सम्बन्ध में, 30-देश की सीमा पर शहीद होने वाले जवानों की प्रतिमा जिले में लगाये जाने के सम्बन्ध में, 31-खेल नीति बनाये जाने के सम्बन्ध में, 32-खेल का सामान बनाने वाली कम्पनियों को सुविधायें दिये जाने के सम्बन्ध में,

1	2	3
		33-मेरठ में 24 घण्टे बिजली दिये जाने एवं घरेलू उपभोक्ताओं को चेकिंग के नाम पर उत्पीड़ित किये जाने के सम्बन्ध में, 34-टी0पी0 नगर चौराहे से जैन नगर तिराहे तक नयी सड़क निर्माण के सम्बन्ध में, 35-प्रदेश में गिरते जल स्तर को रोकने के लिए नीति बनाने के सम्बन्ध में, 36-मेरठ नगर निगम के रिक्त पदों को भरे जाने के सम्बन्ध में, 37-मेरठ विकास प्राधिकरण में रिक्त पदों को भरे जाने के सम्बन्ध में, 38-मेरठ नगर निगम द्वारा नालों की सफाई न कराये जाने के सम्बन्ध में, 39-मेरठ विकास प्राधिकरण द्वारा शताब्दी नगर की अधिग्रहीत भूमि का मुआवजा न दिये जाने के सम्बन्ध में, 40-मेरठ विकास प्राधिकरण द्वारा अवस्थापना निधि का उपयोग भेदभाव से करने के सम्बन्ध में, 41-मेरठ जिले में विधवा, वृद्धावस्था एवं विकलांग पेंशन के लिए हजारों की संख्या में चक्कर काट रहे व्यक्तियों को पेंशन दिलाने के सम्बन्ध में, 42-मेरठ महानगर में नयी आवासीय दलित एवं मलिन बस्तियों में विद्युतीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में, 43-मेरठ में बढ़ते ट्रैफिक जाम व उसके कारण वायु एवं ध्वनि प्रदूषण को रोके जाने के सम्बन्ध में, 44-नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) द्वारा मलिन बस्तियों में माननीय विधायकों की संस्तुतियों पर कार्य न कराये जाने के सम्बन्ध में, 45-मेरठ विकास प्राधिकरण द्वारा अवस्थापना निधि से दलित एवं मलिन बस्तियों में नाली एवं सड़क का निर्माण न कराये जाने के सम्बन्ध में, 46-प्रदेश के सभी जनपदों में बी0पी0एल0 कार्ड का कोटा बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में, 47-मेरठ जनपद की सभी तहसीलों में जाति प्रमाण-पत्र एवं आय प्रमाण-पत्र बनाने में व्याप्त भ्रष्टाचार के सम्बन्ध में, तथा 48-मेरठ जनपद में बढ़ती आबादी के कारण शहर के बाहरी इलाकों में बन रही नई कालोनियों में मूलभूत अवस्थापना सुविधायें उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।”

1	2	3
13	डा0 राधामोहन दास अग्रवाल	प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ दिया जाय- "किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का उल्लेख नहीं किया है- 1-गोरखपुर स्थित बी0आर0डी0 मेडिकल कालेज के स्थान पर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) बनाये जाने के सम्बन्ध में, 2-पूर्वी उत्तर प्रदेश की जानलेवा बीमारी इंसेफेलाइटिस पर रोकथाम हेतु पुनः टीकाकरण कराये जाने तथा अभी तक अनुसंधान की सभी सुविधायें गोरखपुर में ही उपलब्ध न किये जाने के सम्बन्ध में, 3-गोरखपुर में स्वायत्त कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना तथा गोरखपुर विश्वविद्यालय में कृषि संकाय की स्थापना के सम्बन्ध में, 4-गोरखपुर शहर विधान सभा की सीमा अन्तर्गत एक बड़े हिस्से में पाइप पेयजल आपूर्ति न होने के सम्बन्ध में, 5-गोरखपुर में निर्माणाधीन प्रेक्षागृह पर लगे हुए स्थगन आदेशों को हटाये जाने तथा मुकदमों की पैरवी में विधिक अधिकारियों द्वारा पर्याप्त रुचि न लिये जाने के सम्बन्ध में, 6-गोरखपुर शहर विधान सभा के सीमान्तर्गत एक बड़े हिस्से में जल निकासी हेतु नालों की कोई व्यवस्था न होने के सम्बन्ध में, 7-गोरखपुर महानगर के एक बड़े हिस्से के कच्ची/खड़ण्जे की सड़कों को न बनवा कर पहले से बनी हुई सड़कों को बार-बार बनवाने के सम्बन्ध में, 8-गोरखपुर नगर निगम में अत्यन्त घटिया पत्थर की ईंटों द्वारा इंटरलाकिंग सड़कें बनाये जाने के सम्बन्ध में, 9-गोरखपुर विकास प्राधिकरण द्वारा बनवाई गयी बहुत सी कालोनियों के अभी तक नगर निगम को हैण्डओवर न होने के सम्बन्ध में, 10-गोरखपुर विकास प्राधिकरण की सीमान्तर्गत कोलोनाईजर या लैण्ड डेवलेपर द्वारा अत्यन्त अधोमानक कालोनियों को विकसित किये जाने के बारे में प्राधिकरण व अधिकारियों द्वारा कोई दण्डात्मक एवं विकासात्मक कार्यवाही न किये जाने के सम्बन्ध में, 11-गोरखपुर विकास प्राधिकरण द्वारा बुद्ध व्यवसायिक काम्पलेक्स में कराये गये कार्यों से गोपलापुर में हो रहे जल भराव के सम्बन्ध में,

1	2	3
		12-गोरखपुर में प्रस्तावित शहीद असफाकुल्लाह खां जन्तु उद्यान के लिए धन न अवमुक्त किये जाने के सम्बन्ध में,
		13-गोरखपुर स्थित रामगढ़ ताल झील के सौन्दर्यीकरण का कार्य अत्यन्त धीमी गति से होने के सम्बन्ध में,
		14-नेशनल हाइवे-28 के फोर-वे-लेन से लेकर नौषण होते हुए पैडलगंज तक के मार्ग के अत्यन्त खराब होने के सम्बन्ध में,
		15-गोरखपुर स्थित देवरिया बाईपास के अमर उजाला के सामने से सहारा स्टेट तक के हिस्से के अत्यन्त खराब होने के सम्बन्ध में,
		16-गोरखपुर जिला चिकित्सालय में विशेषज्ञ चिकित्सकों तथा चिकित्सीय संसाधनों की कमी को दूर करने के सम्बन्ध में,
		17-गोरखपुर महानगर में भगवानपुर तथा मोहरीपुर में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक पाठशाला खोले जाने के सम्बन्ध में,
		18-गोरखपुर में फातिमा अस्पताल से लेकर खजान्ची बाजार तक के बाईपास को चौड़ा किये जाने के सम्बन्ध में,
		19-जिला जेल बाई पास पर फातिमा अस्पताल से पादरी बाजारी पुलिस चौकी तक सड़क के दोनों ओर नाला बनवाये जाने के सम्बन्ध में,
		20-गोरखपुर महानगर में बहुत से क्षेत्रों में अभी तक विद्युतीकरण न होने के सम्बन्ध में,
		21-राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तर्ज पर शहरी विद्युतीकरण की योजना प्रारम्भ किये जाने के सम्बन्ध में,
		22-गोरखपुर महानगर में शहर विधान सभा सीमान्तर्गत बहुतेरे जर्जर पोलों व तारों को बदलने तथा ट्रांसफारमर की क्षमता वृद्धि किये जाने के सम्बन्ध में,
		23-विद्युत् कर्मियों की भीषण कमी के कारण गोरखपुर महानगर में हो रहे अत्याधिक फाल्ट को ठीक करने में असफलता से मुकाबले के लिए विद्युत कर्मियों की कमी को दूर करने के सम्बन्ध में,
		24-गोरखपुर महानगर सहित पूरे प्रदेश में नगर निगमों में हो रहे ठेके पर सफाई व्यवस्था को समाप्त करके सफाई कर्मियों की नियुक्ति के सम्बन्ध में,
		25-पूर्वी उत्तर प्रदेश के अधिक पिछड़ेपन के बावजूद इस क्षेत्र के विकास की कोई योजना बनाने तथा उद्योगपतियों को विशेष छूट देकर इस क्षेत्र में उद्योग धंधे लगाने के लिए प्रोत्साहित किये जाने के सम्बन्ध में,

1	2	3
		26-गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण में कामन एफ्लूण्ट ट्रीटमेंट प्लांट लगाये जाने के सम्बन्ध में,
		27-गोरखपुर में महानगर में 12 वर्षों से बन्द पड़े फर्टिलाइजर के कारखाने को पुनः प्रारम्भ किये जाने के सम्बन्ध में,
		28-गोरखपुर महानगर में बहुत सारे नैसर्गिक पोखरों/तालों के सौन्दर्यीकरण तथा डि-सिल्टिंग के सम्बन्ध में कोई योजना न बनाये जाने के सम्बन्ध में,
		29-गोरखपुर महानगर में तरंग रेलवे क्रासिंग पर उपरिगामी सेतु का निर्माण शीघ्र पूर्ण कराये जाने के सम्बन्ध में,
		30-गोरखपुर महानगर में नकहा नं0 1 पर लोक निर्माण विभाग के निर्देश पर सेतु निगम द्वारा उपरिगामी सेतु के निर्माण के लिए भेजे गये प्राक्कलन के लिए धन अवमुक्त किये जाने के सम्बन्ध में,
		31-गोरखपुर महानगर की यातायात की समस्या के समाधान के लिए मोहद्दीपुर से इंजीनियरिंग कालेज के पहले तक, गोलघर में शास्त्री चौराहे से पुलिस लाईन्स के गेट के पहले तक तथा रूस्तमपुर चौराहे पर फ्लाई ओवर बनाये जाने के सम्बन्ध में,
		32-पूर्वी उत्तर प्रदेश में हर वर्ष आने वाली भीषण बाढ़ के रोकथाम हेतु कोई स्थाई, प्रभावी तथा कारगर योजना के सम्बन्ध में,
		33-दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिये जाने के सम्बन्ध में,
		34-पूर्ववर्ती सरकार की गोरखपुर विश्वविद्यालय में किशक गोरखपुरी पीठ की स्थापना के सम्बन्ध में सदन में की गयी घोषणा का अनुपालन करने के सम्बन्ध में,
		35-गोरखपुर में उच्च न्यायालय की खण्ड पीठ स्थापित किये जाने के सम्बन्ध में,
		36-अधिवक्ता कल्याण निधि की परिपक्वता राशि को बढ़ाकर रु0 10 लाख किये जाने के सम्बन्ध में,
		37-विधवा, वृद्धा एवं विकलांगता पेंशन की धनराशि को बढ़ाकर रु0 1,000 न किये जाने के सम्बन्ध में,
		38-पूरे प्रदेश में बहुत बड़ी संख्या में गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले नागरिकों के नाम बी0पी0एल0 सूची में दर्ज न होने तथा उन्हें गरीबी रेखा के नीचे का राशन कार्ड जारी न किये जाने के सम्बन्ध में,
		39-नगरीय गरीब नागरिकों की आर्थिक बदहाली को सुधारने हेतु कोई जमीनी मूलभूत योजना बनाने के सम्बन्ध में,

1	2	3
		40-गोरखपुर महानगर में सिविल एयरपोर्ट की स्थापना करने के सम्बन्ध में, 41-इंदिरा आवास योजना के तर्ज पर नगरीय क्षेत्रों में कोई बेहतर आवासीय योजना प्रारम्भ किये जाने के सम्बन्ध में, 42-प्रदेश में विद्युत की भीषण कमी को दूर करने के लिए कोई कारगर योजना बनाने के सम्बन्ध में, 43-प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था पर नियंत्रण में सरकार की पूरी असफलता के सम्बन्ध में, तथा 44-प्रदेश के क्रय केन्द्रों में किसानों के भीषण आर्थिक शोषण पर रोक लगाने में प्रदेश सरकार की असफलता के सम्बन्ध में।"
14	श्री राघव लखनपाल शर्मा	प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ दिया जाय- "किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का उल्लेख नहीं किया है- 1-सहारनपुर में विश्वविद्यालय स्थापित कराये जाने के सम्बन्ध में, 2-सहारनपुर के ब्लाक गंगोह व नानौता के गांव ढायकी, नथौड़ी रामसहवाला आदि अन्य गांवों में पीने का पानी जहरीला हो चुका है जिस कारण इन गांवों में सैकड़ों लोग कैंसर, लीवर व गुर्दे की बीमारी के शिकार होकर मृत्यु को प्राप्त हो चुके हैं। इन गांवों में पानी हेतु साफ पानी उपलब्ध कराने के लिए आर0ओ0 सिस्टम लगवाने के सम्बन्ध में, 3-सहारनपुर में साफ पीने का पानी उपलब्ध कराने हेतु प्रति वार्ड आर0ओ0 सिस्टम की स्थापना के सम्बन्ध में, 4-सहारनपुर में लिंक रोड उत्सव पैलेस से डा0 बी0एल0 धवन तथा जेल चुंगी तक के सड़क निर्माण के सम्बन्ध में, 5-सहारनपुर के नगर निगम में शामिल की गयी नई कालोनियों व गांवों में पीने के पानी हेतु नई टंकियों का व पाईप लाईन बिछाये जाने के सम्बन्ध में, 6-किसानों को आवश्यकतानुसार यूरिया व अन्य खाद, पानी, बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं खादों का अभाव व कालाबाजारी समाप्त करने के सम्बन्ध में, 7-पर्याप्त संख्या में धान खरीद केन्द्र प्रदेश में खोले जाने एवं किसानों को धान खरीद माफिया व बिचौलियों से बचाने के सम्बन्ध में, 8-प्रदेश में कानून का शासन लागू करने तथा ध्वस्त कानून व्यवस्था को सुधारने के लिए कोई सार्थक कार्य योजना के सम्बन्ध में,

1	2	3
		9-प्रशासन में हर स्तर पर व्याप्त भ्रष्टाचार रोकने के सम्बन्ध में, 10-प्रदेश में बढ़ रही महंगाई को नियंत्रित करने, बिचौलियों, जमाखोरों एवं बिहार व नेपाल को तस्करी व कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ कठोर कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में, 11-पूर्व वर्षों का गन्ना भुगतान कराये जाने तथा मिलों द्वारा किसानों का शोषण रोकने के सम्बन्ध में, 12-प्रदेश में सिंचाई हेतु नहरों व नलकूपों की स्थिति को सुधारने तथा पूरी क्षमता से पानी व बिजली दिये जाने के सम्बन्ध में, 13-किसानों को धान का मूल्य न दिला पाने एवं बिचौलियों की लूट खसोट से किसानों को मुक्त कराने के सम्बन्ध में, 14-सार्वजनिक वितरण प्रणाली का लाभ आम गरीब जनता को दिलाने एवं बी0पी0एल0, अन्त्योदय कार्ड धारकों के अनाज, मिट्टी के तेल की कालाबाजारी रोकने के सम्बन्ध में, 15-कुकिंग गैस को उपभोक्ताओं को घोषित मूल्य पर उपलब्ध कराने तथा कुकिंग गैस की कालाबाजारी रोकने के सम्बन्ध में, 16-प्रदेश में वृद्धावस्था पेंशन/विकलांग पेंशन व विधवा पेंशन वितरण में व्याप्त घूसखोरी व भ्रष्टाचार रोकने तथा पात्रों की संख्या बढ़ाने के सम्बन्ध में, 17-औद्योगिक विकास की गति ठप्प पड़ गयी है। उद्योग धंधों को कोई प्रोत्साहन नहीं मिल रहा है। उद्योग धंधों को प्रोत्साहित किये जाने के सम्बन्ध में, 18-जनपद सहारनपुर में मेडिकल कालेज के रुके निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करवाये जाने के सम्बन्ध में, 19-सहारनपुर नगर निगम को विकास कार्यों हेतु विशेष आर्थिक सहायता दिये जाने के सम्बन्ध में, 20-सहारनपुर विकास प्राधिकरण द्वारा अवस्थापना निधि का प्रयोग बिना भेदभाव करवाये जाने के सम्बन्ध में, 21-सहारनपुर देवबंद मार्ग का पुनः निर्माण करवाये जाने के सम्बन्ध में, 22-देवबंद-बड़गांव मार्ग का पुनः निर्माण करवाये जाने के सम्बन्ध में, 23-सहारनपुर नगर में 500 हैण्डपम्प लगवाये जाने के सम्बन्ध में,

1	2	3
		24-सहारनपुर में बी0पी0एल0 कार्डों का कोटा बनवाने के सम्बन्ध में,
		25-सहारनपुर नगर निगम के लिए सार्थक विकास योजनाओं को लागू किये जाने के सम्बन्ध में,
		26-सहारनपुर नगर निगम की नई कालोनियों के विकास हेतु विशेष पैकेज बनवाये जाने के सम्बन्ध में,
		27-सहारनपुर नगर के चिलकाना रोड स्थित नई कालोनियों के पानी निकासी हेतु एक बड़े नाले का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में,
		28-सहारनपुर नगर के बेहट रोड स्थित नई कालोनियों के पानी निकासी हेतु एक बड़े नाले का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में,
		29-आवास विकास व आस-पास की नई कालोनियों में नये रूप से सीवर लाइन व सड़कों के निर्माण के सम्बन्ध में,
		30-सहारनपुर की प्रमुख धर्मशाला अग्रवाल धर्मशाला के सामने पवित्र पांव धोई नदी पर पुल निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में,
		31-सहारनपुर नगर के एस0बी0डी0 बजौरिया सिविल हास्पिटल के आधुनिकीकरण की योजना के सम्बन्ध में,
		32-सहारनपुर नगर के पुराने रोडवेज बस अड्डे को स्थानान्तरित कर किसी नये स्थान को चिन्हित कर आधुनिक रोडवेज बस अड्डा बनाये जाने के सम्बन्ध में,
		33-सहारनपुर नगर को विद्युत कटौती मुक्त रखने के सम्बन्ध में,
		34-सहारनपुर नगर के अम्बाला रोड स्थित मुख्य पुल जोकि हरियाणा व उत्तर प्रदेश को जोड़ता है जिसकी हालत बहुत खराब (जर्जर हालत) है को पूर्ण निर्माण के सम्बन्ध में,
		35-सहारनपुर नगर के उद्योग को पूर्ण जीवित करने हेतु विशेष औद्योगिक पैकेज के सम्बन्ध में,
		36-सहारनपुर नगर के औद्योगिक क्षेत्रों को विद्युत् कटौती मुक्त करने के सम्बन्ध में,
		37-सहारनपुर नगर निगम की कालोनियों में स्वच्छ पेयजल व्यवस्था हेतु नये ट्यूबवेल, पाइप लाइन व हैण्डपम्प लगवाने के सम्बन्ध में,
		38-सहारनपुर नगर के बाहरी क्षेत्र में बसी नई कालोनियों का विद्युतीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में,
		39-सहारनपुर नगर में बेहतर शिक्षा हेतु नये हाईस्कूल व इण्टर कालेज के निर्माण के सम्बन्ध में,

1	2	3
		40-सहारनपुर नगर में बाल्मीकि कालोनियों व अन्य दलित कालोनियों में मूलभूत सुविधायें जैसे स्वच्छ पानी, सड़क, विद्युत व्यवस्था व पक्के शौचालय बनाये जाने के सम्बन्ध में, 41-सहारनपुर परिक्षेत्र में गो-वध रोकने हेतु कानून का पालन कड़ाई से कराये जाने के सम्बन्ध में, 42-सहारनपुर नगर के आस-पास अनाधिकृत कालोनियों को अधिकृत करने के सम्बन्ध में, 43-सहारनपुर नगर की पवित्र नई पांवधोई नदी की सफाई किये जाने के सम्बन्ध में, 44-सहारनपुर नगर में ढ़मोला नदी में मोहल्ला गिल कालोनी की तरफ हो रहे कटान को रोकने हेतु पक्की ढांहगो का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में, 45-सहारनपुर नगर में ढ़मोला नदी के कई स्थानों पर पानी के कटान को रोकने हेतु पक्की ढहांगों का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में, तथा 46-सहारनपुर में पेयजल आपूर्ति हेतु दस नई पानी की टंकियों के निर्माण के सम्बन्ध में।"
15	श्री श्याम देव राय चौधरी	प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ दिया जाय- "किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का उल्लेख नहीं किया है- 1-वाराणसी में दक्षिणी विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत प्रमुख व्यस्ततम जर्जर सड़कों के सुदृढ़ीकरण के सम्बन्ध में, 2-धार्मिक, तीर्थ और पर्यटन की दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण नगर वाराणसी में किये जा रहे 8-10 घन्टे की विद्युत् आपूर्ति से उत्पन्न स्थिति से अविलम्ब निजात दिलाये जाने के सम्बन्ध में, 3-दक्षिणी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न क्षेत्रों के गलियों के जर्जर विद्युत तारों को बदलने के सम्बन्ध में, 4-दक्षिणी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न मोहल्लों में व्याप्त पेयजल अनापूर्ति कष्ट को दूर करने एवं प्रदूषित जलापूर्ति को रोकने के सम्बन्ध में, 5-दक्षिणी विधान सभा क्षेत्र में व्याप्त पेयजल कष्ट को दूर किये जाने हेतु बड़े नलकूप तथा मिनी नलकूपों के रि-बोरिंग तथा नये नलकूप के निर्माण हेतु धन आवंटन करने के सम्बन्ध में,

1	2	3
		6-वाराणसी की बढ़ती हुई आबादी एवं विस्तार को दृष्टिगत रखते हुए नया जलकल स्थापित करने के सम्बन्ध में, 7-कोनिया-कज्जाकपुरा क्षेत्र में स्थित वरूणा नदी पर एक मिनी पुल बनाये जाने के सम्बन्ध में, 8-सर्व विद्या की राजधानी वाराणसी नगर को विद्युत कटौती से मुक्त करने के सम्बन्ध में, 9-वाराणसी के भेलूपुर क्षेत्र में प्रस्तावित 220/33 के0वी0 नये सब स्टेशन को अभी तक चालू न किये जाने के सम्बन्ध में, 10-प्रत्येक मा0 विधान सभा सदस्य को उनके क्षेत्र में लगाये जाने हेतु 225-225 नग हैण्डपम्प हेतु धन आवंटन करने के सम्बन्ध में, 11-वाराणसी में गंगा नदी में रामनगर से राजघाट तक मछली मारने, बालू खनन पर लगे प्रतिबन्ध तथा कछुआ सेंचुरी के विरोध में मल्लाह समुदाय द्वारा आन्दोलन के समर्थन में सकारात्मक कदम उठाये जाने के सम्बन्ध में, 12-वाराणसी में प्रत्येक दृष्टि से पर्यटकों को आकर्षित करने की अपार सम्भावनाओं के बावजूद पर्यटन की दृष्टि से किसी भी कार्यक्रम को न अपनाये जाने के सम्बन्ध में, 13-विद्युत् के क्षेत्र में वाराणसी को रोल माडल बनाये जाने की घोषणा के बावजूद भी लगातार हो रही दिन-रात की कटौती से आम जनता को हो रही परेशानी और उद्योग धन्धों में आ रही परेशानी को दूर करने के सम्बन्ध में, 14-बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के अन्तर्गत संचालित आंगनबाड़ी में व्याप्त भ्रष्टाचार को दूर करने एवं सी0डी0पी0ओ0 एवं मुख्य सेविकाओं के स्तर पर धन उगाही पर रोक लगाने एवं महत्वपूर्ण कार्यक्रम को सुचारु रूप से संचालित करने के सम्बन्ध में, 15-आंगनबाड़ी में कार्यरत कार्यकत्रियों को पदोन्नति प्रदान करने के सम्बन्ध में, 16-शहर दक्षिणी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत गलियों के ध्वस्त सीवर लाइनों को बदलकर प्रदूषित जलापूर्ति एवं ओवरफ्लो की परेशानी से निजात दिलाये जाने के सम्बन्ध में, 17-जे0एन0एन0यू0आर0एम0 योजनान्तर्गत कार्यक्रम को पारदर्शी बनाये जाने एवं जिला स्तर पर जनप्रतिनिधियों का अनुश्रवण कमेटी गठित करने के सम्बन्ध में, 18-पतित पावनी गंगा नदी में लगभग 22 नालों द्वारा जल-मल युक्त गन्दा पानी गिरने पर अविलम्ब रोक लगाने एवं नदी को प्रदूषित होने से बचाने के सम्बन्ध में,

1	2	3
		19-प्रसिद्ध गंगा तट के घाटों को गन्दगी से बचाने एवं उन्हें साफ-सुथरा बनाये रखने की दृष्टि से कोई कार्यक्रम का उल्लेख न होने के सम्बन्ध में, 20-गोवंश हत्या पर पूर्ण रूप से प्रतिबन्ध लगाये जाने के सम्बन्ध में, 21-काशी में हज यात्रियों हेतु हज हाऊस का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में, 22-बनारसी साड़ियों के लिए प्रसिद्ध हस्तशिल्प में लगे हुए लाखों बुनकरों के समक्ष उत्पन्न बेरोजगारी एवं बेकारी को दूर करने हेतु कोई कार्यक्रम अपनाये जाने के सम्बन्ध में, 23-वाराणसी स्थित पं0 दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय में गरीब व असहाय मरीजों हेतु डायलिसिस यूनिट की स्थापना के सम्बन्ध में, 24-कार्यदायी संस्थाओं द्वारा विकास कार्यों में गुणवत्ता व मानक की घोर अनदेखी तथा सार्वजनिक धन की लूट खसोट पर प्रभावी रोक लगाने हेतु कार्य योजना बनाये जाने के सम्बन्ध में, तथा 25-नगरीय क्षेत्र में पेयजल के अभाव को दूर करने हेतु नये हैण्डपम्प के अधिष्ठापन तथा खराब पड़े हैण्डपम्पों को रि-बोर कराये जाने के सम्बन्ध में।"
16	श्री सलिल विश्नोई	प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ दिया जाय- "किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का उल्लेख नहीं किया है- 1-कानपुर महानगर में हो रही अंधाधुन्ध विद्युत कटौती को रोकने हेतु कोई कार्य योजना प्रस्तावित न किये जाने के सम्बन्ध में, 2-कानपुर महानगर में भीषण गर्मी में पीने के पानी के संकट को समाप्त करने के प्रयासों के सम्बन्ध में, 3-जे0एन0एन0यू0आर0एम0 के अन्तर्गत बनकर तैयार फूलबाग की टंकी को चालू करने के सम्बन्ध में, 4-कानपुर महानगर की ध्वस्त सीवर व्यवस्था को ठीक कराने सम्बन्धी किसी योजना की घोषणा न किये जाने के सम्बन्ध में, 5-कानपुर महानगर की टूटी-फूटी सड़कों के सुधार के लिए अभी तक कोई प्रयास नहीं किये गये न ही भविष्य में सुधारे जाने की किसी योजना की घोषणा किये जाने के सम्बन्ध में,

1	2	3
		6-कानपुर महानगर में पतित पावनी गंगा नदी में हो रहे प्रदूषण को रोकने सम्बन्धी किसी कार्य योजना का उल्लेख न किये जाने के सम्बन्ध में, 7-शहरी क्षेत्र के विधान सभा क्षेत्रों में विधायक कोटे के अन्तर्गत सबमर्सिबल पम्प तथा हैण्डपम्पों की अवस्थापना के सम्बन्ध में कोई घोषणा न किये जाने के सम्बन्ध में, 8-प्रदेश के विशेषकर कानपुर महानगर में बढ़ रहे अपराधों पर नियंत्रण करने के सम्बन्ध में, 9-प्रदेश के व्यापारियों की सहूलियत तथा इस वैश्विक मंदी के दौर में उद्योग एवं व्यापार को प्रोत्साहन दिये जाने हेतु वैट के सरलीकरण तथा टैक्स की दरों में कमी की घोषणा न किये जाने के सम्बन्ध में, 10-कानपुर महानगर के नानाराव पार्क में अमर शहीद नाना साहब पेशवा की मूर्ति लगवाने की घोषणा न किये जाने के सम्बन्ध में, 11-प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों को छठे वेतनमान से उत्पन्न वेतन विसंगतियां दूर किये जाने के सम्बन्ध में, 12-कानपुर महानगर की यातायात व्यवस्था के सुधार हेतु कोई योजना प्रस्तावित न किये जाने के सम्बन्ध में, 13-गणेश शंकर विद्यार्थी मेडिकल कालेज, कानपुर में नव निर्मित 50 बेड के आई0सी0यू0 को प्रारम्भ कराने का कोई उल्लेख न किये जाने के सम्बन्ध में, तथा 14-कानपुर महानगर में कल्याणपुर, गुरूदेव सिनेमा, जरीब चौकी, दादानगर तथा खपरा मोहाल रेलवे क्रासिंग के ऊपर ओवर ब्रिज बनवाये जाने की घोषणा न किये जाने के सम्बन्ध में।"
17	श्री धर्मपाल सिंह	प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ दिया जाय- "किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का उल्लेख नहीं किया है- 1-जनसंख्या की दृष्टि से बी श्रेणी में आने वाली जनपद बरेली की नगर पालिका आंवला में "बी" श्रेणी के अनुसार 18 घण्टे की विद्युत आपूर्ति किये जाने के सम्बन्ध में, 2-प्रदेश के किसानों का 50 हजार रुपये तक का कर्जा माफ किये जाने एवं की जा रही कर्जा वसूली को बन्द किये जाने के सम्बन्ध में,

1	2	3
		3-जनपद बरेली में पी0एम0एस0आर0वाई0 के अन्तर्गत रम्पुरा-अलीगंज, सिरोली मार्ग जो 2 वर्ष में क्षतिग्रस्त हो गयी है उसकी उच्च स्तरीय तकनीकी जांच कराकर उसका पुनः हाट मिक्स प्लान्ट से निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में, 4-जनपद बरेली के ग्राम चकरपुर-महमूदपुर के बीच आरिल नदी पर एक पुल का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में, 5-जनपद बरेली के पास महाभारत कालीन अहिक्षेत्र पर द्रोपदी स्वयंवर स्थल जो अधूरा है उसे बजट आवंटित कर पूरा कराये जाने के सम्बन्ध में, 6-जनपद बरेली के ग्राम धन्ना वाली गौटिया के पास आरिल नदी पर काजवे बनाये जाने के सम्बन्ध में, 7-जनपद बरेली के ग्राम शिवपुरी के पास कैलाश गिरिगढ़ के पास रामगंगा नदी पर स्थायी पुल बनाये जाने के सम्बन्ध में, 8-आंवला विधान सभा क्षेत्र में किसानों का गेहूं नहीं तौला जा रहा है, बिचौलिये हावी हैं, वारदानें का अभाव है, किसानों का गेहूं तौलवा कर क्रय किये जाने के सम्बन्ध में, 9-सिरौली टाउन एरिया में सुचारु रूप से विद्युत आपूर्ति हेतु विद्युत सब-स्टेशन का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में, 10-सिरौली-बरेली सड़क पर आवगमन हेतु रोडवेज की 3 बसें चलाये जाने के सम्बन्ध में, 11-आवंला नगरपालिका की विद्युत आपूर्ति हेतु अधिक क्षमता का ट्रान्सफारमर लगाये जाने के सम्बन्ध में, 12-ग्राम गुलड़िया गौरी शंकर में एक नया बिजली घर बनाये जाने के सम्बन्ध में, 13-ग्राम लीलौर में महाभारत कालीन झील को पक्षी बिहार बनाये जाने के सम्बन्ध में, 14-आंवला नगर में स्वच्छ पेयजल व्यवस्था हेतु एक और वाटर टैंक बनवाने के सम्बन्ध में, 15-बरेली से भगोरा-आंवला, आंवला से रामनगर, रामनगर से सिरौली, सिरौली से सहाबाद में बन रहे हाट मिक्स प्लान्ट के कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए समय सीमा के अन्तर्गत पूर्ण कराये जाने के सम्बन्ध में, तथा 16-रम्पुरा से अलीगंज, अलीगंज से सिरौली-शाहाबाद राज्य सड़क मार्ग घोषित किये जाने के सम्बन्ध में।”

1	2	3
18	श्री मनीष असीजा	प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ दिया जाय- "किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का उल्लेख नहीं किया है- 1-वर्ष 2008 में फिरोजाबाद नगरपालिका परिषद् के सीमा विस्तार के फलस्वरूप वर्ष 2001 की जनसंख्या के आधार पर धनराशि आवंटन के सम्बन्ध में, 2-फिरोजाबाद नगरपालिका द्वारा गृहकर एवं जलकर के नाम पर नगर की जनता का भयदोहन कर अवैध वसूली करने के सम्बन्ध में, 3-फिरोजाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा प्रस्तावित ट्रांसपोर्ट नगर का वर्षों से लम्बित पड़ा रहने के सम्बन्ध में, 4-फिरोजाबाद जिला अस्पताल में कार्यरत चिकित्सकों एवं ट्रेंड, अनट्रेंड स्टाफ की कमी के सम्बन्ध में, 5-नगर फिरोजाबाद में विकलांग पेंशन, विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन तथा कन्या विवाह हेतु मिलने वाली सहायता के अपर्याप्त बजट के सम्बन्ध में, 6-नगर फिरोजाबाद में सम्मिलित 13 ग्राम सभाओं के अन्दर नारकीय परिस्थितियों यथा सड़कों का अभाव, जल निकासी व्यवस्था का अभाव, पेयजल आपूर्ति का अभाव की अत्यन्त गम्भीर समस्या के निदान न हो पाने के सम्बन्ध में, 7-फिरोजाबाद नगर के एक मात्र स्टेडियम में एक टर्फ विकेट के निर्माण एवं स्टेडियम के उचित रख-रखाव के सम्बन्ध में, 8-फिरोजाबाद नगला भाऊ स्थित औद्योगिक आस्थान में कार्यरत लाखों की संख्या में श्रमिकों के लिए पेयजल हेतु वाटर कूलर, विश्राम हेतु रैन बसेरा एवं दैनिक क्रियाओं हेतु सुलभ शौचालय निर्माण के सम्बन्ध में, 9-फिरोजाबाद नगर की नयी आबादी के क्षेत्र में विद्युतीकरण कराने के सम्बन्ध में, 10-फिरोजाबाद नगर में बहुत से जर्जर पोलों, तारों व ट्रांसफारमरों के बदलवाने के सम्बन्ध में, 11-औद्योगिक आस्थान स्थित बिजली घर की क्षमता वृद्धि के सम्बन्ध में, 12-एस0एन0 हास्पिटल स्थित बिजली घर की क्षमता वृद्धि के सम्बन्ध में,

1	2	3
		13-पुरुषोत्तम विहार कालोनी स्थित बिजली घर की क्षमता वृद्धि के सम्बन्ध में,
		14-फिरोजाबाद स्थित आफसाबाद नाला चौराहे पर से उपरिगामी सेतु के निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में,
		15-फिरोजाबाद नगर में व्याप्त भीषण पेयजल संकट निवारण हेतु जेड़ा झाल (निचली गंगा नहर प्रणाली) से जल उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में,
		16-फिरोजाबाद नगर में शामिल 13 ग्राम सभाओं सहित पूरे नगर का रि-आर्गनाइजेशन सर्वे जल निगम द्वारा कराये जाने के सम्बन्ध में,
		17-नगर फिरोजाबाद में औद्योगिक इकाइयों के भविष्य को सुरक्षित करने हेतु उद्योगों को मिलने वाले एक मात्र ईंधन प्राकृतिक गैस पर वसूले जाने वाले एंट्री एवं वैट टैक्स को अप्रपात्रों के सापेक्ष में सरीलकृत करने के सम्बन्ध में,
		18-नगर फिरोजाबाद में कार्यरत मेहनतकश मजदूरों के भविष्य निधि के तथा उनके वास्तविक अधिकारों की सुरक्षा के सम्बन्ध में,
		19-फिरोजाबाद नगर स्थित निर्यात करने वाली इकाइयों पर वैट नहीं लगता है फिर भी विभागीय अधिकारियों द्वारा एस0 आई0 बी0 सर्वे के नाम पर अवैध रूप से उत्पीड़न के सम्बन्ध में,
		20-फिरोजाबाद स्थित निर्यातकों को फ्रेट कम्पनसेशन योजना के अन्तर्गत मिलने वाली धनराशि के दो वर्षों से लम्बित होने के सम्बन्ध में,
		21-नगर फिरोजाबाद में रोडवेज के स्टैण्ड की जर्जर दशा को सुधारने तथा नई नगरीय बस सेवाओं के परिचालन के सम्बन्ध में,
		22-फिरोजाबाद नगर में विद्युत कर्मियों की भारी कमी के चलते पहले से ही कम मिल रही आपूर्ति की और बद्तर हालात के सम्बन्ध में,
		23-ताज ट्रिपेजियम जोन के अन्तर्गत आने के कारण फिरोजाबाद नगर को 24 घण्टे की अबाधित पूर्ति के निर्देश माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिये गये हैं। इस अति महत्वपूर्ण आदेशों के अनुपालन न किये जाने के सम्बन्ध में,
		24-फिरोजाबाद नगर में गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले नागरिकों के नाम बी0पी0एल0 सूची में दर्ज न होने तथा उन्हें गरीबी रेखा के नीचे का राशन कार्ड जारी न किये जाने के सम्बन्ध में,

1	2	3
		25-फिरोजाबाद की वर्षों से कार्यरत औद्योगिक इकाइयों को प्रदूषण विभाग द्वारा एन0ओ0सी0 न दिये जाने के सम्बन्ध में, 26-फिरोजाबाद नगर की अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थाओं के शैक्षणिक स्तर उठाने एवं उनके आधारभूत ढांचों में सुधार के सम्बन्ध में, 27-फिरोजाबाद नगर के यमुना किनारे स्थित प्राचीन नगर चंद्रवार के ऐतिहासिक जैन मंदिर, हनुमान मंदिर तथा सूफी साहब तथा यमुना के धारों का विकास कर पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने के सम्बन्ध में, 28-फिरोजाबाद नगर स्थित लेबर कालोनी रेलवे फाटक पर रेल ओवर ब्रिज निर्माण के सम्बन्ध में, 29-फिरोजाबाद नगर से गुजरने वाले हाथरस ब्रांच के रजवाहा में पानी छोड़े जाने के सम्बन्ध में, 30-फिरोजाबाद नगर में चले आ रहे विश्व प्रसिद्ध कांच उद्योग के विकास हेतु एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधि मण्डल के माध्यम से नगर के कांच उद्योग के संरक्षण के सम्बन्ध में, 31-फिरोजाबाद नगर के समीप 3 सायनी में एक बड़ी क्षमता के बिजली घर निर्माण के सम्बन्ध में, 32-फिरोजाबाद जनपद में सिरसागंज स्थित 220 के0वी0 क्षमता के बिजली घर के निर्माण हेतु भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया अतिशीघ्र कराये जाने के सम्बन्ध में, 33-फिरोजाबाद नगर में अनुसूचित समाज के तथा व्यापारियों के साथ आये दिन होने वाले लूट, डकैती, हत्या तथा बलात्कार जैसे जघन्य अपराधों के विरुद्ध कठोरतम कदम उठाये जाने के सम्बन्ध में, 34-फिरोजाबाद में राशन डीलरों द्वारा अवैध रूप से वितरित होने वाली सामग्री की कालाबाजारी पर कठोर अंकुश लगाये जाने के सम्बन्ध में, 35-फिरोजाबाद जनपद में गिरते हुए भू-जल स्तर को उठाये जाने के सम्बन्ध में, 36-फिरोजाबाद विकास प्राधिकरण की पिछली कार्य गतिविधियों की गहनतापूर्वक अध्ययन कर पूरे प्राधिकरण की उपयोगिता पर गम्भीरता से समीक्षा के सम्बन्ध में, 37-फिरोजाबाद नगर में पेयजल की समस्या की तत्काल राहत के लिए 500 सबमर्सिबल पम्प की स्थापना के सम्बन्ध में,

1	2	3
		38-फिरोजाबाद नगर में छात्र/छात्राओं के छात्रवृत्ति अनुदान में घोटाले की जांच के सम्बन्ध में,
		39-बढ़ती हुई महंगाई को देखते हुए विधायक निधि 2.50 करोड़ करने तथा प्रत्येक विधायक को पूर्व की भांति 7-10 किमी0 सड़क प्रदान करने तथा हैण्डपम्प/सबमर्सिबल पम्प तथा विद्युतीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में,
		40-प्रदेश में फिल्मों के अश्लील पोस्टर न लगाये जाने के सम्बन्ध में,
		41-प्रदेश में मिड-डे-मील योजना में भोजन की गुणवत्ता तय करने के सम्बन्ध में,
		42-जनपद फिरोजाबाद में जिला अस्पताल में स्थित जिला महिला अस्पताल एवं जिला अस्पताल में गम्भीर मरीजों को तत्काल गेट से ही बाहर रेफर करने की दशा में बहुत बड़ी जनहानि होती है। इस आपराधिक लापरवाही रोके जाने के सम्बन्ध में,
		43-प्रदेश तथा जनपद में गोकशी की घटनाओं पर तत्काल कठोर कदम उठाये जाने के सम्बन्ध में,
		44-फिरोजाबाद नगर में थाना दक्षिण क्षेत्र स्थित जन सहयोग से बनने वाली पुलिस चौकी को अविलम्ब पूरी क्षमता के साथ बनवाने के सम्बन्ध में,
		45-फिरोजाबाद नगर के सबसे बड़े कन्या विद्यालय महात्मा गांधी शिक्षण संस्थान जिसमें कि लगभग 14000 बच्चियां पढ़ रही हैं की भूमि से सटी जिला पंचायत की बरसों से निष्प्रयोजित भूमि विद्यालय को प्रदान करने के सम्बन्ध में,
		46-फिरोजाबाद नगर की सड़कों की सीवर तथा वाटर लाइन खुदाई के कारण हुई टूट-फूट को दूर कर नयी सड़कें बनवाने के सम्बन्ध में,
		47-फिरोजाबाद नगर के शमशान गृहों तथा कब्रिस्तानों के विकास के लिए कार्य कराने के सम्बन्ध में,
		48-प्रदेश में खाद्य सामग्री एवं दूध में होने वाली मिलावटखोरी को रोकने हेतु कठोरतम प्रावधानों की तथा उनके क्रियान्वयन करने के सम्बन्ध में,
		49-फिरोजाबाद नगर पालिका का वर्तमान में चुनाव अधिसूचना के पश्चात् मतदाता संख्या सन् 2001 की जनगणना के अनुसार 4.51 लाख है, को नगर निगम बनाये जाने के सम्बन्ध में,

1	2	3
		50-फिरोजाबाद नगर को यू0आई0डी0एस0एस0एम0टी0 स्कीम के फेज-2 में लिए जाने के सम्बन्ध में, 51-प्रदेश में तथा नगर फिरोजाबाद में रिक्शा, हाथ ठेला चालकों पर लाइसेन्स शुल्क न लिये जाने के सम्बन्ध में, 52-प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में गरीबों को निःशुल्क रक्त चढ़ाये जाने के सम्बन्ध में, 53-गम्भीर रूप से बीमार गरीबों को सप्ताह के अन्दर चिकित्सीय सहायता/आर्थिक सहायता प्रदान करने के सम्बन्ध में, 54-नगर फिरोजाबाद में जिला अस्पताल की अत्यन्त विशाल भूमि पर एक मल्टी यूटिलिटी हास्पिटल खोले जाने के सम्बन्ध में, 55-फिरोजाबाद नगर की एन0एच0-2 हाइवे स्थित सर्विस रोडों की दयनीय दशा सुधारे जाने के सम्बन्ध में, 56-फिरोजाबाद नगर के कांच के कलात्मक कार्यों में लगे कुशल एवं दक्ष कारीगरों को प्रदेश स्तर पर कलाकार का दर्जा देकर पुरस्कृत करने के सम्बन्ध में तथा हस्तशिल्पियों के भविष्य के लिए सुदृढ़ आर्थिक सहायता प्रदान करने के सम्बन्ध में, 57-फिरोजाबाद नगर में स्थापित 220 के0वी0 क्षमता के बिजली घर में 40-40 एम0वी0 क्षमता के तीन ट्रांसफारमर के स्थान पर 60-60 एम0वी0 क्षमता के ट्रांसफारमर स्थापित कराने के सम्बन्ध में, तथा 58-वित्तीय वर्ष 2001-12 में नगरपालिका परिषद्, फिरोजाबाद की पेयजल समस्या के निराकरण के लिए स्वीकृत अनुदान राशि अवमुक्त कराये जाने के सम्बन्ध में।"
19	श्री जगन प्रसाद गर्ग	प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ दिया जाय- "किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का उल्लेख नहीं किया है- 1-आगरा नगर पुलिस द्वारा न्यायालय द्वारा जारी सम्मनों को तामील न कराने व बाद में गैर जमानती वारन्ट आने पर संभ्रान्त व्यक्तियों को थाने में बन्द कर उत्पीड़न रोकने के सम्बन्ध में, 2-आगरा नगर में पास के जिलों के लिए सस्ता एवं सुलभ न्याय देने हेतु हाई कोर्ट बेंच की स्थापना के सम्बन्ध में, 3-अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलों को बढ़ावा देने हेतु आगरा नगर में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम बनाने के सम्बन्ध में, 4-आगरा नगर स्थित ताजमहल, सिकन्दरा, लाल किला व फतेहपुर सीकरी जैसे स्मारकों को देखने आने वाले पर्यटकों हेतु आगरा, मथुरा के बीच अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट बनाने के सम्बन्ध में,

1	2	3
		5-आगरा नगर में कृषि शिक्षा हेतु कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना के सम्बन्ध में, 6-आगरा नगर में गरीब बच्चों की शिखा के लिए नगर निगम के स्कूलों के नये निर्माण व पुराने भवनों की मरम्मत व फर्नीचर निर्माण के सम्बन्ध में, 7-आगरा नगर में बिना लाइसेन्स के चल रही मीट की दुकानों को बन्द करने व सार्वजनिक, धार्मिक एवं विद्यालयों से दूर हटाकर खोले जाने के सम्बन्ध में, 8-आगरा नगर में वी0पी0 आयल मिल के पास घटिया आजम खां व महाराजा अग्रसेन इण्टर कालेज के पास धूलियागंज दोनों रेलवे पुलों के नीचे बेलनगंज व एत्माद्दौला स्मारक के सामने जमुना ब्रिज स्टेशन रोड व आलमगंज पानी की टंकी के अतिक्रमणों को हटाने के सम्बन्ध में, 9-आगरा नगर के तोता का ताल, आगरा कालेज फील्ड बगल नाले, महाराणा प्रतापनगर नाले व राजश्री सिनेमा के बगल वाले नाले तथा बाल्मीकी बस्ती पीर कल्याणी सहित सम्पूर्ण नालों की क्रमवार सफाई के सम्बन्ध में, 10-आगरा नगर में 89 उत्तरी विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत खराब पड़े लगभग 550 हैण्डपम्पों की मरम्मत व रि-बोर कराकर ठीक कराने के सम्बन्ध में, 11-आगरा नगर के मस्ता बगीची बल्केश्वर, जौन्समिल, जीवनी मण्डी व रावतपाड़ा तथा किनारी बाजार सहित सम्पूर्ण गिरासू विद्युत् पोलों तथा खराब ट्रांसफारमरों को बदलने के सम्बन्ध में, 12-आगरा नगर में अब्बूलाल दरगाह से ए-6, जनता क्वाटर के सामने पुलिया कमला नगर तक नाला चौड़ा व गहरा बड़ा बनाने के सम्बन्ध में, 13-प्रदेश में डीजल व पेट्रोल के मूल्यों पर सेल टैक्स को दिल्ली व हरियाणा के समकक्ष करने के सम्बन्ध में, 14-आगरा नगर के मदिया कटरा, लोहामण्डी, राजा मण्डी व कमला नगर तथा बल्केश्वर आदि प्रमुख क्षेत्रों के बन्दरों के आतंक से निजात दिलाने के सम्बन्ध में, 15-आगरा नगर के राजा की मण्डी रेलवे स्टेशन जो कि शहर के मध्य है का नाम जो कि हास्यापद है को बदलकर आगरा सेन्ट्रल करने के सम्बन्ध में,

1	2	3
		16-आगरा नगर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने हेतु सिकन्दरा, खन्दारी चौराहा, सुल्तानगंज की पुलिया चौराहा व वाटर वर्क्स चौराहे पर ओवर ब्रिज बनाये जाने के सम्बन्ध में, 17-उत्तर प्रदेश के विद्यालयों में संस्कृत को अनिवार्य भाषा बनाने के सम्बन्ध में, 18-प्रदेश के महाशिवरात्रि, भगवान गौतम बुद्ध जयन्ती, भगवान महावीर जयन्ती व गांधी जयन्ती के अवसर पर धर्म प्रेमियों की भावनाओं का सम्मान करते हुए मांस की दुकानें व वधाशालाओं को बन्द कराने के शासनादेश को सख्ती से लागू कराने के सम्बन्ध में, 19-आगरा नगर में आगरा किला से एत्माद्दौला तक रोपवे एवं ताजमहल से बल्केश्वर महादेव मन्दिर तक हाथ चलित एवं पेट्रोल चलित नाव चलाने के सम्बन्ध में, 20-उत्तर प्रदेश में गो-रक्षा कानून का सख्ती से पालन के सम्बन्ध में, 21-उत्तर प्रदेश में व्याप्त गुण्डागर्दी, कानून व्यवस्था की खराब स्थिति, अपहरण उद्योग, महिलाओं पर बढ़ रहे अपराधों में बढ़ोत्तरी मानव अंगों की तस्करी, लूटपाट, डकैती आदि को रोकने के सम्बन्ध में, 22-आगरा नगर में धोबियों को कपड़े धोने हेतु शहर के बाहर नजदीक पर्याप्त नये घाटों के निर्माण के सम्बन्ध में, 23-उत्तर प्रदेश में भू-गर्भ जल विभाग में अवशेष 418 कार्य प्रभावित कर्मचारियों को नियमित किये जाने के सम्बन्ध में, 24-आगरा नगर में अतिक्रमण के कारण नाले व नालियों की सफाई नहीं होती है इस कारण जल भराव की समस्या ज्यादा है उसके निदान के लिए रूपरेखा बनाने के सम्बन्ध में, 25-आगरा नगर में खटीक पाड़ा (रघुनाथ टाकीज के पास) में अनुसूचित जातियों के लिए प्राइमरी स्कूल एवं बारात घर निर्माण के सम्बन्ध में, 26-उत्तर प्रदेश में जनसंख्या को देखते हुए मुख्य आवश्यक वस्तुओं जैसे गेहूं, चावल, आटा, दालें, चीनी, गुड़, चना, सरसों का तेल, वनस्पति घी, रिफाइण्ड आयल, डबलरोटी, आलू, प्याज की उपलब्धता मूल्य नियंत्रण एवं घटतौली व अपमिश्रण की रोकथाम के सम्बन्ध में, 27-आगरा नगर की यातायात व्यवस्था जनसंख्या बढ़ जाने के कारण ध्वस्त है उसके निवारण के लिए सैंट जोन्स कालेज रेलवे व मदिया कटरा, रेलवे पुल को चौड़ा करने के सम्बन्ध में,

1	2	3
		28-आगरा नगर के शहरी क्षेत्रों से टेनरियों, दुग्ध व्यवसाय में जुड़े भैंस, गाय के बाड़ों, मीट आदि के बिक्री केन्द्रों को हटाकर बाहरी इलाकों में स्थानान्तरित कर सम्बन्धित लोगों को आगरा विकास प्राधिकरण व उ0 प्र0 आवास विकास परिषद् द्वारा सस्ते दामों पर जगह उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में, 29-आगरा नगर में बढ़ रहे ट्रैफिक को देखते हुए राजधानी दिल्ली की तरह पर्याप्त मात्रा में चौराहों को सड़कों को व नालों के ऊपर पुलों को चौड़ा करने के सम्बन्ध में, 30-पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु आगरा, फतेहपुर सीकरी के सभी ऐतिहासिक व धर्मस्थलों को मेट्रो रेल से जोड़ने के सम्बन्ध में, 31-उत्तर प्रदेश में शिक्षा मित्रों, होमगार्डों का वेतन बढ़ाने तथा उनसे नियमित कार्य लेने के सम्बन्ध में, 32-उत्तर प्रदेश में प्रत्येक गरीबी की रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले व्यक्ति का बीमा कराकर इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में, 33-उत्तर प्रदेश किसानों को दैवीय आपदा के समय पर्याप्त मात्रा में व अनुदान दिलाने के सम्बन्ध में, 34-उत्तर प्रदेश में वृद्धों के लिए ओल्ड एज होम पर्याप्त मात्रा में बनाये जाने के सम्बन्ध में, 35-उत्तर प्रदेश के नारी निकेतन, अनाथालयों, भिक्षुक गृहों की दशा सुधारने के सम्बन्ध में, 36-उत्तर प्रदेश के पत्रकार बन्धुओं की सुरक्षा व्यवस्था, आवास व्यवस्था एवं यात्रा व्यवस्था हेतु सरकारी अनुदान दिलाने के सम्बन्ध में, 37-आगरा नगर की मलिन बस्तियों में आवश्यक रूप से सुलभ शौचालय व पेशाबघर बनाये जाने के सम्बन्ध में, 38-आगरा नगर में उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार निरन्तर 24 घण्टे की विद्युत् आपूर्ति सुचारु रूप रखने के सम्बन्ध में, 39-आगरा नगर में विद्युत् तारों, ट्रान्सफार्मर, विद्युत् पोल की जर्जर दयनीय स्थिति के सुधारने के सम्बन्ध में, 40-आगरा नगर में छात्र/छात्राओं की पढ़ाई हेतु नये विद्यालय व महाविद्यालय खोलने के सम्बन्ध में,

1	2	3
		41-आगरा नगर में गरीब लोगों की चिकित्सा हेतु निम्न अस्पतालों में (एस0एन0 मेडिकल कालेज, जिला अस्पताल, लेडी लायल महिला अस्पताल, मानसिक अस्पताल, ई0एस0आई0 डिस्पेन्सरी) में विस्तार व सुधार के सम्बन्ध में,
		42-आगरा नगर में जल निकासी के लिए नाला और नाली व सीवर के निर्माण के सम्बन्ध में,
		43-उत्तर प्रदेश में जल, वायु, ध्वनि प्रदूषण व दूषित पर्यावरण को रोकने के सम्बन्ध में,
		44-आगरा नगर में ताजमहल के आस-पास विशेष सफाई कर्मचारी लगाकर दो समय विशेष सफाई कराने के सम्बन्ध में,
		45-उत्तर प्रदेश के गिरते हुए भू-जल स्तर को ऊपर उठाने के सम्बन्ध में,
		46-उत्तर प्रदेश के प्राथमिक, जूनियर स्कूलों व इण्टर कालेजों के शिक्षा स्तर को उठाने के सम्बन्ध में,
		47-उत्तर प्रदेश में बेसिक शिक्षा को विषय के रूप में पढ़ाये जाने के सम्बन्ध में,
		48-आगरा नगर में पोइयाघाट दयालबाग से जमुना पार जाने के लिए पुल के निर्माण के सम्बन्ध में,
		49-आगरा नगर में विधवाओं और वृद्धों को अधिकाधिक संख्या में तथा 1000 रुपये प्रतिमाह पेंशन दिलाने के सम्बन्ध में,
		50-आगरा नगर में फाउन्ड्री उद्योगों के बन्द होने के कारण बेरोजगार युवकों के लिए रोजगार देने हेतु इलेक्ट्रानिक उद्योग विकसित कराये जाने के सम्बन्ध में,
		51-आगरा नगर में टी0बी0 अस्पताल, एस0एन0 अस्पताल व सरोजनी नायडू महिला अस्पताल व जिला चिकित्सालय की दयनीय स्थिति को सुधारने के सम्बन्ध में,
		52-आगरा नगर को ताजमहल, सिकन्दरा, लाल किला व एत्माद्दौला जैसे स्मारकों के कारण पर्यटन स्थल बनाने के सम्बन्ध में,
		53-आगरा नगर में पुराने कुओं की सफाई करके पानी को पीने योग्य बनाये जाने के सम्बन्ध में,
		54-आगरा नगर में कमला नगर, बल्केश्वर व ट्रान्सपोर्ट नगर में बन्द पड़ी सीवर लाइनों को खुलवाकर चालू करने के सम्बन्ध में,

1	2	3
		55-आगरा नगर में पर्याप्त मात्रा में लोड के अनुसार सीवर लाइन एवं पानी हेतु पाइप लाइन डलवाने के सम्बन्ध में,
		56-प्रदेश में रसाई गैस की ब्लैक को रोकने व घटतौली रोकने तथा पेट्रोल, डीजल में हो रही मिलावट को रोकने के सम्बन्ध में,
		57-आगरा नगर जल संस्थान की पुरानी जर्जर मशीनों की जगह नये प्लान्ट लगवाये जाने एवं शुद्ध पीने योग्य पानी उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।
		58-आगरा नगर जल संस्थान को सीवर की सफाई हेतु पर्याप्त मात्रा में जेटिंग मशीन खरीद कर उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में,
		59-आगरा नगर में जल संस्थान द्वारा सैकड़ों नलों से व्यर्थ पानी के बहाव को रोकने हेतु टोटी लगाने व लाइन लीकेज को ठीक करने के सम्बन्ध में,
		60-आगरा नगर में पानी की पर्याप्त उपलब्धता हेतु 1000 नये समरसेबिल पम्प शीघ्र लगाने के सम्बन्ध में,
		61-आगरा नगर में आगरा विकास प्राधिकरण व उ0 प्र0 आवास विकास परिषद् द्वारा बनायी गयी कालोनियों में टंकी द्वारा पानी उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में,
